उपरोक्त व्यय दर्शित धनराशि रू0 23296879.00 में से मात्र 2013–14 से सम्बन्धित आंशिक पत्रावलियां ही लेखा परीक्ष ामें प्रस्तुत की गयी । शेष योजनावार/परियोजनावार पत्रावलीयां प्रस्तुत नही की गयी। जिससे इस बात की पुष्टि नही की जा सकी की क्षेत्र पंयायत को उपरोक्त वर्षों हेतु कौन सी परियोजनाएं निर्माण हेतु अवंटित की गयी थी। उसकी अनुमनित लागत/लोकेशन/विशिष्ट कोड़ संख्या क्या था। इसके अतिरिक्त तकनीकि एवं वित्तीय स्वीकृति की स्थिति कार्य प्रभारी की नियुक्ति कोटेशन/टेण्डर आमंत्रण/न्यूनतम दर का निर्धारण क्रय देय विलो/प्रमाणक ,कार्य प्रारम्भ एवं समाप्ति की तिथि, प्रदत्त समय, सम्बन्धित समिति की संस्तुति,राजकीय राज्स्व की कटौती जमा एवं शेष की स्थिति , मापपुस्तिका,कार्यपूर्ति पी0सी0आर0 स्टाक रजि0 आमद एवं उपभोग व शेष रवन्ना एम0एम011 की स्थिति,रायल्टी जमा/चालान की प्रति परिसम्पत्तियों का सृजन परिसम्पत्ति पंजी एवं उसमें अंकन,आयकर कटौती एवं जमा की पुष्टि आदि कुछ भी ज्ञात न हो सका इस प्राकर रवन्ना एम0एम011 रायल्टी जमा/चालान प्रति के अभाव में निर्माण कार्यो से सम्बन्धित निर्माण समग्रीयों की अपूर्ति पूर्णतः संदिग्ध रही और जब निर्माण कार्यो की सामाग्री संदिग्ध रही तो निर्माण कार्य स्वम ही संदिग्ध हो जाता है।

अतः निर्माण कार्यो पर दर्शित व्यय की धनराशि रू0 23296879.00 का सदुउपायोग एवं परिसम्पत्तियों का सृजन अपुष्टित रहा। दायित्व खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार का संयुक्त रूप से रहा। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

जनपद का नाम– जौनपुर मण्डल का नाम–वाराणसी

क्षेत्र पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियां

क्षेत्र पंचायत–खुटहन 2012–13

प्रस्तर–254 ग्राम पंचायत मकदूमपुर में सन्तू के घर से तालाब तक मिट्टी एवं खडंण्जा कार्य पर कुल रू0 110525.0 व्यय किया गया है, जिसके सम्बन्ध में निम्न आपत्तियां है।

1. रू0 3965.00 का ह्यूम पाइप संजय इण्टर प्राईजेज, कौड़िया शाहगंज से क्रय दर्शाया गया है। धनराशि का भुगतान फर्म को नही कर कार्यप्रभारी को मजदूरी के भुगतान के साथ किया गया है। धनराशि का भुगतान अपूर्तिकर्ता को किया जाना था।
2. कार्य प्रारम्भ, कार्य के दौरान तथा कार्य समाप्ति के उपरान्त त्रिस्तरीय फोटोग्राफी फाइल में नही लगा है।
3. कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र नही लगाया गया है, जिससे कार्य के पूर्ण होने की पुष्टि नही की जा सकी।
4. समग्री क्रय में वैट व स्रोत स्रोत कर की कटौती नही है।

स्पष्ट है कि उक्त कार्य पर हुए कुल व्यय रू0 110525.00 का भुगतान अनियमित/अपुष्ट रहा, जिसके लिए कार्यप्रभारी श्री विवेक कुमार सिंह तथा खण्ड विकास अधिकारी श्री शम्भू दयाल वर्मा एवं लेखाकार श्री वेद प्रकाश त्रिपाठी उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व वसूली की कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–255 ग्राम पंचायत भिखनापुर में अलीहसन के घर से सईदखान के घर तक मिट्टी कार्य पर रू0 110027.00 व्यय किया गया। उक्त के सम्बन्ध में निम्न आपत्तियां है।

1. रू0 5947.00 का ह्यूम पाइप संजय इण्टर प्राइजेज से दिनांक 15.09.2012 को क्रय किया गया, जिसका भुगतान फर्म को नही करके कार्यप्रभारी श्री विवके कुमार सिंह को मजदूरी के साथ चे0सं0–00624 दिनांक 20.09.2012 से मजदूरी के साथ (मजदूरी रू0 17680.00 ह्यूम पाइप का मूल्य रू0 5947.00 कुल रू0 23627.00) किया गया।
2. कार्य प्रारम्भ, कार्य के दौरान तथा कार्य समाप्ति के उपरान्त का फोटोग्राफी नही लगा है।
3. कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र संलग्न नही है।, जिससे कार्य के पूर्ण होनें की पुष्टि नही की जा सकी।
4. सामाग्री क्रय में स्रोत व वैट कटौती नही की गयी।

स्पष्ट है कि उक्त कार्य पर दर्शित कुल व्यय रू0 110027.00 का भुगतान अपुष्ट/अनियमित रहा, जिसके लिए कार्य प्रभारी श्री विवेक कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी श्री शम्भूदयाल वर्मा एवं लेखाकार श्री वेदप्रकाश त्रिपाठी उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–256 ग्राम पंचायत मोलनापुर में ग्रम बस्ती वंदगान में पिच रोड से मुरारी के घर तक मिट्टी खडन्जा कार्य पर रू0 67800. 00 व्यय दर्शाया गया है। विवरण निम्न प्रकार है–

1. ईंट क्रय 12 हजार/4400.00 से रू0 52800.00 किया गया।
2. दिनांक 29.11.2012 को रू0 15000.00 कार्यप्रभारी श्री उगेश कुमार पाठक को एडवांस भुगतान किया गया। उक्त भुगतान के सापेक्ष कोई भी समायोजन/मस्टररोल संलग्न नही है।
3. कार्य प्रारम्भ, कार्य के दौरान तथा कार्य समाप्ति का फोटोग्राफी नही है।।
4. कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र संलग्न नही लगाया गया है,
5. समाग्री क्रय में वैट व स्रोत स्रोत कर की कटौती नही है।

स्पष्ट है कि उक्त कार्य पर मजदूरी भुगतान नही किया गया गया है । बिना मजदूरी भुगतान का कार्य कराया जाना संभव नही है। बिना कार्य कराये रू0 67800.00 का अपहरण कार्य प्रभारी श्री उगेश पाठक, ,खण्ड विकास अधिकारी श्री शम्भू दयाल वर्मा तथा लेखाकार श्री वेद प्रकाश त्रिपाठी द्वारा किया गया । रू0 67800.00 की ब्याज सहित वसूली कार्यप्रभारी श्री उगेश पाठक, खण्ड विकास अधिकारी श्री शम्भू दयाल वर्मा एवं लेखाकार श्री वेदप्रकाश त्रिपाठी से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–257 ग्राम पंचायत पिलकिछा में अमरदेव के घर से रामसकल के घर होते हुए हरी का पूरा बाग तक खडन्जा पर 4 आर0सी0सी0 पूलिया निर्माण पर निम्न अनुसार व्यय दर्शाया गया है–

दिनांक	क्रय का विवरण	धनराशि	फर्म जिसमें क्रय
22.09.2012	10 बोरी सीमेंन्ट, बालू	5020.00	अग्रवाल बिल्डिंग मैटेरियल्स
25.09.2012	5 हजार ईट/4000/हजार	20000.00	श्रवण ईट उद्योग शेरपुर
25.09.2012	5 हजार ईट/4000/हजार	20000.00	गोरख ईंट भट्ठा
03.10.2012	11 बोरी सीमेंन्ट 02 घन मी0 बालू	5140.00	जायसवाल बिल्डिंग मैटेरियल्स पिलकिछा
06.11.2012	65 बोरी सीमेंन्ट, गिट्टी	24900.00	जायसवाल बिल्डिंग मैटेरियल्स पिलकिछा
01.11.2012	मस्टरोल	30200.00	जायसवाल बिल्डिंग मैटेरियल्स पिलकिछा
13.11.2012	मस्टरोल		
01.03.2013	ईंट 10 हजार ईट/5200/हजार	52000.00	विशाल ईट उद्योग
01.05.2013	महीन बालू, सरिया	32099.00	जायसवाल बिल्डिंग मैटेरियल्स पिलकिछा
08.05.2013	सीमेंन्ट, बालू	8862.00	जायसवाल बिल्डिंग मैटेरियल्स पिलकिछा
03.05.2013	मस्टरोल	30400.00	जायसवाल बिल्डिंग मैटेरियल्स पिलकिछा
15.05.2013	मस्टरोल		
08.05.2013	ईंट, ईंट गिट्टी	65616.00	विशाल ईट उद्योग
		योग–294237.00	

कुल धनराशि रू0 294237.00 का निम्न विवरणनुसार कार्य प्रभारी श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव को किया गया।

दिनांक	चेक संख्या	धनराशि
31.08.2012	007337	25000.00
01.10.2012	557239	25000.00
05.11.2012	557745	25140.00
26.04.2013	000519	75000.00
10.06.2013	7909067	144097.00
	योग–	294237.00

इस प्रकार समस्त भुगतान कार्यप्रभारी को किया गया, जिसमें सामाग्री क्रय कर व्यय रू0 233637.00 तथा मजदूरी पर रू0 60400.00 का व्यय सम्मिलित है।

एक ही कार्य पर ईंट सप्लाई अलग–अलग फर्मो यथा श्रवण ईंट उद्योग, गोरख ईंट भट्ठा तथा विशाल ईंट उद्योग से किये जाने से स्पष्ट है कि उक्त हेतु कोटेशन/निविदा नही लिया गया है। क्रय नियम का पालन नही किया गया है। कार्य प्रारम्भ कार्य होने के दौरान तथा कार्य समाप्ति के उपरान्त का फाटोग्राफी पत्रावली में संलग्न नही है। अतः स्पष्ट है कि उक्त कार्य पर हुए कुल व्यय रू0 294237.00 का अनियमित भुगतान किया गया है, जिसके लिए कार्यप्रभारी श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव तथा खण्ड विकास अधिकरी श्री शम्भूदयाल वर्मा एवं लेखाकार श्री वेदप्रकाश त्रिपाठी उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–258 बीरमपुर में उदईपुर बाग से जगदम्बा यादव के घर तक खडन्जा कार्य में एक नग आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण पर निम्न विवरणानुसार रू0 119738.00 व्यय किया गया है।

दिनांक	क्रय सामाग्री/एम0आर का विवरण	धनराशि	फर्म
28.01.2013	ईंट 10 हजार ईट/4000/हजार	40000.00	मिठाई लाल ईंट भट्ठा हैदरपुर डिहियां
28.01.2013	सीमेंन्ट, बालू,गिट्टी	30000.00	मिश्रा बिल्डिंग मैटेरियल, बीरमपुर
20.05.2014	सीमेंन्ट, बालू, ईट गिट्टी	25738.00	मिश्रा बिल्डिंग मैटेरियल, बीरमपुर
20.05.2014	मस्टरोल	24000.00	मिश्रा बिल्डिंग मैटेरियल, बीरमपुर
08.05.2014	मस्टरोल		
	योग–	119738.00	

धनराशि भुगतान का विवरण निम्न प्रकार है–

दिनांक	चेक संख्या	धनराशि	प्राप्त कर्ता
20.09.2012	557226	70000.00	श्री विजय कुमार, स0वि0अ0 (सां) कार्यप्रभारी
21.06.2014	104990	49738.00	श्री शीतला प्रसाद यादव, स0वि0अ0 आई.एस.बी. कार्यप्रभारी

श्री विजय कुमार सहायक विकास अधिकारी (सां0) के स्थानान्तरण होने के उपरान्त श्री शीतला प्रसाद यादव, स0वि0अ0 आई.एस.बी. को कार्यप्रभारी नियुक्त किया गया। उपरोक्त व्यय के सम्बन्ध में निम्न आपत्तियां है।

1. दिनांक 28.01.2013 को सीमेन्ट,बालू,गिट्टी क्रय पर रू0 30000.00 व्यय दर्शाया गया है। जब कि कार्य प्रारम्भ दिनांक 20.05.2014 को हुआ। कार्य प्रारम्भ से लगभग एक वर्ष 4 माह पूर्व सीमेंट क्रय दर्शाया गया है। एक वर्ष 4 माह बाद सीमेन्ट की गुणवत्ता कार्य के लायक नही रहता है।अतः सामाग्री क्रय दर्शाया जाना काल्पनिक प्रतीत होता है।
2. रू0 95738.00 के सामाग्री क्रय का भुगतान आपूर्ति कर्ता को नही कर, कार्यप्रभारी को किया गया है जो कि अनियमित है।
3. कार्य प्रारम्भ तथा कार्य के दोरान का फोटोग्राफी नही है।
4. कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र भी पत्रावली में संलग्न नही है।

स्पष्ट है कि उक्त कार्य पर काल्पनिक व्यय दर्शाकर रू0 119738.00 का अपहरण किया गया है। रू0 70000.00 के अपहरण हेतु कार्यप्रभारी श्री विजय कुमार स0वि0अ0(सां0) तथा खण्ड विकास अधिकरी श्री शम्भू दयाल वर्मा एवं लेखाकार श्री वेदप्रकाश त्रिपाठी व रूपया 49738.00 के अपहरण हेतु कार्य प्रभारी श्री शीतला प्रसाद यादव स0वि0अ0 (आई.एस.बी.) कार्यप्रभारी खण्ड विकास अधिकरी श्री शम्भूदयाल वर्मा एवं लेखाकार श्री वेदप्रकाश त्रिपाठी उत्तरदायी है। रू0 119738.00 की ब्याज सहित वसूली समबन्धित से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–259 विकास खण्ड परिसर में स्थित स0वि0अ0 आवास परिसर के अतिथि गृह की मरम्मत एवं रख–रखाव पर रू0 291451.00 का निम्न विवरणनुसार भुगतान श्री उमेश पाठक कार्यप्रभारी को किया गया–

दिनांक	चे0सं0	धनराशि
30.05.2012	949332	80000.00
01.10.2012	557240	50000.00
29.12.2012	000658	50000.00
08.03.2013	000512	111451.00
	योग–	291451.00

पत्रावली में बजरंग ईंट उद्योग पूरा अंधरी का ईंट गिट्टी क्रय का रू0 15810.00 का केवल एक प्रमाणक संलग्न है। उक्त के अतिरिक्त व्यय की पुष्टि मं अन्य कोई प्रमाणक संलग्न नही है। समायोजन प्रमाणक प्राप्त किये बिना कार्य प्रभारी को अग्रिम भुगतान किया जाता रहा। सामाग्री क्रय पर वैट व स्रोत कर कटौती नही की गयी है। अतः स्पष्ट है कि कार्य प्रभारी श्री उगेश पाठक (ग्रा0वि0अ0) खण्ड विकास अधिकारी श्री शम्भूदयाल वर्मा तथा लेखाकार द्वारा मिलीभगत कर रू0 291451.00 का अनियमितता किया गया है। व्यय धनराशि रू0 291451.00 की ब्याज सहित वसूली उपरोक्त तीनों से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–260 ग्राम पंचायत शेरपुर में राधेश्याम के घर से नाला तक पक्की नाली निर्माण कार्य पर कुल रू0 140557.80 का व्यय दर्शाया गया है। इसके सम्बन्ध में निम्न आपत्यिों है। इसमें चेक संख्या–000625 से रू0 80000.00 एवं चेक सं0 557238.00 से रू0 60557.00 का भुगतान कार्यप्रभारी श्री मनीष को किया।

1. समस्त धनराशि रू0 140557.00 का भुगतान मनीष श्रीवास्तव, कार्य प्रभारी को किया गया है। श्री मनीष कुमार द्वारा मजदूरी एवं ईट बिल्डिंग मैटेरियल का भुगतान किया जाना दर्शित है। फर्म को भुगतान न करके कार्यप्रभारी को भुगतान किया जाना अनियमित है।

2. कार्य के प्रारम्भ में, कार्य के दौरान एवं कार्य समाप्ति का फोटोग्राफ पत्रावली में संलग्न नही।

3. कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र भी पत्रावली में संलग्न नही रहा।

4. बिल्डिंग मैटेरियल का क्रय मनोज मैटेरियल, छित्तूपुर खुटहन से तथा ईंट क्रय सुपइ ईट भुट्ठा सुल्तानपुर रसूलपूर से किया जाना दर्शित है। दोनो के क्रय प्रमाणक पर दिनांक तथा कैशमेमों क्रमांक एवं टिन नं0 अंकित नही है।

अतः स्पष्ट है कि कुल रूपया 140557.00 का अनियमित भुगतान किया गया है। जिसके लिए कार्य प्रभारी श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव ग्राम विकास अधिकारी उत्तरदायी है। अनियमित भुगतान रू0 140557.80 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–261 विकास खण्ड परिसर में कार्यालय भवन से सम्बद्व शौचालय एवं गड्डे का निर्माण कार्य पर कुल रू0 127354.00 का व्यय दर्शित है। निम्न विवरणानुसार कार्यप्रभारी श्री उमेश पाठक ग्राम विकास अधिकरी को भुगतान किया गया है।

दिनांक	चे0सं0	धनराशि	अभियुक्ति
28.09.2012	557234	50000.00	अग्रिम
09.11.2012	00626	50000.00	अग्रिम
05.12.2012	00653	27354.00	अग्रिम
	योग–	127354.00	

उपरोक्त समस्त भुगतान के सापेक्ष एक भी समायोजन प्रमाणक पत्रावली में संलग्न नही है। ऐसे में स्पष्ट हो जाता है। कि कुल रू0 127354.00 का अपहरण कार्य प्रभारी श्री उगेश कुमार पाठक खण्ड विकास अधिकारी श्री शम्भू दयाल वर्मा एवं लेखाकार भी वेदप्रकाश त्रिपाठी द्वारा कर लिया गया है। अपहरण के लिए उत्तरदायी उपरोक्त तीनों से रू0 127354.00 की ब्याज सहित वसूली किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–262 विकास खण्ड परिसर में कार्यालय मीटिंग हाल, पशु अस्पताल, खण्ड विकास अधिकारी आवास, स्टाररूम एवं बउन्ड्रीवाल का पेटिंग एवं मरम्मत कार्य पर कुल रू0 348113.00 का व्यय किया जाना दर्शित हैं उक्त दर्शित व्यय की धनराशि को कार्य प्रभारी श्री उगेश कुमार पाठक ग्राम विकास अधिकारी को निम्न विवरणानुसार भुगतान किया गया है।

दिनांक	चेक संख्या	धनराशि	अभियुक्ति
25.08.2013	000514	100000.00	अग्रिम
29.04.2013	001165	126700.00	–
20.09.2013	002251	121413.00	–
	योग–	348113.00	

इसके सम्बन्ध में निम्न आपत्ति है–

1. विल्डिंग मैटेरियल का क्रय यदुवंशी बिल्डिंग मैटेरियल मुबारकपुर से खिडकी, रोशनदान आल्मीरा, जाली का क्रय विशाल फर्नीचर मार्ट, रिजची खां, मोहल्ला जौनपुर क्रय दर्शाया गया है। बिल्डिंग मैटेरियल क्रय के प्रमाण पर दिनांक एवं टिन न0 अंकित नही है।

2. कुल रूपया 348113.00 का भुगतान कार्य प्रभारी को किया गया है। जबकि सामग्री क्रय का भुगतान सीधे फर्म के खाते के माध्यम से किया जाना था। कार्य प्रभारी को भुगतान अनियमित है।

3. कार्य के प्रारम्भ से पूर्व तथा कार्य के होने के दौरान तथा कार्य सम्माप्ति पर फोटोग्राफ लिया जाना था। पत्रावली में फोटोग्राफ संलग्न नही है।

4. कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र भी पत्रावली में संलग्न नही है।

5. मजदूरी भुगतान के सम्बन्धित मस्टररोल पर कार्य प्रभारी के हस्ताक्षर तक नही है तथा मजदूरी प्राप्ति के प्रमाण पत्र स्वरूप मजदूर के हस्तक्षर एवं अंगूठा निशान अस्पष्ट है।

अतः स्पष्ट है कि कार्यप्रभारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार द्वारा अनियमित भुगतान किया है। रू0 348113.00 के अनियमितता के लिए कार्यप्रभारी श्री उगेश कुमार पाठक भी उत्तरदायी है। उक्त तीनों से अनियमित भुगतान रू0 348113.00 की ब्याज सहित वसूली किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–263 विकास खण्ड परिसर में बाउण्ड्रीवाल में गेट निर्माण, टैंक निर्माण,वाटर सप्लाई लाइन एवं समरसेबल स्थापन्न कार्य पर निम्न विवरणानुसार कार्यप्रभारी श्री उमेश कुमार पाठक ग्राम विकास अधिकारी को धनराशि का भुगतान किया गया है।

दिनांक	चेक सं0	धनराशि	अभियुक्ति
22.12.2013	00656	50000.00	अग्रिम
14.02.2013	000507	150000.00	–
01.03.2014	003798	87360.00	–
	योग–	287360.00	

सम्बन्धित कार्य पत्रावली में निम्न विवरणनुसार आधे–अधूरे समायोजन प्रमाणक उपलब्ध रहा।

दिनांक	धनराशि	विवरण
1. 25.12.2012	50670.00	उजाला बिल्डिग मैटेरियल खेतासराय रोड़,(इस पर टिन नं0 अंकित नही) से सीमेन्ट 100800/300=3000.00 बालू सफेद 0.5 घन फिट /340=420, बालू लाल 5 घन मि0/1250=6250 गिट्टी 8 घन फिट/ 1750=1400.00
2. 20.01.2013 1	8920.00	बजरंग ईट उद्योग पूरा अंधरी, जौनपुर से ईट 4000/4500=18000 ईंट की गिट्टी 1 घन फिट दर 920=920
3. 20.01.2013	38700.00	हसन मशीनरी स्टोर जौनपुर शुभम पुर से,(प्रमाण पर टिन न0 अंकित नही है) से समरसेबुल 1 दर 14500=14500, बोरिंग 110एम0एम0 रू0 1500.00 में, वाटर टैंक एक हजार लीटर दर 4200.00, इलेक्ट्री सिटी चार्ज रू0 5000.00 अंकित नही
	22500.00	मौर्या ईंट उद्योग(बाउचर पर टिन न0 अंकित नही है) से 5 हजार ईट/4500=22500.00 अंकित नही
		41550.00 यदुवंशी बिल्डिंग मैटेरियल मुबारकपुर जौनपुर से सीमेंन्ट 20 बैग/300=6000 बालू लाल 1800 मी0/1250=1250.00, पत्थर गिट्टी 2से0मी0/1750=3500, सरिया 7 कुन्तल /4400=30800.00
		योग– 172340.00

पत्रावली में रू0 28800.00 का मस्टर रोल संलग्न है जिस पर कार्य की तिथि भुगतान करने वाले अधिकारी का हस्ताक्षर/अन्य कुछ भी अंकित नही है। इस प्रकार स्पष्ट है कि रू0 201140.00 (172340.00 सामग्री का 28800.00 मजदूरी का) आधा अधूरा समायोजन प्रमाणक पत्रावली में संलग्न था। उपरोक्त सामग्री क्रय के विवरण से स्पष्ट है कि बिल्डिग मैटेरियल का क्रय उजाला विल्डिग मैटेरियल से एवं यदुवंशी बिल्डिंग मैटेरियल नामक फर्म से तथा ईंट क्रय बजरंग ईंट उद्योग एवं मौर्या ईंट उद्योग से किया गया है। सामग्री एवं ईंट क्रय दोनों दो–दो फर्म से क्रय किये जाने से स्पष्ट होता है। कि सम्बन्धित कार्य के लिए कोटेशन/टेण्डर नही लिया गया था। बिना टेण्डर के क्रय किया जाना अनियमितता है।

उपरोक्त तथ्यों से प्रमाणित होता है कि कुल रू0 201140.00 का अनियमित भुगतान किया गया है। तथा चूंकि कार्यप्रभारी को कुल रू0 287360.00 का भुगतान किया गया है। अतः रू0 86220.00 (287360–201140) का अपहरण किया गया है। क्योंकि रू0 86220.00 का पत्रावली में समायोजन प्रमाणक भी संलग्न नही है। अनियमित भुगतान रू0 201140.00 एवं अपहरण की धनराशि रू0 86220.00 के लिए कार्यप्रभारी श्री उगेश कुमार पाठक, खण्ड विकास अधिकारी श्री शम्भू दयाल वर्मा एवं लेखाकार श्री वेद प्रकाश त्रिपाठी दत्तरदायी है। उपरोक्त तीनों से कुल रू0 287360.00 (201140+86220) की ब्याज सहित वसूली किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–264 ग्राम पंचायत कपसियां में पिच रोड़ (बेचन के खेत) से तिलकधारी तिवारी के ट्यूबेल तक मिट्टी एवं खडन्जा कार्य पर कुल रू0 101747.00 की व्यय दर्शित है। जिसका विवरण निम्नवत् है। कार्य प्रभारी श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव रहे है।

दिनांक	धनराशि	विवरण	भुगतान की प्रकृति
20.11.2012	81022.00	श्रवण ईंट उद्योग शेरपुर से 18600 ईंट /4400=81840.00 (इसमें रू0 818 गुणवक्ता के के आधार पर कटौती की गई)	रू0 81022.00 का भुगतान सीधे फर्म को किया गया।
अंकित नही	7750.00	मजदूरी भुगतान	कार्य प्रभारी द्वारा भुगतान
	9000.00	मजदूरी भुगतान	कार्य प्रभारी द्वारा भुगतान
	3975.00	संजय इण्टर प्राइजेज कौडियां से क्रय	भुगतान कार्य प्रभारी द्वारा नकद
योग–	101747.00		

1. उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है के ह्यूम पाइप क्रय के लिए मजदूरी के साथ–साथ रू0 3975.00 की धनराशि भी कार्यप्रभारी को किया गया है। कार्य प्रभारी को भुगतान किया जाना अनियमित है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

2. कार्य के प्रारम्भ में, कार्य के दौरान तथा कार्य के समाप्ति पर फोटो ग्राफी नही किया गया है क्योकि फोटोग्राफी पर न तो कोई भुगतान है और न ही पत्रावली में संलग्न है।अनियमित भुगतान रू0 3975.00 की नियमानुसार वसूली अपेक्षित है।

3. कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र भी पत्रावली में संलग्न नही है।

प्रस्तर–265 ग्राम पंचायत धिरौली नानकार में पिचरोड़ से बाबूराम के घर तक मिट्टी एवं खडन्जा कार्य पर कुल रू0 11753.00 का व्यय दर्शाया गया है। जिसके सम्बन्ध में निम्न आपत्तियां है–(इसमें रू0 92628.00 ईंट का सीधे फर्म बजरंग ईंट उद्योग को किया गया है।)

1. कार्य प्रारम्भ से पूर्वक, कार्य होनें के दौरान तथा कार्य समाप्ति का फोटो ग्राफी नही कराया गया है। क्योंकि फोटोग्राफी पर न तो कोई भुगतान है और न ही फोटोग्राफी पत्रावली में संलग्न है।

2. कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र भी पत्रावली में संलग्न नही है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–266 ग्राम पंचायत गठाना में भग्गू हरिजन के घर से नौली सरहद तक मिट्टी एवं खडन्जा कार्य कर कुल रू0 168160.00 का व्यय दर्शाया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है–

दिनांक	चे0सं0	धनराशि	भुगतान की प्रकृति
11.09.2012	94998	20000.00	कार्य प्रभारी श्री उमेश कुमार पाठक को अग्रिम के रूप में
11.09.2012	07340	12000.00	बजरंग ईंट उद्योग को 30000ईंट/4000/हजार का
20.09.2012	00621	21200.00	बजरंग ईंट उद्योग को 5300ईंट/4000/हजार का
29.11.2012	000645	6960.00	कार्य प्रभारी श्री उगेश पाठक को (मजदूरी)
	योग–	168160.00	

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट हो जाता है कि कुल रू0 26960.00 का भुगतान कार्य प्रभारी श्री उगेश कुमार पाठक को किया गया है। पत्रावली में रू0 26960.00 के सापेक्ष जो समायोजन प्रमाणक संलग्न है उसका विवरण निम्नवत है–(मस्टर रोल के द्वारा भुगतान)

धनराशि	कार्य की तिथि (एम0आर0पर)
14200.00	20.09.2012 से 26.07.2012 तक
11760.00	12.09.2012 से 18.09.2012 तक
25960.00	

उपरोक्त दोनों विवरणों से स्पष्ट होता है कि मजदूरी मद में कुल रू0 26960.00(2000+6960) का भुगतान कार्य प्रभारी को किया गया है, जबकि पत्रावली उक्त मद में रू0 25960.00 का प्रमाणक ही संलग्न है। अतः रू0 1000.00 का अपहरण किया गया है। अपहति धनराशि रू0 1000.00 की वसूली सम्बन्धित से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–267 ग्राम पंचायत शेखपुर सुतौली के ग्राम असीब सराय में लल्लन यादव के खेत से (पुराना खडन्जा) से राममूरत यादव के घर तक मिट्टी एवं खडन्जा कार्य पर कुल रू0 117754.00 का व्यय दर्शाया गया है, जिसके कार्य प्रभारी श्री विवेक कुमार सिंह (सहा0बोरिंग टेक्नेशियल) रहे है। इसमें व्यय का विवरण निम्न प्रकार से रहा–

दिनांक	चेक संख्या	धनराशि	विवरण	भुगतान की प्रकृति
19.11.2012	00635	10000.00	मजदूरी भुगतान के कार्य प्रभारी को भुगतान	इसमें से कार्यप्रभारी ने रू0 9625.00 का भुगतान मजदूरी हेतु किया गया।

29.11.2012 000642 97254.00 22270 नग ईट/4400/ भुगतान सीधे फर्म का से एसजेवाई ईंट भट्ठा से घिरौली एकाउन्ट पेयी चेक से किया नानकार से क्रय। ईंट क्रय के दर गया। से रू0 97988.00 का मूल्य होता है किन्तु गुणवत्ता के आधार पर रू0 73400.00 की कटौती की गई है।

05.12.2012 00648 10500.00 मजदूरी भुगतान के लिए कार्य कार्य प्रभारी द्वारा नकद मजदूरी प्रभारी को पूर्व में किये गये भुगतान किया गया है। भुगतान में से रूपया 375.00 नकद अवशेष बचा था। जिसको जिसको मिलाकर कुल रू0 (10500+375) रू0 10875.00 का भुगतान मस्टर रोल अनुसार भुगतान किया गया।

उपरोक्त से सम्बन्धित पत्रावली में निम्न आपत्यिां है–

1. कार्य के प्रारम्भ से पूर्व, कार्य होने के दौरान तथा कार्य समाप्ति पर फोटोग्राफी नही कराया गया । क्योकि फोटोग्राफी में न तो कोई भुगतान ही किया गया है। और न ही पत्रावली में फोटोग्राफ सुलभ रहा।

कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र पत्रावली में संलग्न नही रहा।

प्रस्तर–268 आलोच्य वर्ष 2012–13 में रा0ग्रा0 रो0ग्रा0 योजना के अन्तर्गत कुल रू0 538320.00 का आहरण (व्यय) लधु सिंचाई कार्य पर किया गया है। उक्त आरहण के सापेक्ष व्यय की पुष्टि में पत्रावली लेखा परीक्षा में सुलभ नही कराया गया । वर्तमान लेखाकार द्वारा तत्समय के चार्ज लिस्ट दिखाकर स्पष्ट किया गया कि सम्बन्धित पत्रावली चार्ज में मुझे प्राप्त नही है। इसके सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–269 आलोच्य वर्ष में कुछ अनुदान विगत वर्षो से चला आ रहा है। जबकि अनुदानदाता को वापस कर दिया जाना चाहिए विवरण निम्न है–

क्रमांक	मद का नाम	धनराशि
1	बायोगैस संयत्र की धनराशि	4776.00
2	प्रशासनिक मद	514.80
3	निर्धन चूल्हा	1730.00
4	रामराज ए0डी0ओ0 आई.एस.बी. से पाना	4464.00
5	सम्पूर्ण स्वच्छता की राशि	33.00
6	ग्राम सभाओं का सक्रिय	11018.75
7	स्वरोजगार योजना	101.15
8	त्रिस्तरीय पंचायत जमानत	250.00
9	इन्दिरा आवश की धनराशि	262819.60
	योग	**285706.55**

उपरोक्त अनुदान की धनराशियों को अनुदाता को वापस न कर अनियमितता की गयी है। जिसके लिये खण्ड विकास अधिकारी व लेखाकार उत्तदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

जनपद का नाम– जौनपुर मण्डल का नाम–वाराणसी

क्षेत्र पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियां

क्षेत्र पंचायत– मुफ्तीगंज वर्ष– 2016–17

प्रस्तर–270 ग्राण्ट रजि0–3 के अनुसार खातों पर प्राप्त ब्याज मद अन्तर्गत रू0 642180.00 व्यय किया गया हैं निमानुसार ब्याज से प्राप्त धन राज्य सरकार की होती है। जिसे 31 मार्च को सरकार को निर्धारित खाते में वापस कर दिया जाना चाहिए। ब्याज रू0 642180.00 बिना निर्धारित प्रकिया के पालन किये निर्माण कार्य पर व्यय किया गया हैं। जो अनियमित है जिसके लिए तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी व लेखाकार उत्तरदायी है । कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–271–शासनादेश संख्या ए–1–122 / दस–2012–10(33) / 10 दिनांक 31.03.2010 के अनुसार राजकीय धनराशि के सापेक्ष वित्त विभाग के अनुमति से बैंक का खाता खोलकर राजकीय धनराशि जमा की जानी चाहिए। तथा जमा धनराशि पर अर्जित ब्याज संस्था की आय न होकर सरकार की आय होगी तथा इसे सरकार की राजकोष में जमा कर दी जानी चाहिए। इस दृष्टि से समीक्षा करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि रू0 130834.00 ब्याज रोका गया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि संस्था द्वारा शासन के निर्देशो की अवहेलना कर अर्जित ब्याज की धनराशि को राजकोष में न जमा कर राजकीय धन का दुरूपयोग किया गया है। जो गम्भीर अनियमितता है। जिसका दायित्व खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार का संयुक्त रूप से वसूली की कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–272 वर्ष आलोच्य में ग्राम पंचायत विकास योजना की धनराशि जो क्षेत्र में पंचायत में निहित थी। बिना किसी कार्ययोजना / अनुमोदन के मनमान ढंग से आधारहीन / फर्जी व्यय दर्शाकर कुल रू0 218000.00 की गम्भीर अनियमितता किया गया हैं। जिसके लिए खण्ड विकास अधिकारी व लेखाकार उत्तरदायी है। कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–273 वित्तीय वर्ष–2016–17 में क्षेत्र पंचायत द्वारा इन्दिरा आवास प्रशासनिक मद में रू0 44877.00 व्यय किया गया है। व्यय की पुष्टि में अभिलेख,प्रमाणक व पत्रावली प्रस्तुत नही किया गया है। प्रमाणकों एवं अभिलेखों के अभाव में राजकीय धनराशि के दुरूपयोग की सम्भावना से इन्कार नही किया जा सकता जो गभीर अनियमितता है। जिसके प्रति तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार का उत्तरदायी है। इस सम्बन्ध में वसूली की कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–274 आलोच्य वर्ष 2016–17 में निर्माण कार्यो के निमित सामग्री कुल मद के बिलों पर वैट 4 प्रतिशत एवं टी0डी0एस0 / आयकर 2.24 प्रतिशत की कटौती न करके बिलों का भुगतान किया गया है। सामग्री मद में कुल रू0 256872.00 व्यय दर्शित जिस पर वैट रू0 10275.00 एवं आयकर रू0 5754.00 कुल रू0 16029.00 राजकीय केन्द्रीय राजस्व की क्षति लेखाकार एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा करके रू0 16029.00 की गम्भीर अनियमितता किया गया है। जो एक गम्भीर प्रकरण है। अतः विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान अविलम्ब वसूली / समाधान हेतु विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है। जो अपेक्षित है।

जनपद का नाम– जौनपुर मण्डल का नाम–वाराणसी

क्षेत्र पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियां

1 क्षेत्र पंचायत– सुईथाकला 2009–10 से 2010–11

प्रस्तर–275 1–अनुदान पंजी तृतीय एवं अवेशेष राशियों के अन्तर्गत 31.03.2010 एवं 31.03.2011 को निम्न प्रकार स्थितियां रही–

वर्ष–2009–10	बैंक पासबुक के अनुसार	अनुदान पंजी में	अन्तर
31.03.10	5504835.60	4274664.20	1230171.40
31.03.2011	5958005.72	5398651.20	559354.52

उक्त अन्तर के सम्बन्ध में 31.03.2010 को रू0 1230171.00 की दो चेके रू0 300000.00 एवं 300000.00 की जो 06.03.2010 मे निर्गत की गयी। शेष रू0 70816.00 विवरणहीन धनराशियां पूर्व वर्षो की जिला सहकारी बैंक शाखा रूधौली से सम्बन्धित का हवाला मात्र दिया गया है।

पुनः 31.03.2011 को रू0 5958005.72 मात्र के चेको का सन्दर्भ दिया गया है। एवं रू0 559355.00 के चेको का विवरण शून्य है। जो पुराना कालातीत एवं अनहारित है।

इस प्रकार रू0 559355.00 आधारहीन/अपुष्ट अपहरित धनराशि आडिट द्वारा संज्ञापित है। तथा रू0 70816.00 विवरणहीन/अपुष्ट लेखे के अन्तर्गत गम्भीर अनियमित लेखा रख रखाव के कारण आकलित रहा है। स्थिति का खुलासा किया जाना अपेक्षित रहा है।

उक्त प्रकार कुल रू0 559355+70816=630171 के सम्बन्ध में लेखाकार एवं खण्ड विकास अधिकारी के विरूद्ध विधि सम्मत विभागीय कार्यवाही समाधान/वसूल हेतु उच्चधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट है।

जनपद का नाम– जौनपुर मण्डल का नाम–वाराणसी
क्षेत्र पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियां
क्षेत्र पंचायत– सुईथकला 2011–12

प्रस्तर–276

1–राज्य वित्त मद में रू0 656834.00 13वें वित्त में रू0 1533263.00 रा0 सम्पूर्ण ग्राम्य विकास योजना रू0 36000.00 वर्ष आलोच्य में व्यय दर्शाया गया हैं, इस प्रकार कुल रू0 2226097.00 दर्शित व्यय के सम्बन्ध में निम्न गम्भीर तथ्य लेखा परीक्षा के दौरान पाये गये–

कार्ययोजना,कार्य पत्रावलियां,प्रमाणक/बिल/म0रो0 एवं कार्यदेश/तकनीकी स्वीकृति आदि व्यौरे उपलब्ध नही रहे हैं। व्यय की पुष्टि में आवश्यक अभिलेख न होने से व्यय अपुष्टित रहा। जिसके लिए खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार उत्तरदायी है।

2. खण्ड विकास अधिकारी/निरीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा आ0सं0(1) पर वर्षान्त अथवा वर्ष पर्यन्त कभी भी दृष्टि का अवलोकन जांच किये जाने की पुष्टि किसी भी प्रकार नही होती है। व्यय की पुष्टि में आवश्यक अभिलेख न होन से व्यय अपुष्टि रहा। जिसके लिए खण्ड किास अधिकारी एवं लेखाकार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–277 सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत रू0 25000.00 व्यय आलोच्य वर्ष में दर्शित है। इस व्यय की पुष्टि में कोई भी अभिलेख लेखा परीक्षा में सुलभ नही रहा। अपुष्ट व्यय की धनराशि रूपया 25000.00 के लिए खण्ड विकास अधिकारी व लेखाकार उत्तरदायी है। ब्याज सहित वसूली की कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–278 निर्माण कार्यो पर दर्शित कुल व्यय राज्यवित्त/13वां वित्त/अन्य मद में कुल रू0 2226097.00 के 4 प्रतिशत सामग्री मद रू0 890439.00 पर आयकर 2.24 प्रतिशत में रू0 20124.00होता है। की कटौती व जमा की स्थिति शून्य रही है। केन्द्रीय राजस्व की क्षति के लिए उत्तरदायी खण्ड विकास अधिकारी तथा लेखाकार हे। जिनके विरूद्ध कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–279 आलोच्य वर्ष में मनरेगा निर्माण मद में कोई धनराशि व्यय नही की गयी है। न ही कोई धनराशि प्राप्त रही है। मात्र प्रशासनिक मद में रू0 1515459.00 व्यय किया गया है। प्रशासनिक मद में व्यय सम्बन्धित कोई भी बिल बाउचर लेखा परीक्षा में नही प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार व्यय अपुष्टित रहा। जिसके लिए तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी व लखाकार उत्तरदायी है। ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

विकास खण्ड–महाराजगंज क्षेत्र पंचायत– महराजगंज–जनपद–जौनपुर वर्ष 2012–13 से 2013–14

प्रस्तर–280 1– आलोच्य वर्ष 2012–13 के अभिलेखों की जॉच में पाया गया कि राज्य वित योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत हिलाली .में यादव बस्ती खण्डजा में ब्राह्मण बस्ती होते हुए सरोजबस्ती तक मिट्टी/खण्डजा कार्य का प्राक्कलन श्री एम0पी0वर्मा जे0ई0 द्वारा तैयार किया गया है सहायक अभियंता डी0आर0डी0 जौनपुर द्वारा रू0 2,10,000 (दो लाख दस हजार मात्र) दिनांक 25.08.2013 को स्वीकृत है। खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय के पत्र संख्या 471/राज्य वित्त / 2013–14 दिनांक 01.10.2013 द्वारा श्री संजय त्रिपाठी ग्रा0वि0अ0 को कार्य प्रभारी नियुक्त किया गया है। सामग्री क्रय रू0 167892 पर की गयी है। इस पर 4 प्रतिशत कर की कटौती रू0 6716.00 नही की गयी है। जिसके लिए बी0डी0ओ0 व लेखाकार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–281 राज्य वित्त योजनान्तर्गत ग्रा0पंचाय बैहरी में बरहूपुर पिच रोड़ से प्रजापति बस्ती तक मिट्टी खंडजा कार्य का प्राक्कलन सहायक अभियन्ता .डी0आर0डी0 (अनिल कुमार) जौनपुर द्वारा 4.76 लाख का स्वीकृत है। उक्त कार्य में रू0 16920.00 मजदूरी का भुगतान किया गया है लेकिन श्रमिक चिट्ठा लेखा परीक्षा में नहीं प्रस्तुत किया गया है अतः भुगतान अनियमित रहा।सामग्री क्रय रू0 83262 पर बिक्री कर रू0 3330.00 की कटौती नहीं की गयी है जिसके लिए खण्ड विकास अधिकारी व लेखाकार उत्तरदायी है । उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–282 तेरहवां वित्त योजनान्तर्ग ग्राम पंचायत भोगीपुर कठार में दुलार केवट के घर लोहार बस्ती का नाली निर्माण का प्राक्कलन सहायक अभि0 डी0आर0डी0 ए0 (अनिल कुमार) जौनपुर द्वारा 3.60 लाख स्वीकृत है। पूर्व में कार्य पर श्रेमांश में 0.43 लाख एवं सामग्री में 2.32 लाख कुल 2.75 लाख का भुगतान किया गया है। उक्त कार्य में 19280.00 मजदूरों पर भुगतान किया गया है। लेकिन श्रमिक चिट्ठा लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही किया गया है। इस प्रकार भुगतान अपुष्टित रहा। जिसके लिए खण्ड विकास अधिकारी व लेखाकार उत्तदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों से वसूली की आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–283 राज्य वित्त योजनान्तर्ग ग्राम पंचायत चारो में लाकापुर नहर पिचरोड में डॉ0 हरिशंकर के घर तक मिट्टी /खडन्जा कार्य का प्राक्कलन सहा0 अभियन्ता अनिल कुमार डी0आर0डी0ए0 जौनपुर द्वारा रू0 एक लाख स्वीकृत है। खण्ड विकास अधिकारी के पत्रसंख्या 787/ राज्य वित्त / 1273 दिनांक 11.03.2013 द्वारा श्री राजेश मिश्रा ग्राम पंचायत अधिकारी कार्य प्रभारी नियुक्त किया गया है जिसका विवरण निम्नवत है–

– श्रम पर व्यय कुल धनराशि रू0 1175.00 है

– सामग्री पर कुल धनराशि रू0 70012.00 जिस पर आयकर कटौती रू0 1568.00 होती है।

नोट –जिस पर निम्न आपत्ति है–

1. कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र नही बनाया गया है।
2. मस्टर रोल अनुपलब्ध रहा।
3. बैट पर कटौती नही की गई है।
4. इस प्रकार से सामग्री सम्पूर्ण व्यय से कोटेशन/निविदा अनियमित रहा। जिसके लिए खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–284 तेरहंवा वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत घुसखुनी में जगदीश पाल के बगल में तालाब एवं रामजीत के घर होते हुए नाला तक पक्की नाली निर्माण का प्राकलन रू0 5.62 लाख स्वीकृत है। पूर्व में इस कार्य का श्रम व सामग्री पर 3.84 (तीन लाख चौरासी हजार) का भुगतान किया गया है। इस पर निम्न आपत्तियां है–

(1) जॉब कार्ड अंकित नहीं है।

(2) अंगूठे का निशान एक समान कही है कहीं नही है।

(3) बैट कर की कटौती नही की गयी है।

इस प्रकार सम्पूर्ण व्यय अनियमितत रहा जिसके लिए बी0डी0ओ0 लेखाकार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–285 तेरहवां वित्त योजनान्तर्गत ग्रा0 पंचायत असुआपार में पूरालाल पक्की सड़क से गुप्ता बस्ती तक होते हुए ब्राह्मण बस्ती तक खण्डजा मरम्मत कार्य का प्राक्कलन सहायक अभियता डी0आर0 डी0 ए0 जौनपुर से 6.07 लाख स्वीकृत है।

इसमें –

(1) श्रम पर व्यय कुल मानव दिवस 1012 पर रू0 142 को कुल धनराशि रू0 143704 है।

(2) सामग्री पर व्यय मेसर्स पायस ईंट उद्योग मागूडीढ़ बदलापुर जौनपुर 97/25–10–2012 को धनराशि रू0 93080.00 पर आयकर कटौती रू0 2085.00 तथा देय धनराशि रू0 90995.00 भुगतान किया गया।

इस प्रकरण में (1) बैट कर का उल्लेख नहीं किया गया है।

(2) सामग्री चिट्ठा पर अंगूठे का निशान एक समान कही है कहीं नही है।

(3) जॉब कार्ड अंकित नहीं है।

(4) कोटेशन निविदा आयमंत्रित नही की गयी है।

इस प्रकार रू0 183704 भुगतान अनियमित है जिसके लिए बी0डी0ओ0 लेखाकार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–286 आलोच्य वर्ष 2013–14 में निम्न विवरणानुसार अनुदान को धनराशि विगत वर्षों में शेष चली आ रही है।

	मद का नाम	धन
1.	उठाऊ चूल्हे का अनुदान	5525
2.	डी0आर0डी0 ए0 प्रासंगिक मद	15
3.	त्रिस्तरीय पंचायत सभा निर्वाचन	868
4.	समाज कल्याण कार्यक्रम	67
5.	बायोगैस संयत्र मरम्मत	2800
6.	त्रिस्तरीय पंचायत सभा निर्वाचन पाण्डुलिपि धनराशि	224
7.	रैपिड सर्वे मानदेय	2400
8.	बारहवां वित्त योजना की धनराशि	5179
	योग	**17078**

इस प्रकार रू0 17078.00 अनुदान दाताओं को धन वापस ना कर गम्भीर अनियमितता की गयी है जिसके लिए बी0डी0ओ0 लेखाकार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

विकास खण्ड–सिकरारा जनपद – जौनपुर   क्षेत्र पंचायत– सिकरारा
वर्ष–2010–11 से 2012–13

प्रस्तर–287 आलोच्य वर्ष में वर्ष 2010–11 से 2012–13 तक निम्नलिखित मदों–द्वितीय/तृतीय राज्य वित्त एवं 12वां/13वां वित्त,क्षेत्र निधि मद तथा सम विकास योजना का सम्मिलित ब्याज मद से वर्ष 2010–11 में रू0 253251. 00 तथा 2011–12 में रू0 27494.00 तथा 2012–13 में रू0 60.00 (कुलयोग–280805.00) रू0 अनियमित एवं अनैतिक तरीके से आहरण किया गया है। उक्त मदों से ब्याज की धनराशि किस उद्देश्य से किस शासनादेश/आदेश से तथा किस फर्म एवं किस मद में व्यय किया गया हैं,के सापेक्ष व्यय प्रमााणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही कराया गया, जबकि शासनादेश के अनुसार शासन द्वारा अवमुक्त धनराशियों को बैंक में रख कर अर्जित किया गया ब्याज संस्था की आय न होकर राज्य सरकार की आय होगी। जिसे राजकोष में जमा कराया जाना चाहिए। परन्तु क्षेत्र पंयायत सिकरारा द्वारा उक्त धनराशि जमा न कराकर अनाधिकृत अनैतिक तथा अव्यवहारिक तथा सुनियोजित तरीके से आहरण कर एवं आहरण के सापेक्ष पुष्टि प्रमाणक प्रस्तुत न कर उत्तरदायी व्यक्तियों–सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित पटल के लेखाकार द्वारा गम्भीर अनियमितता किया गया है। (शासनादेश सं0 ए–1–122/दस–2012 –10 (33)/2010 दिनांक 21.03.2012)(सा0अ0सं0–5) उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–288 आलोच्य वर्ष 31.03.2013 तक ब्याज मद में कुल रू0 150380.00 अवशेष रहा। उक्त धनराशि 31.03.2013 तक राजकोष में जमा नही कराया गया जबकि शासनादेश के अनुसार ब्याज के रूप में प्राप्त धनराशि तत्काल प्रभाव से राजकोष में जमा करा दिया जाय,परन्तु क्षेत्र पंचायत–सिकरारा द्वारा उक्त धनराशि को अनियमित एवं अनैतिक तरीके से रोककर रखा गया, जिससे 31.03.2013 को उक्त धनराशि अवशेष रहा। अतः दिनांक 31.03.2013 तक रू0 150380.00 राजकोष में जमा न कराकर उत्तरदायी व्यक्तियों–सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी एंव लेखाकार द्वारा गम्भीर अनियमितता किया गया है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

(सा0अ0सं0–6)

प्रस्तर–289 आलोच्य वर्ष द्वितीय राज्य वित्त/तृतीय राज्य वित्त तथा 12वां वित्त एवं 13वां वित्त एवं समविकास मद से वर्षवार सामग्री व्यय के सापेक्ष विक्री कर/वैट व आयकर की कटौती नही किया गया, जिसका विवरण निम्नवत् है–

क0 सं0	वर्ष	मद का नाम	सामग्री पर कुल व्यय (वर्षवार)	समग्री पर कुल व्यय के सापेक्ष संभावित धनराशि		टिप्पणी
				आयकर (2.24 प्रतिशत)लगभव	सेल टैक्स/वैट (4 प्रतिशत)लगभव	
1	2010–11	12वां/13वां वित्त	1164325	26080	46593	कटौती नही की गयी है।
	2010–11	द्वितीय एवं तृतीय राज्य वित्त	1041177	23322	41647	कटौती नही की गयी है।
		योग–	2205502	49402	88220 लगभग	
2	2011–12	13वां वित्त	938029	21011	37521	कटौती नही की गयी है।
		तृतीय राज्य वित्त	2082759	46653	83310	कटौती नही की गयी है।
			3020788	67664 लगभग	120831 लगभग	

3

2012–13	13वां वित्त	662856	14847	26514	कटौती नही की गयी है।
2012–13	तृतीय राज्य वित्त	2421320	54237	96852	कटौती नही की गयी है।
		3084176	69084 लगभग	123366 लगभग	
2010–11	सम विकास योजना	284468	6372	11378	कटौती नही की गयी है।
	कम सं01,2,3,4 का महा योग	8594934	192522 लगभग	343795 लगभग	

उक्त तालिका के अनुसार सभी मदों से वर्ष 2010–11 से 2012–13 तक सामग्री पर कुल व्यय के सापेक्ष आयकर के रूप में 192522.00 एवं विक्री कर/वैट के रूप में 343795.00 रू0 (कुल 536317 रू0 लगभग) कटौती कर राजकोष में जमा कराया जाना चाहिए था। परन्तु सम्बन्धित पटल के लेखाकार एवं खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा क्रय सामग्रीयों के सापेक्ष आयकर एवं बिक्री कर/वैट की कटौती नही किया गया। उत्तरदायी व्यक्तियों द्वारा यैसा न कर न केवल

राजकोष में राजकीय राजस्व की क्षति पहुचायी गयी अपितु गम्भीर अनियमितता भी किया गया है। जिसके लिए तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है। **(सा0अ0सं0–7)**

प्रस्तर–290 लेखा परीक्षा वर्ष 2010–11 व 2011–12 एवं 2012–13 में 13वां वित्त एवं द्वितीय/तृतीय राज्य वित्त तथा समविकास योजना से रू0 100000.00 ऊपर कय समस्त सामग्री हेतु क्षेत्र पंचायत सिकरारा द्वारा किसी भी प्रकार के टेण्डर प्रकिया नही अपनाया गया है। जबकि शासनादेश संख्या–; I.1.864;1द्ध/दस–2008–15(1)86 दिनांक 23 सितम्बर 2008) के अनुसार रू0 100000.00 से ऊपर की सामग्री कय हेतु टेण्डर प्रकिय अपनाया जाना आवश्यक है। एक लाख से उपर कय सामग्री का विवरण निम्नवत् है–

क0सं0	दिनांक	फर्म का नाम ग्राण्ट–2 के अनुसार जिसे भुगतान किया गया	भुगतान की गयी धनराशि पासबुक के अनुसार	भुगतान का विवरण
		वर्ष 2010–11 (द्वितीय राज्यवित्त/तृतीय राज्यवित्त)		
1	29.04.2010	अरूण कुमार सिंह ईट भट्ठा	220100	अरूण कुमार सिंह ईट भट्ठा
2	03.05.2010	भुवन सिंह बिल्डिंग मैटेरियल	105895	भुवन सिंह बिल्डिंग मैटेरियल
3	10.03.2011	भारत ईट उद्योग	162483	भारत ईट उद्योग
		वर्ष 2011–12 (13वां वित्त)		
1	14.10.2011	रधुराज सिंह ईट उद्योग	145800	रधुराज सिंह ईट उद्योग
2	14.10.2011	कुमार ईट उद्योग	1584200	जी0पी0बी0
3	17.11.2011	मे0 रधुराज ईट उद्योग	210492	सिंह ईट उद्योग
4	15.12.2011	मे0 रधुराज ईट उद्योग	113600	जी0पी0बी0
5	21.12.2011	मे0 रधुराज ईट उद्योग	114665	जी0पी0बी0
		वर्ष 2011–12 (तृतीय राज्य वित्त)		
1	30.06.2011	भारत ईट उद्योग	198800	भारत ईट उद्योग
2	13.07.2011	भारत ईट उद्योग	360254	के0जी0एस0जी0बी
3	25.07.2011	भारत ईट उद्योग	198800	टी0आर0
4	24.08.2011	भारत ईट उद्योग	295932	के0जी0एस0जी0बी
5	12.09.2011	भारत ईट उद्योग	157487	भारत ईट उद्योग
6	12.09.2011	वी0पी0एण्ड कम्पनी बांकी,सिकरारा	193050	वी0पी0एण्ड कम्पनी
7	07.10.2011	वी0पी0एण्ड कम्पनी बांकी,सिकरारा	144396	वी0पी0एण्ड कम्पनी
8	21.12.2011	मे0 रधुराज प्रताप ईट उद्योग	155632	मे0 रधुराज प्रताप ईट उद्योग
		वर्ष 2012–13 (13वां वित्त) 19.10.2012		
1	19.10.2012	मे0 रधुराज प्रताप ईट उद्योग	144490	के0जी0एस0जी0बी
2	01.12.2012	यू0पी0नेडा प्रोजेक्ट	146300	यू0पी0नेडा प्रोजेक्ट
		वर्ष 2012–13 (राज्य वित्त)		
1	08.05.2012	मे0 रधुराज प्रताप ईट उद्योग	110325	के0जी0एस0जी0बी
2	21.06.2012	ओम इण्टर प्राईजेज	104000	ओम इण्टर प्राईजेज
3	21.06.2012	ओम इण्टर प्राईजेज	109600	ओम इण्टर प्राईजेज
4	07.09.2012	मे0 रधुराज प्रताप ईट उद्योग	182442	के0जी0एस0जी0बी0
5	10.10.2012	मे0 रधुराज प्रताप ईट उद्योग के0जी0		के0जी0एस0जी0बी0
6	18.10.2012	मे0 रधुराज प्रताप ईट उद्योग	219428	के0जी0एस0जी0बी0
7	31.10.2012	मे0 रधुराज प्रताप ईट उद्योग	219922	के0जी0एस0जी0बी0
8	23.11.2012	ओम इण्टर प्राईजेज	125133	ओम इण्टर प्राईजेज
9	01.12.2012	राजेन्द्र प्रसाद ईंट भट्ठा	116010	राजेन्द्र
10	18.03.2013	ओम इण्टर प्राईजेज	183867	ओम इण्टर प्राईजेज
	वर्ष 2010–11,2011–12 व 2012–13 का **महायोग–**		**4947983**	

उपर्युक्त तालिका के अनुसार सभी मदों(13वां वित्त/द्वितीय राज्यवित्त/तृतीय राज्य वित्त)से वर्ष 2010–11,2011–12 एवं 2012–13 में कुल 4947983.00 रूपया आहरण (एक लाख से ऊपर सामग्री कय) के सापेक्ष कोई टेण्डर प्रकिया नही अपनाया गया। जो गम्भीर अनियमितता है, जिसके लिए तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

(सामान्य आपत्ति संख्या–8)

प्रस्तर–291लेखा परीक्षा वर्ष 2012–13 में जमानत की धनराशि,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी(जिला निर्वाचन कार्यलय पंचायत एवं नगरीय किाय जौनपुर–पत्रांक–763 दिनांक 16.11.2012) से रूपये 40000.00 31.11.2012 को प्राप्त हुआ। दिनांक 02.02.2013 को प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य की जमानत धनराशि वापस हेतु वरिष्ठ सहायक/कैशियर श्री आर0पी0त्रिपाठी के नामें चेक संख्या–896802 से आहरण रहा, भुगतान के सापेक्ष सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रधान एवं क्षे0प0सं0 की सूची एवं भुगतान प्राप्तकर्ता/वितराण रजि0 लेखा परीक्षा में उपलब्ध नही कराया गया, अतः उक्त से सम्बन्धित प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न कर उत्तरदायी व्यक्तियों–ततकालीन

खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार द्वारा गम्भीर अनियमितता किया गया है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है। **(सामान्य आपत्ति संख्या–9)**

प्रस्तर–292 लेखा परीक्षा वर्ष 2012–13 में अगस्त 2012 के बाद द्वितीय राज्य वित्त की अवशेष धनराशि रू0 591.00 ग्राण्ट–3 के अन्तिरिम अवशेष के रूप में इण्ट्री नही किया गया। जिससे वर्ष 2012–13 में रू0 591.00 का अन्तर वर्ष के अन्तिरिम अवशेष मे पाया गया।उक्त धनराशि अगस्त 2012 के बाद अन्तिरिम अवशेष से हटाकर कहां समायोजित किया गया की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं कराया गया। जिसके लिय तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार संयुक्त रूप से उत्तरदायी। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।
(सामान्य आपत्ति संख्या–10)

प्रस्तर–293 लेखा परीक्षा वर्ष 2010–11 से 2012–13 तक ग्राण्ट रजिस्टर–3 के अनुसार तैयार वार्षिक आंकड़ा में वर्षवार सभी मदों का अन्तिरिम अवशेष निम्नवत् रहाः–

वर्ष	अन्तिरिम अवशेष की धनराशि
2010–11	1972450.00
2011–12	821648.00
2012–13	1689125.00
योग–	4483223.00

उक्त से संबन्धित आपत्ति यह कि शासन द्वारा अवमुक्त सभी मदों की धनराशि प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक/ वर्ष के दौरान उपभोग कर लिया जाना चाहिए था अथवा उक्त अवशेष धनराशि सम्बन्धित पक्ष को वापस कर दिया जाना चाहिए था। किन्ही भी परिस्थितियों में अवशेष बची धनराशि को (ए.जी.) महालेखकार की अनुमति के बिना आगामी वित्तीय वर्ष में उपभोग नही किया जाना चाहिए था। परन्तु ऐसा न कर अनियमितता व अनैतिक तथा अनधिकृत रूप से अवशेष धनराशि को रोक कर इसका न केवल दुरूपयोग किया जा रहा है।बल्कि नियमानुसार विकास कार्यो को बाधित एवं श्रमिको को रोजगार से अंचित भी किया जा रहा है, जो शासन की मंशा के विपरीत हे। इस अनियतिता हेतु संबन्धित खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है। (सामान्य आपत्ति संख्या–11)

प्रस्तर–294 लेखा परीक्षा वर्ष 2010–11 में बैंक समाधान विवरण/अनाहरित चेक से अन्तर की स्थिति स्पष्ट नही कराया गया जो आगामी वर्ष 2012–13 तक बना रहा–

अनाहरित चेक का विवरणः–

क0सं0	चेक सं0	दिनांक	धनराशि
1	152338	12.11.2007	2000
2	304342	12.11.2007	2000
3	896853	18.11.2009	2000
4	896856	18.11.2009	2000
5	007576	17.03.2011	4700
		योग–	**12700**

लेखा परीक्षा वर्ष 2010–11 में क्रम संख्या 1 से 5 तक की धनराशि रू0 12700.00 विगत वर्षों से अनाहरित चेक के रूप में चला आ रहा है, जिसकी पुष्टि लेखा परीक्षा में नही कराया गया। महत्वपहूर्ण तथ्य यह है कि उक्त धनराशि विगत वर्षों से अनाहरित है, जिसका समायोजन नही हो पाया है तो पासबुक के अनुसार अन्तर कैसे बना रहेगा। अतः स्पष्ट है कि उक्त धनराशि को सुनियोजित तरीके से अनाहरित दिखा कर उत्तरदायी व्यक्तियों–सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार द्वारा गम्भीर अनियमितता किया गया है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है। **(सामान्य आपत्ति संख्या–12)**

प्रस्तर–295 लेखा परीक्षा वर्ष 2010–11 द्वितीय/तृतीय राज्य वित्त से ग्राम पंचायत चांदपुर में पिचरोड़ से गौरी शंकर के घर तक पिचरोड़ पर पुलिया निर्माण हेतु दिनांक 24.06.2010 को साई स्पन पाइप से ह्यूम पाइप क्रय हेतु रू0 9247.00 व्यय खारिज रहा। उक्त व्यय का प्रमाणक लेखा परीक्षा में उपलब्ध नही कराया गया,पासबुक के अनुसार उक्त भुगतान दिनांक 25.06.2010 को सम्भूगंज के नामे रहा। ग्राण्ट–2 के अनुसार उक्त कार्य को निरस्त किया गया है। अतः स्पष्ट है कि उक्त व्यय फर्जी रूप से प्रविष्टि कर उत्तरदायी व्यक्तियों द्वारा गम्भीर अनियमिता किया गया है। जिसके लिए खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है। ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है। **(सामान्य आपत्ति संख्या–13)**

प्रस्तर–296 आलोच्य वर्ष 2010–11,2011–12 एवं 2012–13 में यैसे सामग्री क्रय जिनका भुगतान फर्म को न कर काशी गोमती संयुक्त ग्रामीण बैंक व टी0आर0(ट्रांसफर) के रूप में रह, जिससे फर्म को भुगतान एव क्रय की पुष्टि नही होती।

क0सं0	कुल धनराशि	बैंक पासबुक के अनुसार भुगतान का विवरण
		वर्ष–2010–11 (द्वितीय एवं तृतीय राज्य वित्त)
1	115804	के0जी0एस0जी0बी0/टी0आर0
		वर्ष–2010–11 (12वां वित्त)
2	440624	के0जी0एस0जी0बी0/टी0आर0
		वर्ष–2011–12 (तृतीय राज्य वित्त)

3 1052256 के0जी0एस0जी0बी0 / टी0आर0

वर्ष–2011–12 (13वां वित्त)

4 561862 के0जी0एस0जी0बी0 / टी0आर0

वर्ष–2012–13 (तृतीय राज्य वित्त)

5 1465722 के0जी0एस0जी0बी0 / टी0आर0

वर्ष–2012–13 (13वां वित्त)

6 144490 के0जी0एस0जी0बी0 / टी0आर0

उपर्युक्त तालिका के अनुसार अलोच्य वर्ष में द्वितीय / तृतीय राज्य वित्त तथा 12वा 13वा वित्त आयोग से वर्षवार –वर्ष 2010 –11 में 556428–रू एवम् 2011 –12 में 1614118 रूपया तथा वर्ष 2012–13 में 1610212.00 रूपया कुल (3780758.00) रूपये की सामग्री क्रय का भुगतान फर्म को न कर काशाी गोमती संयुक्त ग्रामीण बैंक / टी ,आर के रूप में भुगतान रहा , जिससे फर्म से सामग्री क्रय एवमं भुगतान पूर्णत, अनियमित रहा । अत, उक्त भुगतान के तरिके से स्पष्ट है कि सम्बन्घित ख,वि,अधिकारियों एवम् लेखा कार द्वारा रूपया (3780758.00) की गम्भीर अनियमितता किया गया है । जिसके लिये ख0,वि,अधिकारी एवम् लेखाकार संयुक्त रूप से उत्तरदायी है । उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है। **(सामान्य आपत्ति संस्या 14)**

प्रस्तर–297 लेखा परीक्षा वर्ष 2010–11,एम एल सी निधि से 14160रूपये आहरण के सापेक्ष कोई भी व्यय प्रमाणक प्रस्तुत नही किया गया अत,प्रमाणक के अभाव में स्पष्ट है कि उक्त धनराशि को उत्तरदायी व्यक्तियो ं द्वारा अनियमित तरीके से आहरित किया गया है। जिसके लियें तत्कालीन ख,वि,अ,एवम् लेखा कार संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है। ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

(सामान्य आपत्ति सख्या 15)

प्रस्तर–298 आलोच्य वर्ष 2010–11,2011–12 एवं 2012–13 में श्रम भुगतान / मस्टररोल से सम्बन्धित निम्नलिखित आपत्तियां पायी गयी :–

(अ)–वर्ष 2010–11 द्वितीय राज्य वित्त (कार्यनाम–ख0वि0अ0 आवास मरम्मत) मद से दिनांक 04.05.2010 को चेक संख्या–089796 से 76859.00 रू0 आहरण के सापेक्ष कुल 51680.00 रू0 का मस्टररोल लेखा परीक्षा में प्रस्तुत रहा, इसी प्रकार (कार्यनाम–पूराबघेला खडन्जा पर विजयपाल सिंह के खेत पर आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण) दिनांक 20.05. 2010 को चेक संख्या 21003009 से 27700.00 आहरण के सापेक्ष 26700.00 का मस्टररोल लेखा परीक्षा में उपलब्ध रहा अतः दोनों कार्यो पर 25179.00+1000=26179.00 रूपये का मस्टररोल प्रस्तुत न कर खाते से अधिक आहरण कर सुनियोजित तरीके से उत्तरदायी व्यक्तियों द्वारा गम्भीर अनियमितता किया गया है। जिसके लिये तत्तकालीन–ख0वि0अ0 व लेखाकार एवं कार्यप्रभारी संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है। **(सामान्य आपत्ति संस्या 16अ)**

(ब) क0सं0	**कार्यनाम**	**व्यय धनराशि**	**चेक सं0**	**दिनांक**	**ग्राण्ट–2 अनुसार जिसके पक्ष में चेक जारी किया गया**	**बैंक पासबुक के अनुसार भुगतानप्राप्तकर्ता**
	वर्ष 2010–11 (द्वितीय / तृतीय राज्यवित्त)					
1	भुआकला लखेसर नाले पर आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण	59700	21003005	20.05.2010	विनय कुमार शुक्ला ग्रा.वि.अ.	सेल्फ
	वर्ष 2011–12 (तृतीय राज्यवित्त)					
1	ग्राम पंचायत दुदौली बड़ी नहर से लल्लन सिंह गौरी शंकर के घर होते हुये पक्की सड़क तक ख0नि0	51100	21013061	27.07.2011	फूल चन्द्र पाल ग्रा.वि.अ.	सेल्फ
2	ग्राम पंचायत सकरदेल्हा चौराहे से ग्रा0पं0 भुईला हरिजन बस्ती तक ख0नि0	39100	21007557	01.07.2011	फूल चन्द्र पाल ग्रा.वि.अ.	सेल्फ
		18900	21007560	27.07.2011	फूल चन्द्र पाल ग्रा.वि.अ.	सेल्फ
	वर्ष 2012–13 (13वां वित्त)					
1	बरईपार तेजी बाजार मार्ग से जयप्रकाश गुप्ता व रमेश गुप्ता के घर तक पक्की नाली निर्माण	36472	21048656	22.03.2013	फूल चन्द्र पाल ग्रा.वि.अ.	सेल्फ
		205272				

उपर्युक्त तालिका के अनुसार वर्ष 2010–11(द्वितीय एवं तृतीय राज्यवित्त) से 59700.00 रू0 वर्ष 2011–12(तृतीय रा0वि0) से 109100.00 रू0 तथा वर्ष 2012–13(13वां वित्त)से 36472.00 रू0 (कुल 205272.00 रू0) मस्टररोल भुगतान के सापेक्ष पासबुक के अनुसार मजदूरों/कार्यप्रभारी के नामे न होकर सेल्फ के रूप में आहरित रहा। सेल्फ भुगतान (ख0वि0अ0/लेखाकार/ब्लाक प्रमुख/कार्यप्रभारी) किसके नामे रहा, की पुष्टि लेखा परीक्षा मे नही कराया गया, जिससे स्पष्ट है कि उक्त भुगतान उत्तरदायी व्यक्तियों क्षरा अनियमित तरीके से आहरित किया गया, जिसके लिये तत्कालीन7ख0वि0अ0 एवं लेखाकार तथा कार्यप्रभारी संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है। **(सामान्य आपत्ति संस्या 16ब)**

प्रस्तर–299 मस्टररोल मजदूरों का और भुगतान कार्य प्रभारियों को :–आलोच्य वर्ष 2010–11, 2011–12,2012–13 में कमशः मस्टररोल से श्रम भुगतान वर्ष 2010–11(तृतीय रा0वि0) से 264360.00 व 2010–11 (12वां वित्त) से 237900.00 एवं वर्ष 2011–12(तृतीय रा0वि0) से 452785.00 व 2011–12 (13वां वित्त) से रू0 542070.00 तथा वर्ष 2012–13 (तृतीय राज्य वित्त) से रू0 46133.00 व वर्ष 2012–13 (तेरहवां वित्त) से रू0 106582.00 कुल रू0 1865027.00 उक्त भुगतान सम्बन्धित मजदूरों को न कर कार्यप्रभारियों के नामे भुगतान किया गया है, और पत्रावलियों में जो मस्टरोल संलग्न पाये गये है। उन पर मस्टररोल कमांक अंकित नही है। जिससे स्पष्ट है कि मस्टररोल कार्यवार वि0ख0 से निर्गत नही है और न ही कार्यवार मस्टररोल जारी किये जाने का रजिस्टर बनाया गया है। ऐसे में फर्जी मस्टररोल जारी किये जाने एवं फर्जी भुगतान की पूर्ण सम्भावना है।

अतः मजदूरों के खाते में भुगतान न कर एवं मस्टररोल पर कमांक अंकित न कर आलोच्य वर्ष में मजदूरी मद से कुल धनराशि रू0 1865027.00 का तत्कालीन ख.वि.अ./लेखाकार/कार्यप्रभारी/ब्लाक प्रमुख द्वारा अनियमित ढ़ंग से भुगतान करके गम्भीर अनियमितता किया गया है,जिसके लिये उक्त सभी व्यक्ति संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है। **(सां0अ0सं0–17)**

प्रस्तर–300 आलोच्य वर्ष मे दिनांक 31.03.2013 तक निम्नलिखित मदों में अवशेष धनराशि विगत वर्षो से चला आ रहा है–

1–बायोगैस अनुदान– 3550.00
2–ग्रा0पं0प्रतिनिधि प्रशिक्षण– 1400.00
3–त्रिस्तरीय पं0नि0मानदेय– 7900.00
4–राष्ट्रीय स्वास्थ बीमा योजना–4900.00
योग– 17750.00

उक्त मदों के सन्मुख अंकित धनराशि विगत वर्षो से अन्तिरिम अवशेष के रूप में चला आ रहा है, जिसे आलोच्य वर्ष में 31.03.2013 तक व्यय नही किया जा सहा, और व्यय न किये जाने का कारण भी लेखा परीक्षा में नह बताया गया है। जबकि नियमानुसार उक्त से सम्बन्धित धनराशि उपभोग न होने की दशा में सम्बन्धित विभाग/पक्ष को वापस कर दिया जाना चाहिए, ऐसा न करके उत्तरदायी व्यक्तियों द्वारा गम्भीर अनियमितता किया गया है। जिसके लिय खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार संयुक्त रूप से उत्तरदायी है।**(सां0अ0सं0–18)**
उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

विकास खंड रामनगर क्षेत्र पंचायत रामनगर जनपद जौनपुर
वर्ष 2013–14 से 2014–15

प्रस्तर–301 आलोच्य वर्ष 14–13 में क्षेत्र पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत भटवार में पक्की सड़क से ब्राहमण बस्ती तक खड़ण्जा मरम्मत कराया गया है जिसके कार्य प्रभारी श्री राजनाथ प्रसाद ,0डी0ओ0(आई0,स0बी0) कालान्तर मे पत्रांक 207 दि0 01–06–2013 श्री तिलकधारी ए0डी0ओ0(एस0के0) को इसका कार्य प्रभारी बनाया गया । कार्यपूर्ति के पश्चात इस परियोजना पर निम्न विवरणानुसार भुगतान किया गया है–

क्रम	चेक सं0	दिनॉक	धनराशि मजदूरी	धनराशि ईंट	विवरण
1	006648	29–07–2013	67725		मस्टर रोल के अनुसार मजदूरी कार्यप्रभारी को
2	006649	29–07–2013	————————	211369	मै0 शिवम इण्टरप्राइजेज बल्लीपुर बनेवरा जौनपुर
3		योग	67725	211369	

उक्त कार्य की पत्रावली की जॉच में निम्न आपत्तियॉ पायी गयी–
(1) पत्रावली में अनुमोदित कार्ययोजना की प्रति संलग्न नही रही ।
(2) पत्रावली में कराये गये कार्य के तीनों चरण के फोटोग्राफ संलग्न नही रहे ।
(3) पत्रावली में इस आशय का प्रमाणपत्र संलग्न नही रहा कि उक्त परियोजना पर विगत 5 वर्षों में कोई कार्य नहीं कराया गया है
4)प्रयुक्त मस्टर रोल वि0खं0 से निर्गत नहीं है और उन पर बी0डी0ओ0 की केवल मुहर लगी है हस्ताक्षर नही है मजदूरों के अंगूठा निशान एक दूसरे पर अंकित है और अस्पष्ट है । मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक नही किया गया है । मजदूरी का भुगतान नकद किया गया है जो नियमविरूद्व है ।

(5) मस्टर रोल पर उस वार्ड के बी0 डी0 सी0 / ग्रा0 पं0 प्रधान के हस्ताक्षर नही है ।
(6) पत्रावली में इस आशय का प्रमाणपत्र संलग्न नही रहा कि किसी भी फर्म द्वारा ईंट आपूर्ति हेतु निविदा नही डाली गयी जिसके कारण कोटेशन लेना पड़ा साथ ही दि0 08–05–2013 टेण्डर विज्ञापन तथा 21–05–2013 के कोटेशन आदेश में केवल 22128 ईंट आपूर्ति की मांग की गयी थी किन्तु बाद में दि0 29–05–2013 के संशोधित प्राकलन के अनुसार 43433 ईंट की आपूर्ति कोटेशन स्वीकृत फर्म से ली गयी । न ही टेण्डर विज्ञापन किया गया और न तो पुनः कोटेशन लिया गया ।

इससे स्पष्ट है कि उक्त कार्य में नियमों का अनुपालन नही किया गया है अतः उत्तरदायी खं0 वि0 अधि0 श्री शेषनाथ चौहान और लेखाकार श्री निलेश चंद्र श्रीवास्तव के विरूद्ध कार्यवाही अपेक्षित है

प्रस्तर–302 आलोच्य वर्ष 2013–14 में क्षेत्र पंचायत द्वारा तृतीय राज्य वित्त से शिलवंता की दुकान पक्की सड़क से कामता के घर तक खड़ण्जा निर्माण कराया गया है जिसके कार्य प्रभारी श्री विनोद सहाय श्रीवास्तव है इस परियोजना पर निम्न विवरणानुसार भुगतान किया गया है–

क्रम	चेक सं0	दिनाँक	धनराशि मजदूरी	ईंट	विवरण
क्षेत्र पंचायत हरहुआ के वर्ष 2000–01 से 2002–03 की लेखा परीक्षा में निम्नविवरणानुसार अपहरण/दुरूपयोग/अनियमितता के प्रकरण प्रकाश में आए जिसके सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है–

वर्ष 2000–01 में सुनिश्चित रोजगार अन्तर्गत जौनपुर मार्ग पर वाजिदपुर हरि0 वस्ती में मिट्टी कार्य पर रू0 40051.96 व्यय किया गया है। उक्त कार्य हेतु दिनांक 25–2–01 से 27–2–01 तक मस्टर रोल के आधार पर कुल 50 मानव दिवस का 58.00 प्रति दिवस की दर से रू0 2900.00 एवं दिनांक 27–2–01 को ट्रैक्टर (गाड़ी सं0 अंकित नही था) द्वारा मिट्टी आपूर्ति हेतु (155.37X46.00) 7147.02 का भुगतान कन्सट्रक्शन एवं बिल्डिंग मेटेरियल सप्लायर्स मुर्दहा बाजार, वाराणसी को किया गया है। उल्लेखनीय है कि पत्रावली में संलग्न एम0बी0 में कार्यप्रारम्भ तिथि दिनांक 18–02–01 व कार्य समाप्ति तिथि दिनांक 24–2–01 तथा कार्य की मापी तिथि दिनांक 24–2–01 अंकित था। अतः स्पष्ट है। कि कार्य दिनांक 24–2–01 को पूर्ण हो चूका था इसके बावजूद दिनांक 27–02–01 को रू0 2900.00 का मजदूरी भुगतान एवं रू0 7147.02 मिट्टी आपूर्तिकर्ता को भुगतान पूर्णतः काल्पनिक प्रतीत होता है। अतः स्पष्ट है कि काल्पनिक मस्टर रोल व बिल के आधार पर रू0 (2900.00+7147.02) 10047.02 का भुगतान कर कार्य प्रभारी चन्द्रशेखर विश्वकर्मा ग्रा0पं0वि0अ0 द्वारा अपहरण किया है। जिसकी ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर–53

वर्ष 2000–01 में सुनिश्चित रोजगार योजनार्न्तगत होलापुर छतरीपुर बंधा बाबा से छतरीपुर तक मिट्टी कार्य पर भिन्न–भिन्न तिथियों में मस्टर रोल के आधार पर रू0 79982.00 मजदूरी का भुगतान किया गया जिसके सम्बन्ध में निम्न आपत्तियां प्रकाश में आयी–

क– कार्य के दौरान कार्यरत श्रमिक पंजीकृत नही पाए गये (मस्टर रोल पर श्रमिकों का निबंधन सं0 अंकित नही था) फलस्वरूप शासनादेश में इंगित निर्देशों के विपरीत कार्य कराकर शासन की मंशा को विफल किया गया है।

ख– सुनिश्चित रोजगार योजनार्न्गत शासनादेश के अनुसार कार्य प्रारम्भ एवं कार्य समाप्ति पर फोटोग्राफी अनिवार्य थी। लेकिन पत्रावली में फोटोग्राफ संलग्न नही था जिस कारण दर्शित कार्य संदिग्ध प्रतीत होता है।

ग– पत्रावली में कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र संलग्न नही था।

इस प्रकार उपराक्त कार्य पर किया गया व्यय रू0 79982.00 पूर्णत अनियमित रहा जिसके प्रति आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–54

वर्ष 2000–01 में बालिका समृद्धि योजना अन्तर्गत दिनांक 17–10–2000 को चेक सं0वि0अ0 (समाज कल्याण) को लाभार्थियों को भुगतान हेतु अग्रिम दिया गया था। नियमानुसार लाभार्थियों को भुगतान हेतु धनराशि संबन्धित ग्राम पंचायत के खातें में किया जाना चाहिए था। साथ ही अग्रिम के समायोजन की पुष्टि में व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अनुपलब्ध रहा। इस प्रकार रू040000.00 का अग्रिम के रूप में भुगतान कर दुरूपयोग किया गया है जिस हेतु पूर्ण रूप से तत्कालीन खण्ड वि0 अधि0 सुधा कुमारी, लेखाकार उमरांव सिंह व दशरथ सिंह सहा0वि0अधि0(समाज कल्याण) उत्तरदायी रहे। उक्त के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–55

वर्ष 2000–01 में राष्टीय मातृत्व लाभ योजना अर्न्तगत दिनांक 17–10–2000 को चेक सं0 2003 से रू0 25000.00 एवं चेक सं0 2005 से रू0 10000.00 कुल रू0 35000.00 का भुगतान श्री दशरथ सिंह स0वि0अ0(समाज कल्याण) को लाभार्थियों को भुगतान हेतु अग्रिम दिया गया था। नियमानुसार लाभार्थियों को भुगतान हेतु धनराशि संबंधित ग्राम पंचायत के खाते में किया जाना चाहिए था। साथ ही अग्रिम के समायोजन की पुष्टि में व्यय प्रमाणक/प्राप्ति रसीद लेखा परीक्षा में अनुपलब्ध रहा। इस प्रकार रू0 35000.00 का अग्रिम के रूप में भुगतान कर दुरूपयोग किया गया है जिस हेतु पूर्ण रू^ से तत्कालीन खण्ड विकास सुघा कुमारी, लेखाकार उमरांव सिंह व दशरथ सिंह सहा0वि0अधि0 (समाज कल्याण) उत्तरदायी रहें। उक्त के संबंघ में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–56

लेखा परीक्षा वर्ष 2001–02 में इन्दिरा आवास योजनान्तर्गत शौचालय निर्माण हेतु रू0 615420.00 व्यय किया गया है जिसमें से रू0 430435.00 सीधे लाभार्थी को एवं शेष रू0184985.00 शौचालय निर्माण हेतु निम्न विवरणानुसार सहा0वि0अधि0 / ग्रा0पं0वि0 अधि0को भुगतान किया गया है–

क0सं0	चेक सं0 व दिनांक	धनराशि	जिसे भुगतान हुआ	विवरण
1	0909 / 18.7.01	25000.00	राधेकृष्ण प्रसाद स0वि0अ0(सां0)	2000– 01 से 21 शौ0 हेतु
2	0911 / 30.8.01	3275.00	राधेकृष्ण प्रसाद स0वि0अ0(सां0)	2000–01 के 21 शौ0 का पूर्ण भुगतान
3	0914 / 5.9.01	5000.00	भूपेश मिश्रा ग्रा0पं0वि0अ0	ग्रा0पं0गोसाईपुर में 10 शौ हेतु
4	0915 / 6.9.01	6525.00	राधेकृष्ण प्रसाद स0वि0अ0(सां0)	ग्रा0पं0 पुआरीखुर्द में 3 शौ हेतु
5	0916 / 6.9.01	5000.00	राधेकृष्ण प्रसाद स0वि0अ0(सां0)	ग्रा0पं0 पुआरीखुर्द में 9 शौ हेतु
6	0917 / 11.9.01	8050.00	भूपेश मिश्रा ग्रा0पं0वि0अ0	गोसाईपुर का अवशेष भुगतान
7	03945 / 19.9.01	8700.00	भूपेश मिश्रा ग्रा0पं0वि0अ0	ग्रा0पं0गोसाईपुर में 4 शौ हेतु
8	03947 / 29.9.01	6525.00	अजय कु0 सिंह ग्रा0पं0वि0अ0	ग्रा0पं0 दादोपुरमें 3शौ0 हेतु
9	03948 / 6.10.01	13050.00	अनिल कु0 सिंह ग्रा0पं0वि0अ0	ग्रा0पं0 राजपुर में 6 शौ हेतु
10	03952 / 22.10.01	13050.00	मातवर सिंह ग्रा0पं0वि0अ0	ग्रा0पं0 सरायकाजी में 6 शौ हेतु
11	03953 / 22.10.01	13050.00	भूभूती मिश्रा ग्रा0पं0वि0अ0	ग्रा0पं0 चमांव में 6शौ0 हेतु
12	03968 / 18.12.01	6525.00	बृजेश कु0 सिंह ग्रा0पं0वि0अ0	ग्रा0पं0 बलुआ में 3शौ हेतु
13	04643 / 10.1.02	8700.00	भूभूती मिश्रा ग्रा0पं0वि0अ0	ग्रा0पं0 चमांव में 4 शौ0 हेतु
14	04651 / 15.01.02	17400.00	कौशलपति सिंह ग्रा0पं0वि0अ0	ग्रा0पं0 हरिबल्लभपुर में 8 शौ हेतु
15	04658 / 24.01.02	16860.00	अनिल कु0श्रीवास्तव ग्रा0पं0वि0अ0	98–99 का 6 शौ हेतु
16	04919 / 7.02.02	10875.00	सुरेश प्र0 ग्रा0पं0वि0अ0	ग्रा0 प0 भटपुरवाकला में 5 शौ हेतु
17	04947 / 21.03.02	17400.00	वीरेन्द्र सिंह ग्रा0पं0वि0अ0	ग्रा0पं0 बेलवरिया में 8 शौ हेतु

लेखा परीक्षा में निर्मित शौचालय का भौतिक सत्यापन प्रमाण पत्र अप्रस्तुत रहा। साथ हीं उपरोक्त विवरणानुसार रू0 184986.00 का समायोजन बाउचर लेखा परीक्षा में अप्रस्तुत रहा। समायोजन बाउचर प्रस्तुत कर उक्त व्यय की पुष्टि करायी जानी अपेक्षित है। अन्यथा की स्थिति में रू 184985.00 का दुरूपयोग है। जिसकी ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी सहायक विकास अधिकारियों / ग्राम पं0वि0 अधिकारियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर–57

वर्ष 2001–02 में सुनिश्चित रोजगार योजनान्तर्गत दासेपुर में सुकुलपुरवा सम्पर्क मार्ग से कन्नौजिया बस्ती तक मिट्टी कार्य पर भिन्न–भिन्न तिथियों में मस्टररोल के आधार पर रू 44312.00 मजदूरी का भुगतान किया गया जिसके सम्बन्ध में निम्न आपत्तियां प्रकाश में आयी–

क– कार्य के दौरान कार्यरत श्रमिक पंजीकृत नहीं पाए गये (मस्टररोल पर श्रमिकों का निबंधन सं0 अंकित नहीं था) फलस्वरूप शासनादेश में इंगित निर्देशों के विपरीत कार्य कराकर शासन की मंशा को विफल किया गया है।

ख– सुनिश्चित रोजगार योजनान्तर्गत शासनादेश के अनुसार कार्य प्रारम्भ एवं कार्य समाप्ति पर फोटोग्राफी अनिवार्य था लेकिन पत्रावली में फोटोग्राफ संलग्न नहीं था। जिस कारण दर्शित कार्य संदिग्ध प्रतीत होता है।

ग– पत्रावली में कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं था।

इस प्रकार उपरोक्त कार्य पर किया गया व्यय रू 44312.00 पूर्णतः अनियमित रहा। जिसके प्रति आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–58

वर्ष 2001–02 में सांसद निधि योजनान्तर्गत मीरापुर बसहीं स्थित शारदा बिहार कालोनी में साहेब लाल के घर के आगे योगेन्द्र शर्मा के घर से अम्बिका श्रीवास्तव के घर तक 200 मी0 खडंजा निर्माण हेतु वर्ष 2001–02 में चेक सं0 04991 दिनांक 10.03.02 द्वारा कुल रू 54289.00 कार्य प्रभारी श्री मिट्‌ठू सिंह यादव, पं0वि0अधि0 को भुगतान किया गया है। पत्रावली की जॉच में निम्न आपत्तियॉ प्रकाश में आयी :–

क– पत्रावली में इस आशय का प्रमाण पत्र नहीं संलग्न था कि पूर्व में किसी अन्य कार्यदायी संस्था द्वारा उक्त स्थल पर खडन्जा कार्य कराया गया था अथवा नहीं।

ख– उक्त खडन्जा कार्य हेतु दिनांक 28.02.02 को कुल 36600 प्रथम श्रेणी ईंट 1415.00 प्रति हजार की दर से क्रय हेतु रू 51789.00 का भुगतान ईंट प्रदायकर्ता (श्री सत्य साईं बाबा ईंट उद्योग महदेपुर आयर, वाराणसी) को एकाउण्ट पेयी चेक से न कर कार्य प्रभारी श्री मिट्‌ठू सिंह यादव, ग्राम पं0वि0अधि0 द्वारा नकद किया गया है जो अनियमितता का द्योतक है। साथ ही क्रय की दरों के न्यूनतम होने की पुष्टि में आवश्यक कूटेशन पत्रावली व्यय पत्रावली के साथ संलग्न नहीं था जिससे क्रय की दरों के न्यूनतम होने की पुष्टि नहीं की जा सकी। उक्त खडन्जा कार्य हेतु दिनांक 29.12.01 को बोर्ड क्रय हेतु रू 2500.00 का भुगतान बोर्ड आपूर्तिकर्ता शाह मार्बल हैण्डीक्राफ्ट, चौकाघाट वाराणसी को एकाउण्ट पेयी चेक से न कर कार्य प्रभारी श्री मिट्‌ठू सिंह यादव, ग्राम पं0वि0अधि0 द्वारा नकद किया गया है जो अनियमितता का द्योतक है।

ग– व्यय पत्रावली में संलग्न कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी से प्रमाणित नहीं था।

इस प्रकार उक्त कार्य पर व्यय की गयी कुल धनराशि रू 54289.00 पूर्णतः अनियमित है जिस हेतु पूर्ण रूप से तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी ए0पी0 विश्वकर्मा, लेखाकार उमरॉव सिंह व कार्य प्रभारी श्री मिट्‌ठू सिंह यादव, ग्राम पं0वि0अधि0 उत्तरदायी रहें। उक्त के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–59

वर्ष 2001–02 में सांसद निधि योजनान्तर्गत पार्वती नगर कालोनी टकटकपुर में मुख्य मार्ग से काशी राम गुप्ता के मकान से ओ0पी0गुप्ता व अन्य के मकान तक सीवर कार्य हेतु मस्टररोल दिनांक 10.04.02 से 16.04.02 से रू 6202.00 का भुगतान किया गया है। विवरण निम्न है :–

मस्टररोल दिनांक 10.04.02 से 16.04.02......2X7दिन X95+12 X7 दिन X58 = 6202.00

पत्रावली में संलग्न मस्टररोल में दो मिस्त्री बलिराम व किशोर 7 दिन कार्यरत था जिसे रू 95.00 प्रति दिन की दर से कुल रू 1330.00 भुगतान अंकित था लेकिन मस्टररोल पर कार्यरत मिस्त्री को भुगतान की पुष्टि में मिस्त्री का प्राप्ति ह0/ ॲगूठा निशान अंकित नहीं था जिससे स्पष्ट है कि कार्य प्रभारी द्वारा कार्यरत मजदूरों को मजदूरी भुगतान नहीं किया गया है। अतएव रू 1330.00 का कार्य प्रभारी द्वारा अपहरण किया गया है। जिसकी ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी कार्य प्रभारी दिनेश कुमार द्विवेदी से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर–60

वर्ष 2001–02 में सांसद निधि योजनान्तर्गत पार्वती नगर कालोनी टकटकपुर में मुख्य मार्ग से काशी राम गुप्ता के मकान से ओ0पी0गुप्ता व अन्य के मकान तक सीवर कार्य हेतु दिनांक 01.03.02 को स्पून पाइप व कालर क्रय के सापेक्ष आपूर्तिकर्ता रामप्यारी स्पून पाइप इण्डिया, नई बस्ती ईश्वरगंज वाराणसी को रू 69265.00 का भुगतान दिनांक 10.03.02 को किया गया है। बिल का विवरण निम्नवत् था :–

आर0सी0सी0स्पून पाइप 300एनपी 2 150 पीसी.375आरएम X 141=52875
आर0सी0सी0कालर 100 पीस दर 39.00............................= 3900
व्यापार कर दर 10 प्रतिशत ....= 5677.50
ट्रान्सर्पोटेशन दर 12 प्रतिशत .... = 6813
योग .... = 69265.50 या 69265.00

उल्लेखनीय है कि उक्त सामग्री क्रय पर व्यापार कर का भुगतान 10 प्रतिशत की दर से किया गया है। यदि कार्य प्रभारी/विकास खण्ड कार्यालय द्वारा आपूर्तिकर्ता को फार्म 3डी उपलब्ध कराया गया होता तो व्यापार कर का भुगतान 5 प्रतिशत की दर से करना पड़ता। इस प्रकार फार्म 3डी के आभाव में 5 प्रतिशत अतिरिक्त व्यापार कर का भुगतान कर संस्था को रू 2838.00 की क्षति पहुॅचायी गई है जिस हेतु पूर्ण रूप से कार्य प्रभारी दिनेश कुमार द्विवेदी उत्तरदायी रहे। उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–61

वर्ष 2002–03 में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत रसूलपुर में 0.230 किमी0 खडन्जा कार्य पर निम्न विवरणानुसार कार्य प्रभारी दिनेश कुमार द्विवेदी द्वारा मस्टररोल के आधार पर प्राप्त मजदूरी की धनराशि का कार्यरत मजदूरों को भुगतान नहीं कर अपहरण किया गया हैः–

मस्टररोल दिनांक 13.05.02 से 19.05.02............6X7दिनX95+15X7दिन X58+1 X2दिन X58 = 10196.00

मस्टररोल दिनांक 02.05.02 से 08.05.02............7x7दिनx58+1 x5दिन x58 = 3132.00

योग .... = 13328.00

उपरोक्त दोनों मस्टररोल पर कार्यरत मजदूरों का हस्ताक्षर/अँगूठा निशान अंकित नहीं था जिससे स्पष्ट है कि कार्य प्रभारी द्वारा कार्यरत मजदूरों को मजदूरी भुगतान नहीं किया गया है। अतएव रू 13328.00 का कार्य प्रभारी द्वारा अपहरण किया गया है। जिसकी ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी कार्य प्रभारी दिनेश कुमार द्विवेदी से की जानी अपेक्षित है।

10. क्षेत्र पंचायत– हरहुआ वर्ष 2003–04 से 2005–06

प्रस्तर–62

आपत्ति संख्या 4 वर्ष 2003–04 में सम्पूर्ण रोजगार योजना के अन्र्तगत सेमरी में ब्रहादेव सिंह के दरवाजे पर रास्ता निर्माण कार्य पर रु0 15802 व्यय किया गया है। उक्त कार्य हेतु मस्टर रोल 04,04,2003 से 10,04,2003 तक (एक मिस्त्री X 7 दिन X 95 रु0) + (6 मजदूर X 7 दिन X 58 रु0) + (एक मजदूर X 3 दिन) कुल 3275 रु0 (जिसमें नगद 1065 व खाद्यान 442 किलो, दर प्रतिकिलो 5 रु0) का भुगतान किया गया उल्लेखनीय है कि पत्रावली में संलग्न एम,बी, में कार्य प्रारम्भ तिथि 31,03,2003 व कार्य समाप्ति तिथि 02,04,2003 तथा कार्य की मापी तिथि 02,04,2003 अंकित था। अतः स्पष्ट है कि दिनांक 02,04,2003 को कार्य पूर्ण हो चुका था। इसके बावजूद दिनांक 10,04,2003 को रु0 3275रु0 का मजदूरी भुगतान (442 किलो खाद्यान/5 रु0 सहित) (2210रु0) कुल 5485 रु0 काल्पनिक प्रतीत होता है। इस कार्य में कुल व्यय रु015802 में मिट्टी क्रय नही किया गया है बल्कि मजदूर से कार्य कराकर रास्ता निर्माण कार्य किया गया है स्पष्ट है कि काल्पनिक मस्टर रोल के आधार पर रु0 5485 का अपहरण किया गया है जिसकी ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर–63

आपत्ति संख्या 5 वर्ष 2003–04 सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना के अन्तर्गत ऐढे में राजकीय नलकुप के पास पिच रोड़ से बेलवरियां टंकी के पास पिच रोड मार्ग पर सुरेन्द्र पाण्डेय के खेत तक मिट्टी कार्य पर निम्न व्यय दर्शित है– मस्टर रोल 6,12,03 से 26,12,03 तक है का विवरण निम्न है –(53 कर्मचारी X 7दिन X 58 रु0) + (एक कर्मचारी X 1 दिन X 58 रु0) कुल 372 दिन का रु0 21576में 5,766रु0 नगद तथा 3162 किलो गेहूँ / प्रति 5 रु0 किलो की दर से भुगतान हुआ। कार्य प्रारम्भ तिथि 29–11–2003 तथा कार्य मापी 06,12,2003 व कार्य समाप्ति 05,12,03 है। अतः स्पष्ट है कि कार्य समाप्ति 05,12,03 के बाद भी 22 दिनों का मस्टर रोल काल्पनिक बनाकर भुगतान किया गया है।

क – सृजित परिसम्पत्ति रजिस्टर अप्राप्त रहा।

ख – क्षेत्र पंचायत के कार्यवाही पंजिका के अभाव में कार्य का प्रस्ताव अपुष्ट है।

ग – कार्य की कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र भी कार्य के पत्रावली में संलग्न नही है।

अतः स्पष्ट है किइस कार्य में कुल रू 21576 का अपहरण हुआ है जिसकी ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर–64

आपत्ति संख्या 7 वर्ष 2004–05 पूर्वाचल विकास निधि योजनान्र्तगत भोजुबीर सिधोरा मार्ग दूसरे किमी पर विश्वनाथपुर कालोनी में विरबल सिंह के घर होते हुए विश्वनाथपुरी एक्सटेन्सन मोड तक दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य हेतु मस्टर रोल दिनांक 23,08,04 से 29,08,04 से रु0 15834 का भुगतान किया गया है विवरण निम्न प्रकार है।

क– मस्टर रोल दिनांक 23,08,04 से 29,08,04 (39मजदूर X 7दिनX 58 रु0) = कुल रु0 15834 का भुगतान किया गया है जिसपर कार्य करने वाले मजदूर से अधिक का अंगूठा निशान अंकित था जिससे स्पष्ट है कि कार्य प्रभारी द्वारा कार्यरत मजदूरो को मजदूरी भुगतान में काल्पनिक डाटा उल्लेखित है।

ख – मस्टर रोल दिनांक 30.12.2004 से 05.01.2005 (68 मजदूर X 7 दिनांक X 58रू0) = 27608 रू0 का भुगतान होना चाहिए लेकिन 28818 रू0 का भुगतान हुआ है जिसमें कार्य प्रभारी रामकुंवर सिंह द्वारा 1210 रू0 अधिक भुगतान किया गया।

ग– मस्टर रोल 28.11.04 से 04.12.04 तक (36 मजदूर x 7 दिन x 58 रू0) + (1) मजदूर X 3 दिन X 58 रू0) = कुल 14790 रू0 होना चाहिए जब कि 15308रू0 का भुगतान कर 518 रू0 अधिक भुगतान किया गया है। इस आधार पर कुल 1210+518+15834= रू0 कुल 17562 रू0 का अपहरण किया गया है जिसकी ब्याज सहित वसूली कार्य प्रभारी रामकुवर सिंह से अपेक्षित है।

प्रस्तर–65

आपत्ति संख्या 8 वर्ष 2005–06 राज्य वित्त आयोग योजना अंतर्गतः ग्राम पुआरी कला पिच पर शहजाद सांई के घर से पुआरी कला सतुआ बाबा आश्रम तक मिट्टी खड़जा कार्य कराया गया है जिस पर निम्न व्यय किया गया है–

क– साईन बोर्ड–2500 रू0 का नगद भुगतान कर मनोज कुमार सिंह, अग्रसेन नगर कालोनी, पहाडिया वाराणसी से क्रय किया गया है।

ख– मजदूरी– मस्टर रोल 31.12.5 से 06.01.06 में (18 मजदूर X 7 दिन X 58 रू0) + (1 मजदूर X 3 दिन X 58रू0) कुल 129 दिन = कुल रू0 7482 का भुगतान नकद किया गया था तथा मस्टर रोल 11.01.06 से 18.01.06 में

(19 मजदूर X 7दिन X 58रू0 = कुल 133 दिन = कुल 7714रू0 नकद भुगतान किया गया लेकिन भुगतान कर्ता एवं प्राप्तकर्ता का हस्ताक्षर और अगूठे का निशान नही है। इस कार्य में कुल व्यय रू0 67164 का भुगतान किया गया है।
ग– ईट क्रय हेतु कोटेशन प्राप्त नही किया गया है, ईट क्रय का प्रमाणक अप्राप्त रहा एवं भुगतान नकद किया गया है।

उक्त कार्य की पुष्टि में स्टांक रजिस्टर, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, सृजित परिसम्पति रजिस्टर आदि प्रस्तुत नही किया गया । उक्त के आधार पर व्यायि धनराशि एवं कार्य अपुष्ट/ अप्रमाणित रहा, जिस हेतु उत्तदायित्व कार्यप्रभारी आकाश साहनी का है। अतः ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर–66

आपत्ति संख्या 9 वर्ष 2005–06 पूर्वाचल विकास निधि योजना अंतर्गत दौलतपुर पाण्डेयपुर स्थित विवेकानन्द नगर कालोनी सीवर कार्य में (एस आर स्पम पाईप इन्डस्ट्रीज शिवदासपूर, लहरतारा, डी0एल0 डब्लू रोड वाराणसी) से 300 एम0एम0 एन0पी0–3 पाईप 77पीस दर 25.48 रू0, कुल रू0 48602.40, 300 एम0एम0 एनपी 73 कालर और 62 दर 56.02 कुल रू0 3473.24 जिसमें कुल 62491 नकद भुगतान किया गया साथ ही प्रमाणक पर ओवर राइटिंग किया हुआ है तथा व्यापार कर की गणना नही की गयी जबकि भुगतान व्यापार कर किया जाना चाहिए था। उक्त कार्य ग्रामीण क्षेत्र से इतर निगम परिधि के अर्न्तगत है जो कि नियमानुकूल पूर्णतः गलत है। अतः 62491 की अनियमितता का उत्तरदायित्व खण्ड विकास अधिकारी नीरज गुप्ता एवं लेखाकार उमरांव सिंह का है जिसके प्रति आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर–67

आपत्ति संख्या 10 वर्ष 2005–06 में राज्यवित आयोग योजनान्तर्गत माधोपुर कालिका के दरवाजे से रैसी पट्टी हरिहर के खेत तक मिट्टी खड़न्जा कार्य पर भिन्न भिन्न तिथियों में मस्टर रोल के आधार पर कुल व्यय रु0 109003है तथा कुल खड़न्जा कार्य 0,400 मीटर किया गया है जिसका कार्य समाप्ति तिथि 25,01,06 तक (25 मजदूर X 7 दिन X 58 रु0) + (1मजदुर X 2दिन X 58) कुल मानव दिवस 184 में भुगतान रु0 10672 तथा मस्टर रोल (23मजदुर X 7 दिन X 58 रु0) + (6 मजदूर X 6 दिन X 58 रु0 कुल मानव दिवस 197 में भुगतान रु0 11426 तथा आरपीएस ,मार्का ईट उद्योग को बिल संख्या व तिथि 331 /29,01,06 व 335/31,01,06 के अर्न्तगत प्रथम श्रेणी ईट का क्रय क्रमशः रु0 59500 व रु0 24905 का नगद भुगतान किया गया है। तथा बिल 77 तिथि 31,01,06 मनोज कुमार सिंह ने साइन बोर्ड रु0 2500 नगद भुगतान करके खरीदा गया है। इस कार्य में निम्न आपत्तियां प्रकाशन में आयी –

क – पत्रावली में कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र संलग्न नही था।
ख – सभी व्ययो का भुगतान नगद किया गया है।
ग – राज्यवित्त आयोग योजनान्तर्गत में कार्य प्रारम्भ एवं कार्य समाप्ति पर फोटो ग्राफी होना चाहिए। लेकिन पत्रावली में फोटोग्राफ संलग्न नही था।
घ – स्टाक रजिस्टर ,सृजित परिसम्पत्ति रजिस्टर, अप्राप्त रहा।

अतः उक्त के आधार पर व्ययित धनराशि रु0 109003 अपहरण का द्योतक है जिसका उत्तरदायित्व कार्य प्रभारी मनोज सिंह का है। अतः ब्याज सहित वसूली किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–68

आपत्ति संख्या 11 वर्ष 2005–2006 में राज्यवित्त आयोग योजनान्तर्गत विकास खण्ड हरहुआ परिसर में खडन्जा कार्य कुल व्यय रु0 123713 है तथा कुल खडन्जा कार्य 5 किलोमीटर किया गया है जिस कार्य का प्रारम्भ तिथि 20,05,06 समाप्ति तिथि 14,06,06 तथा कार्यमापी तिथि 15,06,06है। व्ययो का विवरण निम्न है। मस्टर रोल 01,06,06से 07,06,06तक (20मजदूर X 7 दिन X 58रु0) कुल मानव दिवस 97 में भुगतान रु0 8120 तथा मस्टर रोल 08,06,06 से 14,06,06 तक (13मजदूर X 7 दिन X 58 रु0) + (1मजदूर X 6दिन X 58 रु0)कुल मानव दिवस 97 में भुगतान रु0 5626 तथा मस्टर रोल 20,05,06 से 26,08, 06तक (15 मजदूर X 7दिन X 58 रु0) + (1मजदूर X 7 दिन X 58 रु0) कुल मानव दिवस 109 भुगतान रु0 6322 तथा मसर्स श्री नन्दलाल सिंह पलही पट्टी वाराणसी को बिल संख्या व तिथि 246/01,06,06 ईट प्रथम श्रेणी 49100 नग–रु0 1700 प्रतिहजार और कन्स्ट्रक्सन एडं बिल्डिग मैटेरियल सप्लायर्स सारनाथ वाराणसी को बिल संख्या और तिथि 21/26,05,06 में मिट्टी ट्रैक्टर द्वारा 5 किलोमीटर दूरी से स्थल पहुचाकर 282,30 घ,मी, 70 रु0 प्रति घ,मी क्रमशः रु0 83470 और 19761 का नगद भुगतान किया गया । इस कार्य में निम्न आपत्तियां प्रकाश में आयी ।

क – पत्रावली में कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र संलग्न नही था।
ख – सभी व्ययों का भुगतान नगद किया गया है।
ग – राज्यवित्त आयोग योजनान्तर्गत में कार्य प्रारम्भ एवं कार्य समाप्ति पर फोटोग्राफी होना चाहिए। लेकिन पत्रावली में फोटोग्राफ संलग्न नही था।

अतः इस कार्य पर किया गया व्यय रुद्ध 123713 अपहरण है जिसका उत्तरदायी कार्य प्रभारी मिट्टू सिंह यादव का है। जिसके प्रति आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

11. क्षेत्र पंचायत– हरहुआ   वर्ष 2006–07 से 2007–08

प्रस्तर–69

आपत्ति संख्या 2 वर्ष 2006–07 में राज्य वित्त आयोग योजनार्न्तगत साधन सहकारी समिति शिवरामपुर के भवन का मरम्मत कार्य जिसपर कुल व्यय 2197 किया गया जिसकी प्रारम्भ तिथि 02.02.07 , समाप्ति तिथि 12.02.07 तथा कार्यमापी तिथि 13.02.07 अंकित था। मस्टर रोल 06.02.07 से 12.02.07 तक 66 मानव दिवस रू0 5034 का नगद भुगतान किया गया था जिसपर भुगतानकर्त्ता का हस्ताक्षर नही था और बिल सं0 229/04.02.07, यादव कन्स्ट्रम्शन एण्ड बिल्डिंग मैटिरियल को कुल रू0 16876 का नगद भुगतान किया गया है। यह बिल बिना टिन नं0 का था। अतः उक्त कार्य में व्यय कुल रू0 21917 का भुगतान कर कार्यप्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा अपहरण किया गया है जिसकी ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर–70

आपत्ति संख्या 3 वर्ष 2006–07 विधान मंडल क्षेत्र विधायक निधि के अर्न्तगत रंगीले के द्वारा तक खडन्जा कार्य कराया गया जिसपर निम्न प्रकार से व्यय अर्शित है जिसमें रू0 127154 कुल व्यय है। उक्त कार्य हेतु दिनांक 01.12.06 से 07.12.06 तक मस्टर रोल के आधार पर कुल 50 मानव दिवस, 15.09.06 से 22.09.06 तक मस्टर रोल के आधार पर कुल 162 मानव दिवस तथा 02.09.06 से 08.09.06 तक कुल 105 मानव दिवस में क्रमशः रू0 3944रू0 11216 तक रू06090, कुल रू0 21250 एवं कष्ट्रक्शन एण्ड बिल्डिंग मेटिरिअल स्पलायर सारनाथ वाराणसी को रू0 4891, मेसर्स श्री नंदलाल सिंह को 22610 तथा आर0के0 पटेल बिल्डिंग मेटिरियल 68000 तथा कष्ट्रकशन एण्ड बिल्डिंग मेटिरिअल रू0 10257 व्यय किया गया है। उल्लेखनीय है कि पत्रावली में संलग्न माप पुस्तिका में कार्य प्रारम्भ तिथि 02.09.06 है और कार्य समाप्ति तिथि 08.09.06 तथा कार्यमापी तिथि 09.09.06 अंकित था। अतः स्पष्ट है कि कार्य दिनांक 09.09.06 को पूर्ण हो चुका है इसके बावजूद भी मस्टर रोल 01.12.06 से 07.12.06 तक अंकित कुल रू0 3944 का मजदूरी भुगतान पूर्णतः काल्पनिक प्रतीत होता है। अतः स्पष्ट है कि काल्पनिक मस्टर रोल का भुगतान कर और मेसर्स श्री नन्दलाल सिंह के बिल रू0 22610 का भुगतान चेक सं0 दिनांक 0043/5.12.06 के आधार पर रू0(3944+22610) का अपहरण कार्य प्रभारी मिटू सिंह यादव ग्रा0प्र0वि0अ0 द्वारा कुल रू0 26554 का किया गया जिसकी ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर–71

आपत्ति संख्या 4 वर्ष 2006–07 विधायक निधि योजनार्न्गत पाण्डेयपुर स्थित डा शर्मा के दुकान से बैज के मकान तक सीवर चौका कार्य पर कुल रू0 182432.34 व्यय किया गया, उक्त कार्य हेतु पत्रावली में मस्टर रोल संलग्न नही है और यादव कन्स्ट्रम्शन बिल्डिंग मैटिरियल सप्लायर, सारनाथ, वाराणसी के बिल सं0 117,118,120,160,161 के आधार पर क्रमशः रू0 48755,12826,रू0 69329.48,रू0 4800, 46721.86 कुल रू0 182432.34 का भुगतान किया गया है। अतः स्पष्ट है कि सभी बिल में अंकित कुल रू0 182432.34 का भुगतान काल्पनिक प्रस्तुत है क्योंकि बिल में प्रदत्त मिट्टी ढुलाई, ईट, पत्थर चौका, ग्रेनाइट शिलालेख आदि बिना मानव प्रदत्त दिवस का होना संभव नही है साथ ही बिल सं0 160 में रू0 800 का फोटोग्राफी खर्च भी काल्पनिक है क्योकि फोटोग्राफी पत्रावली में संलग्न नही है अतः स्पष्ट है कि बिल के आधार पर कुल रू0 182432.34 का भुगतान कर कार्य प्रभारी मिट्ठू यिंह यादव और खण्ड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह एवं अभियंता अनिल कुमार मिश्र जिसने कार्य की कुल मापी 122 मी तक माप पुस्तिका में प्रदर्शित किया गया है जो अपहरण है इसकी ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर–72

आपत्ति संख्या 5 वर्ष 2006–07 में राज्य वित्त आयोग योजनार्न्गत, भवानीपुर पिच पर बजरंग अग्रवाल के गेट से कादीपुर नाला तक कुल 200 मी0 मिट्टी खडन्जा कार्य पर कुल रू0 76800 किया गया। मस्टर रोल 06.03.07 से 12.03.07 तक कुल 133 मानव दिवस व मस्टर रोल 19.02.07 से 25.02.07 तक कुल 63 मानव दिवस में 58 मजदूरी एवं रू0 106 मिस्त्री प्रति दिवस की दर से रू0 9058+रू0 3654 कुल 76800 का भुगतान किया गया। दोनो मस्टर रोल पर भुगतानकर्ता का हस्ताक्षर नही था तथा बिलसं0 दिनांक 834/ 26.02.07 महावीर ग्रामोघोग एवं निर्माण प्रतिष्ठान सिघोरा मार्ग, वाराणसी में अंकित मिट्टी (ट्रैक्टर द्वारा ढुलाई 1 किलो मीटर की दूरी से स्थल पर पहुँचाकर कुल 146,37 घनमीटर , प्रति घनमीटर ,45 रु0 की दर से कुल 6586,65 रु0 का भुगतान नगद किया गया और बिल संख्या 220 दिनांक 13,043,07 में ग्राम विकास समिति से 2500 रु0 का साईन बोर्ड क्रय किया गया। अतः स्पष्ट है कि इस कार्य में कुल व्यय रु0 76800 किया गया जिसमें काल्पनिक मस्टर रोल ,बिना टीडीएस कटा बिल के आधार पर और मिट्टी ढुलाई में प्रयोग किये गये ट्रैक्टर जिसकी गाडी संख्या अंकित नही है। इस प्रकार कार्य में कुल व्यय रु0 76800 का भुगतान कर कार्यप्रभारी राजेन्द्र सिंह ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा अपहरण किया गया जिसकी ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर–73

आपत्ति संख्या 6 वर्ष 2006–07 में राज्य वित्त आयोग योजनार्न्तगत , ग्राम चुप्पेपुर छतरीपुर रोड़ से सुरेश मिश्र के मकान तक 0,192 कि0 मी0 खड़न्जा कार्य किया गया है। उक्त कार्य हेतु मस्टर रोल 06,03,07 से 12,03,07 तक कुल 133 मानव दिवस और मस्टर रोल 20,02,07 से 26,02,07 तक के आधार पर कुल 112 मानव दिवस के अर्न्तगत मजदूरी 98 रु0 प्रति दिवस और मिस्त्री 126 रु0 प्रति दिवस के अनुसार कुल रु0 9618 + रु0 6496 का भुगतान किया गया जिसमें कुल 28 मानव दिवस में रु0126 प्रति मिस्त्री का भुगतान प्रति मिस्त्री 20 रु0 अधिक (क्योंकि इसी

वर्ष, इसी माह, इसी योजना के अर्न्तगत भवानीपुर पिच रोड़ पर ,खडन्जा कार्य आपत्ति संख्या 4) में मिस्त्री का भुगतान 106 रु0 प्रति मिस्त्री के दर से किया गया अर्थात मस्टर रोल में 4 मिस्त्री x 7 दिन x 126 के अर्न्तगत 4x 7x 20 कुल रु0 560 का अधिक भुगतान किया गया है। तथा बिल मेसर्स श्री नन्दलाल सिंह बिल सं, 100/ 15,12,06 में प्रथम श्रेणी का ईट 34700 नग, रु0 1700 प्रति हजार कुल रु0 58990 का भुगतान किया गया व बिल पर टिन नं, अंकित नही था। उपरोक्त व्यय से सम्बंधित निम्नलिखित आपत्तियां है।

क– क्षेत्र पंचायत के कार्यवाही पंजिका लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहने के कारण कार्य की पुष्टि नही की जा सकी।

ख– ईट क्रय के लिए कोटेशन नही लिया गया जबकि न्यूनतम तीन कोटेशन प्राप्त किया जाना अपेक्षित है।

ग–ईट क्रय करके ढुलान के लिए चालान प्रस्तुत नही किया गया जिससे स्पष्ट नही है कि साईट पर क्रय ईट पहुचा है और न ही स्टाक पंजिका में अंकन ही नही किया गया है।

घ– मस्टर रोल पर कार्य अवधि का अंकन नही किया गया है जिसमें अस्पष्ट है कि कार्य कब प्रारम्भ हुआ और कब समाप्त हुआ । मस्टर रोल पर कार्य अवधि अंकन किया जाना अपेक्षित है।

ड;– कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही किया गया । कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र तैयार कर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित हैं। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर–74

आपत्ति संख्या 7 वर्ष 2007–08 बारहवाँ वित्त आयोग योजनार्न्तगत इन्द्रवार में खरफ्त प्रजापति के घर से होते हुए तालाब तक एवं राजेश सिंह के घर होते हुए पोखरी तक जल निकासी कुल 480 मी, कार्य किया गया। इस कार्य मे कुल व्यय रु0 396000 जिसमें मस्टर रोल 29,10,07 से 04,11,07 में (1 मी0 x 7 x 100 रु0) + (1मी0 x 5 दिन x100 रुद्ध) कुल 12 मानव दिवस मे कुल व्यय रु0 1200 होना चाहिए लेकिन 15928 अंकित है अर्थात कुल रु0 14728 का अपहरण है जिसक उत्तरदायित्व कार्य प्रभारी मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव का है अतः 14728 रु0 ब्याज सहित वसूली किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–75

आपत्ति संख्या 8 वर्ष 2007–08 में राज्य वित्त योजनार्न्तगत कानूडीह में रामजी के घर से सूरज के घर तक एवं सत्यनारायण के घर से नन्दलाल के घर तक जल निकासी नाली क्रमशः 26 मीटर और 36 मीटर कुल 62 मीटर का कार्य किया गया जिसमें कुल व्यय रु0 54665 हुआ है। उक्त कार्य की प्रारम्भ तिथि 03,10,07 समाप्ति तिथि 07,11,07 और कार्यमापी तिथि 08,11,07 है। इस कार्य हेतु मस्टर रोल 01,11,07 में कुल 31 मानव दिवस और व्यय रु0 3360 तथा मस्टर रोल 24,10,07 से 30,10,07 में कुल 109 मानव दिवस में रु0 11264 व्यय हुआ। दोनो मस्टर रोल में भुगतानकर्ता का हस्ताक्षर नही है तथा बिल सं, 63/18,10,07, 87/08,11,07और बिल संख्या 276/05,10,07 में क्रमशः रु016814,रु0 20814,रु0 20454,24 एवं ग्राम विकास समिति के कैश बिल पर साईन बोर्ड एवं फोटोग्राफी (रु0 2500 + 500)व्यय दर्शित है। इस कार्य में प्रयुक्त बिलों पर ओवरराईटिंग की गयी है अतः कार्य प्रभारी महेन्द्र प्रताप सिह और खण्ड विकास अधिकारी नीरजा गुप्ता के द्वारा कुल रु0 54665 का अपहरण किया गया जिसकी ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर–76

आपत्ति संख्या 9 वर्ष 2007–08 में राज्य वित्त योजनार्न्तगत , चाँदमारी ऐढे मार्ग पर सरस्वती शिक्षा निकेतन स्कूल से बेलवरिया पानी टंकी मार्ग तक मिट्टी खडन्जा कार्य जिसमें कुल व्यय रु 100628 किया गया है। उक्त कार्य हेतु प्रारम्भ तिथि 20,11,07 ,कार्य समाप्ति तिथि 26,11,07 तथा कार्यमापी तिथि 27,11,07 अंकित है तथा मस्टर रोल 05,12,07 से 11,12,07 मे कुल 140 मानव दिवस में भुगतान रु0 16828 व मस्टर रोल 20,11,07 से 26,11,07 में कुल 100 मानव दिवस में रु0 10,000 का भुगतान (कुल 26828) नगद किया गया है जिसपर भुगतानकर्ता का हस्ताक्षर न होने से स्पष्ट नही है कि भुगतान किसके माध्यम से हुआ है जिसका उत्तरदायित्व कार्यप्रभारी श्री राजनारायण यादव का है। साथ ही मेसर्स श्री नन्दलाल सिंह बिल सं, 291/0412,07 में ईट प्रथम श्रेणी 36000 नग,रु0 2050 प्रति नगद कुल रु0 73800 नगद भुगतान है जिसपर रसीदी टिकट नही है। उक्त कार्य में कुल 100628 (सामग्री 73800 व श्रमांश रु0 26828)का अपहरण कार्य प्रभारी श्री राजनारायण यादव द्वारा किया गया है जिसकी ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर–77

आपत्ति संख्या 10 वर्ष में 2007–08 विधायक निधि योजनार्न्तगत तरना में शंकर राम के घर से अम्बेडकर पार्क तक चौका कार्य में कुल व्यय रु0 416000 किया गया है। उक्त कार्य के पत्रावली में संलग्न मस्टर रोल दिनांक 23,01,08 से 29,01,08 की दो प्रतिलिपि क्रमशः 113 मानव दिवस व 51 मानव दिवस की (12420 + 5100) कुल रु0 17520 भुगतान का एक ही नाम के मिस्त्री व मजदूर दोनो पर अंकित किया गया है अतः स्पष्ट है कि रु0 17520 का भुगतान काल्पनिक है साथ ही कुल रु0 276234,00 का भुगतान सीधे लाभार्थी को किया गया है जिसका विवरण निम्न है।

क्र0 सं0	चेक सं व दि0	धनराशि	जिसे भुगतान हुआ	विवरण
1	003576 (18,02,08)	87836	अजय कु0 सिंह (ग्रा0 पं0वि0 अधिकारी)	वर्ष 2007– 08 तरना में शंकर राम के घर से अम्बेड़कर पार्क तक चौका कार्य।

2	003579 (19,02,08)	69600	अजय कु0 सिंह	वर्ष 2007– 08 तरना में शंकर राम के घर से अम्बेड़कर पार्क तक चौका कार्य।
3	003834 (01,04,08)	29216	अजय कु0 सिंह	वर्ष 2007– 08 तरना में शंकर राम के घर से अम्बेड़कर पार्क तक चौका कार्य।
4	003835 (10,04,08)	2882	अजय कु0 सिंह	वर्ष 2007– 08 तरना में शंकर राम के घर से अम्बेड़कर पार्क तक चौका कार्य।
5	004289 (03,07,08)	39359	अजय कु0 सिंह	वर्ष 2007– 08 तरना में शंकर राम के घर से अम्बेड़कर पार्क तक चौका कार्य।
6	004295 (01,09,08)	47341	अजय कु0 सिंह	वर्ष 2007– 08 तरना में शंकर राम के घर से अम्बेड़कर पार्क तक चौका कार्य।
	योग	**276234**		

लेखा परीक्षा में किये गये कार्य तरना में शंकर राम के घर से अम्बेडकर पार्क तक चौका कार्य में उपरोक्त विवरणानुसार रु 276234 व रु0 17520 कुल रु0 293754 का समायोजन वाउचर प्रस्तुत कर उक्त व्यय की पुष्टि करायी जानी अपेक्षित है। अन्यथा की स्थिति में रु0 293754 का अनियमितता है जिसकी ब्याज सहित वसूली खण्ड विकास अधिकारी 1 ग्राम पंचायत अधिकारी से की जानी अपेक्षित है।

12. क्षेत्र पंचायत – हरहुआ   वर्ष 2008–09 से 2009–10

प्रस्तर – 78

वर्ष 2008–09 मे बी0 पी0 एल0 सर्वे की धनराशि चेक न0– 85958 द्वारा 01,05,18 को क्षेत्र पंचायत को रुपया 25,000/– प्राप्त हुआ जिसे चेक क्रमांक – 017128,दिनांक 31,05,18 को रुपया 17847 कैशियर श्री मृत्युजय सिंह को और चेक न0–017129 द्वारा रुपया 7153,00 श्री छोटेलाल जी को दिया गया है। उक्त व्यय से सम्बनधित व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में उपलब्ध नही रहा। अतः सम्बन्धित व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में उपलब्ध नही रहा। अतः सम्बन्धित व्यक्ति से ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

प्रस्तर – 79

विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के अर्न्तगत शिवपुर पंचकोशी मार्ग से शिवनगर कालोनी में गुलाब सिंह के घर होते हुए रामकीर्ति यादव के मकान तक चौका कार्य से सम्बन्धित निम्न आपत्तियां है।

क– क्षेत्र पंचायत की कार्यवाही पंजिका के अभाव में कार्य का प्रस्ताव अपुष्ट है।

ख– मस्टर रोल पर समस्त निशानी अंगूठे संदिग्ध एवं एक ही व्यक्ति द्वारा लगाये गये प्रतीत हो रहे है।

ग– पत्रावली के अवलोकन से दिनांक 05,11,2018 को डाला पत्थर कम गिट्टी (20 एम एम) की 65,85 एम 3 उपरोक्त कार्य हेतु मगाया गया , जिस पर रायल्टी का भुगतान नही किया गया है।

घ– सम्बन्धित कार्य के फोटोग्राफ के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि ट्रैक्टर से बाहर से ढुलाई कर दिनांक 20,11,18 को 221,17एम 3 मिट्टी 90,00 रुपया प्रति घन मी0 की दर से 7 कि0 मी0 की दूरी से साइट पर लाया जाना दर्शित है। जिस पर रुपया 19905,00 खर्च दर्शित है फोटोग्राफ के अनुसार सड़क पर डाली गयी प्रतीत नही हो रही है।

ड–कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र संलग्न नही है जो कि अपेक्षित था। इस प्रकार व्यय अप्रमाणित एवं संदिग्ध रहा अतः सम्बन्धित व्यक्ति से ब्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर – 80

विधायक निधि के अर्न्तगत 2008–09 में गणपत नगर (अशोक बिहार फेज –2) मे भृगुनाथ शास्त्री के घर से सांसद श्री गाँधी आजाद के घर तक चौका कार्य पर सामग्री अंश पर कुल व्यय रुपया 3,69,521/–और श्रेयांश पर रु01,13,400/–खर्च दर्शित है।

क– रु0 4500 की कौन सी सामग्री आयी है ,यह स्पष्ट नही हो सका क्योकि बाउचर बिल्कुल सड़ गल गया है।

ख– पत्रावली में फोटोग्राफ संलग्न नही है ,जो कि अनिवार्य है।

ग– पत्रावली में कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र संलग्न नही था।

घ– तकनिकी स्वीकृति पत्र में चौका पत्थर 3830 नग की डिमाण्ड थी ,जबकि कुल 4289 चौका पत्थरों की खरीद हुई 459 नग ज्यादा खरीदे जाने का औचित्य स्पष्ट करें । उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर –81

वर्ष 2008–09 में राज्य वित्त के अर्न्तगत आदमपुरा में निहाल यादव के घर से राजकीय नलकूप एवं चमन यादव के घर से रामदुलार के धर तक मूलचन्द यादव के दुकान से खंझाटी के मकान तक खडंजा कार्य (232 मीटर) कराया गया है जिससे सम्बण्धित आपत्तियां निम्न है।

1, ईट क्रय – 79,750,00   27500 नग   2900की दर से   प्रकाश ईट उद्योग

श्रमांश – 19,120,00

योग – 98,870,00

क – मस्टर रोल पर समस्त निशानी अंगूठे के कट एक जैसे प्रतीत हो रहे है। अंगूठा निशान सक्षम अधिकारी से प्रमाणित भी नही है। मस्टर रोल पर भुगतानकर्ता के हस्ताक्षर नही है।

ख – जो निर्माण कार्य खडंजा कराया गया है ,पत्रावली में संलग्न फोटोग्राफ से स्पष्ट प्रतीत होता है कि उक्त कार्य में अर्थवर्क नही कराया गया है। फोटो एवं एम बी में भिन्नता प्रतीत होती है। एम बी के अनुसार 192 मीटर लम्बाई में अर्थवर्क 35 से 45 से0 मी0 ɛ से मिट्टी डालकर खंडजा निर्माण कराया जाना दर्शित है , जबकि संलग्न फोटो के अनुसार स्थलीय स्तर पर दोनो तरफ न तो मिट्टी की खुदाई की गयी है और न ही खंडजें से दोनो तरफ मिट्टी में ढाल पाया गया है। खडंजा एवं दोनो तरफ के ढाल में प्रायः 10 से 25 से0 मी0 स्थलीय ऊँचाई पायी गयी है, इससे स्पष्ट है कि पूर्व भाग पर खडंजा निर्माण मात्र समतलीकरण कराकर किया गया है। जिसके अर्थवर्क स्पष्टता नही कराया गया है। अतएव अर्थवर्क का कार्यालय धनराशि की वसूली संबधित कार्य प्रभारी से की जानी अपेक्षित है।
ग – 27 से0 मी0 ऐ ऊपर मिट्टी डलवायी गयी है तो तुरन्त खडंजा नही बिछाया जा सकता है। फाइल में 40 सी0 एम0 का अर्थवर्क दिखाया गया है जो त्रुटिपूर्ण है।
घ – कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही रहा। कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र तैयार करके फाइलों में संलग्न किया जाना अपेक्षित था।
ड – स्टाक रजिस्टर एवं सृजित परिसम्पत्ति रजिस्टर भी प्रस्तुत नही किया गयां।
उपरोक्त के आलोक में धनराशि अपुष्ट एवं अप्रमाणित रही अतः वसूली योग्य है। श्री रामबाबू त्रिपाठी एवं सुमन कुमार दास से ब्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर – 82</u>

दिनांक 20,06,2019 का उपचुनाव मद में रुपया 4045 चेक संख्या – 019556 द्वारा श्री विजय बहादुर दूबे ,सहायक विकास अधिकारी को दिया गया इंगित है ,जिससे संबंधित प्रमाणक लेखा परीक्षा में उपलब्ध नही रहा। यह धनराशि कहाँ कैसे व्यय की गई यह अपुष्ट एवं अप्रमाणित रही ,रुपया 4045 की ब्याज सहित वसूली श्री विजय बहादुर दुबे से (स0 वि0 अधि0) से अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर – 83</u>

वर्ष 2008–09 पूर्वाचल निधि में रुपया 1806261/–प्राप्त हुआ इस मद में गत वर्ष का रुपया 200000/– बकाया था। इसके सापेक्ष रुपया 257648/–वर्ष में व्यय किया गया है। वर्ष 2009–10 में रुपया 1855300/– प्राप्त हुआ ,जिसके सापेक्ष रुपया 2041222 /– व्यय किया गया ,जिसकी पुष्टि ग्राण्ट रजिस्टर 3 से होती है। लेकिन व्यय से संबंधित पत्रावली, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, स्टाक रजिस्टर आदि प्रस्तुत नही रहा। अतः प्रमाणकों के अभाव में उक्त व्यय धनराशि क्रमशः 257648/ – एवं रुपया 2041222/– के लिए संयुक्त रुप से खण्ड विकास अधिकारी श्री राम बाबु त्रिपाठी ,क्षेत्र पंचायत (श्रीमती सरोज सिंह) तथा श्री सुमन दास (ज्येष्ठ लेखाकार) जिम्मेदार है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर – 84</u>

दिनांक 31,03,2010 को अनुदान रजिस्टर के अनुसार विभिन्न खातों में प्राप्त व्याज की धनराशि रुपया 111041/– अवशेष दर्शित हैं। जिसे नियमानुसार राजकीय कोषागार में निर्धारित शीर्ष में जमा किया जाना था।
वर्ष 2009–10 में व्याज मद में रुपया 28167/– व्यय दर्शित किया गया है । जिस पर 31,03,10 को व्याज मद में रुपया 242971/– अवशेष रहा। व्यय धनराशि रुपया 28167/– का व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा। यह भी स्पष्ट नही रहा कि व्यय धनराशि के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त की गयी है अथवा नही। उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है। शासनादेश के मुताबिक व्याज की धनराशि को खर्च न करके नियमानुसार शासन को वापस किया जाना चाहिए था। जबकि ऐसा नही किया गया है। जो कि अनियमित है।

<u>प्रस्तर –85</u>

<u>रायल्टी</u> – उ0 प्र0 खनिज (परिहार) 30 वां संशोधित नियमावली 2009 तथा शासनादेश संख्या 4951(11) 77–5–06–506/6 दिनांक 16,20,06 के अनुसार उक्त खनिजो की आपूर्ति के सापेक्ष भुगतान के समय यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि उपखनिज का परिवहन वैध खन्ना एम0 एफ0 –11 के आधार पर किया गया है तथा रायल्टी जमा की पुष्टि में ट्रेंजरी चालान की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत कर दी गयी है। यदि आहरण /वितरण अधिकारी द्वारा उक्त की स्थिति बिना सुनिश्चित किये ही बिलो का भुगतान कर दिया जाता है तो समस्त की क्षति हेतु संबंधित अधिकारी पूर्णरुपेण उत्तरदायी होगा। वर्ष आलोच्य में निर्माण कार्यो पर ईट की मात्रा 7,95,460 नगर प्रयुक्त की गयी है जिस पर नियमानुसार 18/– रुपया प्रति हजार की दर से रुपया 14318/– की रायल्टी अवधारित की गयी है। साथ ही 2356 पर घ0 मी0 मिट्टी क्रय की गयी है जिस पर रुपया 9 प्रति घन मी0 की दर से रुपया 21208/– की रायल्टी अवधारित होती है जबकि संस्था के द्वारा उक्त की कटौती नही की गयी है। क्षेत्र पंचायत हरहुआ में मिट्टी की ढुलाई ईटो आदि पर भुगतान के सापेक्ष रायल्टी न काटकर रुपया 35526/– से शासकीय राजस्व की क्षति की गयी है । बिना रायल्टी की कटौती किये ही क्रय मुल्यों का भुगतान करके खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार द्वारा गम्भीर अनियमितता की गयी है। क्षतिपूर्ति एवं प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर –86</u>

वर्ष 2008–09 एवं 2009–10 में निर्माण प्रमाणकों पर वैट अवधारित नही किया गया है। प्राप्त निर्माण कार्य फाइलो की सामग्री रुपये 27,87,551/–पर 4 प्रतिशत की दर से रुपये 1,11,502/– रुपये वैट अवधारित किया जाता है। इसे जमा न करके शासकीय राजस्व की हानि की गयी है। इसके प्रति तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी श्री राम बाबु

त्रिपाठी एवं लेखाकार श्री सुमन कुमार दास संयुक्त रुप से उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

13. क्षेत्र पंचायत – हरहुआ वर्ष 2010–11

प्रस्तर – 87

राज्य वित्त के अर्न्तगत ग्राम पंचायत शिवरामपुर में अखिलेश सिंह के मकान में अनूप सिंह के मकान तक एवं वीरेन्द्र सिंह के मकान के पीछे से विपिन सिंह के घर तक खंडजा निर्माण का प्राकलन श्री अनिल मिश्र अवर अभियंता द्वारा निम्न प्रकार द्वारा प्रस्तुत किया गया –

कुल खंडजा कार्य 425,47 वर्ग मी, के लिए

ईट की मात्रा 25200 नग दर 3600,00रु0 प्रति हजार 90720,00रु0

मिट्टी की मात्रा 120,14घ,मी, दर 71 रु0 प्रति घन मी, 8529,00रु0 (2 कि,मी,दूरी से ढलान)

श्रमांश 120,14 घ,मी, ×दर 41,40रु0 प्रति घन, 4973,79

425,47वर्ग मी, ×दर 26,00 रु0 प्रति वर्ग मी,11062,22

साइन बोर्ड तथा फोटो 4000,00

योग 119285,01

उपरोक्त कार्य के प्राक्लन के सापेक्ष निम्न व्यय दर्शित किया गया है।

ईट क्रय	दर	बिल/दिनांक	फर्म का नाम	धनराशि	निर्गत चेक	दिनांक
12000 नग	3600,00/ह0	151/11,06,2010	श्री मार्का ईट उद्योग कांकलपुर डिहवा कोहासी चोलापुर वाराणसी।	43200,00	0023953	11,06.10
202,730मी0 खडंजा निर्माण		मस्टररोल 13,12,2010 से 19.12.2010		7340.00	0023953	11.6.10
			योग	50540,00		

उपरोक्त व्यय के सम्बंध में निम्नलिखित आपत्तियां है।

क– क्षेत्र पंचायत की कार्यवाही पंजिका लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहने के कारण कार्य प्रस्ताव की पुष्टि नही की जा सकी।

ख– ईट क्रय के लिए कोटेशन नही लिया गया है, जबकि न्यूनतम तीन कोटेशन प्राप्त किया जाना अपेक्षित है।

ग– ईट क्रय 11,06,2010 को किया गया है। कार्य 13,12,2010 से 19,12,2010 में कराया गया है क्रय ईट का लेखा स्टाक पंजिका में नही कराया गया है। लगभग 6 माह तक ईट किसके संरक्षण में रहा स्पष्ट नही है।

घ– श्री मार्का ईट उद्योग कांकलपुर डिहवां कोहासी चोलापुर वाराणसी को ईट क्रय का भुगतान चेक सं0 0023953 दिनांक 11,06,2010 को किया गया। चेक एकान्ट पेयी था या वियरर बैंक पासबुक /बैक स्टेटमेंट के अभाव में अपुष्ट है।

ङ– प्राक्लन में श्री अनिल मिश्रा द्वारा मिट्टी का ढुलान 2 किलो मीटर दूर से दर्शित किया गया है जबकि कार्य होने के समय (माप पुस्तिका में) मिट्टी प्राप्त 30 मी,तथा 1,5मी, से दर्शित किया गया है ऐसा प्रतीत होता है कि ईट क्रय की धनराशि से समायोजन के लिए माप की गई है। एम,वी तथा प्राक्लन के मध्य अन्तर है।

च– कार्य किस कारण से आगे नही किया गया है, इसके सम्बध में कार्य के पत्रावली फाइल में किसी प्रकार का कोई उल्लेख नही है।

छ– कार्य की कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र भी कार्य के पत्रावली में संलग्न नही है।

उपरोक्त के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुचतें है कि उपरोक्त कार्य हुआ ही नही है बल्कि उपरोक्त व्यय प्रमाणक फर्जी दर्शाकर रु0 50540,00 का अपहरण किया गया है जिसकी ब्याज सहित वसूली कार्य प्रभारी श्री अवधेश कुमार सिंह (स0वि0अ0सहकारिता) श्री अनिल कुमार मिश्र (अवर अभियंता), श्री राम वावू त्रिपाठी (खण्ड विकास अधिकारी),श्री सुमन कुमार दास (ज्येष्ठ लेखाकार) तथा श्रीमती सरोज सिंह (ब्लाक प्रमुख/क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष) से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर – 88

वर्ष 2010–11 में राज्य वित्त के अर्न्तगत निम्नलिखित चेकों के माध्यम से निम्नलिखित व्यक्तियों को निम्न प्रकार धनराशि दिया गया है।

दिनांक	चेक सं0	धनराशि	सम्बधित विव0/प्राप्तकर्ता
1– 01,04,2010	023939	3000,00	श्रीमती सरोज सिंह/क्षे,पं,अ,
2–05,04,2010	023941	3500,00	वी,पी,पी,इन्डस्ट्री सोयेपुर
3–05,04,2010	023942	3500,00	वी,पी,पी,इन्डस्ट्री सोयेपुर
4–05,04,2010	023943	3500,00	वी,पी,पी,इन्डस्ट्री सोयेपुर
5–03,11,2010	023969	21000,00	श्रीमती सरोज सिंह/क्षे,पं,अ,
6–04,03,2011	023971	12000,00	श्रीमती सरोज सिंह/क्षे,पं,अ,
	योग	**46500,00**	

कुल 46500,00 रु0 का चेक सम्बधित व्यक्ति/फर्म को किस उद्देश्य अथवा किस कार्य हेतु दिया गया है व्यय प्रमाणक के अभाव में अपुष्ट तथा अप्रमाणित है। 46500,00रु0 की ब्याज सहित वसूली व्यय प्रमाणक के अभाव में श्री राम वावू त्रिपाठी (खण्ड विकास अधिकारी),श्री सुमन दास (ज्येष्ठ लेखाकार) तथा श्रीमती सरोज सिंह (व्लाक प्रमुख /क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष) से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर – 89

वर्ष 2010–11 में वारहवां वित्त के अर्न्तगत चेको के माध्यम से निम्नलिखित व्यक्तियों को निम्न प्रकार धनराशि दिया गया है। (ग्राण्ट रजिस्टर 2 के अनुसार)

दिनांक	चेक सं0	धनराशि	सम्बधित विव0/प्राप्तकर्ता
1–03,04,2010	023940	8160,00	श्री अवधेश कुमार,सिंह (स0 वि0अ0 सहकारिता)
2–05,04,2010	023944	3500,00	वी0पी0पी0इन्डस्ट्री सोयेपुर
3–05,04,2010	023945	3500,00	वी0पी0पी0इन्डस्ट्री सोयेपुर
4–22,04,2010	023946	3500,00	वी0पी0पी0इन्डस्ट्री सोयेपुर
	योग	18660,00	

कुल 46500,00 रु0 का चेक सम्बधित व्यक्ति/फर्म को किस उद्देश्य अथवा किस कार्य हेतु दिया गया है व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न किये जाने के कारण स्पष्ट नही है। व्यय धनराशि रु018660 व्यय प्रमाणक के अभाव में अपुष्ट तथा अप्रमाणित है। 18660,00 रु0 की ब्याज सहित वसूली व्यय प्रमाणक के अभाव में श्री राम वावू त्रिपाठी (खण्ड विकास अधिकारी), श्री सुमन कुमार दास (ज्येष्ठ लेखाकार) तथा श्रीमती सरोज सिंह (व्लाक प्रमुख/क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष) से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर – 90

वित्तीय वर्ष 2010–11 में दिनांक 06,10,2010 को पंचायत निर्वाचन 2010 के वुथ निर्माण हेतु अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) प्रभारी अधिकारी पंचस्थानी चुनावालय वाराणसी से रु0 31300,00 प्राप्त हुआ जिसकी पुष्टि ग्राण्ट रजिस्टर 01 तथा ग्राण्ट रजिस्टर 03 से किया गया । ग्राण्ट रजिस्टर 03 मे 25040,00रु0 व्यय दर्शित किया गया है। ग्राण्ट रजिस्टर 02 के अनुसार दिनांक 07,01,2010 को रु0 25040,00 चेक सं0 008573 से श्री मृत्युजंय सिंह कैशियर को भुगतान किया गया है। ग्राण्ट रजिस्टर 02 से यह स्पष्ट नही है कि श्री मृत्युजय सिंह कैशियर किस कार्य हेतु धनराशि 25040,00 रु0प्रदान किया गया है श्री मृत्युजय सिंह कैशियर द्वारा व्यय धनराशि 25040,00 रु0 का व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा, जिससे व्यय धनराशि 25040,00 रु0 अपुष्ट तथा अप्रमाणित है। 25040,00 रु0की ब्याज सहित वसूली व्यय प्रमाणक के अभाव में श्री मृत्युजय सिंह कैशियर से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर – 91

वित्तीय वर्ष 2010–11 में दिनांक 06,10,2010 को पंचायत निर्वाचन 2010 के मतगणना कार्मिको के हल्का नास्ता हेतु अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) प्रभारी अधिकारी पंचस्थानी चुनावालय वाराणसी से रु0 43000,00प्राप्त हुआ ,जिसकी पुष्टि ग्राण्ट रजिस्टर 01 तथा ग्राण्ट रजिस्टर 03 से किया गया। ग्राण्ट रजिस्टर 03 में 43000,00 रु0 व्यय दर्शित किया गया है।ग्राण्ट रजिस्टर 02 के अवलोकन में पाया गया कि श्री हरिशंकर सिंह (सहायक विकास अधिकारी पंचायत) को चेक सं0 008575 दिनांक 28,10,2010, 008577 दिनांक 28,01,2011 तथा 008589 दिनांक 30,01,2011 से क्रमशः 28800,00रु0, 12800,00रु0 तथा 1400,00रु0 कुल 43000,00रु0 दिया गया। श्री हरिशंकर सिंह (सहायक विकास अधिकारी पंचायत)द्वारा व्यय धनराशि 43000,00 रु0 का व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा जिससे व्यय धनराशि 43000,00 रु0 अपुष्ट तथा अप्रमाणित है। 43000,00 रु0 की ब्याज सहित वसूली व्यय प्रमाणक के अभाव में श्री हरिशंकर सिंह (सहायक विकास अधिकारी पंचायत) से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर – 92

वित्तीय वर्ष 2010–11 में विधायक निधि में 3221000,00 रु0 प्राप्त हुआ तथा इस वर्ष में गत वर्ष का अवशेष 2816550,00रु0 कुल 6037550,00 रु0 था। कुल 6037550,00रु के सापेक्ष वर्ष 2010–11 में 5538788,00रु0 व्यय ग्राण्ट रजिस्टर 3 में दर्शित है। व्यय धनराशि 5538788,00 रु0 की पुष्टि में व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा। अपुष्ट व्यय धनराशि 5538788,00 रु0 के लिए श्री राम वावू त्रिपाठी (खण्ड विकास अधिकारी),श्री सुमन दास (ज्येष्ठ लेखाकार) तथा श्रीमती सरोज सिंह (व्लाक प्रमुख/क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष)संयुक्त रुप से जिम्मेदार है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर – 93

वित्तीय वर्ष 2010–11 में पूर्वांचल निधि में 116000.00 रू प्राप्त हुआ तथा इस मद में गत वर्ष का अवशेष 1562691.00 रू कुल 1678691.00 रू था। कुल 1678691,00 रु0 था। कुल 1678691,00 रु0 के सापेक्ष वर्ष 2010–11 में 1678691,00 रु0 व्यय ग्रान्ट रजिस्टर 3 में दर्शित है। व्यय धनराशि 1678691,00 रु0 की पुष्टि में व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा। अपुष्ट व्यय धनराशि 1678691,00 रु0 की पुष्टि में व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्राप्त

रहा। अपुष्ट व्यय धनराशि 1678691,00 रु0 के लिए श्री राम बाबू त्रिपाठी (खण्ड विकास अधिकारी), श्री सुमन कुमार दास (ज्येष्ठ लेखाकार) तथा श्रीमती सरोज सिंह (व्लाक प्रमुख/क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष)संयुक्त रुप से जिम्मेदार है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर – 94

अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) प्रभारी अधिकारी पंचस्थानी चुनावालय वाराणसी से निर्वाचन नामावली/संगणक/पर्यवेक्षक हेतु मानदेह मद में रू0 50154.00 वर्ष 2010–11 मे पम्रप्त हुआ है जिसकी पुष्टि ग्रांट रजिस्टर 3 से तथा ग्रांट रजिस्टर 1 से होता है। ग्रांट रजिस्टर 2 के जांच में पाया गया कि विभिन्न चेकों के माध्यम से संगणक तथा पर्यवेक्षकों कों रू0 50154.00 वितरित किया गया है। वितरण उपरांत संगणक तथा पर्यवेक्षकों से ली गयी प्राप्तियों व्यय धनराशि की पुष्टि में लेखा परीक्षा के समय प्रस्तुत नही किया गया। व्यय धनराशि 50154.00रू0 अपुष्ट तथा अप्रमाणित है। 50154.00रू0 की ब्याज सहित वसूली व्यय प्रमाणक के अभाव में श्री राम बाबू त्रिपाठी(खण्ड विकास अधिकारी), श्री सुमन कुमार दास(ज्येष्ठ लेखाकार) तथा श्री मती सरोज सिंह (ब्लाक प्रमुख/क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष) से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर – 95

पंचायत निर्वाचन से प्राप्त जमानत व नामाकंन मद में 1897900.00 रू0 प्राप्त हुआ है जिसकी पुष्टि ग्रांट रजिस्टर 3 से होती है। प्राप्त धनराशि रू0 1897900.00 वर्ष दौरान व्यय किया गया है जिसकी पुष्टि ग्रांट रजिस्टर 3 से होती है। लेखा परीक्षा के समय व्यय धनराशि की पुष्टि में व्यय प्रमाणक प्रस्तुत नही किया गया। अपुष्ट व्यय धनराशि 1897900.00 रू0 के लिए संयुक्त रूप से श्री राम बाबू त्रिपाठी (खण्ड विकास अधिकारी) जिम्मेदार है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर – 96

ग्रांट रजिस्टर 3 के अनुसार लेखा परीक्षा वर्ष 2010–11 में रांयल्टी 9692.00 रू0 प्राप्त हुआ और प्राप्त धनराशि को व्यय दर्शित किया गया है। व्यय धनराशि की पुष्टि में व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा, जिससे स्पष्ट नही हो सका कि रांयल्टी की धनराशि किस मद में व्यय का गयी, साथ ही साथ यह भी स्पष्ट नही हो सका कि रांयल्टी की धनराशि रू0 9662.00 को राजकीय कोषागार में जमा किया गया अथवा नही। राजकीय कोषागार में जमा न होने की स्थिति में व्यय धनराशि के लिए श्री राम बाबू त्रिपाठी(खण्ड विकास अधिकारी) , श्री सुमन कुमार दास (ज्येष्ठ लेखाकार) संयुक्त रू‍प से जिम्मेदार है।

प्रस्तर – 97

वित्तीय वर्ष 2010–11 में दिनांक 01.04.2010 को व्याज मद में रू0 242971.00 प्रारम्भिक अवशेष था। वर्ष में विभिन्न योजनार्न्तगत संचालित खातों में प्राप्त व्याज से कुल आय रु0 193072,00 था। वर्ष 2010–11 में व्याज मद में कुल 436043,00 रु0 व्यय दर्शित किया गया। इस प्रकार 31,03,2011 को व्याज मद में 393510,10 रु0 अवशेष रहा। व्यय धनराशि रु042532,90 का व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा तथा यह भी स्पष्ट नही हो सका कि व्यय धनराशि रु042532,90 के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति ली गयी अथवा नही। व्यय धनराशि रु0 42532,90 का व्यय प्रमाणक प्रस्तुत कर आगामी लेखा परीक्षा में पुष्टि करायी जानी अपेक्षित है। व्यय प्रमाणक प्रस्तुत न किये जाने के स्थिति में रु042532,90 की वसूली श्री राम वावू त्रिपाठी (खण्ड विकास अधिकारी), श्री सुमन कुमार दास (ज्येष्ठ लेखाकार)तथा श्रीमती सरोज सिंह (व्लाक प्रमुख/क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष) से अपेक्षित है।

शेष धनराशि 393541,10 रु0 को सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर सम्बधित योजनाओं में न तो व्यय किया गया और न ही अर्जित व्याज की धनराशि को राजकीय कोषागार के निर्धारित शीर्ष में जमा किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

14. क्षेत्र पंचायत – चोलापुर वर्ष 2014–15 से 2015–16

प्रस्तर – 98

संस्था के अभिलेखों के अनुसार राज्य वित्त और तेरहवां वित्त में दिनांक 31–03–2015 अवशेष धनराशि क्रमशः 4229002.00 और 3527531.00 ग्रांट रजिस्टर त्तीय में दर्शित पाया गया।

कुल धनराशि रू0 7756533.00 अवशेष से स्पष्ट है कि प्राप्त अनुदान का सम्यक, उपभोग का अभाव रहा जिससे शासन की अपेंक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य नही हो सका। नियमानुसार वर्षान्त तक समस्त धनराशि क्षेत्र के समग्र विकास हेतु उपभोग कर लिया जाना चाहिए था जिससे विकास की अवधारणा गति प्राप्त कर सके, अन्यथा वापस किया जाना अनिवार्य था, परन्तु वर्ष प्राति वर्ष राजकीय धनराशि रोककर बिना अनुमति के धनराशि का अनाधिकृत रूप से उपभोग कर अनियमितता किया गया अतः खण्ड विकास अधिकारी रमेश कुमार यादव ,ब्लाक प्रमुख श्रीमती राजदेई देवी और लेखाकार विनय कुमार मिश्रा उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 99

संस्था द्वारा वर्ष 2014–15 में रू0 56808.00 टी0डी0एस0 की कटौती उपलब्ध अनुदान पंजिका के अनुसार किया गया दर्शित है दिनांक 31.03.2015 तक उक्त शीर्ष की धनराशि को राजकोष में जमाकर लेखा परीक्षा में पुष्टि हेतु चालान की प्रमाणित प्रति बैक पासबुक आदि प्रस्तुत करना अनिवार्य था परन्तु उक्त शीर्ष की धनराशि वर्षान्त तक

अवशेष दर्शाकर अनियमितता किया गया अतः जमा किया जाना अपेक्षित है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 100

संस्था के अर्जित आय के रूप में विभिन्न मदों से प्राप्त बैक से ब्याज जो राजकीय आय का स्रोत माना जाता है दिनांक 01.04.2014 को इस मद में प्रारम्भिक अवशेष की धनराशि रू0 229504.53 ग्रांट रजि0 तृतीय में दर्शित पाया गया वित्तीय वर्ष 2014–15 में इस शीर्ष में विभिन्न मदों से रू0 31756.00 का ब्याज प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि कुल 261260.53 की धनराशि में 261260.00 धनराशि का व्यय अभिलेखो में दर्शित है।

नियमानुसार ब्याज मद की धनराशि राजकीय आय के रूप में राजकोष में जमा करके पत्रावलियां लेखा परीक्षा में प्रस्तुत करना अनिवार्य है परन्तु रू0 261260.00 की ब्याज की धनराशि का सक्षम अधिकारी के अनुमति के बिना अनियमित रूप से व्यय किया गया जो नियमों के विपरीत है। जबकि नियमानुसार शासन को वापस कर नियमों के विपरीत है। जबकि नियमानुसार शासन को वापस कर दी जानी चाहिये। इस प्रकार ब्याज का व्यय दर्शाकर अनियमितता की गयी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 101

अनुदान पंजिका भाग तृतीय के अनुसार जमानत एवं निविदा की धनाराशि में माह दिसम्बर 2014 में रू0 115462.00 आमद अर्शित है,उक्त ग्रांट रजिस्टर के अनुसार ही मार्च 2015 में रू0 100000.00 व्यय दर्शित है।

उल्लेखनीय है कि जमानत की धनराशि को निविदा प्रपत्रों की बिक्री से प्राप्त धनराशि के साथ अंकित करना भ्रामक स्थिति उत्पन्न है क्योकि जमानत की धनराशि जिससे जमानत प्राप्त किया जाता है उसे निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद वापस कर दिया जाता है जबकि निविदा प्रपत्रों की धनराशि बिक्री से प्राप्त धनराशि को राजकोष में जमा किया जाता है।

पुन उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014–15 में निविदा बिक्री प्रपत्रों से आय 115462.00 हुई इसके पूर्व एवं बाद में ग्रांट रजि0 द्वितीय में कोई आय निविदा बिक्री प्रपत्रों से दर्शित नही है वर्षान्त में 15462.00 ग्रांट रजि0 तृतीय में अवशेष दर्शाया गया है। माह दिसम्बर में रू0 115462.00 में 100000.00 रू0 का व्यय किन–किन तिथियों को किस–किस मद में व्यय किया गया विवाण अप्राप्त रहा, व्यय प्रमाणक के अभाव में धनराशि अपुष्ट व अप्रमाणित रही। जिसकी ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर – 102

संस्था द्वारा वर्ष 2014–15 मे इन्दिरा आवास मद में रू0 79950.00 प्राप्त किया जाता है विकास के आवासीय आयाम में आवास हेतु 78750 लाभार्थियों को वितरण किया गया परन्तु दौरान लेखा परीक्षा किन–किन लाभार्थियों एवं कितने लाभार्थियों को किन–किन चेकों से कितनी–कितनी धनराशि वितरण की गयी सूची अप्राप्त रही अतः दर्शित भुगतान सम्प्रेषण में अपुष्ट एवं अप्रमाणित होने के साथ–साथ वसूली योग्य है। संस्था के बी0डी0ओ0 रमेश यादव एवं लेखाकार विनय कुमार मिश्रा से ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

प्रस्तर – 103

संस्था द्वारा वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोतों को बढावा देने के लिए प्रयास किया गया जिसके अन्तर्गत 01.04.2014 को प्रा0 अवशेष 11500.00 रहा।

वर्ष 2014–15 में इस शीर्ष में कोई आय हई। अतः वित्तीय वर्ष में 11500.00 का उपभोग कर लिया गया परन्तु लेखा परीक्षा में लाभार्थियों का व्यय प्रमाणक अनुपलब्ध रहा। अतः भुगतान की राशि अपुष्ट व अप्रमाणित रही जिसकी ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

वर्ष 2015–16

प्रस्तर – 104

संस्था के अभिलेखों के अनुसार राज्य वित्त और तेरहवां वित्त और सांसद निधि में दिनांक 31.03.2016 को अवशेष अनुदान क्रमशः 4247552.00, 408.00 और 127724.00 दर्शित पाया गया।

कुल धनराशि रू0 4375884.00 अवशेष से स्पष्ट है कि प्राप्त अनुदान का सम्यक उपभोग का अभाव रहा जिससे शासन की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य नही हो सका। नियमानुसार वर्षान्त तक समस्त धनराशि क्षेत्र के समग्र विकास हेतु उपयोग कर लिया जाना चाहिये था जिससे विकास की अवधारणा गति प्राप्त कर सके, अन्यथा की स्थिति में शासन की निर्धारित व्यवस्था के अनुसार वापस करना अनिवार्य था, परन्तु वर्ष प्रतिवर्ष राजकीय धनराशि रोककर बिना अनुमति के धनराशि का अनाधिकृत रूप से उपभोग कर अनियमितता किया गया अतः खण्ड विकास अधिकारी रमेश कुमार यादव और लेखाकार विनय कुमार मिश्रा ब्लाक प्रमुख श्रीमती राजदेई उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 105

क्षेत्र पंचायत चोलापुर वर्ष 2015716 की लेखा परीक्षा में राज्य वित्त एवं तेरहवें वित्त की धनराशि से कराये गये निर्माण कार्य में निर्धारित व्यवस्था को अनुरूप सुसंगत प्रक्रिया का पालन कहीं कहीं लेखा परीक्षा में देखने को नही मिला।

वर्ष 2015–16 में कुल 19 निर्माण कार्यो के पत्रावलियों के समग्र अवलोकन से संस्था के कुछ निर्माण कार्यो का प्रमुख फोकस निम्न है जिससे यह दर्शित होता है कि संस्था के सभी निर्माण प्रक्रिया इसी शैली की सम्भावना के विपरीत नही होंगे।

उल्लेखनीय है कि संस्था के वषर्स 2015–16 के निर्माण पत्रावलियों में प्रक्कलन राशि संलग्न नही है।

कही कार्य प्रस्ताव व कार्य योजना नही देखने को मिला कही कार्य पूर्ति व उपभोग प्रमाण पत्र नही है।

सामग्री व श्रम की डिमांड राशि पत्र व प्रभारी का तिथि सहित हस्ताक्षर नही है।

निर्माण कार्यो पर एम0 बी0 के लिए कौन घोषित रुप से आदेशित है यह देखने लायक को नही मिला।

संस्था को निर्माण कार्य हेतु आंवटित कार्यो की सूची लेखा परीक्षा में उपलब्ध नही रहा।

शासनादेश संख्या 3891/77–5–2002 दिनांक 05 अगस्त 2002 एवं 4951 (11) 77 –57506/06 दिनांक 15,102006 एवं तत्सम्बधी अन्य शासनादेशों में यह व्यवस्था है कि निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाले उपखनिजो यथा गिट्टी मोरंग बालू मिट्टी आदि की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आपूर्तिकर्ता से रायल्टी जमा किये जाने के प्रमाण स्वरुप ट्रेजरी चालान की प्रमाणित प्रति एवं सामग्री परिवहन को सुनिश्चित करने हेतु वैध खन्ना (एम,एम,–11) प्राप्त कर लिया जाय/तत्पश्चात ही भुगतान किये जाय। किन्तु न रायल्टी जमा का ट्रेजरी चालान और नही वैध खन्ना प्रस्तुत किया गया। जो आपत्तिजनक है। इस प्रकार किया गया व्यय अनियमित है। वैधानिक की जानी अपेक्षित है।

संस्था के निर्माण कार्यो में प्रमुख आपत्ति यह है कि वित्त आयोग की धनराशि से बनाया गया खड़न्जा व इन्टरलॉकिंग आदि की सड़क में प्रयुक्त ईटो का आदेश को न ध्यान देकर मनमाना प्रकिया का पालन किया है जबकि शासनादेश के अनुसार ईटो का कय भट्ठा से किया जायेगा। ईट आपूर्ति हेतु सामग्री आपूर्ति आदेश फिर निकासी चालान बिल सामग्री प्राप्त संख्या गुणवत्ता फिर स्टाक पंजिका में आमद फिर बिल पर पेड कैसिल फिर भुगतान आदेश फिर आदेश निगमन और भुगतान प्राप्ति रसीद कुछ काम इस तरह से है जो सभी निर्माण कार्यो की सम्भावना के विपरीत होगें ग्राम पंचायत छीतमपुर, बाबतपुर, चौबेपुर, बाबतपुर मार्ग से जीउत के खेत तक खड़न्जा कार्य ल0 X चौड़ाई 400 X 2 60510 ईट 369111 रुपया की धनराशि अनियमितता है।

वाराणसी आजमगढ़ मार्ग से चौबेपुर हस्तकरधा विकास समिति खड़न्जा निर्माण 326X 3 57782 ईट 352470 रु0 की धनराशि अनियमितता की गयी है।

ग्राम पंचायत धौरहरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से राम अवतार सिंह के घर इंटरलाकिंग 80 X 3 29382 ईट59727 की अनियमितता दर्शित रही। कुल 781308/– की धनराशि अनियमितता के सापेक्ष सभी निर्माण कार्यो पर कार्यवाही अपेक्षित है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 106

संस्था द्वारा वर्ष 2015–16 में रु0 471005,00 टी0डी0एस0 की कटौती उपलब्ध अनुदान पंजिका के अनुसार किया गया गत वर्ष का अवशेष 56808 कुल धनराशि 527813,00 में चालान की प्रमाणित प्रति ,बैक पासबुक स्टेटमेंन्ट तथा जिन चेको से टी0डी0एस0 का भुगतान किया गया उनका काउन्टर फाइल लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही किया गया जिससे दर्शित जमा की पुष्टि अपुष्ट रही।

अतः वित्तिय अनियमितता की स्थिति से इनकार नही किया जा सकता आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 107

क्षेत्र पंचायत चोलापुर वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 में कराये गये निर्माण कार्यो में मजदूरों एवं उनकी मजदूरी निर्धारित व्यवस्था के प्रतिकूल दर्शित रहा।

प्रत्येक निर्माण में क्षेत्र के अलग अलग बेरोजगार मजदूरों का उपयोग अनिवार्य होता है। परन्तु एक टीम वर्क के अनुसार कभी निर्माण कार्यो में एक ही मजदूर मस्टर रोल में दर्शित रहा।

वर्ष 2015–16 में कार्य कराये गये निर्माण कार्यो के मास्टर रोल पर कमांक अंकित नही पाया गया।

1– जरियारी में पीच रोड से आत्मा तिवारी के घर होते हुए लालचन्द्र यादव के घर तक खड़न्जा कुल धनराशि 67800,00 की मजदूरी।

2– कटारी में अनुराग यादव के घर से पीच रोड तक इन्टरलॉकिग कुल नारी 58300,00 की मजदूरी।

3– बथराखुर्द में हंडियाडीह सरहद से गणेश के घर तक खडंजा कार्य कुल धनराशि 65600,00 रुपये की मजदूरी ।

4– परानापुर से घौरहरा कादीपुर से मार्ग से छोटेलाल के घर तक खड़जा कार्य कुल धनराशि 16000,00 रुपया।

5– रौनाखुर्द में पहड़िया रोड से यादव बस्ती तक खड़न्जा कार्य कुल धनराशि 153800,00 उल्लेखनीय है कि कुल धनराशि 361500,00 की मजदूरी भुगतान मास्टर रोल पर बिना अवधि के अनियमित रुप से भुगतान दर्शित रहा जिससे स्पष्ट होता है कि कार्य अनियमित है एवं भुगतान अनियमित है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 108

संस्था के अर्जित आय के रूप में विभिन्न मदों से बैक से प्राप्त ब्याज जो राजकीय आय माना जाता है। वर्ष 2015–16 में इसे शीर्ष में .53 प्रा0 अवशेष दर्शित रहा वित्तीय वर्ष में इसमें रू0 421451.00 का ब्याज प्राप्त होता है जिसे 31.3.2016 तक राजकोष में जमा करने का प्रावधान है और पत्रावलियों को लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किया जाता है परन्तु वर्ष भर उक्त धनराशि को सक्षम अधिकारी के अनुमति के बिना रोक रखना निर्धारित व्यवस्था के प्रतिकूल

रोककर अनियमितता की गयी है जबकि नियमानुसार शासन को वापस कर दिया जाना चाहिए। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित हैं।

15. क्षेत्र पंचायत – चोलापुर **वर्ष 2016–17**

प्रस्तर – 109

मस्टर रोल एवं अन्य प्रमाणकों का भुगतान कार्य प्रभारियों को

वर्ष 2016–17 में निर्माण कार्यो पर संलग्न तालिका 1 एवं 2 के अनुसार अंकन 1303221.00रू0 मजदूरी/श्रमांश एवं अन्य मदों पर भुगतान दर्शित करते हुए वास्तव में मजदूरों को मस्टर रोल के अनुसार भुगतान रू0 1154334, मिट्टी क्रय रू0 84163 (सोमनाथ मौर्य से रू0 2693, विजय यादव, बबियांव से रू0 20790, श्री शिवानन्द पाण्डेय मुनारी से रू0 13773, सेचन यादव, धरसौना से रू0 37377 एवं पवन चौबे, श्रीकण्ठ पुर से रू0 8370), साइन बोर्ड बनवाने पर रू0 23000 (अमन बिल्डिंग मैटिरियल्स), फोटोग्राफी का भुगतान रू0 4500 (लक्ष्मी प्रिन्टर्स), खच्चर से ईट ढुलाई का भुगतान रू0 10875 (श्री मेवालाल, लक्ष्मीसेनपुर) एवं उपरोक्त फुटनोट–1 के अनुसार भुगतान रू0 26349 सम्बन्धित पक्षों सीधे उनके बैक खातों में न करके कार्य प्रभारियों को उपरोक्त तालिका 2 में अंकित विभिन्न बीयरर चेकों के माध्यम से निम्न विवरणानुसार किया गया है–

क्रम सं0	कार्य प्रभारी का नाम व पद जिसको भुगतान किया गया	भुगतान की गयी धनराशि
1	श्री गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव (ए0डी0ओ0)	384740
2	श्री अशोक कुमार राजभर ग्रा0पंचा0अधि0	59800
3	श्री अनिल कुमार ग्रा0पंचा0अधि0	173946
4	श्री सुशील कुमार सिंह पदनाम बोरिंग टेक्नीशियन	263215
5	श्री रतन शंकर पाण्डेय ग्रा0वि0अधि0	161854
6	श्री परमानन्द ग्रा0पचा0अधि0	124866
7	श्री श्याम बाबू दोहरे (ए0डी0ओ0)	106400
8	श्री कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी स0वि0अ0	28400
	योग–	**1303221**

पत्रावलियों में जो मस्टर रोल संलग्न पाये गये उनपर मस्टर रोल नम्बर अंकित नही है। जिससे स्पष्ट है कि कार्यवार विकास खण्ड से निर्गत नही है। और जो अगूंठा निशानी अंकित है वह प्रमाणित नही है। कार्य पर लगे मजदूर किस गांव के है यह भी उल्लेख नही है। मस्टर रोल पर उक्त सूचनाओं का स्पष्ट उल्लेख कराया जाना चाहिए। इन्हीं मस्टर रोलों में दर्शित मजदूरों के भुगतान मजदूरों के खाते में न करके कार्य प्रभारियों को बीयरर चेक के माध्यम से कर धनराशि का दुरूपयोग किया गया है जबकि भुगतान मजदूरों के खाते में किया जाना चाहिए था। इसके प्रति तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 110

मिट्टी क्रय पर रायल्टी की कटौती न कर राजकीय राजस्व की क्षति

वर्ष 2016–17 में सादे पन्ने पर रसीद लिख कर निम्न विवरण के अनुसार मिट्टी क्रय भुगतान दर्शित कर भुगतान किया गया है–

कार्य का नाम	मिट्टी की मात्रा (घ0मी0)
1– ग्रा0पं0 नियारडीह में नियार धरसौना मार्ग से सवरू मौर्या के घर तक इण्टरलांकिंग कार्य	33.25
2– ग्राम पंचायत कटारी में कटारी खरदहा मार्ग से मां बनसत्ती मन्दिर तक इन्टरलाकिंग कार्य	148,50
3– ग्राम पंचायत मुनारी में लाल जी शर्मा के घर से नाला तक हयूम पाइप नाली निर्माण व खड़न्जा मरम्मत कार्य (अवशेष कार्य 2014–15)	101,57
4– ग्राम पंचायत धरसौना में ताड़ी पिच रोड़ से खिलाड़ीराम के घर से नाला तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण (अवशेष कार्य 2014–15)	126,75
5– ग्राम पंचायत लक्ष्मीशेनपुर में शोभा यादव के घर से मेवा सोनकर के घर तक खड़न्जा कार्य	107,31
योग	**517,38**

उपरोक्तानुसार वर्ष 2016–17 में 517,38 घन मी0 मिट्टी क्रय किया गया है। जिस पर नियमानुसार 30 रुपये प्रति घनमीटर की दर से रु0 15521,40 रायल्अी काटी जानी चाहिए। रायल्अी न काटकर राजस्व की क्षति की गई है क्षति की पूर्ति तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी /लेखाकार /कार्य प्रभारी से नियमानुसार पेनाल्टी सहित करायी जानी

अपेक्षित है। इस गम्भीर अनियमितता के प्रति तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 111

शासनादेश संख्या ए –1–122/दस–2012–10 (33)/2010 दिनांक 21 मार्च 2012 के अनुसार यदि किसी संस्था के द्वारा शासन से अवमुक्त धनराशि को बैक में रखकर व्याज अर्जित किया जाता है तो अर्जित व्याज संस्था की आय न होकर राज्य सरकार की आय होगी। जिसे राज्य कोष में जमा करा दिया जाना चाहिए। ऐसा न किया जाना शासनादेशो के विपरीत है। किन्तु वर्ष 2016–17 में अनुदान पंजी के अनुसार शासकीय अनुदानों पर रु0 168816,25 व्याज कमाया गया है। गत वर्ष तक कमाया गया व्याज रु0 421451,53 था। इस प्रकार दिनांक 31,03,17 को कुल व्याज रु0 590267,78 जमा रहा। जिसे राज्य कोष में जमा करा दिया जाना चाहिए । व्याज की धनराशि अनियमित रुप से रोके जाने के प्रति तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी एवं उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर –112

लेखा परीक्षा वर्ष में क्षेत्र पंचायत टेण्डर प्रपत्र बिक्री से आय रु015392 दर्शित है किन्तु सम्बन्धित रसीद बुक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही रही जिससे आय की पुष्टि की जा सके। रसीद बुक लेखा पर्रीक्षा में प्रस्तुत कर प्रष्टि कराया जाना अपेक्षित है। इस मद में गत वर्षो की आय रु0 15462 अवशेष था इस प्रकार मद कुल रु0 30854 उपलब्ध था जिसमें से निम्न विवरणानुसार रु0 29121 व्यय दर्शित है।

चेक सं0/दिनांक	नाम व पद प्राप्तकर्ता	मद	धनराशि	अभ्युक्ति
691906/28,12,16	श्री मृत्युजय सिंह कार्या0 सहायक	कार्यालय व्यय (स्टेशनरी इत्यादि)	9130,00	–
691908/02,01,17	प्रेमचन्द्र वाहन चालक	वाहन किराया	18000,00	31,03,17 तक आहरित नही
691911/20,03,17	श्री मृत्युजय सिंह कार्या0 सहायक	विज्ञापन (दैनिक हिन्दुस्तान)	1991,00	–
		योग	**29121,00**	

उपरोक्त व्ययो से सम्बधित पत्रावली/कैश मेमो लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही रही जिस कारण व्यय दर्शित कर धन का अपहरण किया गया है। जिसके प्रति तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार उत्तरदायी है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर – 113

आयकर , व्यापारकर , लेबर सेस का समय जमा न किया जाना /कम जमा किया जाना –

वर्ष 2016–17 में निम्न विवरण आपूर्तिकर्ताओं के बिल पर आयकर व्यापारकर और लेबर सेस की कटौती एवं जमा की गयी है।

क्र0सं0	मद	कटौती की धनराशि	जमा की गई राशि	कम जमा (अन्तर)
1,	व्यापारकर	236051,00	225742,00	10309,00
2,	आयकर	118623,00	113479,00	5144,00
3,	लेबर सेस	59311,00	–	59311,00
	योग	**413985,00**	**339221,00**	**74764,00**

उपरोक्त कटौतियां माह जून 2016 से मार्च 2017 तक की गयी किन्तु वर्षपर्यन्त उक्त धनराशियां जमा नही की गयीं। माह मार्च 2017 में व्यापार कर मद में रु0 225742,00 एवं आयकर मद में रु0 113479,00 का चेक निर्गत किया गया किन्तु चालान द्वारा माह अप्रैल एवं जून 2017 से सम्बधित मदों में जमा किया गया। लेबरसेस की कोई भी धनराशि सम्बधित पक्ष को लेखा परीक्षा तिथि तक प्रेषित नही की गयी। उक्त धनराशियां कटौती के पश्चात मासान्त में सम्बधित पक्षों को प्रेषित की जानी चाहिए। इस प्रकार अन्तर की धनराशि रु0 74764,00 अनियमित रुप से रोके जाने के प्रति तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर –114

चेक संख्या 672998,00 दिनांक 16,09,10 द्वारा पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीमती राजदेयी देवी को ,माह दिसम्बर 2011 से माह मार्च 2016 तक (माह 2011 से माह दिसम्बर 2013 तक रु0 3000 प्रति माह की दर से एवं जनवरी 2014 से मार्च 2016 तक 7000 प्रतिमाह की दर से) मानदेय का बकाया रु0 264000का भुगतान दर्शित है। संस्था में मानदेय रजिस्टर नही रखा गया है जिसके अभाव में बकाया वास्तविक होने की पुष्टि न की जा सकी। मानदेय का भुगतान उसी वित्तिय वर्ष में अपेक्षित था जिस वर्ष यह ड्यिू हुआ। मानदेय रजिस्टर तैयार कर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित था। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 115

क्षेत्र पंचायत के 138 सदस्यों (119 क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं 19 ग्राम प्रधान) को क्षेत्र पंचायत की बैठक में भाग लेने हेतु रु0 500 की दर से मानदेय का भुगतान कुल रु0 68000,00 अनियमित रुप से नगद किया गया है जबकि भुगतान सदस्यों के बैंक खातें में जमा किया जाना चाहिए। नगद भुगतान आपत्तिजनक रहा। जिसके प्रति तत्कालिन खण्ड विकास अधिकारी एवं लेखाकार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

16. क्षेत्र पंचायत –आराजीलाईन वर्ष 2006–07 से 13–14

प्रस्तर – 116

वित्तिय वर्ष 2009–10 में पूर्वाचल विकास निधि से कचहरियां में पिचरोड़ गौड़ बस्ती तक सी0 सी0 रोड़ का निर्माण कार्य 160 मी0 स्वीकृत लागत रु0 763500,00 प्रभारी श्री दीपक शर्मा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की देखरेख में कराया गया दर्शित है जिस पर निम्न विवरण के अनुसार भुगतान किया गया दर्शित है।

क0सं0 1,	विजय बिल्डि़ग मैटेरियल	112000,00	बिल न0 1802	01,10,2009
			चेक न0 6147	05,10,2009
	,, ,, ,,	18760,00	बिल न0 1829	15,10,2009
			चेक न0 6925	13,03,2010
	,, ,, ,,	115920,00	बिल न0 6925	13,02,2010
			चेक न0 9183	13,08,2010
	जीटी,	246680,00		
2	मदन बिल्डि़ग मैटेरियल	127676,00	चेक न0 6148	05,10,2009
	,, ,, ,,	7391,00	चेक न0 6976	13,02,2010
	,, ,, ,,	114170,00	चेक न0 9184	31,08,2010
	जीटी, , ,	249237,00		
3	सुशील ब्रिक्स फील्ड	25200,00	चेक न0 6971	05,12,2009
	सिंह ईट उद्योग	20300,00	चेक न0 9185	31,08,2010
	जीटी,	45500,00		
4	प्रभारी	51400,00	चेक न0 6149	05,10,2009
		15000,00	चेक न0 69771	13,02,2010
		44000,00	चेक न0 9186	31,08,2010
	जीटी,	110400,00		
	कुल योग	**651817,00**		

1– 160 मी0 सी0 सी0 पिचरोड कार्य हेतु पहले 3,80,000,00 का स्टीमेट स्वीकृत किया गया था। जिसे रुपया 383500,00 से बढ़ाकर रुपया 763500,00 किया गया जो उचित प्रतीत नही होता। जबकि बसंतपुर बिन्द बस्ती से बनारसी के घर तक 240 मी0 सी0 सी0 रोड़ कार्य हेतु 495000,00 स्वीकृत कर कराया गया है। इस प्रकार 240 मी0 कार्य की तुलना में 763500,00 का इस्टीमेट 160 मी0 हेतु किया जाना तर्क संगत नही है।

2– खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कोई कार्यादेश जारी नही किया गया है।

3– कार्य हेतु कोई कोटेशन/टेण्डर आंमत्रित नही किया गया है।

4– प्रभारी को दर्शित भुगतान में रुपया 97400,00 मस्टर रोल से सम्बधित है। जिसके भुगतान की पुष्टि में मस्टररोल अप्राप्त रहा। शेष रुपया 13000,00 मिट्टी भुगतान हेतु दर्शित है जिसकी कोई रसीद उपलब्ध नही है और न ही उस पर रायल्टी रुपया 4171,00 की कटौती की गयी हैं।

उपरोक्त के आधार पर कार्य एवं व्यय की पुष्टि नही होती है। अतः अपुष्ट व अप्रमाणित होने के कारण समस्त भुगतान फर्जी प्रतीत होता है जिसकी क्षतिपूर्ति श्री दीपक शर्मा ग्राम विकास अधिकारी श्री दीपक शर्मा ,ग्राम विकास अधिकारी अनंत लाल विश्वकर्मा ,लेखाकार और श्री श्रवणकुमार राय, खण्ड विकास अधिकारी तत्कालीन से अपेक्षित है।

प्रस्तर – 117

वित्तिय वर्ष 2009–10 में परमानन्दपुर में पूर्वांचल विकास निधि से पिचरोड़ से जे0 एस0 पब्लिक स्कुल तक कट स्टोन कार्य (माप 140 मीटर तथा स्वीकृत लागत रुपया 2670003) प्रभारी श्री श्याम कुमार सिंह द्वारा कराया गया है जिसमें निम्न विवरण के अनुसार व्यय किया गया है।

1	मदन बिल्ड़िग मैटेरियल	64881,00	चेक न0, 6144	25,09,2009
	,, ,,	72816,00	चेक न0, 9182	31,08,2010
	योग	137697,00		
2	शशि इन्टरप्राइजेज	22974,00	चेक न0, 9188	16,11,2010
3	प्रभारी श्री श्यामबहादुर सिंह	50150,00	चेक न0, 6141	11,09,2009
		10850,00	चेक न0, 6978	13,03,2010
			एम आर नही है	
		41350,00	चेक न0, 9189	16,11,2010
		102350,00		
मिट्टी 20150+एमआर 78350,00 +रोंड़ रोलर 3850,00				
4, टेक्निकल टेस्ट हेतु टेक्निकल एसोसिएट्स को चालान न0 06979/13,02,10 द्वारा रुपया 4744,00				

उक्त व्यय के सम्बन्ध में निम्न आपत्तियां है।
1– कार्य हेतु कोई कार्यादेश जारी नही किया गया है।
2– सामान आपूर्ति हेतु कोटेशन/टेण्डर आंमत्रित नहीं किया गया है।
3– बिलों से (आपूर्तिकर्ता) टी,डी, एस, की कटौती नही की गयी है।
4– मिट्टी आपूर्ति हेतु रायल्टी रु0 6465,00 जमा नही कराया गया है।
5– टेक्निकल एसोसिएट्स को टेस्ट हेतु कोई आदेश नही दिया गया है। टेक्निकल एसोसिएट्स को टेस्ट हेतु रु0 4744,00 का भुगतान दिनांक 13,02,2010 में किया गया है। जबकि कार्य 16,11,2010 तक चला है। इस प्रकार रु0 11209 का भुगतान अनियमित है। ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

प्रस्तर –118

वित्तिय वर्ष 2009–10 में पूर्वांचल विकास निधि के अंतर्गत वाराणसी भदोही रोड़ से गोपालपुर हरिजनबस्ती /मौर्य बस्ती तक सोलिंग कार्य 485 मी0 स्वीकृत लागत 795000,00 में श्री दीपक कुमार शर्मा ग्राम विकास अधिकारी द्वारा कराया गया है जिस पर निम्न विवरण के अनुसार व्यय दर्शित है।

1	सुशील ब्रिकफिल्ड	चेक न0, 6142	25,09,2009	175000,00
	,, ,, ,,	चेक न0, 6145	05,10,2009	129500,00
	,, ,, ,,	चेक न0, 6987	22,07,2010	175000,00
	,, ,, ,,	चेक न0, 6189	03,08,2010	77000,00
			योग	656500,00
2	सिंह ईट	चेक न0, 9181	18,082010	49000,00
3	प्रभारी श्री दीपक कुमार शर्मा	चेक न0, 6143	25,09,2009	49000,00
	एमआर/मिट्टी			
	22500/48750	चेक न0, 6146	05,07,2009	17850,00
	17850 –	चेक न0, 6935	22,07,2010	73500,00

	73500 –	चेक न0, 6985	22,07,2010	73500,00
	25100	चेक न0, 6990	18,08,2010	25100,00
			योग –	188700,00
			कुल योग–	**893200,00**

उक्त भुगतान के सम्बन्ध में निम्न आपत्तियां है।

1– सोलिंग कार्य हेतु स्वीकृत लागत रुपया 795000,00 के स्थान पर रुपया 893200,00 का भुगतान हुआ है जो रुपया 98200,00 से अधिक है। बिना कारण के स्वीकृत लागत से अधिक व्यय किया जाना उचित नही है। जिसकी क्षतिपूर्ति श्री दीपक कुमार शर्मा से अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर – 119</u>

वित्तिय वर्ष 2009–10 में राज्यवित्त योजना के अर्न्तगत वाराणसी मूंगवार से बहादुर यादव के घर से संजय के घर तक सोलिंग कार्य हेतु (रुपया 118000,00 स्वाकृति) दीपक शर्मा ग्राम विकास अधिकारी व ए0 के0 राय जे0 ई0 आर0 इ0एस0 को कार्यप्रभारी बनाया गया।

सोलिंग कार्य हेतु निम्न व्यय दर्शित है।

1–सुशीलब्रिकफिल्ड से ईटक्रय चालान नं,5815/9 रु0 64900,00

2– दीपक शर्मा चालान नं, 5814/9,06,2009 रु0 27350,00

उक्त के सम्बन्ध में निम्न आपत्तियाँ है।

1– मस्टर रोल पर मलदूरों का नाम व हस्ताक्षर नही पाया गया जिससे स्पष्ट है कि फर्जी मस्टर रोल तैयार किया गया।

2– क्रय ईट और मजदूरी का अनुपात भी उचित प्रतीत नहीं होता है।

3– स्टाक रजिस्टर एवं सृजित परिसम्पत्ति रजिस्टर भी लेखा परीक्षा मे उपलब्ध नही कराया गया।

इस प्रकार दर्शित सम्पूर्ण व्यय रुपया 92250,00 अपुष्ट एवं अप्रमाणित रहा। जिसकी क्षतिपूर्ति श्री दीपक शर्मा ग्राम विकास अधिकारी तत्कालीन से अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर – 120</u>

वित्तिय वर्ष 2009–10 में पूर्वाचल विकास निधि के अर्न्तगत बसन्तपुर में अनूसुचित बस्ती में 185 मी0 सी0 सी0 कार्य (स्वीकृत लागत 470000,00) हेतु श्री श्याम कुमार सिंह ग्राम विकास अधिकारी को कार्य प्रभारी बनाया गया। उक्त कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार व्यय दर्शाया गया है।

1,	विजय बिल्डिंग मैटेरियल	चेक नं,6983/29,03,10	रु0	158200,00	
2,	मदन बिल्डिंग मैटेरियल	चेक नं,6984/29,03,10	,,	127900,00	
3,	सिंह ईट उद्योग	चेक,नं,9986/30,03,10	रु0	54630,00	
4,	मे, शिवशक्ति ईट ट्रेंडिग कम्पनी	चेक,नं,11023/12,07,11	,,	199484,00	
5,	एस, बी, एफ,ब्रिक फील्ड	चेक, नं,	,,	41508,00	
6,	में, परमहंस बिल्डिंग मैटेरियल	चेक, नं,11028/06,09,11	,,	81519,00	
7,	प्रभारी श्री श्याम कुमार सिंह	चेक, नं,6985/29,03,10	,,	6800,00	एमआरएस
				52000,00	मि,सा,
		चेक,नं,11024/12,07,11		41880,00	
	एमआरएस, 116760	चेक, नं, 11026/01,08,11		47400,00	एमआरएस,
	मि,सा,5960			13410,00	मि,सा,
	मिट्टी 52000				
	एसटी 188130,00	चेक, नं,11029/06,09,11		20680,00	एमआरएस,
				5960,00	मि,सा,
				188130,00	

1, 160 ट्राली मिट्टी हेतु रुपया 52000,00 का भुगतान किया गया है किन्तु इस पर रायल्टी की धनराशि राजकीय कोषागार में जमा नहीं करायी गयी है।

2, मस्टर रोल पर भुगतान एवं निरस्त की मुहर नही लगी है।

3, आपूर्ति हेतु <u>टेण्डर/कोटेशन</u> प्राप्त नही किये गये है।

4, आपूर्ति बिल के कर्ताओं से टी0 डी0 एस0 की कटौती नही की गयी है।

5, स्वीकृत लागत 470000,00 के विरू;द्व 851421,00 का व्यय किया गया है। जो रुपया 381421,00 से अधिक है। अधिक व्यय का कारण व उसकी स्वीकृति सम्बन्धी अभिलेख उपलब्ध नही कराया गया । इस प्रकार बिना उचित कारण के स्वीकृत लागत से अधिक का भुगतान उचित नही है। अतः अधिक व्यय रुपया 381421,00 की क्षतिपूर्ति प्रभारी श्री श्याम कुमार सिंह से अपेक्षित है।

17. क्षेत्र पंचायत –आराजीलाईन **वर्ष 2014–15 से 16–17**

प्रस्तर – 121

वित्तीय वर्ष 2014–15 मे राज्यवित्त के अन्तर्गत परमानन्दपुर खेल मैदान में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य (लम्बाई 136 मीटर स्वीकृत लागत 586000.00) हेतु श्री इन्द्रजीत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी को प्रभारी नियुक्त किया गया। जिस पर निम्न आपत्तियां है–

1– उक्त कार्य हेतु 18,02,2015 से 24,03,2015 तक के मस्टर रोल पर क्रमसंख्या –8 पर मूसेराम एवं क्रम संख्या –12 पर रज्जू को क्रमशः रुपया 1190,00 व 850 का भुगतान किया गया दर्शित है। परन्तु प्राप्तकर्ता का हस्ताक्षर नही है। इस प्रकार 2040,00 का भुगतान अप्रमाणित रहा। जिससे प्रतीत होता है कि भुगतान किया ही नही गया है। जो वसूली योग्य है। धनराशि वसूल किया जाना अपेक्षित है।

उपरोक्त कार्य हेतु आपूर्तिकर्ता प्रांजल इन्टरप्राइजेज गंगापुर वाराणसी को निम्न प्रकार भुगतान दर्शित है।

बिल की धनराशि	टी0डी0एस0 कटौती	भुगतान की राशि
119700	2713	116987
124100	2813	121287
120590	2734	117856
90300	2047	88253
35112	796	34316
योग–	11103,00	

टी0डी0एस0 के रुप में काटी गयी धनराशि रुपया 11103 को आयकर विभाग में जमा कराये जाने का प्रमाण लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही किया गया। जबकि नियमानुसार प्रत्येक त्रैमास की समाप्ति पर टी0डी0एस0 जमा कर ई0टी0डी0 एस0 फाइल करना चाहिए। अतः तत्काल जमा कराया जाना अपेक्षित है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 122

वित्तीय वर्ष 2015–16 मे राज्यवित्त के अन्तर्गत परमपुर में जगदीश सेठ के बाउण्ड्री से राजू पटेल के घर तक ब्रिक सोलिंग का कार्य (लम्बाई 150 मी0 लागत रुपया 207000) श्री वीरेन्द्र कुमार दूबे ग्राम विकास अधिकारी की देखरेख में कराया गया। जिस पर निम्न आपत्तियां है।

1– कार्य प्रभारी नियुक्ति सम्बन्धी आदेश अप्राप्त रहा।

2– स्वीकृत कार्य के सापेक्ष न्यू कमलेश मशीनरी रानी बाजार राजातालाब वाराणसी को उनके बिल संख्या 1544 दिनांक 2418115 रु0 146593,00 के सापेक्ष रु0 3323,00 टी0डी0एस0 की कटौती कर रु0 143270,00 का भुगतान चेक संख्या 619209 दिनांक 04,09,2015 द्वारा किया गया।

3– आयकर कटौती की धनराशि रु0 3323 आयकर विभाग में जमा कराये जाने की पुष्टि में कोई प्रमाण उपलब्ध नही कराया गया। अतः राजकीय कोषागार में जमा किया जाना अपेक्षित है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 123

वित्तीय वर्ष 2016–17 में राज्यवित्त के अन्तर्गत चतुर्थ राज्यवित्त से लक्षापुर में यादव बस्ती से गुरुदासपुर संपर्क मार्ग तक चकरोड निर्माण कार्य (माप 150 मी0 स्वीकृत लागत रु0 271000) हेतु श्रीराम जीत पाल ग्राम विकास अधिकारी को प्रभारी नियुक्त किया गया है। उक्त कार्य हेतु मेसर्स शहजादी का चेक संख्या –625884 दिनांक 03,01,2017 द्वारा रुपया 144167,00 का भुगतान किया गया तथा चेक संख्या – 625585 दिनांक 03,01,2017 द्वारा रुपया 82812,00 का भुगतान प्रभारी श्री रामजीत पाल को किया गया। जिसमें मस्टर रोल से सम्बन्धित रुपया 4892,00 तथा मिट्टी हेतु रुपया 33892,00 सम्मिलित हैं परन्तु मिट्टी हेतु रायल्टी जमा नही है। इस प्रकार रायल्टी की धनराशि रुपया 10874,00 से राजकीय क्षति पहुचाई गई है। जिसकी क्षतिपूर्ति श्री रामजीत यादव प्रभारी से अपेक्षित है।

उक्त कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि 271000,00 के सापेक्ष वित्तीय वर्ष में रुपया 226979,00 का व्यय दर्शाया गया है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 124

वित्तिय वर्ष 2016–17 में चतुर्थ राज्यवित्त के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामसिंहपुर में संपर्क मार्ग से राधेश्याम के घर तक खड़न्जा निर्माण कार्य हेतु (लम्बाई 180 मी0 स्वीकृत धनराशि 238000) श्री हरिहर सिंह ग्राम विकास अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है।

उक्त कार्य में मिट्टी कार्य हेतु रुपया 6035,00 की रायल्टी काटी गयी है। परन्तु उक्त राशि राजकीय कोष में जमा किये जाने की पुष्टि नही कराई गयी है। राजकीय कोष में जमा किये जाना अपेक्षित है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 125

निम्नलिखित कार्यो में मिट्टी आपूर्तिकर्ता द्वारा रायल्टी की धनराशि देयक से घटाकर प्रस्तुत किया गया है। परन्तु क्षेत्र पंचायत द्वारा रायल्टी की धनराशि राजकीय कोषागार में जमा नही कराया गया है।

क,	कार्य का विवरण	काटी गई रायल्टी
1,	वित्तीय वर्ष 2016–17 में चतुर्थ राज्य वित्त के अंतर्गत गंजारी में प्राथमिक विद्यालय गंजारी से जय प्रकाश पटेल के घर तक खड़न्जा कार्य ।	2049,00
2,	वित्तीय वर्ष 2016–17 में चतुर्थ राज्य वित्त के अन्तर्गत गंजारी में भैरोनाथ संपर्कमार्ग पर प्राथमिक विद्यालय गंजारी से जय प्रकाश पटेल के घर तक मिट्टी कार्य।	5300,00
3,	वित्तीय वर्ष 2016–17 में चतुर्थ राज्य वित्त के अन्तर्गत परमानन्दपुर में राजभर बस्ती में भोला राजभर के घर से शिवमंदिर तक मिट्टी खड़न्जा कार्य।	5194,00
4,	वित्तीय वर्ष 2016–17 में चतुर्थ राज्य वित्त के अन्तर्गत बेनीपुर में हाजी मुर्तजा के घर से मुकीम असारी के घर तक इंटरलाकिंग	821,00
5,	वित्तीय वर्ष 2016–17 में चतुर्थ राज्य वित्त के अन्तर्गत कनेरी (मदईपुर) में चन्द्रबली पटेल के घर से .... घर तक खड़न्जा कार्य।	10709,70
6,	वित्तीय वर्ष 2016–17 में चतुर्थ राज्य वित्त के अन्तर्गत गजापुर में कैलाश पटेल के खेत से भीषमपुर संपर्क मार्ग तक खड़न्जा कार्य।	13209,00
	योग –	**37283,00**

उक्त धनराशि राजकीय कोषागार में तत्काल जमा कराया जाना अपेक्षित है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 126

वित्तीय वर्ष 2016–17 में चतुर्थ राज्य वित्त के अर्न्तगत बेनीपुर में सुनीता उर्फ गुड्डू सिंह के दरवाजें से विन्ध्यवासिनी सिंह के गली तक नाला निर्माण (91 मी0 स्वीकृत लागत रुपया 277000) हेतु भी रामजीत पाल को प्रभारी बनाया गया।

उपर्युक्त कार्य हेतु वन्दना सीमेंट पाइप को चेक संख्या–624538 दिनांक 15,09,2016 द्वारा रुपया 113253,00 का भुगतान किया गया हैं। भुगतान का पूर्व बिल धनराशि रुपया 120505 से रुपया 7252,00 आयकर एवं व्यापारकर की कटौती भी की गयी परन्तु आज तक नाली निर्माण का कार्य प्रारम्भ नही हुआ। इस प्रकार क्षेत्र पंचायत को रुपया 113253,00 की क्षति पहुचाई गयी तथा रुपया 7252,00 की धनराशि राजकीय कोषागार में जमा भी नही किया गया। अतः उक्त धनराशि की क्षतिपूर्ति श्री रामजीत पाल ग्राम विकास अधिकारी, एवं श्री कैलाशनाथ लेखाकार श्री राधेश्याम खं0 वि0 अ0 से अपेक्षित है।

प्रस्तर – 127

वित्तिय वर्ष 2016–17 में चतुर्थ राज्य वित्त के अंतर्गत गंजारी में पिचरोड़ से भूमिहार बस्ती तक खड़न्जा मरम्मत कार्य (माप 551 मी0 एवं स्वीकृत लागत 7,75,00/–) हेतु कार्य प्रभारी श्री इन्द्रजीत सिंह ग्राम विकास अधिकारी को नियुक्त किया गया। उक्त कार्य हेतु मिट्टी की आपूर्ति मे0 शहजादी इन्टरप्राइजेज द्वारा की गई है। उक्त कार्य के भुगतान हेतु आपूर्ति कर्ता द्वारा रायल्टी की धनराशि 12355/– काटकर 38509/– का देयक प्रस्तुत किया गया, जिसका भुगतान आपूर्ति कर्ता को किया गया है। परन्तु रायल्टी की धनराशि रुपया 12355,00 को राजकीय कोषागार में जमा नहीं किया गया है। जमा कराया जाना अपेक्षित है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

18. क्षेत्र पंचायत – बड़ागांव वर्ष 2009–10 से 2012–13

प्रस्तर – 128

वर्ष 09–10 में निम्न विवरण अनुसार उसके सम्मुख अंकित धन संबधित फर्मो को रू0 1936588.00 का भुगतान सामग्री क्रय हेतु किया गया है। परन्तु उनके बिक्री से नियमों के अन्तर्गत 4% एस0टी0 रू0 77466.00 तथा 2.24% आई0टी0 रू0 43379.00 कुल रू0 120845.00 की कटौती नही की गयी है। जिसकी वसूली तत्कालीन लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह व ख0वि0अ0 श्री अतुल मिश्रा से संयुक्त रूप से करके राजकीय कोषागार में जमा कराया जाना अपेक्षित है। भुगतान धन का फर्मवार विवरण निम्नवत है :–

क0सं0	दिनांक/ चेक सं0	भुगतान धन	नाम फर्म	आयकर 2.24%	बिकी कर 4%	योग
1	11.02.09/ 034695	78010	जय श्री ईट उघोग दांदूपुर	1747	3123	4870
2	23.3.09/ 34712	58000	जय श्री ईट उघोग दांदूपुर	1299	2320	3619
3	22.4.09/ 34714	86130	जय श्री ईट उघोग दांदूपुर	1929	3445	5374
4	10.07.09/ 34719	40000	वैभव सीमेंट एजेंसीबड़ागाँव	896	1600	2496
5	10,7,09/ 34718	98252	मूरती ईट उद्योंग कुसुमुराबड़ागाँव	22.01	3930	6131
6	18,8,09/ 47923	25746	मूरती ईट उद्योंग कुसुमुराबड़ागाँव	577	1030	1607

7	18,8,09 / 47922	66750	वैभव सीमेंट एजेंन्सी बड़ागाँव	1495	2670	4165
8	3,9,09 / 47932	72670	मूरती ईट उद्योंग कुसुमुराबड़ागाँव	1628	2907	4535
9	3,9,09 / 47931	45200	वैभव सीमेंट एजेंन्सीबड़ागाँव	1012	1808	2820
10	28,8,09 / 47925	41000	दिनेश बिल्डिग मैटे0 बहुतरा	918	1640	2558
11	28,8,09 / 47924	54750	जय माँ नक, भवानी ईट उद्योग बचौरा	1226	2190	3416
12	3,9,09 / 47928	31300	दिनेश बिल्डिग मैटे0 बहुतरा	701	1252	1953
13	3,9,09 / 47927	23366	जय माँ नक ,भवानी ईट उद्योग बचौरा	523	935	1458
14	15,9,09 / 47936	28800	जय श्री ईट उद्योग दाँदूपुर	645	1152	1797
15	16,11,09 / 51466	47667	सत्यम शिवम बि0 मै0 धवकलगंज	1068	1907	2975
16	23,9,09 / 47938	33000	दिनेश बिल्डिग मैटे0 बहुतरा	739	1320	2059
17	23,09,09 / 47937	77500	जय माँ नक ,भवानी ईट उद्योग बचौरा	1736	3100	4836
18	12,10,09 / 47940	34080	दिनेश बिल्डिग मैटे0 बहुतरा	763	1363	2126
19	11,1,10 / 066489	71000	जय श्री ईट उद्योग दाँदूपुर	1590	2840	4430
20	9,1,10 / 051478	46150	जय श्री ईट उद्योग दाँदूपुर	1034	1846	2880
21	29,1,10 / 057369	127800	जय श्री ईट उद्योग दाँदूपुर	2863	5112	7975
22	19,2,10 / 57373	35500	जय श्री ईट उद्योग दाँदूपुर	795	1420	2215
23	25,2,10 / 57375	62125	जय श्री ईट उद्योग दाँदूपुर	1392	2485	3877
24	21,1,10 / 51480	71000	जय श्री ईट उद्योग दाँदूपुर	1590	2840	4430
25	29,1,10 / 57365	105612	जय श्री ईट उद्योग दाँदूपुर	2366	4224	6590
26	1,12,09 / 51467	92300	जय श्री ईट उद्योग दाँदूपुर	2068	3692	5760
27	6,1,10 / 51471	21300	जय श्री ईट उद्योग दाँदूपुर	477	852	1329
28	13,10,09 / 51463	31082	जय श्री ईट उद्योग दाँदूपुर	696	1243	1939
29	6,1,10 / 51473	8562	पाण्डे ब्रदर्स बि0 मैटेरियल,	192	342	534
30	6,1,10 / 51472	24778	गणेश ईट भट्टा कौवाड़ाह	555	991	1546
31	22,3,10 / 57377	31550	जय श्री ईट उद्योग सोनपुरवा, अनेई	707	1262	1969
32	22,3,10 / 57376	18400	पाण्डे ब्रदर्स बि0 मैटेरियल,चंगवार	412	736	1148
33	30,12,09 / 51469	17500	दिनेश बिल्डिग मैटे0 बहुतरा	392	700	1092
34	30,12,09 / 51468	63100	जय माँ नक, भवानी ईट उद्योग बचौरा	1413	2524	3937
35	21,1,10 / 57362	47020	दिनेश बिल्डिग मैटे0 बहुतरा	1053	1881	2934
36	21,1,10 / 57361	17913	जय माँ नक ,भवानी ईट उद्योग बचौरा	401	717	1118
37	1,1,10 / 66488	71000	जय श्री ईट उद्योग दाँदूपुर	1590	2840	4430
38	13,1,10 / 51476	30675	जय श्री ईट उद्योग दाँदूपुर	690	1227	1917
	योग	**1936588**		**43379**	**77466**	**120845**

प्रस्तर – 129

दिनांक 1–4–09 को ग्रांट 3 अनुसार ग्रामीण जल आपुर्ति मद में प्रा0 शेष रू0 8763.00 दर्शित है। वर्ष में प्राप्त शून्य रहा। ग्राट 2 अनुसार 15 उक्त धन दिनांक 15–08–09 को खाता संख्या 26055 में (जो श्री राम जी सिंह, ग्रा0वि0अ0 का है) हस्तांतरित किया गया है तत्पचात उक्त मद को शून्य दर्शित किया गया है। उक्त धनराशि की

हस्तांतरण का उद्देश्य/समायोजन प्रमाणक/पत्रावली ले0प0 में बार–बार मांगने के बावजूद सुलभ नही रहा। उक्त स्थिति में उक्त भुगतान आधारहिन रहा। जिसके लिए तत्कालीन ख0वि0अधि0 श्री अतुल कुमार मिश्रा व लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

प्रस्तर – 130

वर्ष 09–10 के ग्राण्ट 3 रजि0 पर वी0 पी0 एल0 कन्टीजेन्सी मद का कोई विवरण अंकित नही है। परन्तु वर्ष 09–10 के ग्राण्ट 2 रजि0 की जाँच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि उक्त मद का रु0 1457,00 दिनांक 29–05–08 तक अवशेष ग्राण्ट 2 पर दर्शित है। उक्त अवशेष धन को ग्राण्ट 3 के प्रा0 शेष में 1–4–09 को क्यों नही अंकित किया गया अज्ञात रहा। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि मार्च 2009 का ग्राण्ट 3 रजि0 देखने से ज्ञात हुआ कि मार्च 09 में उक्त धनराशि व्यय दर्शाकर 31–03–09 को उक्त मद का अवशेष शून्य दर्शित किया गया है। जबकि ग्राण्ट 2 रजि0 पर उक्त धनराशि के व्यय का कोई विवरण अंकित नही है। उक्त स्थिति में उक्त धन का व्यय आधारहीन रहा। जिसकी ब्याज सहित वसूली तत्कालीन लेखाकार श्री रविन्द्रनाथ सिंह व खण्ड विकास अधिकारी श्री अतुल मिश्रा से संयुक्त रुप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर – 131

दिनांक 01.04.09 को ग्राण्ट 3 रजि0 अनुसार आदर्श जलाशय मद में रु0 13900,00 प्रा0 शेष दर्शित है। वर्ष में प्राप्त शून्य रहा। दिनांक 12–08–09 को चेक संख्या 66487 द्वारा रु0 13900,00 का भुगतान श्री रामराज प्रसाद (ग्रा0वि0अ0) को बेलवा तालाब हेतु किया गया है। जो ग्राण्ट 2 पर अंकित है परन्तु उक्त भुगतान यु0बी0आई0 कठिराँव खाता संख्या 41392010013971 से उक्त चेक द्वारा नगद किया गया परन्तु किसे किया गया यह पासबुक से स्पष्ट नही होता है परन्तु उक्त भुगतान से सम्बधित पत्रावली/ समायोजन प्रमाणक ले0प0 में सुलभ नही रहा जिस कारण उक्त भुगतान की पुष्टि नही की जा सकी। जिसके लिए तत्कालीन लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह व ख0वि0अ0 श्री अतुल मिश्रा संयुक्त रुप से उत्तरदायी है। ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

प्रस्तर – 132

वर्ष 2009–10 में विधायक निधि मद से ग्राण्ट 2 अनुसार निम्न अनुसार भुगतान दर्शित है।

क0 सं0	दिनांक/चेक संख्या	भुगतान प्राप्त कर्ता	धनराशि
1	6.5.09./85868	श्री ओमप्रकाश, ग्रा0वि0अ0	18660.00
2	6.5.09/85870	शिवम बिल्डिंग मैटेरियल	46697.00
3	21.5.09/85872	श्री विरेन्द्र कुमार ग्रा0वि0अ0	41049.00
4	25.6.09/46844	शिवम बिल्डिंग मैटेरियल	38083.00
5	25.6.09/46845	श्री ओमप्रकाश, ग्रा0वि0अ0	8560.00
6	3.11.09/49300	श्री ओमप्रकाश, ग्रा0वि0अ0	7431.00
		योग	**160180.00**

उक्त भुगतान रु0 160180,00 के सापेक्ष समायोजन प्रमाणक/पत्रावली बार–बार मौखिक व लिखित रुप से मांगने के बावजूद ले0प0 में सुलभ नही कराया गया जिस कारण उक्त भुगतान की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः धनराशि अपुष्ट व अप्रमाणित रहा। जिसके लिए तत्कालीन लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह व ख0वि0अ0 श्री अतुल मिश्रा संयुक्त रुप से उत्तरदायी है। जाँचोपरान्त उचित कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 133

वर्ष 2009–10 में पुँजीगत विकास मद से ग्राण्ट 2 अनुसार निम्न विवरण अनुसार भुगतान किया गया है।

क0सं0	दिनांक/चेक संख्या	भुगतान प्राप्त कर्ता	धनराशि
1	1.4.09/085855	श्री हुबलाल,ग्रा0प0अ0,बेलवानाली निर्माण	31140.00
2	1.4.09/085856	ओम ब्रिक फील्ड़, बेलवानाली निर्माण	21862.00
3	1.4.09/085857	श्री हुबलाल,ग्रा0प0अ0,बेलवानाली निर्माण	32785.00
4	1.4.09/085858	मं दुर्गा आर0सी0सी0स्पन पाईप बेलवानाली निर्माण	77572.00
5	5.4.09/085864	श्री हुबलाल,ग्रा0प0अ0,बेलवानाली निर्माण	22440.00
6	5.4.09/085865	त्रिपाठी हार्डवेयर स्टोर बेलवानाली निर्माण	37470.00
7	5.4.09/085866	ओम ब्रिक फील्ड़, बेलवानाली निर्माण	39175.00
8	15.5.09/085871	सुनीता आर0सी0सी0पाईप उघेग बेलवानाली निर्माण	92428.00
9	17.8.09/46853	श्री हुबलाल,ग्रा0प0अ0,बेलवानाली निर्माण	49950.00
10	17.8.09/46854	ओम ब्रिक फील्ड़, बेलवानाली निर्माण	19800.00
11	17.8.09/46855	त्रपाठी हार्डवेयर स्टोर बेलवानाली निर्माण	59040.00
12	17.8.09/46856	सुनीता आर0सी0सी0पाईप उद्योग बेलवानाली निर्माण	8775.00
		योग	**492437.00**

उक्त भुगतान रु0 492437,00 के सापेक्ष समायोजन प्रमाणक/पत्रावली/पुष्टिकारक अभिलेख ले0प0 में बार बार मौखिक व लिखित रुप से मांगने पर सुलभ नही कराया गया। जिस कारण उक्त भुगतान अनियमित रहा। जिसके

लिये तत्कालीन लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह व ख0वि0अ0 श्री अतुल मिश्रा उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर – 134

दिनांक 20–06–09 को राज्य वित्त मद से रु0 4000,00 का भुगतान चेक संख्या – 34717 द्वारा श्री रामराज प्रसाद ग्राम विकास अधिकारी को बहुतरा नाली निर्माण हेतु किया गया है जो ग्राण्ट 2 रजि0 पर अंकित है परन्तु उक्त कार्य से सम्बधित पत्रावली की जाँच में उक्त भुगतान से सम्बधित कोई विवरण सुलभ नही रहा। उक्त स्थिति में उक्त भुगतान की पुष्टि नही की जा सकी। जिसके लिए तत्कालीन लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह व ख0वि0अ0 श्री अतुल कुमार मिश्रा संयुक्त रुप से उत्तरदायी है।

प्रस्तर – 135

वर्ष 2009–10 में नरेगा कन्टीजेन्सी से निम्न भुगतान में अनेक कमियाँ पायी गयी है। भुगतान का विवरण निम्न अनुसार है।

क0सं0	दिनांक/चेक संख्या	भुगतान प्राप्त कर्ता	धनराशि	अन्य विवरण
1	28.4.09/85867	विनोद कु0 कैशियर	2000	नगद भुगतान
2	21.5.09/85884	विनोद कु0 कैशियर	8756	नगद भुगतान
3	4,6,09/85884	विनोद कु0 कैशियर	4979	नगद भुगतान
4	24,6,09/46841	विनोद कु0 कैशियर	2000	नगद भुगतान
5	24,6,09/46842	विनोद कु0 कैशियर	4237	नगद भुगतान
6	6,8,09/46846	विनोद कु0 कैशियर	4210	नगद भुगतान
7	20,8,09/46851	विनोद कु0 कैशियर	6263	नगद भुगतान
8	20,8,09/46858	विनोद कु0 कैशियर	5052	नगद भुगतान
9	4,9,09/49281	विनोद कु0 कैशियर अग्रिम	4000	नगद भुगतान
10	9,9,09/49282	विनोद कु0 कैशियर जनरेटर	1906	नगद भुगतान
11	25,9,09/49288	विनोद कु0 कैशियर जीप मरम्मत	755	नगद भुगतान
12	5,10,,09/49289	विनोद कु0 कैशियर पीओएल आफिस	4000	नगद भुगतान
13	5,10,09/49290	विनोद कु0 कैशियर जनरेटर	4620	नगद भुगतान
14	5,10,09/49291	स्टेशनरी	16784	–––
15	13,10,09/49294	स्टेशनरी	3876	नगद भुगतान
16	13,10,09/49295	विनोद कुमार कैशियर डीजल	866	नगद भुगतान
17	17.11.09/49304	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	3411	नगद भुगतान
18	17.11.09/49305	विनोद कुमार कैशियर पीओएल.	2000	नगद भुगतान
19	04.12.09/49307	दी स्टेशनरी सिस्टम	307	–––
20	04.12.09/49309	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	1104	नगद भुगतान
21	04.12.09/49311	विनोद कुमार कैशियर पीओएल	2000	नगद भुगतान
22	08.12.09/49312	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	3000	नगद भुगतान
23	08.12.09/49313	विनोद कुमार कैशियर डीजल	867	नगद भुगतान
24	23.12.09/49316	महेन्द्र प्रताप जीप चालक पीओएल	2000	नगद भुगतान
25	23.12.09/49317	विनोद कुमार कैशियर डीजल	1041	नगद भुगतान
26	31.12.09/49320	विनोद कुमार कैशियर पीओएल	2000	नगद भुगतान

27	19.01.10 / 56243	विनोद कुमार कैशियर पीओएल	2000	नगद भुगतान
28	21.01.10 / 56246	दी स्टेशनरी सिस्टम	4712	———
29	21.01.10 / 56247	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	10907	नगद भुगतान
30	01.02.10 / 56248	विनोद कुमार कैशियर पीओएल	2000	नगद भुगतान
31	01.02.10 / 56249	विनोद कुमार कैशियर	2429	नगद भुगतान
32	05.03.10 / 56257	विनोद कुमार कैशियर पीओएल	2000	नगद भुगतान
33	05.03.10 / 56260	विनोद कुमार कैशियर	6511	नगद भुगतान
34	09.03.10 / 56262	विनोद कुमार कैशियर	2239	नगद भुगतान
35	19.03.10 / 56263	विनोद कुमार कैशियर पीओएल	2000	नगद भुगतान
36	22.03.10 / 56268	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	5577	नगद भुगतान
		योग	**132409**	

निम्न कमियाँ पायी गयी :—

1— सभी भुगतान (क्र0सं0 14,15,19,28 को छोड़कर) विनोद कुमार कैशियर द्वारा नगद प्राप्त किया गया है।

2— ले0 प0 में स्टेशनरी स्टॉक रजि0 अप्राप्त रहा।

3— जीप व जनेरटर का लाग बुक सुलभ नही रहा।

उक्त तथ्यों के आधार पर व्यय रु0 132409 की सत्यता प्रमाणित नही कि जा सकी व्यय अपुष्ठित व अप्रमाणित रहा व साथ साथ अधिकांश भुगतान नियम विरुद्व किया गया, जो मनमानेपन का द्योतक है। जिसका दायित्व तत्कालिन ख0 वि0 अ0 श्री अतुल मिश्रा लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह व श्री विनोद कुमार कैशियर पर निर्धारित किया गया है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर — 136

वर्ष 09—10 में राज्य वित्त व 12 वाँ वित्त योजना अंर्तगत क्षेत्र पंचायत बड़ागाँव द्वारा निर्माण कार्य हेतु व्यय किये गये धन कुल रु0 1936588,00 के सापेक्ष क्रय किये गये सामग्री (ईट, सीमेन्ट, बालु, स्पन पाइप आदि) (विस्तृत विवरण आपत्ति संख्या 1 में अंकित है) से संबधित प्रमाणक की जाँच में निम्न गंभीर आपत्तियां पायी गयी।

1— सामग्री की आपूर्ति क्षे0 पं0 एवं जि0 पं0 निर्माण नियमावली 1984 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत संबधित फर्म का टेन्डर /कोटेशन स्वीकृत कर उससे जमानत की धनराशि जमा कर ही आपूर्ति आदेश क्षे0 पं0 के नियोक्ता एवं निर्माण समिति के प्रस्ताव /आदेशानुसार नही दिया गया है, स्पष्ट है कि सामग्री क्रय में विधिक प्रक्रिया का अभाव रहा और इकाई द्वारा मनचाहे फर्म से आधारहीन बिल/रसीद प्राप्त कर भुगतान कर राजकीय धन का दुरुपयोग फर्म की मिलीभगत से किया गया है।

2— भुगतान धन की पुष्टि में आपूर्तिकर्ता फर्म /संस्था द्वारा निधिवार चालान के साथ बिल जारी नही किया गया बल्कि भुगतान की पुष्टि में आधारहीन पर्चा लगा है जिस पर संस्था का टिन नम्बर भी नही है। चालान के अभाव में यह स्पष्ट नही हो पाया कि संबधित फर्म द्वारा संबधित सामग्री किस साधन से (किस न0 की ट्रक/ट्राली) निर्माण स्थल पर आपूर्ति कि गयी है। स्पष्ट है कि चालान के अभाव में माल प्राप्ति की पुष्टि नही होती, जिससे आपुर्ति आधारहीन रही।

3—क्रय सामग्री के आमद की पुष्टि में संस्था द्वारा स्टॉक रजि0 भी तैयार कर नही रखा गया है।

4— बिलो से सेल्स टैक्स व आयकर की कटौती नियमानुसार नही की गयी है। (विस्तृत विवरण आपत्ति संख्या 3 में अंकित है।) स्पष्ट है कि बिक्री की रसीदे सेल्स टैक्स विभाग में दर्ज नही कराई गयी है। इस प्रकार आधारहीन बिल के आधार पर भुगतान कर गंभीर अनियमितता की गयी है।

उक्त बिन्दुओं के आलोक में संस्था द्वारा किये गये सामानों के क्रय एवं अमद की पुष्टि नही की जा सकी। इस प्रकार वर्ष 09—10 में कुल रु0 1936588,00 का सामग्री क्रय के नाम पर किया गया भुगतान अनियमित रहा। जिसकी ब्याज सहित वसूली तत्कालीन ख0 वि0 अ0 व लेखाकार से संयुक्त रुप से कि जानी अपेक्षित है। प्रकरण विभाग के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाता है।

प्रस्तर — 137

दिनांक 22—07—19 को राज्य वित्त मद से रु0 35600,00 चेक संख्या 34720 द्वारा श्री विनोद कुमार कैशियर को यात्रा भत्ता का नगद भुगतान किया गया है जो ग्राण्ट 2 रजि0 व बैंक पासबुक खाता संख्या 9253(यु0 बी0 आई0 बड़ागाँव) से पुष्ट है। परन्तु ले0प0 में उक्त भुगतान से संबधित यात्रा देयक बिल/पुष्टिकरण प्रमाण पत्र सुलभ नही रहा। उक्त स्थिति में उक्त भुगतान आधारहीन रहा जिसके लिए तत्कालीन ख0 वि0 अ0 श्री अतुल मिश्रा, लेखाकार श्री

रविन्द्र नाथ सिंह व कैशियर विनोद कुमार उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

वर्ष 2010–11

प्रस्तर – 138

लेखा परीक्षा में उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर क्षेत्र पंचायत द्वारा वर्ष 2010.11 में राज्य वित्त 12वां वित्त व 13 वां वित्त द्वारा निम्न विवरण अनुसार उसके सम्मुख लिखी धन संबधित फर्मो को कुल रू0 2361129.00 का भुगतान सामग्री क्रय हेतु किया गया है। परन्तु उनके बिक्री से नियमों के अन्तर्गत 4% एस टी. रू0 94444.00 तथा 2.24% आइ टी रू0 52889.00 कुल रू0 147333.00 की कटौती नही की गयी है। जबकि नियमानुसार कटौती कर चालान द्वारा राजकीय कोषागार में जमा कराया जाना अपेक्षित था। ऐसा न कर राजकीय राजस्व की क्षति पहुंचायी गयी है। जिसके लिए तत्कालीन लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह व ख0वि0अ0 श्री अतुल मिश्रा एवं श्री राजीत राम मिश्रा संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। भुगतान धन का फर्मवार निम्नवत है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

क्र.सं.	दिनांक/ चेक संख्या	भुगतान धन	फर्म का नाम	आयकर 2.24%	बिक्री कर 4%	योग
1	31.5.10/ 68958	44850	जय श्री ईट उद्योग, सोनपुरवा	1005	1794	2799
2	31.5.10/ 68958	69750	पवन बिल्डिंग मैटेरियल, बहुतरा	1562	2790	4352
3	16.6.10/ 68968	37655	पवन बिल्डिंग मैटेरियल, बहुतरा	843	1506	2349
4	16.6.10/ 68969	24655	जय श्री ईट उद्योग, सोनपुरवा	552	986	1538
5	28.8.10/ 68998	36000	जय श्री ईट उद्योग, सोनपुरवा	806	1440	2246
6	28.8.10/ 68999	23150	पवन बिल्डिंग मैटेरियल, बहुतरा	519	926	1445
7	08.9.10/ 3665	45485	पवन बिल्डिंग मैटेरियल, बहुतरा	1019	1819	2838
8	08.9.10/ 3666	42120	जय श्री ईट उद्योग, सोनपुरवा	943	1685	2628
9	06.7.10/ 68973	42300	पाण्डेय ब्रदर्स बिल्डिंग मै0 चंगवार	948	1692	2640
10	06.7.10/ 68974	39300	गणेश ईंट भट्ठा कौवाड़ाड	880	1572	2452
11	19.8.10/ 68988	21725	गणेश ईंट भट्ठा कौवाड़ाड	487	869	1356
12	19.8.10/ 68989	14105	पाण्डेय ब्रदर्स बिल्डिंग मै0 चंगवार	316	564	880
13	16.11.10/ 3669	22985	पाण्डेय ब्रदर्स बिल्डिंग मै0 चंगवार	515	919	1434
14	8.7.10/ 68976	21300	गणेश ईंट भट्ठा कौवाड़ाड	477	852	1329
15	05.8.10/ 68980	49700	गणेश ईंट भट्ठा कौवाड़ाड	1113	1988	3101
16	19.8.10/ 68991	58575	जय श्री ईट उद्योग, दॉदूपुर	1312	2343	3655
17	17.11.10/ 3673	65320	जय श्री ईट उद्योग, दॉदूपुर	1463	2613	4070
18	28.5.10/ 68954	127800	गणेश ईंट भट्ठा कौवाड़ाड	2863	5112	7975
19	19.8.10/ 68993	39050	गणेश ईंट भट्ठा कौवाड़ाड	875	1562	2437
20	16.11.10/ 3671	48635	गणेश ईंट भट्ठा कौवाड़ाड	1089	1945	3034

21	17.2.11 / 3677	177500	शिव ईट भण्डार पतेर वाराणसी	3976	7100	11076
22	24.2.11 / 3681	177500	जय श्री ईट उद्योग, दॉदूपुर	3976	7100	11076
23	08.3.11 / 3689	106500	जय श्री ईट उद्योग, दॉदूपुर	2386	4260	6646
24	17.11.10 / 3675	25650	पवन बिल्डिंग मैटेरियल, बहुतरा	575	1026	1601
25	17.2.11 / 3678	27750	जनता आयरन स्टोर्स विसदकोट	622	1110	1732
26	17.2.11 / 3679	30900	जय श्री ईट उद्योग, दॉदूपुर	692	1236	1928
27	17.2.11 / 3680	256515	अमित कंक्रिट उ0 सोनारपुरा वाराणसी	5746	10261	16007
28	24.2.11 / 3684	35400	मूरती ईंट उद्योग कुसुमरा	793	1416	2209
29	16.06.10 / 68964	19800	पाण्डेय ब्रदर्स बिल्डिंग मै0 चंगवार	444	792	1236
30	16.06.10 / 68965	71357	सागर त्ब्स्पन पाईप उ0 मधुवन	1598	2854	4452
31	16.06.10 / 68966	10500	गणेश ईंट भट्ठा कौवाड़ाड	235	420	655
32	19.8.10 / 68995	13530	जय श्री ईट उद्योग, सोनपुरवा	303	541	844
33	19.8.10 / 68996	10397	रामजी वि0 मै0 नयेपुर	233	416	649
34	16.3.11 / 3692	148101	अमित कंक्रिट उ0 सोनारपुरा वाराणसी	3317	5924	9241
35	24.10.11 / 19268	23515	अमित कंक्रिट उ0 सोनारपुरा वाराणसी	527	941	1468
36	31.5.10 / 65957	52100	पाण्डेय ब्रदर्स बिल्डिंग मै0 चंगवार	1167	2084	3251
37	31.5.10 / 65956	24900	गणेश ईंट भट्ठा कौवाड़ाड	558	996	1554
38	08.9.10 / 3661	22617	गणेश ईंट भट्ठा कौवाड़ाड	507	905	1412
39	08.9.10 / 3662	25437	पाण्डेय ब्रदर्स बिल्डिंग मै0 चंगवार	570	1017	1587
40	27.6.10 / 68970	32100	जय श्री ईट उद्योग, सोनपुरवा	719	1284	2003
41	27.6.10 / 68971	17250	पाण्डेय ब्रदर्स बिल्डिंग मै0 चंगवार	386	690	1076
42	14.6.10 / 68961	42850	पाण्डेय ब्रदर्स बिल्डिंग मै0 चंगवार	960	1714	2674
43	14.6.10 / 68962	39300	गणेश ईंट भट्ठा कौवाड़ाड	880	1572	2452
44	19.8.10 / 68985	17135	जय श्री ईट उद्योग, सोनपुरवा	384	685	1069
45	19.8.10 / 68986	27115	पाण्डेय ब्रदर्स बिल्डिंग मै0 चंगवार	607	1085	1692
46	18.5.10 / 68951	23250	गणेश ईंट भट्ठा कौवाड़ाड	521	930	1451
47	18.5.10 / 68952	27700	पाण्डेय ब्रदर्स बिल्डिंग मै0 चंगवार	620	1108	1728
		2361129		**52889**	**94444**	**147327**

प्रस्तर – 139

वर्ष 2010–11 में विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि मद में ग्राण्ट II रजिस्टर पर निम्न अनुसार भुगतान का विवरण अंकित है।

क.सं.	दिनांक / चेक संख्या	भुगतान प्राप्तकर्ता	धनराशि
1	25.06.10 / 68383	शिवम बिल्डिंग मै0 हाल का फर्श	20583.00
2	25.06.10 / 68384	ओमप्रकाश ग्रा0वि0अ0, हाल का फर्श	8986.00
3	16.11.10 / 74250	अमित कंक्रिट उद्योग	121490.00
4	01.12.10 / 05849	दीक्षित बिल्डिंग मैटेरियल	17150.00
5	01.12.10 / 05850	मनोज कुमार सिंह ग्रा0पं0अ0	10800.00
		योग	**179009.00**

उक्त भुगतान रू 179009.00 के सापेक्ष पत्रावली / भुगतान प्रमाणक बार–बार मौखिक व लिखित रूप में मॉगने के बावजूद ले0प0 में सुलभ नहीं रहा जिस कारण उक्त मद का सम्पूर्ण व्यय अपुष्ट व अप्रमाणित रहा। जिसके लिए तत्कालीन लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह व ख0वि0अ0 श्री अतुल मिश्रा व श्री राजीत राम मिश्रा संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर – 140

वर्ष 2010–11 में बूथ निर्माण एवं खान–पान व्यवस्था पर रू 61760.00 का भुगतान ग्राण्ट II रजिस्टर पर निम्न अनुसार दर्शित है।

क.सं.	दिनांक	भुगतान प्राप्तकर्ता	धनराशि	अन्य
1	26.10.10	श्री विनोद कुमार कैशियर	15000.00	नकद भुगतान
2	28.10.10	श्री रविन्द्र नाथ सिंह, लेखाकार	11000.00	नकद भुगतान
3	21.02.11	श्री रविन्द्र नाथ सिंह, लेखाकार	11840.00	नकद भुगतान
4	08.03.11	श्री विनोद कुमार कैशियर	23920.00	नकद भुगतान
		योग	**61760.00**	

उक्त भुगतान के सापेक्ष ले0प0 में भुगतान प्रमाणक / पत्रावली / पुष्टीकारक अभिलेख बार–बार मौखिक व लिखित रूप से मांगने के बावजूद उपलब्ध नहीं कराया गया जिस कारण उक्त भुगतान आधारहीन रहा। जिसके लिए तत्कालीन लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह, ख0वि0अ0 श्री अतुल मिश्रा व श्री राजीत राम मिश्रा व भुगतान प्राप्तकर्ता श्री विनोद कुमार कैशियर व श्री रविन्द्र नाथ लेखाकार संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर – 141

दिनांक 31.03.11 को चेक सं0 12008 (वाहक चेक) द्वारा रू 15000.00 बी0के0 दास एण्ड ब्रदर्स को जमानत का धन वापस किया गया है। जो ग्राण्ट II पर अंकित है। परन्तु भुगतान के सापेक्ष जमानत पंजी, पत्रावली, पुष्टीकारक प्रमाण पत्र ले0प0 में सुलभ नहीं रहा। उक्त संस्था से उक्त जमानत किस कार्य हेतु लिया गया था अज्ञात रहा, क्योंकि ले0प0 समय उक्त संस्था का कोई प्रमाणक जॉचे गये पत्रावली में सुलभ नहीं रहा। उक्त स्थिति में उक्त भुगतान अपुष्ट व अप्रमाणित रहा। जिसकी ब्याज सहित वसूली तत्कालीन लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह व ख0वि0अ0 श्री राजीत राम मिश्रा संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर – 142

दिनांक 14.06.10 को राज्य वित्त मद से चेक संख्या 68960 द्वारा रू 3000.00 का भुगतान सोनपुरवा सा0सह0समिति के नाम ग्राण्ट II पर अंकित है। उक्त भुगतान के सापेक्ष पत्रावली / बाउचर ले0प0 में प्रस्तुत नहीं रहा। बैंक पासबुक यू0बी0आई0 खाता संख्या 09253 की जॉच से ज्ञात हुआ कि उक्त भुगतान श्री रामजी सिंह को किया गया। उक्त स्थिति में उक्त भुगतान की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। जिसके लिए तत्कालीन लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह व ख0वि0अ0 श्री अतुल मिश्रा संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर – 143

दिनांक 02.07.10 को 12वॉ वित्त मद से रू 10000.00 चेक संख्या 68979 द्वारा श्री विनोद कुमार कैशियर को भुगतान ग्राण्ट II पर दर्शित है। उक्त भुगतान का उद्देश्य अज्ञात रहा व भुगतान के सापेक्ष पत्रावली / पुष्टिकारक प्रमाणक अप्राप्त रहा। उक्त स्थिति में उक्त भुगतान धन अपुष्ट रहा। जिसका दायित्व तत्कालीन लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह ख0वि0अ0 व श्री अतुल मिश्रा व विनोद कुमार कैशियर का रहा। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर – 144

दिनांक 24.07.10 को 12वॉ वित्त मद से रू 40000.00 नरेगा कन्टीजेन्सी मद में हस्तांतरण कर विविध मद में व्यय किया गया है जिसकी पुष्टि ग्राण्ट II रजिस्टर से की गयी है। उक्त हस्तांतरण पूर्णतया नियमों के परे व धन का

दुरूपयोग रहा। क्योंकि 12वॉं वित्त का धन नरेगा कन्टीजेन्सी में हस्तांतरण नियम विरूद्ध है। जिसके लिए तत्कालीन लेखाकार श्री रविन्द्र नाथ सिंह व ख0वि0अ0 श्री अतुल मिश्रा संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

<u>प्रस्तर – 145</u>

वर्ष 2010–11 में निम्न तिथियों में मनरेगा प्रशासनिक मद से विविध मदों में व्यय किया गया है। विवरण निम्नवत् है :–

क.सं.	दिनांक/चेक संख्या	प्राप्तकर्ता/उद्देश्य	धनराशि
1	01.04.10/56271	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	4627.00
2	13.04.10/56274	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	5039.00
3	29.04.10/56275	श्री महेन्द्र प्रताप, पीओएल	2000.00
4	30.04.10/56276	विनोद कुमार कैशियर, जेनरेटर डीजल	2240.00
5	10.05.10/56278	विनोद कुमार कैशियर, अग्रिम	2000.00
6	11.05.10/56279	विनोद कुमार कैशियर, कंटीजेंसी	5348.00
7	21.05.10/68367	विनोद कुमार कैशियर, अंकित नहीं	2000.00
8	28.05.10/68369	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	5074.00
9	31.05.10/68371	विनोद कुमार कैशियर डीजल जनरेटर	2000.00
10	31.05.10/68372	विनोद कुमार कैशियर डीजल जनरेटर	2000.00
11	14.06.10/68374	महेन्द्र प्रताप,जीप चालक/जीप मरम्मत	2380.00
12	14.06.10/68375	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	7817.00
13	18.06.10/68380	महेन्द्र जीप चालक/ पीओएल	2000.00
14	24.06.10/68382	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	10614.00
15	28.06.10/68388	महेन्द्र प्रताप,जीप चालक/जीप मरम्मत	1409.00
16	29.06.10/68389	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	2486.00
17	08.07.10/68391	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	6460.00
18	23.07.10/68394	महेन्द्र जीप चालक	1000.00
19	23.07.10/68395	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	2000.00
20	24.07.10/68399	स्टेशनरी	12808.00
21	24.07.10/68400	विनोद कुमार कैशियर कंटीजेंसी	8567.00
22	26.07.10/074201	वरूणा आटो गैरेज जीप मरम्मत	30329.00
23	06.08.10/74203	महेन्द्र जीप चालक/ पीओएल	2000.00
24	06.08.10/74204	कैलाश कुमार एन.आर.ई.पी/जनरेटर	1980.00
25	06.08.10/74205	कैलाश कुमार एन.आर.ई.पी/जनरेटर	2000.00
26	20.08.10/74211	कैलाश कुमार एन.आर.ई.पी/जनरेटर	1965.00
27	31.08.10/74212	महेन्द्र जीप चालक/ पीओएल	2000.00
28	09.09.10/74217	कैलाश कुमार/जनरेटर तेल	3477.00
29	09.09.10/74218	कैलाश कुमार/स्टेशनरी	695.00
30	20.09.10/74221	महेन्द्र जीप चालक/ पीओएल	1000.00
31	21.09.10/74222	कैलाश कुमार एन.आर.ई.पी/जनरेटर	1228.00
32	27.09.10/74224	महेन्द्र प्रताप, जीप चालक/अंकित नहीं	2000.00
33	27.09.10/74225	विनोद कुमार कैशियर जनरेटर	1383.00
34	01.10.10/74226	कैलाश कुमार एन.आर.ई.पी/जनरेटर	2096.00
प्रस्तर–136–आलोच्य वर्ष 2016–17 में पंचायत कोष से विभिन्न तिथियों में मैसर्स महेंद्र प्रताप सिंह कांट्रेक्टर को सामग्री आपूर्ति हेतु भुगतान किया जाना दर्शित है जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

क्र०सं०	दिनांक	चेक संख्या	धनराशि
1	22.12.16	457451	259000
2	22.12.16	457440	300000
3	22.02.16	457458	116519
4	22.02.16	457459	736153
5	22.02.16	457460	336933
6	18.03.17	466711	1009000
	योग	**2757605**	

जबकि शासनादेश संख्या ए–1–864/दस–08–15(1)/86 दिनांक 23,09.18 जो वित्त (लेखा) अनुभाग–1 द्वारा जारी के क्रम में रु० 100000 की निर्माण सामग्री क्रय से पूर्व निविदा (टेंडर) आमंत्रित करना अनिवार्य है। परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा निविदा आमंत्रित न कर मनचाही फर्म से निर्माण सामग्री क्रय कर पंचायत कोष को क्षति कारित किया गया । जिसके दोषीगण ग्राम पंचायत प्रधान श्रीमती सर्वेश देवी व ग्राम पंचायत सचिव श्री अनिल कुमार दिवाकर से ब्याज सहित वसूली की कार्यवाही अपेक्षित है । **(आपत्ति सं०–14)**

वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2016–17

संस्था का नाम – ग्राम पंचायत जनपद एटा मण्डल – अलीगढ़

ग्राम पंचायत रसूलपुर, विकास खण्ड सकीट, जिला एटा।

प्रस्तर 01 :–वर्ष 2015–16 में दिनांक 21.08.2015 को कैशबुक में की गयी प्रविष्टियों के आधार पर सचिव/प्रधान पर 31.08.2015 को अन्तिम शेष नकद धनराशि 5600.00 रूपये होनी चाहिए थी। किन्तु उक्त धनराशि को कैशबुक मे नकद के रूप में नहीं दर्शाया गया जिससे ग्राम पंचायत को रू0 5600/– की क्षति हुई। अतः धनराशि रू0 5600.00 को प्रधान रामरतन व सचिव दिनेश मिश्रा से समान रूप से ब्याज सहित वसूल की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत नाजिरपुर, विकास खण्ड सकीट, जिला एटा।

प्रस्तर 02 :–वर्ष 2014–15 में दिनांक 21.01.2015 को गनेश मशीनरी को रू0 26000.00 का भुगतान चैक के माध्यम से किया गया किन्तु कैशबुक में 26000.00 रू0 के स्थान पर 49000.00 का व्यय दर्शाया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि उक्त समस्त व्यय रू0 49000.00 फर्जी दर्शाकर ग्राम पंचायत को 23000.00 की क्षति पहुंचायी गयी है ब्याज सहित वसूली प्रधान बालकृष्ण पाठक,सचिव–यगेन्द्र गुप्ता से समान रूप से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत चपरई, विकास खण्ड सकीट, जिला एटा।

प्रस्तर 03 :–वर्ष 2016–17 में सचिव व प्रधान ने पंजाब नेशनल बैंक के खाता संख्या–10019029 (खाता सं0 6) से दिनांक 23.02.2017 को धनराशि रू0 23280.00 का आहरण किया किन्तु उक्त धनराा का कोई भी उल्लेख कैशबुक में दर्ज नहीं किया गया। इस प्रकार धनराशि 23280.00 का उपयोग प्रधान व सचिव ने अपने निजी हित में कर लिया। अतः उक्त धनराशि प्रधान अरूण कुमार,सचिव–संदीप यादव से समान रूप ब्याज सहित वसूलनीय है।

ग्राम पंचायत वाहिदवीवीपुर, विकास खण्ड सकीट, जिला एटा।

प्रस्तर 04 :– वर्ष 2016–17 में दिनांक 23.03.2017 को सचिव/प्रधान के द्वारा धनराशि 50000.00 का चैक द्वारा आहरण किया गया किन्तु उक्त धनराशि का कैशबुक में कोई प्रविष्टि नहीं पायी गयी। उल्लेखनीय है कि उक्त धनराशि का उपयोग प्रधान व सचिव ने अपने निजी हित में कर लिया गया। अतः धनराशि 50000.00 को प्रधान सुरेन्द्र सिंह,सचिव–बलराम से समान रूप से ब्याज सहित वसूल किया जाए।

ग्राम पंचायत पीपल खेड़िया, विकास खण्ड सकीट, जिला एटा।

प्रस्तर 05 :– वर्ष 2015–16 में सचिव/प्रधान के द्वारा दिनांक 23.06.2015 को धनराशि 2300.00 का आहरण किया गया किन्तु सचिव व प्रधान के द्वारा उक्त धनराशि का कैशबुक में प्रविष्टि नहीं किया गया। अतः उल्लेखनीय है कि सचिव व प्रधान ने उक्त धनराशि का उपयोग अपने निजी हित में कर लिया गया। अतः प्रधान मुनेश,सचिव–नवनीत सिंह से समान रूप से ब्याज सहित वसूल किया जाए।

ग्राम पंचायत बरौली, विकास खण्ड शीतलपुर, जिला एटा।

प्रस्तर 06 :–वर्ष 2014–15 में ग्राम निधि खाते से रू0 628352.00 व्यय किया गया किन्तु व्यय से सम्बन्धित कोई भी अभिलेख जैसे कैशबुक प्रमाणक आदि लेखा परीक्षा दौरान उपलब्ध नहीं कराये गये। सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में तैनात रहे ग्राम पंचायत अधिकारियों ने मुझे चार्ज में नहीं दिये है। अतः ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा मैन्युअल के अध्याय–8 के विन्दु 8क के अनुसार किया गया व्यय अपहरण की श्रेणी में आता है जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती कमलेष,सचिव–प्रदीप से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत भागपुर, विकास खण्ड शीतलपुर, जिला एटा।

प्रस्तर 07 :– वर्ष 2016–17 में रू0 12000.00 शौचालय हेतु निकाला गया है परन्तु कैशबुक में अंकित न कर धनराशि का अपहरण किया गया है। जिसके प्रति प्रधान अर्चनादेवी,सचिव–विश्वजीत यादव उत्तरदायी है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत कंसुरी, विकास खण्ड शीतलपुर, जिला एटा।

प्रस्तर 08 :–वर्ष 2016–17 में क्रमशः दिनांक 25.10.2016 को रू0 25000.00 व दिनांक 15.12.2016 को रू0 450000.00 कुल रू0 675000.00 की 30 सोलर लाइट की खरीद निजी फर्म से की गयी जबकि शासनादेश के अनुसार शासकीय कार्य नेडा से खरीद की जानी चाहिए थी। बिना कोटेशन/टेण्डर के समाग्री क्रय करने के सम्बन्ध में इंगित किये जाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा बताया गया कि भविष्य में नियमों का पालन किया जायेगा। अतः प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाता है। इस प्रति प्रधान सुधादेवी ,सचिव–कमलेश उत्तरदायी है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 09 :– वर्ष 2014–15 से 2016–17 में क्रमशः 736800.00 मिट्टी कार्य ट्रेक्टर द्वारा व रू0 213720.00 मस्टररोल द्वारा राज मिस्त्री मजदूरी भुगतान इस प्रकार कुल रू0 950520.00 को भुगतान श्रमिकों व ट्रेक्टर स्वामी को चैक से न करके नकद किया गया जबकि उपरोक्त के बैंक खातों में हस्तान्तरित किया जाना चाहिये। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर 10 :– वर्ष 2015–16 में चौदहवें वित्त के अंतर्गत माह मार्च 2016 में कुल रू0 600077.00 का व्यय हैण्डपम्प मरम्मत, सी0सी0 व नाली पर व्यय किया गया किन्तु व्यय से सम्बन्धित न तो कार्ययोजना ही स्वीकृत करायी गयी और न ही आई0डी0 ही जनरेट करायी गयी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी से स्वीकृती ही ली गयी इस प्रकार रू0600077.00का व्यय कर ग्राम पंचायत को क्षति पहुंचायी गयी जिसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान/सचिव से अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत शिवसिंहपुर उर्फ न0 निजाम, विकास खण्ड शीतलपुर, जिला एटा।

प्रस्तर 11 :– वित्तीय वर्ष 2016–17 में रू0 430000.00 सोलर लाईट की खरीद निजी फर्म से की गयी है जबकि शासनादेश के अनुसार शासकीय फर्म नेडा से खरीद की जानी चाहिए थी। बिना कोटेशन/टेण्डर के सामग्री क्रय के सम्बन्ध में इंगित किये जाने पर ग्राम पंचायत द्वारा बताया गया कि भविष्य में नियमों का पालन किया जायेगा। अतः प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाता है। तथा लेखा परीक्षा दौरान उपरोक्त से सम्बन्धित प्रमाणक भी उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसके प्रति सचिव रामविलास, सचिव–कमलेश उत्तरदायी है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत रजकोट, विकास खण्ड सकीट, जिला एटा।

प्रस्तर 12 :–वित्तीय वर्ष 2014–15 में दिनांक 08.08.2014 को सचिव व प्रधान के द्वारा खाता संख्या 2239 से धनराशि 39000.00 का आहरण किया गया लेकिन सचिव व प्रधान के द्वारा उक्त धनराशि में से केवल 4000.00 रू0 की धनराशि का ही व्यय कैशबुक में प्रविष्ट किया गया है शेष धनराशि 35000.00 का उपयोग अपने निजी हित में कर लिया। अतः उक्त धनराशि 35000.00 की ब्याज सहित वसूली प्रधान उषा देवी,सचिव–धमेन्द्र कुमार से समान रूप से की जाय।

ग्राम पंचायत दलेलपुर, विकास खण्ड सकीट, जिला एटा।

प्रस्तर 13 :–दिनांक 22.06.2014 में लीला ट्रेडस को धनराशि 93000.00 का भुगतान चैक के द्वारा किया गया जब उसी दिनांक में लीला ट्रेडर्स को 148250.00 रू0 की धनराशि का भुगतान व्यय के रूप में दर्शाया गया। प्रधान/सचिव के द्वारा लीला ट्रेडर्स को धनराशि 55250.00 रू0 का अधिक भुगतान कैशबुक में प्रविष्टि करके व्यय पक्ष को पूरा किया गया। धनराशि 55250.00 का अधिक भुगतान किस हेतु किया गया इसका कोई विवरण कैशबुक में नहीं दर्शाया गया। अतः यह प्रतीत होता है कि उक्त धनराशि का सचिव/प्रधान ने अपहरण किया। प्रधान शकुन्तला देवी,सचिव–विगेश से समान राशि में उक्त धनराशि को ब्याज सहित वसूल किया जाए।

प्रस्तर 14 :–दिनांक 27.10.2016 को सचिव/प्रधान के द्वारा चैक संख्या 157 द्वारा ईंट भट्टा को धनराशि 69600.00 का भुगतान किया गया। जिसका ऑडिट के समय इस धनराशि का कोई प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराया गया। अतः उक्त धनराशि को प्रधान/सचिव से समान रूप से ब्याज सहित वसूल किया जाय।

ग्राम पंचायत नगला काजी, विकास खण्ड सकीट, जिला एटा।

प्रस्तर 15 :– वर्ष 2014–15 में दिनांक 31.07.2014 को सचिव व प्रधान के द्वारा बैंक खाते से चैक द्वारा धनराशि रूपये 18500.00 का आहरण किया गया। किन्तु सचिव व प्रधान के द्वारा धनराशि 18500.00 को पंचायत कैशबुक में

प्रविष्टी नहीं किया गया। अतः उक्त धनराशि को प्रधान व सचिव ने अपने निजी हित में उपयोग कर लिया। अतः उक्त धनराशि 18500.00 रू0 प्रधान सर्वेन्द्र कुमारी,सचिव–सत्येन्द्र वर्मा से समान रूप से ब्याज सहित वसूल की जाय।

ग्राम पंचायत निधौली खुर्द, विकास खण्ड सकीट, जिला एटा।

प्रस्तर 16 :–वर्ष 2016–17 में दिनांक 04.10.2016 को सचिव व प्रधान के द्वारा धनराशि रू0 19850.00 का आहरण चैक के द्वारा किया गया परन्तु कैशबुक में 18500.00 रू0 का ही व्यय प्रविष्टि किया गया है। अतः सचिव व प्रधान ने 1350.00 रू0 का उपभोग अपने निजी हित में किया। अतः धनराशि 1340.00 की ब्याज सहित वसूली प्रधान दोजीराम,सचिव–हर्षेन्द यादव से समान रूप से की जाय।

ग्राम पंचायत थरौली, विकास खण्ड सकीट, जिला एटा।

प्रस्तर 17 :–31.12.2016 में सारदा एण्ड सेस के कुल 96849.00 रू0 की सामग्री क्रय की गयी जबकि इसी तिथि में प्रधान/सचिव के द्वारा सारदा एण्ड सेस को 134800.00 रू0 का भुगतान किया गया। रू0 37951.00 का अधिक भुगतान प्रधान/सचिव की वित्तीय अनियमितता को प्रदर्शित कर रहा है। अतः धनराशि 37951.00 प्रधान मुन्नी देवी,सचिव–विमेश कुमार से समान रूप से ब्याज सहित वसूल होना अपेक्षनीय है।

प्रस्तर 18 :–16.01.2017 को विरला इलैक्ट्रीकल को सौर ऊर्जा हेतु धनराशि 7200.00 का भुगतान किया गया जिसका कोई भी प्रमाणक ऑडिट के दौरान उपलब्ध नहीं कराया गया। अतः प्रमाणक अपेक्षनीय है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत खिरिया नगर शाह, विकास खण्ड जैथरा, जिला एटा।

प्रस्तर 19 :–ग्राम पंचायती चुनाव वर्ष में (2015–16) बिना स्वीकृत बजट प्रस्तावों के बिना एस्टीमेट एवं मैपस रखे मनमर्जी अनुसार तत्कालीन ग्राम प्रधान एवं सचिव ने स्वंय एवं विभिन्न पक्षों के नाम चैक्स निर्गत कर पंचायती कोष से निम्न प्रकार भुगतान दर्शाया है, परन्तु उक्त पक्षों से ग्राम पंचायत के हित में क्या सेवा/सामग्री प्राप्त की गई, इसका कोई भी बिल/वाउचर ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध नहीं है, ग्राम पंचायत स्तर पर कराये गये दर्शित कार्यो के लिए निर्माण कार्यो का कोई रजिस्टर भी नहीं रखा गया है कोई एस्टीमेटस एवं मैपस पंचायत स्तर पर भी उपलब्ध नहीं है। समस्त तथ्यों के मद्देनजर यह पंचायती कोष की गम्भीर क्षति का प्रकरण प्रतीत होता है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों प्रधान–राजकुमारी, सचिव–अवधेश से की जानी अपेक्षित है।

क्र0	तिथि	पार्टी नाम	धनराशि
1	04.04.2015	धीरज	30000.00
2	04.04.2015	अहिबरन	30000.00
3	04.04.2015	वर्मा सीमेंट एजेन्सी	100000.00
4	19.06.2015	अहिबरन	25500.00
5	19.06.2015	तिवारी ट्रेडर्स	25500.00
6	20.06.2015	संजय	10000.00
7	20.06.2015	रामबीर	15000.00
8	20.06.2015	रामबीर	3000.00
9	22.06.2015	मुकेश चन्द	31600.00
10	26.06.2015	दिनेश	15000.00
11	27.06.2015	सुधीर	8000.00
12	11.08.2015	रामबीर	25000.00
13	14.08.2015	अहिबरन	29000.00
14	14.08.2015	रामबीर	20000.00
15	17.08.2015	धीरज	25000.00
16	17.08.2015	धूपकली ईंट भट्टा	60000.00
17	18.08.2015	वर्मा सीमेंट एजेन्सी	39000.00
		योग	**491600.00**

प्रस्तर 20 :–दिनांक 27.05.2016 को तिवारी बिल्डिंग मैटीरियल सप्लायर को रू0 15000.00 का भुगतान बाबत कूड़ा गाड़ी क्रय के दर्शाया गया है। यह भुगतान बिना स्वीकृत बजट प्रस्तावों के बिना कुटेशन लिए किया गया है। बिल क्रमांक 173 दिनांक 27.05.2016 से संदिग्ध प्रतीत होता है यह वाउचर यू0पी0वैट रूल्स 2008 के रूल नं0 44, सब रूल–6 का उल्लंघन करता है। बिल्डिंग मैटीरियल सप्लायर से कूड़ा गाड़ी क्रय करना अतार्किक प्रतीत होता है।उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर 21 :–बिना स्वीकृत बजट प्रस्तावों के बिना रूप–पत्र 41 कतिपय निम्न योजनाओं पर कार्य दर्शाकर मस्टररोल पर धनराशि व्यय दर्शायी है, परन्तु भुगतान प्राप्ति की पुष्टि में मस्टर रोल्स न तो श्रमिकों के अंगूठा निशानी है और न ही हस्ताक्षर है।मनरेगा की तर्ज पर श्रमिकों बैंक खातों में एकाउन्ट पेयी चैक के माध्यम से धनराशि भेजी जानी अपेक्षित थी परन्तु ऐसा कुछ भी नहीं किया गया, अतः समस्त धनराशि का अपहरण किया गया है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

क्र0	तिथि	वाउचर संख्या	मस्टर रोल्स धनराशि रू0
1	11.04.2016	4	7000.00
2	11.04.2016	5	5000.00
3	11.04.2016	6	3000.00
4	24.04.2016	8	40000.00
5	17.06.2016	16	5000.00
6	21.06.2016	19	7000.00
7	30.07.2016	26	50000.00
8	30.10.2016	31	50000.00
9	17.11.2016	33	40000.00
10	26.12.2016	35	16800.00
		योग	**223000.00**

प्रस्तर 22 :– बिना स्वीकृत बजट प्रस्तावों के बिना एस्टीमेटस एवं मैपस तैयार कराये, बिना टेण्डर आयेजित किये, 8 इंडिया मार्का हैण्डपम्प दर रू0 20000/–प्रति हैण्डपम्प कुल रू0 160000.00 एवं रू0 40000.00 फिटिंग चार्ज सम्पूर्ण राशि रू0 200000.00 का स्वैच्छिक भुगतान किन्हीं रामदास को दिनांक 10.01.2017 को किया गया है। प्रस्तुत बिल/सेल इन्वॉयस/टैक्स इन्वॉयस यू0पी0बैट रूल्स,2008 के प्रावधानों का उल्लंघन है, जिस पर न क्रमांक है और न बुक नं0 और न ही किसी प्रकार का टैक्स चार्ज का कोई विवरण ही इन्वॉयस पर अंकित किया गया है। ग्राम पंचायत ने बिना जल निगम की सेवायें/मार्गदर्शन के ही बिना जलकर वसूले यह कार्य करना दर्शाया है। दर्शित व्यय वित्तीय अनियमितता तो है ही, साथ ही शासनादेशों का भी उल्लंघन है और यह पंचायती कोष की गम्भीर क्षति/दुर्विनियोग है। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर 23 :– बिना स्वीकृत बजट प्रस्तावों के बिना कुटेशन लिये दिनांक 29.06.2016 को कैशबुक में रू0 24000.00 व्यय फर्नीचर क्रय पर दर्शित है, स्टॉक रजिस्टर में क्रय दर्शित सामान की प्रविष्टि भी नहीं की गयी है। भुगतान नकद दर्शित है, यह मनमाने तरीके से अनियमित ढंग से विकास कार्यो की धनराशि का दुर्विनियोग है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 24 :– कैशबुक में बाउचर सं0 29 दिनांक 14.10.2016 द्वारा रू0 50000.00 का व्यय बाबत हैण्डपम्प की मरम्मत के दर्ज है जिसकी पुष्टि में रामदास मिस्त्री का बिल रक्षित है भुगतान नकद प्राप्ति बाबत बिल पर हस्ताक्षर भी रामदास के है जबकि बैंक स्टेटमेंट अनुसार चैक सं0 21121861 द्वारा किन्ही मुकेश कुमार को भुगतान प्रमाणित है। अतः रक्षित वाउचर कूटरचित (मैनी,पुलेटिड,फोर्जरी) प्रतीत होता है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत नखतपुरा, विकास खण्ड जैथरा, जिला एटा।

प्रस्तर 25 :–दिनांक 30.05.2016 को कैशबुक में प्रमाणक संख्या 3 द्वारा रू0 30000.00 का (बाबत मस्टर रोल पर) श्रमिकों को भुगतान पर व्यय दर्ज है, परन्तु मस्टर रोल पर न तो श्रमिकों का पता/निवास स्थल दर्ज है और न ही भुगतान की पुष्टि में श्रमिकों के अंगूठा निशानी/हस्ताक्षर अंकित है।मनरेगा पद्धति पर मस्टर रोल्स पर दर्शित श्रमिकों के खातो में मजदूरी एकाउन्ट पेई चैक्स द्वारा ट्रांसफर की जानी अपेक्षित थी परन्तु ऐसा कुछ भी नही किया गया जिससे मस्टर रोल्स पर दर्शित राशि का अपहरण किया गया प्रतीत होता है। गम्भीरतम तथ्य यह है कि बिना स्वीकृत बजट प्रस्तावों के और बिना रूप पत्र 41 रखे ही ग्राम पंचायत में यह कार्य करना दर्शाया गया है। उत्तरदायी व्यक्तियों प्रधान–अनीता,सचिव–मनोज से ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 26 :–दिनांक 30.01.2017 को कैशबुक में वाउचर सं0–6 द्वारा रू0 15000.00 का कैमरा क्रय पर व्यय दर्ज है परन्तु इसका कोई प्रमाणक जांच दौरान उपलब्ध नहीं कराया गया साथ ही उक्त भुगतान को किन्ही गोपाल सिंह को चैक सं0 306066 द्वारा दिनांक 31.01.2017 को किया जाना बैंक पास–बुक से प्रमाणित है, बिना औचित्य, बिना प्रमाणक, बिना बजट प्रस्ताव के व्यय दर्शाना पंचायती कोष की क्षति है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 27 :–दिनांक 05.09.2016 को कैशबुक में चैक सं0 306064.00 द्वारा रू0 40000.00 की नकद निकासी एवं इसी तिथि को रू0 22400.00 का व्यय बाबत महाराज ट्रेडर्स धुमरी से हार्डवेयर सामान क्रय पर दर्शाकर रू0 17600.00 शेष प्रधान पास नकद दर्शाया है जो कि पूर्णतः काल्पनिक प्रविष्टि है क्योंकि–1) बैंक पास बुकानुसार चैक सं0 306064.00 द्वारा रू0 40000.00 का भुगतान किन्ही नवीन पाण्डेय को किया गया है। 2) महाराज ट्रेडर्स धुमरी का बिल पर किसी भी विक्रेता के हस्ताक्षर अंकित नहीं है। 3) महाराज ट्रेडर्स का यह बिल/इनवायस यू0पी0 वैट रूस 2008 के रूल संख्या 44, सब रूल्स सं0–06 का उल्लंघन करता है। प्रतीत होता है कि महाराज ट्रेडर्स का काल्पनिक बिल लगाकर रू0 40000.00 की पंचायती कोष की क्षति की गई है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत अहरई विचनपुर, विकास खण्ड जैथरा, जिला एटा।

प्रस्तर 28 :–दिनांक 17.08.2015 को चैक संख्या 949654.00 द्वारा रू0 28000.00 का एकाउन्ट पेई चैक से किसी औरंगजेब/फर्म के खाते में फंड ट्रान्सफर करना बैंक स्टेटमेंट से प्रमाणित है जबकि कैशबुक में 17.08.2015 में इंडिया मार्का हैण्डपम्प मरम्मत पर रू0 17000.00 का व्यय दर्शित है यह कृत्य जालसाजी तथा कूटरचना प्रतीत होता है जिसके जरिये पंचायती कोष रू0 28000.00 कर क्षति कारित की गयी है। दर्शित योजना का स्वीकृत बजट एवं रूप–पत्र 41 भी नहीं रखा गया है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों प्रधान– मनोज,सचिव–मुकेश से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 29 :– बैंक स्टेटमेन्टानुसार दिनांक 13.04.2015 को चैक संख्या 947623 द्वारा रू0 35000 का भुगतान किन्हीं औरंगजेब को किया गया है जबकि कैशबुक में 131.04.2015 को वाउचर संख्या 3 द्वारा रू0 54000.00 का व्यय भवन की मिट्टी मोरम व सीमेंट क्रय पर दर्शित है जिसके समर्थन में शिखा सीमेंट एजेन्सी (प्रो0 राजेश कुमार यादव) का बिल पत्रावली में रक्षित है। बैंक स्टेटमेंट में भुगतान विवरण तथा कैशबुक में दर्ज व्यय विवरण में भिन्नता के कारण यह पंचायती कोष रू0 35000.00 की क्षति तथा कैशबुक में कूटरचना का प्रकरण प्रतीत होता है। दर्शित योजना का स्वीकृत बजट एवं रूप पत्र 41 भी नहीं है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 30 :–बिना स्वीकृत बजट प्रस्ताव बिना एस्टिमेट्स एवं मैपस के बिना रूप पत्र 41 के ही पूर्णतः मनमाने तरीके से पंचायती चुनाव के ठीक पूर्व के कुछ महीनों में ग्राम प्रधान ने विभिन्न तारीखों में स्वंय के नाम चैक्स निर्गत कराकर बैंक से धन आहरित किया तथा उसे फर्जी प्रतीत होने वाले बिल/वाउचर्स पर विभिन्न व्यय दर्शाकर पंचायती कोष की क्षति की पत्रावली में रक्षित विभिन्न फर्मो के सभी वाउचर्स पर हस्त लिपि किसी एक ही व्यक्ति की प्रतीत होती है क्योंकि अक्षर की बनावट एक ही है। आहरित धन का विवरण :–

तारीख	आहरित राशि
10.04.2015	65000.00
05.05.2015	6000.00
08.06.2015	20000.00
23.06.2015	6000.00
21.07.2015	25000.00
17.08.2015	5000.00
योग	**127000.00**

ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत ढिवैया अख्त्यारपुर, विकास खण्ड अलीगंज, जिला एटा।

प्रस्तर 31 :–बिना स्वीकृत बजट (रूपपत्र ग)बिना प्रमाणक रखे कैशबुक में दिनांक 10.04.2014 को रू0 10000.00 का कैमरा क्रय दर्शाकर ग्राम कोष की क्षति कारित की है। उक्त कैमरे हेतु किन्ही अशोक कुमार को कैशबुक में भुगतान दर्शित है स्टॉक रजिस्टर में क्रय वस्तु की एन्ट्री का कोई साक्ष्य नहीं है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों प्रधान–पार्वती,सचिव–दीपक से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 32 :–बिना स्वीकृत बजट (रूप पत्र ग) बिना एस्टिमेटस/मैपस, बिना कुटेशन, साड़ी संसार नामक फर्म से रू0 40000.00 की निर्माण सामग्री (यथा गिट्टी/मोरम/आलू) क्रय दर्शाकर ग्राम कोष की क्षति कारित की गयी है दर्शित योजना कार्य का रूप पत्र 41 भी ग्राम पंचायत स्तर पर रक्षित नहीं है और न ही सामग्री क्रय की पुष्टि में कोई वाउचर ही ग्राम पंचायत स्तर पर रक्षित है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 33 :–बिना स्वीकृत बजट, विना रूप पत्र 41, बिना एस्टीमेटस/मैपस बिना मस्टर रोल्स/ट्रेक्टर मालिक से भुगतान प्राप्ति की रसीद रखे कैश बुक में दिनांक 28.11.2014 को मिट्टी भराव पर रू0 25000.00 का व्यय दर्शाया दिया गया है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 34 :–बिना स्वीकृत बजट (रूप पत्र ग) बिना एस्टीमेटस/मैपस के बिना रूप पत्र 41 के ग्राम आबादी के बाहर चकरोड पर किन्ही रामदास पुत्र मेघनाथ के ट्रेक्टर से मिट्टी डलवानी दर्शाकर कैशबुक में दिनांक 28.09.2013 को बा0नं0 19 द्वारा रू0 43200.00 का व्यय दर्शाया गया है पुष्टि हेतु कोई मस्टर रोल्स अथवा ट्रेक्टर मालिक रामदास के भुगतान प्राप्ति बाबत कोई भी रसीद ग्राम पंचायत स्तर पर रक्षित नहीं है ट्रेक्टर मालिक को नकद भुगतान दर्शाया गया है जोकि गम्भीर वित्तीय अनियमितता तो है ही यह ग्राम कोष रू0 43200.00 का अपहरण किया गया है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 35 :–बैंक स्टेटमेन्टानुसार दिनांक 02.12.2013 को चैक संख्या 019586 द्वारा रू0 21000.00 किसी फर्म के खाता सं0–0032824811711 में एवं दिनांक 02.12.2013 को ही चैक संख्या 019585 द्वारा रू0 20000.00 द्वारा किसी अन्य फर्म के खाता संख्या–0011438161323 में धन प्रेषण प्रमाणित है जबकि कैशबुक में बिना प्रमाणक संख्या के बिना तिथि के मात्र रू0 40000.00 के सामग्री क्रय बाबत व्यय विवरण अंकित है। उपरोक्त व्यय बाबत निम्न प्रमुख आपत्तियां है :–

दर्शित कार्य/सामग्री क्रय योजना का कोई स्वीकृत बजट/रूप पत्र ग नहीं है।

दर्शित कार्य का कोई एस्टीमेट/मैप नहीं है।

दर्शित कार्य का कोई रूप पत्र 41 नहीं है।
दर्शित कार्य का कोई वाउचर/प्रमाणक जांच दौरान व्यय की पुष्टि हेतु उपलब्ध नहीं कराया गया।
निर्गत चैकस अलग–अलग फर्म्स के नाम थे फिर एक ही फर्म से सामग्री क्रय कैसे की गयी।
इन सभी तथ्यों के चलते यह रू0 41000.00 की ग्राम कोष की क्षति एवं फर्जी वाउचर की कूटरचना का प्रकरण है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 36:–बिना स्वीकृत बजट (रूप पत्र ग) बिना एस्टीमेटस एवं मैप के बिना रूप पत्र 41 के बिना मस्टर रोल्स अथवा ट्रेक्टर मालिक से भुगतान प्राप्ति की रसीदें रखे, कैशबुक में काल्पनिक व्यय दर्शाकर ग्राम कोष की (वाउचर संख्या–30 रू0 21000.00 एवं वाउचर संख्या–32 रू0 24000) की क्षति कारित की है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत विथरा, विकास खण्ड अलीगंज, जिला एटा।

प्रस्तर 37 :– बिना स्वीकृत बजट (रूप पत्र ग) बिना एस्टीमेटस/मैपस बिना कुटेशन/टेण्डर आमंत्रित किये अपनी चहेती फर्म्स को निम्न तिथियों में निम्न विवरणानुसार चैक्स वितरण किया गया है, क्रय दर्शित सामग्री के साक्ष्य स्वरूप पंचायत स्तर पर कोई व्यय प्रमाणित बिल/वाउचर रक्षित नहीं है, सम्पन्न दर्शित कार्यो की कोई सी0आर0/रूप पत्र 41 भी ग्राम पंचायत स्तर पर रक्षित नहीं है। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वितरण चैक्स राशि द्वारा ग्राम कोष की क्षति कारित है ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों प्रधान–धनदेवी ,सचिव–अमित तोमर से की जानी अपेक्षित है।

क्र0	दिनांक	चैक संख्या	धनराशि
1	03.04.2016	779210	3000.00
2	07.04.2016	779212	14500.00
3	06.05.2016	779213	75000.00
4	19.05.2016	779214	50000.00
5	19.05.2016	779215	18500.00
6	16.09.2016	779218	18500.00
7	06.10.2016	779220	15000.00
8	27.10.2016	779221	33750.00
9	27.10.2016	779223	14400.00
10	27.10.2016	779224	17940.00
11	28.10.2016	779225	30800.00
12	28.10.2016	485541	97200.00
13	28.10.2016	779222	14400.00
14	17.11.2016	779219	19500.00
15	20.12.2016	485543	15000.00
16	20.12.2016	485542	21600.00
17	13.01.2017	485546	13200.00
18	13.01.2017	485549	42000.00
19	19.01.2017	485551	29700.00
20	19.01.2017	485552	29700.00
21	20.01.2017	485554	11700.00
22	20.01.2017	485548	68200.00
23	21.01.2017	485553	29700.00
24	15.02.2017	485550	7000.00
	योग		**690290.00**

ग्राम पंचायत शेखपुरा, विकास खण्ड जैथरा, जिला एटा।

प्रस्तर 38 :–निम्नांकित तिथियों में बैंक से आहरण एवं भुगतान राशि के औचित्य के समर्थन में ग्राम पंचायत स्तर पर कोई भी स्वीकृत बजट प्रस्ताव एवं रूप पत्र 41 तथा व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं है जिस कारण धनराशि का अपहरण किया गया है साथ ही गम्भीर वित्तीय अनियमितता है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों प्रधान–योगेन्द्र,सचिव–अवधेश से की जानी अपेक्षित है।

दिनांक	धनराशि
05.08.2013	20000.00
09.08.2013	20000.00
04.09.2013	50000.00
04.02.2014	100000.00
05.02.2014	22000.00
14.02.2014	80000.00
योग	**292000.00**

प्रस्तर 39 :–कतिपय निम्नांकित मस्टर रोल्स जांच दौरान ऐसे पाये गये जिन पर न तो श्रमिकों का पता/निवास स्थान अंकित है और न ही दर्शित भुगतान की पुष्टि में श्रमिकों के निशानी अंगूठा/हस्ताक्षर ही मस्टर रोल्स पर अंकित है। मनरेगा पद्धति पर श्रमिकों के बैंक खातों में एकाउन्ट पेयी चैक से धनराशि ट्रांसफर की जानी अपेक्षित थी, परन्तु ऐसा कुछ भी नहीं किया गया जिस कारण दर्शित भुगतान राशि का अपहरण किया है। गंभीरतम बात यह है कि बिना स्वीकृत बजट प्रस्तावों/रूप पत्र ग बिना रूप पत्र 41 के ही इन कार्यो को करना दर्शित किया गया है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

क्र0	वाउचर सं0	मस्टर रोल्स की धनराशि	कोष वही में दर्ज भुगतान तिथि	दर्शित कार्य
1	17	20000.00	23.02.2017	नाली कार्य
2	18	10000.00	28.02.2017	नाली कार्य
3	10	46000.00	30.09.2016	इण्टरलॉकिंग कार्य
4	5	10000.00	20.06.2016	इण्टरलॉकिंग कार्य
योग		116000.00		

प्रस्तर 40:–बिना स्वीकृत बजट प्रस्तावों (रूप पत्र ग) के और ग्राम पंचायत के हित में बगैर कोई वस्तु/सामग्री/सेवा प्राप्त किये ही कतिपय लोगो को अकारण निम्न प्रकार चैक निर्गत कर ग्राम कोष की क्षति कारित की गयी ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

क्र0	दिनांक	चैक सं0	धनराशि	पार्टी
1	15.07.2014	82532	40000.00	जयदीप
2	28.08.2014	82535	50000.00	जयदीप
3	12.09कृ2014	82537	20000.00	जयदीप
4	13.10.2014	990331	40000.00	जयदीप
5	28.04.2014	082530	101000.00	वेदप्रकाश
6	17.09.2014	82538	55000.00	वेदप्रकाश
7	14.10.2014	990334	30000.00	वेदप्रकाश
8	14.10.2014	990332	20000.00	वेदप्रकाश
9	24.11.2014	990335	30000.00	वेदप्रकाश
10	24.11.2014	990338	40000.00	वेदप्रकाश
11	28.11.2014	990339	6000.00	वेदप्रकाश
12	24.01.2015	990731	32000.00	वेदप्रकाश
13	28.01.2015	990735	20000.00	वेदप्रकाश
		योग	**484000.00**	

प्रस्तर 41 :–बिना स्वीकृत बजट प्रस्तावों (रूप पत्र ग) के बिना रूप पत्र 41 के ही बिना ग्राम पंचायत के हित में हित में कोई वस्तु/सेवा/सामग्री प्राप्त किये ही कतिपय निम्न पार्टीज को ग्राम निधि से निम्न चैक्स निर्गत कर ग्राम कोष की क्षति की गयी। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

क्र0	दिनांक	चैक सं0	धनराशि	पार्टी
1	08.04.2015	990737	30000.00	जयदीप
2	22.04.2015	990739	4500.00	जयदीप
3	08.06.2015	371813	22000.00	जयदीप
4	17.06.2015	371814	25500.00	जयदीप
5	22.08.2015	371818	40000.00	जयदीप
6	08.04.2015	990738	25000.00	जयदीप
			147000.00	

प्रस्तर 42 :–कतिपय निम्नांकित मस्टर रोल्स जांच दौरान ऐसे पाये गये जिन पर न तो श्रमिकों का पता/निवासी स्थान अंकित है और न दर्शित भुगतान राशि की पुष्टि में श्रमिकों के निशानी अंगूठा/हस्ताक्षर कराये गये है। मनरेगा पद्धति पर मस्टर रोल्स पर अंकित श्रमिको के खातों में एकाउन्ट पेयी चैक से धनराशि ट्रांसफर की जानी अपेक्षित थी परन्तु ऐसा कुछ भी नहीं किया गया, जिस कारण दर्शित भुगतान राशि का अपहरण किया है। सर्वाधिक गम्भीर बात यह है कि बिना स्वीकृत बजट प्रस्तावों एवं रूप पत्र 41 के ही ग्राम पंचायत में इस मस्टर रोल में दर्शित कार्या को करना दर्शित किया गया है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

क्र0	वाउचर सं0	मस्टर रोल्स धनराशि	कोष बही में दर्ज भुगतान तिथि	दर्शित कार्य
1	–	28000.00	15.02.2016	इण्टरलॉकिग कार्य
2	7	11400.00	28.08.2015	इण्टरलॉकिग कार्य
	योग	39400.00		

प्रस्तर 43:–बैंक स्टेटमेंट के अनुसार दिनांक 20.01.2016 को किन्ही रामनाथ को रू0 50000.00 का चैक संख्या–371826 द्वारा भुगतान किया गया है। इस भुगतान बाबत निम्न आपत्तियां है :–

कोषवही में दिनांक 20.01.2016 को कोई व्यय दर्ज नही है।

कोषवही में दिनांक 13.01.2016 को रू0 52200.00 एवं दिनांक 27.01.2016 को रू0 191500.00 का व्यय दर्ज है फिर उक्त चैक द्वारा रू0 50000.00 के रामनाथ को भुगतान का क्या औचित्य रहा।

ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत वोरी कलां, विकास खण्ड अवागढ़, जिला एटा।

प्रस्तर 44 :–वित्तीय वर्ष 2014–15 में ग्राम निधि खातें से रू0 1745305.00 निकाला गया किन्तु 2014–15 के अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये है। उक्त वर्ष में अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु उपलब्ध न कराने के सम्बन्ध में इंगित किये जाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत पर 31 मार्च 2015 से पूर्व तैनात रहे ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा उन्हे अभिलेख जार्च में नहीं दिये है। अतः उक्त वर्षो में प्राप्त धनराशि को गवन मानते हुए वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल पुस्तिका के अध्याय 08 के विशेष प्रस्तर 08 क के अनुसार ग्राम प्रधान सुदामा एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों राकेश व विगेश के विरूद्ध धनराशि की ब्याज सहित वसूली हेतु भारतीय दण्ड संहिता की धारा 409 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 45 :–वर्ष 2015–16 में दिनांक 11.08.2015 रू0 170000.00 की ईंट खरीद गई किन्तु ईंट मार्च 2016 तक प्रयुक्त नहीं दर्शायी गई न ही स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक ही दर्शाया गया इस प्रकार अनियमित रूप से व्यय कर ग्राम पंचायत को क्षति पहुंचायी गई फलस्वरूप सम्बन्धित धनराशि की ब्याज सहित वसूली प्रधान/सचिव से अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत नारहुली, विकास खण्ड अवागढ़, जिला एटा।

प्रस्तर 46 :–वित्तीय वर्ष 2014–15 में ग्राम निधि खातें से रू0 1042050.00 निकाला गया किन्तु 2014–15 के अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये है। उक्त वर्ष में अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु उपलब्ध न कराने के सम्बन्ध में इंगित किये जाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत पर 31 मार्च 2015 से पूर्व तैनात रहे ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा उन्हे अभिलेख जार्च में नहीं दिये है। अतः उक्त वर्षो में प्राप्त धनराशि को गवन मानते हुए वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल पुस्तिका के अध्याय 08 के विशेष प्रस्तर 08 क के अनुसार ग्राम प्रधान मजू देवी एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों राकेश व विगेश के विरूद्ध धनराशि वसूली हेतु भारतीय दण्ड संहिता की धारा 409 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 47 :–वर्ष 2015–16 में रू0 379000 सी0सी0रोड तथा हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय किया गया है जिसमें से रू0 356000 सी0सी0रोड पर तथा हैण्डपम्प मरम्मत पर रू0 23000.00 किन्तु व्यय से सम्बन्धित न तो आइडी जनरेट कराई गई न ही कार्ययोजना तथा जिला पंचायत राज अधिकारी से स्वीकृति ली गई इस प्रकार अनियमित रूप से व्यय कर ग्राम पंचायत को क्षति पहुंचायी गई फलस्वरूप सम्बन्धित धनराशि की ब्याज सहित वसूली प्रधान/सचिव से अपेक्षित है।

प्रस्तर 48:–वर्ष 2015–16 में दिनांक 16.04.2015 रू0 99000.00, दिनांक 14.05.2015 रू0 90000.00 दिनांक 09.06.2015 रू0 80000.00 दिनांक 17.08.2015 रू0 90000.00 कुल रू0 359000.00 की ईंट खरीद गई किन्तु ईंट मार्च 2016 तक प्रयुक्त नहीं दर्शायी गई न ही स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक ही दर्शाया गया इस प्रकार अनियमित रूप से व्यय कर ग्राम पंचायत को क्षति पहुंचायी गई फलस्वरूप सम्बन्धित धनराशि की ब्याज सहित वसूली प्रधान/सचिव से अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत नारउवीरनगर, विकास खण्ड अवागढ़, जिला एटा।

प्रस्तर 49 :–वित्तीय वर्ष 2014–15 में ग्राम निधि खातें से रू0 992257.00 निकाला गया किन्तु 2014–15 के अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये है। उक्त वर्ष में अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु उपलब्ध न कराने के सम्बन्ध में इंगित किये जाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत पर 31 मार्च 2015 से पूर्व तैनात रहे ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा उन्हे अभिलेख जार्च में नहीं दिये है। अतः उक्त वर्षो में प्राप्त धनराशि को गवन मानते हुए वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल पुस्तिका के अध्याय 08 के विशेष प्रस्तर 08 क के अनुसार ग्राम प्रधान मीना एवं ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश के विरूद्ध धनराशि ब्याज सहित वसूली हेतु भारतीय दण्ड संहिता की धारा 409 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 50 :–वर्ष 2015–16 में रू0 100000.00 सीमेंट बालू खरीद तथा हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय किया गया है जिसमें से रू0 50000.00 सी0सी0रोड पर तथा हैण्डपम्प मरम्मत पर रू0 50000.00 किन्तु व्यय से सम्बन्धित न तो आइडी जनरेट कराई गई न ही कार्य योजना तथा जिला पंचायत राज अधिकारी से स्वीकृति ली गई इस प्रकार अनियमित रूप से व्यय कर ग्राम पंचायत को क्षति पहुंचायी गई फलस्वरूप सम्बन्धित धनराशि मय ब्याज की वसूली प्रधान/सचिव से अपेक्षित है। उल्लेखनीय है कि 31.03.2017 तक सीमेंट बालू प्रयुक्त नहीं की गई।

ग्राम पंचायत महकीखुर्दकला, विकास खण्ड अवागढ़, जिला एटा।

प्रस्तर 51 :–वित्तीय वर्ष 2014–15 में ग्राम निधि खातें से रू0 617765.00 निकाला गया किन्तु 2014–15 के अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये है। उक्त वर्ष में अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु उपलब्ध न कराने के सम्बन्ध में इंगित किये जाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत पर 31 मार्च 2015 से पूर्व तैनात रहे ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा उन्हे अभिलेख जार्च में नहीं दिये है। अतः उक्त वर्षो में प्राप्त धनराशि को गवन मानते हुए वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल पुस्तिका के अध्याय 08 के विशेष प्रस्तर 08 क के अनुसार ग्राम प्रधान

काजिम एवं ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश के विरूद्ध धनराशि ब्याज सहित वसूली हेतु भारतीय दण्ड संहिता की धारा 409 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 52 :–वर्ष 2015–16 में रू0 162506.00 सी0सी0 रोड तथा हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय किया गया है जिसमें से रू0 134346.00 सी0सी0रोड पर तथा हैण्डपम्प मरम्मत पर रू0 28160.00 किन्तु व्यय से सम्बन्धित न तो आइडी जनरेट कराई गई न ही कार्य योजना तथा जिलापंचायत राज अधिकारी से स्वीकृति ली गई इस प्रकार अनियमित रूप से व्यय कर ग्राम पंचायत को क्षति पहुंचायी गई फलस्वरूप सम्बन्धित धनराशि मय ब्याज की वसूली प्रधान/सचिव से अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत हिनौना, विकास खण्ड अवागढ़, जिला एटा।

प्रस्तर 53 :–वित्तीय वर्ष 2014–15 में ग्राम निधि खातें से रू0 1682327.00 निकाला गया किन्तु 2014–15 के अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये है। उक्त वर्ष में अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु उपलब्ध न कराने के सम्बन्ध में इंगित किये जाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत पर 31 मार्च 2015 से पूर्व तैनात रहे ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा उन्हे अभिलेख जार्च में नहीं दिये है। अतः उक्त वर्षो में प्राप्त धनराशि को गवन मानते हुए वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल पुस्तिका के अध्याय 08 के विशेष प्रस्तर 08 क के अनुसार ग्राम प्रधान गजेन्द्र सिह एवं ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश व सोनकरन के विरूद्ध धनराशि ब्याज सहित वसूली हेतु भारतीय दण्ड संहिता की धारा 409 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 54 :–दिनांक 17.06.2015 को रू0 30000.00 तालाब में पानी भराई पर नकद भुगतान किया गया किन्तु प्रमाणक के अभाव में पुष्टि नहीं किया जा सका उल्लेखनीय है कि सम्बन्धित अधिकारी का आदेश भी उपलब्ध नहीं कराया गया फलस्वरूप सम्बन्धित धनराशि की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत नगला श्याम, विकास खण्ड मारहरा, जिला एटा।

प्रस्तर 55 :–वित्तीय वर्ष 2014–15 व 2016–17 में क्रमशः रू0 13990.00 एवं रू0 20000.00 कुल रू0 33990.00 का कैमरा क्रय एवं सफाई उपकरण, फावडा, तसला, खुरवी, तोलिया, आदि सामान ग्राम पंचायत सचिव/प्रधान द्वारा क्रय किया गया परन्तु लेखा परीक्षा दौरान प्रमाणक डैड स्टाक रजिस्टर उपलब्ध न होने के कारण उक्त सामान की पुष्टि न की जा सकी जो गम्भीर आपत्ति जनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों प्रधान मिथिलेश व सचिव प्रदीप से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 56:–वित्तीय वर्ष 2015–16 से 2016–17 में क्रमशः दिनांक 27.06.2015 रू0 25500 व दिनांक 26.10.2016 रू0 107500.00 कुल रू0 133000.00 की सोलर लाइटे ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा क्रय की गयी। क्रय किस फर्म से की गयी लेखा परीक्षा दौरान प्रमाणक न मिलने से तथा कैशबुक में सम्बन्धित फर्म का नाम अंकित न होने से पुष्टि न हो सकी जो गम्भीर आपत्ति जनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत दस्तमपुर, विकास खण्ड निधौली कलां, जिला एटा।

प्रस्तर 57 :–वित्तीय वर्ष 2015–16 व 2016–17 में क्रमशः दि0 09.02.2016 रू0 172000.00 एवं दि0 31.01.2017 रू0 172000.00 मै0 राजकुमार एण्ड सन्स इलेक्ट्रिकल कान्ट्रेक्टर से क्रय की गयी जबकि अधिक फर्म नेडा से क्रय की जानी थी तथा लेखा परीक्षा दौरान डेड स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध न होने से पुष्टि न की जा सकी। यह स्थिति सन्देहात्मक एवं गम्भीर आपत्ति जनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों प्रधान–मुकेश व ,सचिव– सतोष से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 58:–वित्तीय वर्ष 2014–15, 2015–16 व 2016–17 में ट्रेक्टर द्वारा कराये गये मिट्टी कार्यपर व्यय रू0 379200.00 का भुगतान चेक द्वारा न करके नगद भुगतान ट्रेक्टर मालिक को किया गया जो नियमों के विपरीत है। इस ओर उच्चाधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है कराये गये कार्य की माप पुस्तिका एवं आगणन पत्र लेखा परीक्षा दौरान प्रस्तुत नहीं किया गया की पुष्टि न की जा सकी जो गम्भीर आपत्ति जनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत पिलुआ, विकास खण्ड निधौली कलां, जिला एटा।

प्रस्तर 59 :–वर्ष 2015–16 में दि0 30.03.2016 को ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा रू0 236500.00 की 11 सोलर लाइटे दर रू0 21500.00 की दर से क्रय की गयी जबकि अधिकृत फर्म नेडा द्वारा क्रय की जानी चाहिए थी। किन्तु लेखा परीक्षा दौरान कैशबुक में क्रय करने सम्बन्धी फर्म का नाम अंकित न होने से एवं डेड स्टॉक पंजिका उपलब्ध न होने से व्यय अपुष्ट रहा जो गम्भीर आपत्तिजनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों प्रधान–सुनीता,सचिव–सतोष से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 60 :–वित्तीय वर्ष 2014–15, 2015–16 व 2016–17 में ट्रेक्टर द्वारा कराये गये मिट्टी कार्यपर व्यय रू0 324200.00 का भुगतान चेक द्वारा न करके नगद भुगतान ट्रेक्टर मालिक को किया गया जो नियमों के विपरीत है। इस ओर उच्चाधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है कराये गये कार्य की माप पुस्तिका एवं आगणन पत्र लेखा परीक्षा दौरान प्रस्तुत नहीं किया गया की पुष्टि न की जा सकी जो गम्भीर आपत्ति जनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत हिम्मतनगर वझेरा, विकास खण्ड मारहरा, जिला एटा।

प्रस्तर 61 :–वर्ष 2016–17 में 31.03.2017 को छात्रवत्ति खाते के अन्तर्गत पासबुक में रू0 32810.00 शेष है। उल्लेखनीय है कि मार्च 2012 से छात्रवृत्ति का विवरण सचिव/प्रधान द्वारा नहीं किया जा रहा है। छात्रवृत्ति का

वितरण प्रधानाध्यापक व प्रधान के द्वारा संचालित खातों से किया जा रहा है। इस प्रकार मार्च 2012 से राज्य सरकार को सम्बन्धित धनराशि को वापस कर दिया जाना चाहिए था जो नहीं किया गया जिसके लिए प्रधान/सचिव उत्तरदायी है। उत्तरदायी व्यक्तियों प्रधान–सुमन,सचिव–कृष्ण गोपाल के विरूद्व आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत अमृतपुर, विकास खण्ड मारहरा, जिला एटा।

प्रस्तर 62 :– वर्ष 2015–16 व 2016–17 में क्रमशः 25200.00 दिनांक 19.08.2015 को रू0 107500.00 दिनांक 27.10.2016 को ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा सोलर लाइटे क्रय की गयी जबकि अधिकृत फर्म नेडा द्वारा क्रय की जानी चाहिए थी। किन्तु लेखा परीक्षा दौरान कैशबुक में क्रय करने सम्बन्धी फर्म का नाम अंकित न होने से एवं डेड स्टॉक पंजिका उपलब्ध न होने से व्यय अपुष्ट रहा जो गम्भीर आपत्तिजनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों प्रधान–निगम सिह ,सचिव–ग्रीस गौतम से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 63 :–वर्ष 2014–15 में दिनांक 12.08.2014 के रू0 16000.00 सी0ए0 को भुगतान किया गया किन्तु सी0ए0 द्वारा तैयार अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया फलस्वरूप सम्बन्धित धनराशि की पुष्टि न की जा सकी जबकि वर्ष 2010–11 से कोई भी अभिलेख सी0ए0 द्वारा तैयार नहीं किये जा रहे है। जो गम्भीर आपत्ति जनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 64 :–वित्तीय वर्ष 2015–16 में रू0 35900.00 मिट्टी व हैण्डपम्प मरम्मत कार्य पर व्यय किया गया है जबकि कार्य की न तो आई0डी0 जनरेट की और न ही कार्य योजना स्वीकृत करायी गयी उल्लेखनीय है कि14वें वित्त के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि में बिना आई0डी0 जनरेट व कार्य योजना स्वीकृत कराये व्यय नहीं किया जा सकता था। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 65 :–दिनांक 20.08.2015 को सफाई किट रू0 12500 क्रय की गयी प्रमाणक में किन किन वस्तुओं की खरीद की गयी कोई उल्लेख नहीं किया गया सम्बन्धित धनराशि की पुष्टि नहीं की जा सकी तथा मृतस्कन्ध पंजिका में प्रविष्टि न ही की गयी जो गम्भीर आपत्तिजनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 66 :–दिनांक 22.06.2016 को रू0 17500.00 की बुक लेट पर व्यय किया गया परन्तु लेखा परीक्षा दौरान प्रमाणक न मिलने से व्यय की पुष्टि न हो सकी। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत गोबरा, विकास खण्ड मारहरा, जिला एटा।

प्रस्तर 67 :– वर्ष 2014–15 में दि0 05.04.2014 के रू0 13990.00 का कैमरा पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा क्रय किया गया लेकिन लेखा परीक्षा दौरान सम्बन्धित फर्म का नाम कैशबुक में अंकित न होने व मृत स्कन्ध पंजिका उपलब्ध न होने के कारण कैमरा क्रय करने की पुष्टि न की जा सकी जो गम्भीर आपत्ति जनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों प्रधान– श्रीमती राम श्री,सचिव–प्रदीप से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 68 :–वर्ष 2014–15 में दिनांक 13.09.2014 के रू0 4000.00 सी0ए0 को भुगतान किया गया किन्तु सी0ए0 द्वारा तैयार अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया फलस्वरूप सम्बन्धित धनराशि की पुष्टि न की जा सकी जबकि वर्ष 2010–11 से कोई भी अभिलेख सी0ए0 द्वारा तैयार नहीं किये जा रहे है। जो गम्भीर आपत्ति जनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 69 :–वर्ष 2015–16 व 2016–17 में क्रमशः दिनांक 28.04..2015 को रू0 25500.00 दिनांक 15.09.2016 को रू0 86000.00, दि0 20.09.2016 को रू0 64500.00, दि0 20.02.2017 को रू0 3980.00 कुल रू0 179980.00 सोलर लाइटे ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा क्रय की गयी जबकि अधिकृत फर्म नेडा द्वारा क्रय की जानी चाहिए थी। किन्तु लेखा परीक्षा दौरान कैशबुक में क्रय करने सम्बन्धी फर्म का नाम अंकित न होने से एवं डेड स्टॉक पंजिका उपलब्ध न होने से व्यय की पुष्टि न की जा सकी, पुष्टि करायी जाये अन्यथा की स्थिति में प्रधान/सचिव उत्तरदायी होंगे। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 70 :–वित्तीय वर्ष 2016–17 में दिनांक 04.11.2017 कोरू0 10000 सफाई कर्मी हेतु फावड़ा तसला आदि सामान क्रय का भुगतान किया गया लेकिन लेखा परीक्षा में मृतस्कन्ध पंजिका उपलब्ध न कराये जाने के कारण क्रय किये गये सामान के भुगतान की पुष्टि न हो सकी जो करायी जानी अपेक्षित है तथा प्रमाणक भी उपलब्ध नहीं कराया गया जो गम्भीर आपत्ति जनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत जिन्हैरा, विकास खण्ड मारहरा, जिला एटा।

प्रस्तर 71 :–वित्तीय वर्ष 2014–15 , 2015–16 व 2016–17 में क्रमशः दिनांक 01.10.2014 को रू0 15000.00, दि0 04.04.2015 को रू0 5500.00,(फावड़ा तसला) दि0 29.01.2017 को रू0 43800.00 का फर्नीचर आदि क्रय किया गया बिना प्रमाणक किन किन वस्तुओं की खरीद की गयी लेखा परीक्षा दौरान सम्बन्धित धनराशि की पुष्टि नहीं की जा सकी तथा मृतस्कन्ध पंजिका में प्रविष्टि भी की जानी थी जो नहीं की गयी जो की जानी अपेक्षित थी। अतः रू0 64300.00 की ब्याज सहित वसूली प्रधान–लक्ष्मी उपाध्याय ,सचिव–प्रदीप से की जानी अपेक्षित है।

39 –ग्राम पंचायत गढ़ी सूरजमल विकास खण्ड टप्पल जनपद अलीगढ ।

प्रस्तर 72 :–वर्ष 2014–15 में दि0 27.03.2015 को रू0 84000.00 के दो इण्डिया मार्का हैण्डपम्प क्रय किया गया है जबकि नये हैण्डपम्प की स्थापना जल निगम द्वारा किया जाता है ग्राम पंचायत केवल मरम्मत पर व्यय कर सकती है। इस प्रकार रू0 84000.00 का भुगतान अनियमित तरीके से भुगतान कर ग्राम पंचायत को क्षति पहुंचायी गयी है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत फतेहपुर सोनोठ, विकास खण्ड मारहरा, जिला एटा।

प्रस्तर 73 :—वर्ष 2014—15 में दि0 10.04.2014 को ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा रू0 13990.00का कैमरा क्रय व दि0 06.08.2014 को रू0 10000.00 का फावड़ा तसला आदि क्रय किया गया जिसका कोई प्रमाणक स्टॉक रजिस्टर लेखा परीक्षा दौरान उपलब्ध नहीं कराया गया जिससे उक्त सामान की पुष्टि न की जा सकी जो गम्भीर आपत्तिजनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 74 :—वित्तीय वर्ष 2015—16 में माह मार्च 2016 में रू0 53200.00 का मिट्टी कार्य एवं हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय किया गया जबकि कार्य की न तो आई0डी0 जनरेट करायी गयी और न ही कार्य योजना स्वीकृत की गयी फलस्वरूप व्यय अनियमित व आपत्तिजनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों प्रधान—लालाराम, सचिव—गिरीश गौतम से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 75 :— वित्तीय वर्ष 2016—17 मे दिनांक 30.03.2017 को रू0 28200.00 की कुर्सी मेज, अलमारी एवं कारपेट सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा की गयी परन्तु न तो किसी फर्म का कोटेशन नही लिया गया और न ही किसी अधिकारी की स्वीकृति तथा डेड स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि भी नही की गयी लेखा परीक्षा दौरान स्टॉक रजिस्टर व विल से सम्बन्धित प्रमाणक उपलब्ध न होने से पुष्टि न हो सकी इससे प्रतीत होता है कि भुगतान अनियमित किया गया। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 76 :— 2016—17 में दि0 16.09.2016 को रू0 215000.00 की 10 सोलर लाइटे क्रय की गयी (दर रू0 21500. 00)जबकि शासकीय फर्म नेडा से की जानी थी तथा क्रय की गयी सोलर लाइट लेखा परीक्षा दौरान सम्बन्धित फर्मो के नाम कैशबुक में अंकित न होने से पुष्टि न हो सकी। और न ही अन्य फर्मो के कोटेशन ही लिए गये है यह स्थिति गम्भीर आपत्तिजनक है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत उम्मेदपुर रिजौर, विकास खण्ड सकीट, जिला एटा।

प्रस्तर 77 :— वर्ष 2014—15 में दि0 16.03.2015 में रू0 10000.00 की धनराशि तथा 2015—16 में दि0 30.09.2015 में रू0 22000.00 तथा दिनांक 20.05.2015 में रू0 20000.00 की धनराशि का आहरण प्रधान/सचिव के द्वारा बैंक खाते से किया गया परन्तु इस कुल धनराशि रू0 52000.00 की कैशबुक में कोई प्रविष्टि नहीं की गयी है। अतः धनराशि रू0 52000.00 का उपयोग प्रधान/सचिव द्वारा आहरण निजी हित में किया गया। अतः उक्त राशि की ब्याज सहित वसूली प्रधान गुडडा देवी व सचिव प्रदीप से समान रूप से की जाए।

प्रस्तर 78 :— पंचायत सचिव/प्रधान द्वारा विकास कार्यो में जो मजदूरों का भुगतान किया गया यह भारत सरकार द्वारा मनरेगा के लिए निर्धारित मजदूरी से अधिक भुगतान किया गया है अतः जो नियमों के विरूद्ध है अतः उक्त धनराशि की ब्याज सहित वसूली प्रधान/सचिव से समान रूप से अपेक्षनीय है।

वर्ष	अधिक भुगतान
2014—15	34858.00
2015—16	2652.00
2016—17	1421.00
योग	38931.00

प्रस्तर 79 :— वर्ष 2016—17 में विधान सभा चुनाव में वी0एस0एफ0 को टुकड़ी के लिए भुगतान शिव महाविद्यालय में 30 शौचालयों के वनवाने में व्यय धनराशि रू0 92000.00 का किया गया। जिसका ऑडिट के समय कोई प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराया गया। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 80 :— ग्राम पंचायत में वर्ष 2014—15 में मिट्टी डलवाने के लिए ट्रेक्टर ट्रालियों का विवरण कैशबुक में प्रविष्टि किया गया लेकिन इनका कोई प्रमाणक उपलब्ध न कराया गया। इस प्रकार कुल रू0 186000.00 की गम्भीर अनियमितता की गयी। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

19.05.2014	100×500	50000.00
30.05.2014	50×500	25000.00
09.06.2014	32×500	16000.00
18.07.2014	80×500	40000.00
25.09.2014	40×500	20000.00
28.11.2015	70×500	35000.00
	कुल योग	186000.00

ग्राम पंचायत चिलासनी, विकास खण्ड सकीट, जिला एटा।

प्रस्तर 81 :—दिनांक 28.02.2015 को प्रधान/सचिव के द्वारा बैंक खाते से रू0 28500.00 की धनराशि का आहरण किया गया लेकिन उक्त धनराशि की कैशबुक में कोई प्रविष्टि नहीं की गयी जिससे यह प्रतीत होता है प्रधान/सचिव ने उक्त धनराशि का उपभोग अपने निजी हित में किया गया। अतः उक्त धनराशि रू0 28500.00 की ब्याज सहित वसूली प्रधान अनार देवी व सचिव प्रदीप से समान रूप से की जानी अपेक्षित है।

वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2016–17

जनपद –हाथरस **मण्डल – अलीगढ**

1–ग्राम पंचायत खरबा विकास खण्ड हाथरस जनपद हाथरस –

प्रस्तर –1–दिनांक 12.06.2013 को ग्राम निधि प्रथम खाते से रु० 20000–00 आहरण कर ईट क्रय हेतु भुगतान किया गया जिसकी पुष्टि में व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराया गया । ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार यदि व्यय की गई धनराशि के वाउचर नहीं पाये जाते तो वह धनराशि अपहरण की श्रेणी में आती है जिसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान श्रीमती द्रोपा देवी तथा सचिव श्री मदन मोहन परासर से समानरूप से की जानी अपेक्षित है ।**(आपत्ति सं०–18)**

2–ग्राम पंचायत शहजादपुर विकास खण्ड हाथरस जनपद हाथरस ।

प्रस्तर –2 –दिनांक 17.10.2016 को ग्राम निधि 1 से रु० 15004–00 आहरण कर निर्माण सामग्री पर व्यय किया गया जिसकी पुष्टि में वाउचर उपलब्ध नहीं कराया गया । ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार यदि व्यय की गई धनराशि के वाउचर नहीं पाये जाते तो वह धनराशि अपहरण की श्रेणी में आती है जिसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान श्री सत्यवीर तथा सचिव श्री प्रकाश चन्द्र से समानरूप से की जानी अपेक्षित है । **(आपत्ति सं० –20)**

3–ग्राम पंचायत कटेलिया विकास खण्ड हाथरस जनपद हाथरस –

प्रस्तर–3 –ग्राम निधि प्रथम खाते से दिनांक 27.02.2017 को रु० 10000–00 आहरण कर हैंडपंप मरम्मत के लिए भुगतान दिया गया जिसकी पुष्टि में व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराया गया । ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार यदि व्यय की गई धनराशि के वाउचर नहीं पाये जाते तो वह धनराशि अपहरण की श्रेणी में आती है जिसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान श्रीमती ओमवती तथा सचिव श्री प्रकाश चन्द्र से समानरूप से की जानी अपेक्षित है । **(आपत्ति सं०–20)**

4–ग्राम पंचायत गंगोली विकास खण्ड हाथरस जनपद हाथरस –

प्रस्तर –4–ग्राम निधि प्रथम खाते से दिनांक 19.08.2013 को रु० 22000–00 आहरित कर ईट क्रय हेतु भुगतान किया गया जिसकी पुष्टि में वाउचर उपलब्ध नहीं कराया गया। ग्राम पंचायतों में वित्त एवं पंचायत लेखा मैनुअल अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार यदि व्यय की गई धनराशि के वाउचर नहीं पाये जाते तो वह धनराशि अपहरण की श्रेणी में आती है जिसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान श्री रामपाल सिंह तथा सचिव श्री मदन मोहन परासर से समान रूप से की जानी अपेक्षित है । **(आपत्ति सं० –18)**

5–ग्राम पंचायत तेहरा विकास खण्ड हाथरस जनपद हाथरस –

प्रस्तर –5 –ग्राम निधि प्रथम खाते से दिनांक 27.12.2017 को रु० 45692–00 का आहरण कर व्यय की गई धनराशि की पुष्टि में व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराये गये। ग्राम पंचायतों में वित्त एवं पंचायत लेखा मैनुअल अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार यदि व्यय की गई धनराशि के वाउचर नहीं पाये जाते तो वह धनराशि अपहरण की श्रेणी में आती है जिसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान श्री सतीश चन्द्र तथा सचिव श्री प्रकाश चन्द्र से समान रूप से की जानी अपेक्षित है । **(आपत्ति सं०–18)**

6–ग्राम पंचायत मिर्जापुर विकास खण्ड हाथरस जनपद हाथरस –

प्रस्तर –6 –ग्राम निधि प्रथम खाते से दिनांक 28.10.2016 को रु० 15000–00 आहरण कर हैंडपंप मरम्मत के लिए भुगतान दिया गया जिसकी पुष्टि में व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराया गया । ग्राम पंचायतों में वित्त एवं पंचायत मैनुअल अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार यदि व्यय की गई धनराशि के वाउचर नहीं पाये जाते तो वह धनराशि अपहरण की श्रेणी में आती है जिसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान श्रीमती ज्ञान देवी तथा सचिव श्री अरुण अग्निहोत्री से समान रूप से की जानी अपेक्षित है। **(आपत्ति सं०–20)**

7–ग्राम पंचायत शेखूपुर मदन विकास खण्ड हाथरस जनपद हाथरस –

प्रस्तर – 7– दिनांक 26.12.2014 को ग्राम निधि प्रथम खाते से रु० 15000– आहरण कर कैशबुक में प्रविष्टि नहीं किया गया और न ही व्यय किया गया इस प्रकार उक्त धनराशि का अपहरण प्रधान श्री कालीचरण (पूर्व) तथा सचिव श्री अरुण अग्निहोत्री द्वारा कर ग्राम पंचायत को क्षति पहुँचाई गयी है जिसकी ब्याज सहित वसूली हेतु कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। **(आपत्ति सं०–18)**

8–ग्राम पंचायत बिसावर विकास खण्ड सादाबाद जनपद हाथरस –

प्रस्तर –8–वर्ष 2016–17 के दौरान प्राप्त अनुदान को बैंक में रखकर अर्जित किया गया ब्याज रु०241489.17 है । शासनादेश सं० 10/2015/ए–1–502/दस–2015–10(33) /2010 तथा दिनांक 29.05.2015 के अनुदान से अर्जित ब्याज संस्था की आय न होकर सरकार की आय होगी इसे राजकोष में जमा किया जाना अनिवार्य हैं। उक्त अर्जित ब्याज की आय को राजकोष में जमा न करके ग्राम प्रधान श्री विजयपाल सिंह तथा सचिव श्री देवेन्द्र गौतम द्वारा गंभीर अनियमितता की गई है । इस सम्बन्ध में आवश्यक विभागीय कार्यवाही की जानी अपेक्षित है । **(आपत्ति सं०–21)**

9–ग्राम पंचायत गौहाना विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस –

प्रस्तर –9 –आलोच्य वर्ष की निम्नांकित तिथियों में सफाई कार्य कराया गया है :–

क्र०सं०	दिनांक	प्रमा० सं०	भुगतान राशि
1	16.06.16	03	रु० 8250–00

2	20.08.16	17	रु० 4950—00
3	22.03.16	50।	रु० 5775—00
	योग		रु० 18975—00

उपरोक्त विवरण से कुल रु० 18975—00 व्यय करके सफाई कार्य कराया गया है जबकि गाँव में सफाई कर्मी की नियुक्ति है। यह स्थिति स्पष्ट दर्शाती है कि धन को ठिकाने लगाने के लिये उपरोक्त कार्य कराए गये हैं, जिनकी पूर्ति की भी गयी है अथवा नहीं संदेह है।

सफाई कर्मी के होते हुए भी उक्त कार्यों पर व्यय दर्शाना गंभीर अनियमितता दुरूपयोग है और मनमानेपन का परिचायक भी है। जिसकी सम्बन्धित से ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है । **(आपत्ति सं०—28)**

10 — ग्राम पंचायत निनामई विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस —

प्रस्तर —10— दिनांक 07.09.16 के पश्चात एवं 28.11.16 से पूर्व रु० 11680—00 की धनराशि बैंक से आहरित की गयी है जिसकी बैंक बकाया (रु० 774672.80—रु० 11680) आहरण के पश्चात रु० 762992.80—00 बैंक स्टेटमेंट में दर्शित है । इस प्रकार रु० 11680—00 की आहरित धनराशि कॅशबुक में दर्ज न कर अपहरित कर ली गयी,जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सचिव श्री संजीव कुमार व प्रधान श्री कालीचरन का है । उपरोक्त उत्तरदायी व्यक्तियों से रु० 11680—00 की वसूली मय ब्याज के की जाए तथा सचिव पर विभागीय कार्यवाही भी की जाए । **(आपत्ति सं० —29)**

प्रस्तर —11 —दिनांक 02.03.17 प्रमा० न०18 से प्रधान श्री कालीचरन को रु० 5000— मानदेय जो अगस्त 16 व सितम्बर 16 का है, का पुनः भुगतान किया गया है, क्योंकि उपरोक्त माहों का भुगतान दिनांक 12.01.17 को प्रमा०न० 09 से (रु० 10000 — जो माह जून 16 से सितम्बर 16 तक की अवधि का है) किया जा चुका है ।

इस प्रकार माह अगस्त 2016 व सितम्बर 2016 का दोबारा भुगतान रु० 5000— अभिलेखीय कूट रचना कर अपहरित कर लिया गया जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सचिव श्री संजीव कुमार व प्रधान श्री कालीचरन का है । अतः उक्त उत्तरदायी व्यक्तियों से रु० 5000—00 की वसूली मय ब्याज के की जाए । **(आपत्ति सं०—30)**

11 — ग्राम पंचायत हडौली विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस —

प्रस्तर 76अलोच्य वर्ष में अलग–अलग फर्मों को निम्न धनराशियों का भुगतान किया गया है, जिसके सापेक्ष कोई व्यय प्रमाणक, कोटेशन, स्टीमेट, उपमोग प्रमाण पत्र, कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र, एमबी बुक आदि न प्रस्तुत करने से धन अप्रमाणित रहा, जिसका अपहरण सचिव एव प्रधान द्वारा सयुक्त रूप से किया गया है। अतः उक्त की ब्याज सहित वसूली श्री राम समुझ प्रधान एवं श्री रवीन्द्र देव यादव, ग्रा.पं.अ. से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

क्र.सं.	दिनांक	धनराशि	विवरण
1	20.08.2016	19990.00	मिस्टी इण्टरप्राइजेज
2	29.08.2016	25230.00	02/444
3	08.11.2016	19850.00	02/444
4	13.02.2017	84400.00	माँ लक्ष्मी इण्टरप्राइजेज
5	22.02.2017	26572.00	लालेन्द्र कान्ट्रेक्टर
	योग–	**176042.00**	

उक्त समस्त आपत्तिगत दर्शित व्यय, ग्राम पंचायत वित्त एवं लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड–7 एवं खण्ड–8क एवं प्रदेश राज्य नियमावली 1947 के नियम–204 एवं 205 के विपरीत तथा नियम–256 अधिनियम की धारा–27 के अन्तर्गत व्यय अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। उक्त ग्राम विकास/पंचायत अधिकारी एवं ग्राम प्रधान से रुपया–683257.00 की वसूली अपेक्षित है। ग्राम पंचायत भीटी के आडिट के दौरान बार–बार मांगोपरान्त परियोजनावार स्टाक रजिस्टर, व्यय प्रमाणक, कार्य योजना, उपमोग प्रमाण पत्र, कार्यवाही रजिस्टर, निर्माण कार्य का रजिस्टर, निर्माण समिति का अनुमोदन, सतर्कता समिति की निगरानी रिपोर्ट आडिट में प्रस्तुत न करने से उपभोग /आहरण की गई धनराशि उक्त ग्राम पंचायत में आडिले की दृष्टि से अपुष्ट रही, जिसकी ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है, जिसके लिए संयुक्त रूप से श्री राम समुझ प्रधान एवं श्री रवीन्द्र देव यादव, ग्रा.पं.अ उत्तरदायी हैं।

33 – ग्राम पंचायत– जोतपुर जोलहापुर विकास खण्ड–भियांव जनपद–अम्बेडकरनगर

लेखा परीक्षा वर्ष–2016–17

प्रस्तर 77ग्राम पंचायत जोलहापुर की वर्ष 2016–17 की लेखा परीक्षा में प्राप्त कैशबुक के अनुसार "खड़न्जा मरम्मत–कान्ता के घर से रामचेत के घर तक" पर निम्न विवरण के अनुसार व्यय दर्शित है–

क्र.सं.	दिनांक	व्यय धन	मद का विवरण
1	02.12.2016	75600.00	ईटा (बी. ईट उद्योग)
2	30.12.2016	53739.00	ईटा (विजय कान्स्ट्रक्शन एवं ब्रिक)
3	03.01.2017	15660.00	मजदूरी पर व्यय
4	13.01.2017	17922.00	मजदूरी पर व्यय

इस प्रकार उक्त कार्य पर कल रू0–33582.00 मजदूरी पर तथा रू0–129339.00 ईटा क्रय पर व्यय दर्शित है। इस पर निम्न आपत्तियाँ हैं–

(क)लेखा परीक्षा में कार्यवाही रजिस्टर अप्रस्तुत रहने से उक्त कार्य के ग्रामसभा द्वारा पारित होने की पुष्टि नहीं की जा सकी।

(ख)उक्त खड़न्जा मरम्मत की कार्ययोजना, इस्टीमेट, तकनीकी स्वीकृति, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति, कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र, उपभोग प्रमाण–पत्र लेखा परीक्षा में अप्रस्तुत रहने से किये गये व्यय के नियम विरूद्ध होने की पुष्टि होती है।

(ग)लेखा परीक्षा में एम0बी0, स्टीमेट अप्रस्तुत रहने से कार्य की वास्तविक माप अप्राप्त रही, लेकिन कैशबुक में दर्शित व्ययं की लेखा परीक्षा में गणना से ज्ञात होता है कि उक्त कार्य पर मजदूरी पर कुल रू0–33582.00 व्यय दर्शित है। लेखा परीक्षा में नियमानुसार. की गयी गणना के अनुसार इस व्यय में ई/डब्ल्यू कटिंग पर मजदूरी रू0–9403.00 तथा खड़न्जा उखड़वाई एवं सोलिंग की मजदूरी पर व्यय रू0–24179.00 अवधारित होती है। इस आधार पर गणना से कार्य की माप 387 वर्गमी० अवधारित होती है। इस माप पर खड़न्जा मरम्मत हेतु प्रयुक्त अधिकतम (30 प्रतिशत) नई ईटों का मूल्य रू0–42423.00 अवधारित होता है जो इस खड़न्जा मरम्मत में ईटा क्रय पर व्यय होना चाहिए था जबकि कैशबुक के अनुसार इस खड़न्जा मरम्मत पर ईंटा पर कुल व्यय रू.129339.00 किया गया है। अतः रू. 86916.00 ईटा क्रय पर अधिक व्यय किया गया है एम0बी0 प्रस्तुत करके स्पष्टीकरण अपेक्षित है, अन्यथा की स्थिति में इसकी ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

(घ)सरकारी नियमों/निर्देशों के अनुसार एक लाख से अधिक की सामग्री का क्रय टेण्डर द्वारा किया जाना चाहिए। लेखा परीक्षा में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा ईटा क्रय से पूर्व टेण्डर की प्रक्रिया नहीं अपनायी गयी और मनमानें ढंग से ईटों का क्रय किया गया हैं पुनः नियमानुसार एक कार्य पर टेण्डर करके एक ही फर्म से सामग्री की आपूर्ति की जानी चाहिए जबकि यहां पर ईटा दो फर्मो "वी0 ईटा उद्योग और विजय कन्सट्रक्शन एवं ब्रिक" से क्रय किया गया है जो गंभीर आपत्तिजनक एवं नियम विरूद्ध है।

(छ)उक्त ईटा क्रय पर नियमानुसार वैट एवं आयकर की कटौती एवं उसके जमा के अभिलेख लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा। प्रस्तुत करके पुष्टि कराना अपेक्षित है।

(ज)लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर अप्रस्तुत रहने प्रारम्भिक अवशेष, प्राप्त, उपभोग एवं अन्तिम अवशेष स्टॉक की स्थिति अज्ञात रही।

(झ)लेखा परीक्षा में परिसम्पत्ति रजिस्टर अप्राप्त रहने से पूर्व में एवं वर्ष में सृजित सम्पत्ति की जानकारी अज्ञात रही। इस प्रकार उक्त आपत्तियों के अधीन किया गया व्यय रू.86916.00 नियम विरूद्ध एवं वित्तीय अपहरण है जो अधिभार के योग्य है और इसकी ब्याज सहित वसूली आधा–आधा ग्राम प्रधान एवं सचिव से होनी अपेक्षित है।

प्रस्तर 78लेखा परीक्षा में प्राप्त कैशबुक के अनुसार दिनांक 31.03.2017 को प्रधान को मानदेय (माह नवम्बर–2016 से मार्च 2017 तक) रू. 20000.00 व्यय दर्शित है। आपत्ति यह है कि उक्त वर्णित माहों का कुल मानदेय नियमानुसार रु. 16500.00 अवधारित होता है। (नवम्बर 2016 (रू. 2500.00) + दिसम्बर 2016 से मार्च 2017 तक (रू0–14000. 00)। अतः ग्राम प्रधान द्वारा रू. 3500.00 का अधिक आहरण करके प्राप्त कर लिया गया है जो वित्तीय अपहरण है और अधिभार के योग्य है। अतः रू0–3500.00 का ग्राम प्रधान श्रीमती रेशमी से ब्याज सहित वसूली हर निधि–1 खाते में जमा कराया जाना अपेक्षित है।

34 – ग्राम पंचायत– गोवर्धनपुर विकास खण्ड–रामनगर जनपद–अम्बेडकरनगर

लेखा परीक्षा वर्ष–2016–17

प्रस्तर 79 निम्न तिथियों में खाते से धन आहरण कर कोष वही में अन्येष्टि स्थल पर निर्माण कार्य की मजदूरी भुगतान करना दर्शाया गया है। जबकि उक्त तिथियों में दर्शायी गई आहरण की राशि को प्रधान श्री विकास सिंह द्वारा अपने व्यक्तिगत खाते (01/7142) में हस्तांतरित कराकर धन का अपहरण कर लिया गया है, जिसकी ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

क्र.सं.	दिनांक	धनराशि	खाता संख्या में धन स्थानांतरण	विवरण
1	07.04.2016	18880	01/7142	अन्त्येष्टि स्थल निर्माण मजदूरी
2	28.04.2016	14160	01/7142	अन्त्येष्टि स्थल निर्माण मजदूरी
3	23.03.2017	13398	01/7142	मस्टर रोल राजाराम के घर से पश्चिम सत्य नारायण

				के खेत तक

प्रस्तर 80 निम्नांकित तिथियों में अन्त्येष्टि स्थल पर व्यय दर्शाकर आहरण की गई धनराशि के सापेक्ष निम्न आपत्तियां हैं।

क्र.सं.	दिनांक	धनराशि	विवरण
1	02.04.2016	55000.00	अन्त्येष्टि स्थल हेतु सामग्री क्रय
2	28.04.2016	25000.00	अन्त्येष्टि स्थल हेतु सामग्री क्रय
3	17.05.2016	28200.00	मस्टर रोल
4	17.05.2016	40000.00	अन्त्येष्टि स्थल हेतु सामग्री क्रय
5	17.05.2016	25000.00	मस्टर रोल
6	18.05.2016	35000.00	अन्त्येष्टि स्थल हेतु सामग्री क्रय, दरवाजा, खिड़की आदि
7	07.06.2016	40000.00	अन्त्येष्टि स्थल हेतु सामग्री क्रय
8	25.07.2016	23000.00	अन्त्येष्टि स्थल हेतु सामग्री क्रय, टाइल्स सीट आदि
9	26.07.2016	8050.00	मस्टर रोल
10	04.08.2016	26107.00	मस्टर रोल
11	04.08.2016	18000.00	अन्त्येष्टि स्थल हेतु सामग्री क्रय
12	11.08.2016	180000.00	अन्त्येष्टि स्थल हेतु सामग्री क्रय, टीनशेड
13	19.09.2016	24500.00	ट्राली द्वारा मिट्टी पटाई
14	28.09.2016	70400.00	ईट क्रय, ईट गिट्टी आदि
15	25.10.2016	20000.00	टीनशेड लगवाई, मजदूरी
	योग–	**618257.00**	

1. अन्त्येष्टि स्थल हेतु कितनी धनराशि प्राप्त/स्वीकृत हुई थी, उसके सापेक्ष स्वीकृत कार्य योजना, स्टीमेट अप्राप्त रहा, जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका कि किस–किस प्रकार का निर्माण कार्य स्वीकृत है। जैसे–टाइल्स लगना, शौचालय बनना, टीनशेड कितना बड़ा बनना या छत कितने वर्ग फूट में लगनी है, रंगाई पुताई आदि।
2. सामग्री क्रय हेतु टेण्डर नहीं आमंत्रित किया गया। सामग्री मनमाने ढंग से अलग–अलग फर्मों से क्रय की गई है। दिनांक 11.8.2016 को रु. 180000.00 का टीनशेड क्रय किया गया था, उसका भी कोई टेंडर नहीं हुआ। प्रधान द्वारा मनमाने ढंग से (ज्ञान स्टील वर्क बाराबंकी) द्वारा क्रय किया गया है तथा कितने का स्टीमेट था, अज्ञात रहा।
3. कराए गए निर्माण कार्य से संबंधित मस्टर रोल भी लेखा परीक्षा में जांच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका कि भुगतान किन–किन लोगों को किया गया। इससे संबंधित जॉबकार्ड भी लेखा परीक्षा के दौरान उपलब्ध नहीं रहा।
4. क्रय की गई सामग्री के बिल बाउचर, कैश रसीद या बिल के सापेक्ष दिए गए चेक का विवरण, सामग्री का डिमांड पत्र (मांग पत्र), स्टाक रजिस्टर आदि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।
5. कराए गए निर्माण कार्य के सापेक्ष उपभोग प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी के द्वारा निर्गत की गई एम.बी., परिसम्पत्ति रजिस्टर भी लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रही।
6. वित्तीय वर्ष 2015–16 में अन्त्येष्टि स्थल पर कुल रु. 177420.00 खर्च हुई थी एवं आलोच्य वर्ष 2016–17 में उक्त कार्य पर 654529.00 रु. खर्च हुआ। कल 831949 के व्यय के सापेक्ष उपरोक्त दर्शित कोई भी व्यय प्रमाणक कार्यवाही रजिस्टर, स्वीकृत कार्य योजना, स्टीमेट, एमबी, उपभोग प्रमाण पत्र, वर्क रजि., स्टाक रजि., जॉबकार्ड, कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र, परिसम्पत्ति रजि. आदि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे उपरोक्त व्यय संदिग्ध है एवं वसूली योग्य है। उक्त की ब्याज सहित वसूली श्री विकास सिंह ग्राम प्रधान एवं श्री राम स्वरूप मिश्र ग्रा.वि./पं. अधिकारी से समान रूप से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 81ग्राम पंचायत में निम्न कार्यों पर किए गए व्यय/भुगतान पर निम्न आपत्तियां हैं।

क्र.सं.	दिनांक	धनराशि	विवरण
1	02.04.2016	24794.00	मस्टर रोल, खड़ंजा निर्माण
2	02.04.2016	86800.00	ईट क्रय
3	02.04.2016	76260.00	ईट क्रय
4	26.07.2016	8372.00	मस्टर रोल
5	26.09.2016	20000.00	सामग्री क्रय नाली हेतु
6	26.09.2016	10092.00	मस्टर रोल
7	28.09.2016	38400.00	ईट क्रय
8	28.09.2016	44839.00	ईट क्रय
9	30.09.2016	12630.00	मस्टर रोल (12474), पटरा व पालीथीन (156)
10	30.09.2016	34000.00	सामग्री क्रय, नाली हेतु
11	25.10.2016	12000.00	सामग्री क्रय, नाली हेतु
12	15.12.2016	28576.00	ईट क्रय
13	15.12.2016	25894.00	सामग्री क्रय, नाली हेतु

14	20.12.2016	18348.00	मस्टर रोल
15	30.12.2016	75600.00	ईट क्रय
16	07.01.2017	19525.00	ईट क्रय
17	07.01.2017	20184.00	मस्टर रोल
18	30.01.2017	2371.00	ईट क्रय (ईट गिट्टी)
19	30.01.2017	2810.00	सामग्री क्रय
20	04.02.2017	6260.00	मस्टर रोल (4410), सीट व अन्य सामग्री (1850)
21	23.03.2017	6786.00	मस्टर रोल
22	23.03.2017	93240.00	ईट क्रय
23	23.03.2017	43445.00	ईट क्रय
24	28.03.2017	7696.00	मस्टर रोल
25	28.03.2017	4662.00	मस्टर रोल
	योग	**763584**	

1.स्वीकृत कार्य योजना अप्राप्त रही कि कराया गया कार्य उस वित्तीय वर्ष हेतु स्वीकृत था या नहीं ?
2.क्रय की गई सामग्री के कोटेशन टेंडर की पत्रावली लेखा परीक्षा दौरान प्रस्तुत नहीं की गई, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि बिना कोटेशन/टेंडर के ही समस्त सामग्री मनमाने ढंग से अधिक दर पर क्रय कर ग्राम पंचायत को हानि पहुंचाई गई। क्रय सामग्री के बिल, कैश रसीद, डिमांडलेटर, बिल के सापेक्ष किए गए चेक द्वारा भुगतान की प्रति एवं स्टाक रजि. अप्राप्त है।
3. लेखा परीक्षा में मांगोपरांत भी मस्टर रोल उपलब्ध नहीं कराया गया, न ही उससे संबंधित. जॉबकार्ड उपलब्ध रहा, जिससे यह पुष्टि नहीं किया जा सका कि किस श्रमिक ने कितने दिन किस कार्य पर काम किया है और उसे कितना भुगतान प्राप्त रहा है एवं यह भी कि किया गया उक्त कार्य पर भुगतान मानक एम.बी. के अनुरूप रहा या नहीं, उपरोक्त के अभाव में किए गए भुगतान की सत्यता संदिग्ध है।
4. क्रय सामग्री के सापेक्ष कराए गए कार्य की पुष्टि में कार्य योजना, स्टीमेट, कार्यवाही रजि., एम.बी. बुक, उपभोग प्रमाण पत्र, कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र, जॉबकार्ड, कार्य से पूर्व एवं बाद के फोटो ग्राफ्स, स्टाक व वितरण रजि., परिसम्पत्ति रजि., निर्माण समिति की संस्तुति के अभाव में कराए गए कार्य की सत्यता संदिग्ध है एवं धन अपहृत है, जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्रा.पं. अधिकारी एवं प्रधान से समान रूप से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 82आलोच्य वर्ष में रु. 113058.00 हैंडपंप मरम्मत एवं प्राइमरी पाठशाला में शौचालय निर्माण दर्शाकर धन कोष वही से खारिज किया गया है। विवरण निम्न प्रकार है। उक्त के सापेक्ष लेखा परीक्षा दौरान मांगोपरांत भी हैंडपंप से संबंधित लाभार्थी का आवेदन पत्र, मरम्मत उपरांत लाभार्थी के हस्ताक्षरयुक्त बने होने/मरम्मत करने का प्रमाण पत्र, क्रय की गई सामग्री के बिल बाउचर व कैश मेमो या बिल के सापेक्ष चेक द्वारा किए गए भुगतान की प्रति अथवा चेक इशू रजि. मरम्मत उपरांत शौचालय निर्माण हेतु क्रय सामग्री के बाउचर, कैश मेमो, मस्टर रोल, कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण होने पर कराए गए फोटो ग्राफ्स, उपभोग प्रमाण पत्र, कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र एवं स्टाक रजि., स्वीकृत स्टीमेट के अभाव में कराया गया कार्य एवं भुगतान पूर्ण रूप से काल्पनिक है एवं उक्त धन अपहरण कर लिया गया है, जिसकी ब्याज सहित वसूली श्री विकास सिंह ग्राम प्रधान एवं श्री राम स्वरूप मिश्र ग्रा.वि./पं.अधिकारी से अपेक्षित है।
विवरण निम्नवत है–

क्र.सं.	दिनांक	धनराशि	विवरण
1	07.04.2016	14845.00	हैण्डपम्प मरम्मत
2	18.07.2016	8735.00	हैण्डपम्प मरम्मत
3	25.07.2016	11595.00	हैण्डपम्प मरम्मत
4	09.02.2017	9678.00	मस्टर रोल, सोख्ता निर्माण
5	09.02.2017	28563.00	ईट क्रय (4260), गिट्टी (1.28 घनमीटर)
6	14.02.2017	19120.00	हैण्डपम्प मरम्मत
7	15.02.2017	20522.00	सामग्री क्रय, सोख्ता निर्माण
	योग	**113058.00**	

प्रस्तर 83दिनांक 18.10.2016 को रु. 3232 एवं 2275 कुल रु. 5507.00 क्रमशः अमर उजाला एवं जनमोर्चा बजाजा फैजाबाद, अन्त्येष्टि स्थल एवं नाली निर्माण हेतु टेंडर के लिए भुगतान किया गया है, किन्तु जिन कार्यों के टेंडर हेतु विज्ञापन दिया गया है, के समस्त कार्य पूर्ण हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में कार्य के पूर्ण होने पर विज्ञापन प्रकाशित कराना पूर्णतः नियम विरुद्ध है एवं भुगतान अनियमित है, जिसकी ब्याज सहित वसूली श्री विकास सिंह ग्राम प्रधान एवं श्री राम स्वरूप मिश्र ग्रा.वि./पं अधिकारी से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 84 दिनांक 18.11.2016 को रु. 40000.00 सोलर लाइट हेतु मिस्टी इंटरप्राइजेज को भुगतान कोष वही में दर्शाकर धन खारिज किया गया है, परन्तु उक्त के सापेक्ष कोई भी व्यय प्रमाणक जैसे कैश रसीद, कोटेशन, बिल, क्रय किए गए सामग्री के गारंटी कार्ड, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव, कार्य योजना, स्टीमेट, किस स्थल पर लगा है, का प्रमाण पत्र, (किसी व्यक्ति विशेष के घर पर या चौराहे पर लगा है) उपभोग प्रमाण पत्र के अभाव में किया गया भुगतान

काल्पनिक है एवं धन अपहरित है। उक्त की ब्याज सहित वसूली श्री विकास सिंह ग्राम प्रधान एवं श्री राम स्वरूप मिश्र ग्रा.वि./पं. अधिकारी से किया जाना अपेक्षित है। उक्त समस्त आपत्तिगत दर्शित व्यय, ग्राम पंचायत वित्त एवं लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड–7 एवं खण्ड–8क एवं प्रदेश राज्य नियमावली 1947 के नियम–204 एवं 205 के विपरीत तथा नियम–256 अधिनियम की धारा–27 के अन्तर्गत व्यय अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। उक्त ग्राम विकास, पंचायत अधिकारी एवं ग्राम प्रधान से रुपया–1546844 की वसूली अपेक्षित है। ग्राम पंचाग्रत गोवर्धनपुर के आडिट के दौरान बार–बार मांगोपरान्त परियोजनावार स्टाक रजिस्टर, व्यय प्रमाणक, कार्य योजना, उपभोग प्रमाण पत्र, कार्यवाही रजिस्टर, निर्माण कार्य का रजिस्टर, निर्माण समिति का अनुमोदन, सतर्कता समिति की निगरानी रिपोर्ट आडिट में प्रस्तुत न करने से उपभोग/आहरण की गई धनराशि उक्त ग्राम पंचायत में आडिट की दृष्टि से अपुष्ट रही, जिसकी ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है, जिसके लिए संयुक्त रूप से श्री विकास सिंह ग्राम प्रधान एवं श्री राम स्वरूप मिश्र ग्रा.वि./पं. अधिकारी उत्तरदायी हैं।

35 – ग्राम पंचायत– शिवपाल विकास खण्ड–भियांव जनपद–अम्बेडकरनगर

लेखा परीक्षा वर्ष–2016–17

प्रस्तर 85 ग्राम पंचायत–शिवपाल की वर्ष 2016–17 की लेखा परीक्षा में प्राप्त कैशबुक के अनुसार दिनांक 01.05.2016 को पूर्व प्रधान को मानदेय का भुगतान रू0–55000.00 (दिसम्बर 2013 से सितम्बर 2015 तक) किया गया है। इस पर निम्न आपत्तियां हैं–

(क)– लेखा परीक्षा में कार्यवाही रजिस्टर अप्राप्त रहने से उक्त व्यय का ग्राम सभा की खुली बैठक में पारित होने की पुष्टि नहीं हो सकी।

(ख) वर्ष लेखा परीक्षा में मांगने पर भी गत वर्षो की कैशबुक, मानदेय प्राप्ति रजिस्टर, अप्रस्तुत रहने से यह पुष्टि नहीं हो सका कि पूर्व प्रधान का मानदेय दिसम्बर 2013 से सितम्बर 2015 तक बकाया था।

(ग) लेखा परीक्षा में इस व्यय से सम्बन्धित व्यय प्रमाणक/मानदेय प्राप्ति रसीद/मानदेय रजिस्टर में प्राप्ति, अप्राप्त रहा, जो उ0प्र0 ग्राम पंचायत वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड क, ख, एवं उ0प्र0 पंचायती राज अधिनियम एवं नियमावली–1947 की धारा–27 एवं नियम–256 के विरूद्ध रहा तथा वित्तीय अपहरण की कोटि में आने से से अधिभार के योग्य है।

(घ) लेखा परीक्षा में प्राप्त कैशबुक एवं बैंक स्टेटमेंट के अनुसार उक्त धनराशि रू0–55000.00 श्री देवैन्द्र वर्मा (ग्राम पंचायत विकास अधिकारी) द्वारा आहरित किया गया है और कैशबुक में पूर्व प्रधान (श्री परमेन्द्र) को उक्त धन का भुगतान दिखाया गया है। आपत्ति यह है कि यदि वास्तव में पूर्व प्रधान (श्री परमेन्द्र) का उक्त अवधि का मानदेय बकाया था तो उक्त धनराशि का आहरण श्री देवेन्द्र वर्मा (सचिव) द्वारा क्यों किया गया? पूर्व प्रधान (श्री परमेन्द्र) को उनके नाम चेक काटकर क्यों भुगतान नही किया गया? अतः किया गया भुगतान नियम विरूद्ध एवं मनमाना है।

(च) इस भुगतान से सम्बन्धित पूर्व प्रधान (श्री परमेन्द्र) द्वारा मानदेय प्राप्ति हेतु कोई प्रार्थना–पत्र लेखा परीक्षा में क्यों प्रस्तुत नहीं किया गया? पुनः इस भुगतान से पूर्व सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) की पूर्व अनुमति क्यों नही ली गयी। इस प्रकार उक्त आपत्तियों के अधीन स्पष्ट है कि किया गया व्यय रू0–55000.00 वित्तीय अपहरण है जो अधिभार के योग्य है इसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान एवं सचिव से आधा–आधा किया जाना अपेक्षित है।

36 – ग्राम पंचायत– बेगीकोल विकास खण्ड–भियांव जनपद–अम्बेडकरनगर

लेखा परीक्षा वर्ष–2016–17

प्रस्तर 86 लेखा परीक्षा में ग्राम पंचायत बेगीकोल की वर्ष 2016–17 की प्राप्त कैशबुक के अनुसार दिनांक 28.10.2018 को सोलर स्ट्रीट लाइट क्रय मद में रू0–22645.00 व्यय दर्शित है। इस पर निम्न आपत्तियां हैं–

(क) लेखा परीक्षा में कार्यवाही रजिस्टर अप्रस्तुत रहने से ग्राम सभा की खुली बैठक में सोलर स्ट्रीट लाइट के क्रय का प्रस्ताव पारित होना अपुष्टित रहा।

(ख) उक्त क्रय की कार्ययोजना, इस्टीमेट, एम0बी0, वित्तीय प्रशासनिक स्वीकृति, कार्यपूर्ति, उपभोग प्रमाण–पत्र आदि अभिलेख लेखा परीक्षा में मांगोपरान्त अप्रस्तुत रहा।

(ग) एफ0एच0बी0 खण्ड–1 एवं शासनादेश संख्या–ए–1–864/दस–08–15 (11) 86 दिनांक 23.09.2008 के अनुसार सामग्री क्रय से पूर्व कोटेशन लेना चाहिए लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा सोलर लाइट क्रय से पूर्व कोई भी कोटेशन नहीं लिया गया और मनमाने ढंग से नेडा द्वारा स्वीकृत दर से अधिक दर पर सामग्री क्रय किया गया है।

(घ) श्रीमान मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–33/2017/977/45–वि0(अति0 ऊ0 स्रो0 वि0)/2017 दिनाक 29 अगस्त 2017 एवं पूर्व सरकारी निर्देशों के अनुसार सोलर लाइट का क्रय "यू0पी०नेडा" से करने का निर्देश था लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा इसका पालन नही किया गया है।

(ङ.) उक्त सोलर स्ट्रीट लाइट के क्रय का कोई भी बिल/बाउचर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया जबकि उ0प्र0 ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड–(क), (ख) तथा उ0प्र0 पंचायतीराज अधिनियम एवं नियमावली–1947 की धारा–27 एवं नियम–256 के अधीन यह वित्तीय अपहरण है तथा अधिभार के योग्य है।

(च) सरकारी नियमों एवं निर्देशों के अनुसार कोई भी क्रय जो रू0–5000.00 से ऊपर है का भुगतान फर्म के नाम चेक द्वारा किया जाना चाहिए जबकि इस क्रय का नकद भुगतान करके नियमों का उल्लंघन किया गया है।

(छ) कैशबुक के अनुसार यह नकद भुगतान किस फर्म/दुकान को किया गया है। यह भी उल्लिखित नहीं है। अतः ऐसा प्रतीत होता है कि धन का नकद आहरण करके फर्जी ढंग से इसे सोलर लाइट क्रय पर दर्शा दिया गया है।

उक्त आपत्तियों के अधीन किया गया व्यय वित्तीय अपहरण है जो अधिभार योग्य है। इसकी ब्याज सहित वसूली आधा–आधा ग्राम प्रधान एवं सचिव से किया जाना अपेक्षित है।

37 – ग्राम पंचायत– अहिरौली विकास खण्ड–भियांव जनपद–अम्बेडकरनगर

लेखा परीक्षा वर्ष–2016–17

प्रस्तर 87 ग्राम पंचायत अहिरौली की वर्ष 2016–17 की लेखा परीक्षा में प्राप्त कैशबुक के अनुसार दिनांक 25.10.2016 को हयूम पाइप क्रय हेतु "मिश्रा ट्रेडर्स को रू0–33310.00 का भुगतान किया गया है। इस पर निम्न आपत्तियां हैं–

(क) लेखा परीक्षा में कार्यवाही रजिस्टर अप्रस्तुत रहने से उक्त क्रय की ग्राम सभा द्वारा पुष्टि की सूचना अज्ञात रही।

(ख) हयूम पाइप क्रय की कार्ययोजना, इस्टीमेट, एम0बी0 वित्तीय–प्रशासन स्वीकृति कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र, उपभोग प्रमाण–पत्र लेखा परीक्षा में अप्रस्तुत रहा।

(ग) एफ0एच0बी0 खण्ड–1 एवं शासनादेश संख्या–ए–1–864/दस–08–15(01) 86 दिनांक 23.09.2008 के अनुसार सामग्री क्रय से पूर्व कोटेशन लेना अनिवार्य है लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा कोटेशन न लेकर मनमाने ढंग से हयूम पाइप क्रय किया गया है।

(घ) लेखा परीक्षा में हयूम पाइप क्रय का बिल/बाउचर अप्रस्तुत रहा जबकि उ0प्र0 ग्राम पंचायत वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8, के खण्ड (क), (ख) एवं उ0प्र0 पंचायतीराज अधिनियम एवं नियमावली–1947 की धारा–27, एवं नियम–256 के अनुसार ऐसा न करना वित्तीय अपहरण है तथा अधिभार योग्य है।

(च) लेखा परीक्षा में प्राप्त कैशबुक के अनुसार हयूम पाइप क्रय दर्शित है, लेकिन

1. ह्यूम पाइप किस कार्य एवं स्थान पर लगा है, अज्ञात रहा।
2. ह्यूम पाइप क्रय के बाद इसकी कार्य स्थल पर लगवाई की मजदूरी कैशबुक में नहीं दर्शित है। हयूम पाइप को जब कही लगवाया ही नहीं गया है तो क्रय करके धन का वित्तीय अपहरण क्यों किया गया है?

(ड.) लेखा परीक्षा में स्टॉक पंजी0 अप्राप्त रहने से हयूम पाइप की इसमें प्रविष्टि अज्ञात रही।

(ज) परिसम्पत्ति पंजी0 अप्रस्तुत रहने से सृजित सम्पत्ति अज्ञात रही।

(झ) ह्यूम पाइप क्रय में नियमानुसार वैट एवं आयकर की कटौती तथा जमा के अभिलेख अप्राप्त रहे।

इस प्रकार उक्त आपत्तियों के अधीन किया गया व्यय रू0–33310.00 वित्तीय अपहरण है जिसकी आधा–आधा ग्राम प्रधान एवं सचिव से ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

प्रस्तर 88लेखा परीक्षा में प्राप्त कैशबुक के अनुसार "सेक्टर रोड से शीतला के घर" तक खड़ंजा मरम्मत कार्य पर व्यय निम्नवत है–

1. दिनांक– 27.06.2016 रू. 13920.00
2. दिनांक–30.03.20177 रू. 10052.00 कुल रू0–23972.00

इस पर निम्न आपत्तियां हैं–

(क) कार्यवाही रजिस्टर के लेखा परीक्षा में अप्रस्तुत रहने से उक्त कार्य के ग्राम सभा में पारित होने की पुष्टि नहीं की जा सकी।

(ख) उक्त कार्य की कार्ययोजना, इस्टीमेट, एम0बी0, वित्तीय–प्रशासन स्वीकृति कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र एवं उपभोग प्रमाण–पत्र लेखा परीक्षा में मांगोपरान्त भी अप्राप्त रहा।

(ग) उक्त कार्य में प्रयुक्त मस्टर रोल, बिल/बाउचर लेखा परीक्षा में अप्रस्तुत रहा जबकि ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड "क', 'ख' तथा उ0प्र0 पंचायतीराज अधिनियम एवं नियमावली–1947 की धारा–27 एवं नियम–256, के अनुसार ऐसा न करना वित्तीय अपहरण है तथा अधिभार के योग्य है।

(घ) लेखा परीक्षा में प्राप्त कैशबुक के अनुसार खड़ंजा मरम्मत पर जून–2016 से लेकर मार्च 2017 तक मजदूरी पर ही कुल रू0–23972.00 व्यय दर्शित है। कैशबुक से स्पष्ट है कि इस कार्य पर ईटा पर व्यय नहीं दर्शित है। यदि उक्त खड़न्जा पर ईटा नहीं क्रय है तो इसका अर्थ है कि खड़नजा की ईटें सही थी। यदि खड़ंजा की ईटें सही थी तो फिर खड़न्जा मरम्मत किस बात का किया गया है। अतः स्पष्ट है कि खड़नजा मरम्मत पर केवल मजदूरी पर किया गया व्यय संदिग्ध एवं आधारहीन है। इस मरम्मत की कोई आवश्यकता नहीं थी, फिर भी मजदूरी पर मनमाने ढंग से आहरण करके व्यय किया गया है जो वित्तीय अनियमितता है।

(च) स्टॉक एवं परिसम्पत्ति रजिस्टर लेखा परीक्षा में मांगोपरान्त अप्राप्त रहने से पूर्व में सृजित सम्पत्ति तथा स्टॉक एवं सृजित सम्पत्ति के मरम्मत की पुष्टि नहीं हो सकी।

इस प्रकार उक्त आपत्तियों के अधीन किया गया व्यय रू0–23972.00 वित्तीय अपहरण है जो अधिभार योग है, इसकी ब्याज सहित वसूली आधा–आधा ग्राम प्रधान एवं सचिव से किया जाना अपेक्षित है।

38 – ग्राम पंचायत– प्रतापपुर कला विकास खण्ड–भियांव जनपद–अम्बेडकरनगर

लेखा परीक्षा वर्ष–2016–17

प्रस्तर 89ग्राम पंचायत प्रतापपुर कला की कैशबुक के अनुसार दिनांक 10.06.2016 को हयूम पाइप क्रय में रू0–19600.00 मे. हिमालय ट्रेडर्स को भुगतान किया गया है। इस पर निम्न आपत्ततियाँ हैः–

(क) लेखा परीक्षा में कार्यवाही रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे उक्त व्यय के ग्रामसभा द्वारा पारित होने की पुष्टि नहीं हो सकी।

(ख) हयूम पाइप क्रय से पूर्व एफ0एच0बी0 के खण्ड–1 एवं शासनादेश संख्या–ए–1–864/ दस–06–15 (1) 86 दिनांक 23.09.2008 के अनुसार कोटेशन नहीं लिया गया है और मनमाने ढंग से सामग्री क्रय किया गया है।

(ग) लेखा परीक्षा में उक्त क्रय का कोई भी बिल बाउचर प्रस्तुत नहीं किया गया, जबकि उ0प्र0 ग्राम पंचा0 वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड–क एवं ख तथा उ0प्र0 पंचायतीराज अधिनियम एवं नियमावली–1947 की धारा–27 एवं नियम–256 के अधीन यह वित्तीय अपहरण है जो अधिभार के योग्य है।

(घ) उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार/नियमानुसार रू0–5000.00 से अधिक का भुगतान नगद नहीं किया जा सकता। जबकि प्राप्त कैशबुक एवं बैंक स्टेटमेंट के अनुसार उक्त आहरण प्रधान द्वारा नकद किया गया है और इसे मे0 हिमालय ट्रेडर्स के पक्ष में व्यय दर्शित किया गया है। जो गंभीर वित्तीय अनियमितता है।

(च) लेखा परीक्षा में इस क्रय हयूम पाइप के लगवाने का स्थान लगवाने की मजदूरी के अभिलेख (मास्टर रोल) आदि अप्रस्तुत रहने से हयूम पाइप पर किया गया व्यय संदिग्ध प्रतीत होता है। इससे स्पष्ट होता है कि इसे न तो वास्तव में क्रय किया गया है और न ही लगवाया गया है। अतः यह वित्तीय अपहरण प्रतीत होता है।

(छ) उक्त हयूम पाइप क्रय की एम0बी0, कार्ययोजना, तकनीकी स्वीकृति, वित्तीय प्रशासनिक स्वीकृति कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र एवं उपभोग प्रमाण–पत्र अप्रस्तुत रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि हयूम पाइप पर किया गया व्यय रू0–19600.00 वित्तीय अपहरण जो अधिभार के योग्य है, इसकी आधा–आधा ग्राम प्रधान एवं सचिव से ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

प्रस्तर 90 शासनादेश संख्या–ए–1–122/दस–2012–10(33)/2010 दिनांक 21.03.2012 तथा अनुस्मारक शा0सं0–10/2015/ए–1–502/दस–2015–10(33)/2010 दिनांक 29.05.2015 के अनुसार बैंकों में रखी सरकारी धनराशि पर अर्जित व्यय संस्था (ग्राम पंचा0) की आय न होकर राज्य सरकार की आय होती है और इसे राजकोष में अनिवार्यतः जमा कराया जाना चाहिए। ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम निधि प्रथम खाते में वर्ष में अर्जित ब्याज रू0–14729.00 रहा, जिसे राजकोष में न जमा करना गंभीर वित्तीय अनियमितता का प्रकरण है, इसे राजकोष में जमा कराया जाना अपेक्षित है। ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 91लेखा परीक्षा में प्राप्त कैशबुक के अनुसार दिनांक 30.06.2016 को श्री रिपुदमन यादव द्वारा रू0–13300.00 का आहरण किया गया। इसमें से रू0–10300.00 का मे0 मौर्या हार्डवेयर को हैण्डपम्प मरम्मत का नकद भुगतान पर व्यय तथा रू0–3000.00 सामान्य लाभ निधि में व्यय दर्शित है। इस पर निम्न आपत्तियाँ है।

(क) लेखा परीक्षा में हैण्डपम्म मरम्मत एवं सामान्य लाभ निधि की कार्ययोजना कार्यवाही रजिस्टर में स्वीकृति, एम0बी0, वित्तीय प्रशासनिक स्वीकृति, कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र अप्रस्तुत रहा।

(ख) लेखा परीक्षा में हैण्डपम्प लगवाने का स्थान, बिल/बाउचर आदि अप्रस्तुत रहा जबकि उ0प्र0 ग्राम पंचायत वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड–क, ख एवं उ0प्र0 पंचायतीराज अधिनियम एवं नियमावली–1947 की धारा–27, एवं नियम–256 के अनुसार बिल/बाउचर के बिना व्यय करना वित्तीय अपहरण है जो अधिभार के योग्य है।

(ग) लेखा परीक्षा में पाया गया कि यह आहरण रू0–13300.00 श्री रिपुदमन यादव द्वारा किया गया है और इसमें से रू0–10300.00 सरकारी नियमों/निर्देशों का उल्लंघन करके मे0 मौर्या हार्डवेयर के पक्ष में हैण्डपम्प मरम्मत हेतु व्यय दर्शित किया गया है। जबकि श्री रिपुदमन यादव न तो ग्राम प्रधान है न ही ग्राम पंचायत विकास अधिकारी है। अतः किस अधिकार से इनके द्वारा धन का आहरण किया गया है। पुनः यदि मे0 मौर्या हार्डवेयर को भुगतान किया गया है तो इसे श्री रिपुदमन यादव द्वारा नकद क्यों किया गया है? फर्म के नाम चेक द्वारा भुगतान क्यों नहीं किया गया है? अतः: स्पष्ट है कि श्री रिपुदमन यादव द्वारा किया गया आहरण नियम विरूद्ध है और वित्तीय अपहरण की कोटि में आता है।

(घ) लेखा परीक्षा में हैण्डपम्म मरम्मत हेतु निर्गत सरकारी दिशा–निर्देशों के पालन की भी पुष्टि नही होती हैः–

1. लेखा परीक्षा में जल निगम की हैण्डपम्प मरम्मत के स्वीकृति सूची अप्राप्त रहीं।
2. हैण्डपम्प मरम्मत का स्टीमेट, एम0बी0, कार्यपूर्ति आदि अप्राप्त रही।
3. हैण्डपम्प मरम्मत में मजदूरी पर कोई भुगतान नहीं है। अतः बिना मजदूरी के हैण्डपम्प मरम्मत कैसे कर दिया गया।

(च) लेखा परीक्षा में प्राप्त अभिलेखों से स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष दौरान निजी स्रोत से कोई आय नहीं की गयी है। सरकार के प्राप्त विकास अनुदान की धनराशि में से ही रू0–3000.00 सामान्य लाभ निधि में नकद व्यय किया गया है जो सरकारी नियमों/ निर्देशों के विपरीत है। इस मद में ग्राम पंचायत को, निजी स्रोत से अर्जित धन में से जमा करना होता है जबकि यहां पर ग्राम पंचायत द्वारा विकास अनुदान की धनराशि में से ही जमा कर दिया गया है जो वित्तीय अपहरण है।

(छ) यदि यह धनराशि वास्तव में श्रीमान डी0पी0आर0ओ0 अम्बेडकरनगर को भेजी गयी है तो इसे डी0पी0आर0ओ0 के नाम चेक द्वारा भुगतान क्यों नहीं किया गया है। यह धनराशि श्री रिपुदमन यादव द्वारा क्यों आहरित की गयी है? अतः यह आहरण नियम विरूद्ध है और वित्तीय अपहरण की कोटि में आता है।

(ज) लेखा परीक्षा में उक्त व्यय (सामान्य लाभ निधि) रू0–3000.00 का कोई भी बिल/बाउचर या प्राप्ति रसीद प्रस्तुत नहीं किया गया जबकि ऐसा न करना उ0प्र0 ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8, के खण्ड–क, ख एवं उ0प्र0 पंचायतीराज अधिनियम एवं नियमावली–1947 की धारा–27 एवं नियम–256 के अधीन वित्तीय अपहरण है जो अधिभार के योग्य है।

इस प्रकार उक्त आपत्तियों के अधीन स्पष्ट है कि किया गया व्यय रू0–13300.00 नियम विरूद्ध तथा वित्तीय अपहरण है जो अधिभार के योग्य है इसकी ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से की जानी अपेक्षित है।

39 – ग्राम पंचायत– बेलहरी विकास खण्ड–टाण्डा जनपद–अम्बेडकरनगर   लेखा परीक्षा वर्ष–2016–17

प्रस्तर 92लेखा परीक्षा के दौरान विभिन्न तिथियों में विशाल ब्रिक फील्ड से ईंट क्रय की गई, परन्तु समर्थन में साक्ष्य नहीं प्रस्तुत किये गये। विवरण निम्न प्रकार है

दिनांक	चेक सं.	धनराशि	विवरण
18.10.2016	7	75600.00	विशाल ब्रिक फील्ड को भुगतान
18.10.2016	8	68254.00	विशाल ब्रिक फील्ड को भुगतान
03.11.2016	14	95236.00	विशाल ब्रिक फील्ड को भुगतान
13.11.2016	15	55090.00	विशाल ब्रिक फील्ड को भुगतान
14.02.2017	24	51717.00	विशाल ब्रिक फील्ड को भुगतान
21.02.2017	27	24006.00	विशाल ब्रिक फील्ड को भुगतान
21.02.2017	26	70414.00	विशाल ब्रिक फील्ड को भुगतान
	योग–	**440317.00**	

उपरोक्त व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किए गए, साथ ही डिलीवरी चालान, बिल, कैशमेमो, एम.बी. प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त का व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्रस्तुत रहा, जो ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के खण्ड–7 एवं खण्ड 8(क) एवं 8(ख) तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली, 1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अन्तर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः उक्त धनराशि की वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों श्री सियाराम वर्मा ग्राम प्रधान से रू0 220158.50 एवं श्री विनय कुमार वर्मा ग्राम विकास अधिकारी से रू0 220158.50 कुल रु. 440317.00 संयुक्त रूप से अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है। **(सा0आ0सं016)**

प्रस्तर 93 लेखा परीक्षा के दौरान विभिन्न तिथियों में ग्राम प्रधान एवं अन्य व्यक्तियों को सीधे भुगतान किया गया है, जिसकी पुष्टि में कोई व्यय प्रमाणक नहीं प्रस्तुत किया गया। उक्त भुगतान प्रायः गुणक में नहीं है, इस प्रकार अनियमित ढंग से व्यय दर्शित किया गया है। विवरण निम्नवत है–

दिनांक	चेक सं.	धनराशि	विवरण
02.04.2016	5	25200.00	श्री सियाराम वर्मा को भुगतान
13.05.2016	6	33800.00	श्री सियाराम वर्मा को भुगतान
15.10.2016	9	38670.00	श्री सियाराम वर्मा को भुगतान
24.10.2016	10	15000.00	श्री सियाराम वर्मा को भुगतान
29.10.2016	12	30926.00	श्री सियाराम वर्मा को भुगतान
29.10.2016	11	20490.00	श्री सियाराम वर्मा को भुगतान
23.11.2016	16	8004.00	श्री सियाराम वर्मा को भुगतान
27.12.2019	19	10000.00	श्री सियाराम वर्मा को भुगतान
27.12.2016	18	10000.00	श्री सियाराम वर्मा को भुगतान
29.12.2016	20	10000.00	श्री सियाराम वर्मा को भुगतान
09.02.2017	25	19248.00	श्री सियाराम वर्मा को भुगतान
20.02.2017	29	8194.00	श्री सियाराम वर्मा को भुगतान
17.02.2017	22	11000.00	श्री मोहम्मद जावेद को भुगतान
	योग–	**230532.00**	

उपरोक्त से सम्बंधित कोई भी व्यय प्रमाणक, मस्टर रोल, बिल आदि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किए गए। प्रधानपति एवं अन्य के नाम से ग्राम निधि से आहरण अनियमित रहा, जो ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के खण्ड–7 एवं खण्ड 8(क) एवं 8(ख) तथा उत्तर प्रदेश राज्य नियमावली, 1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अन्तर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः उक्त धनराशि की वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों श्री सियाराम वर्मा ग्राम प्रधान से रु. 115266.00 एवं श्री विनय कुमार वर्मा तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी से रु. 1152606.00 कुल धनराशि रु. 230532.00 संयुक्त रूप से अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है। **(सा0आ0सं0 17)**

प्रस्तर 94लेखा परीक्षा के दौरान विभिन्न तिथियों में सुपर बिल्डिंग फर्म से सीमेण्ट, निर्माण एवं मरम्मत हेतु मदों में सामान क्रय किया गया, जिसका विवरण निम्नवत है–

दिनांक	चेक सं.	धनराशि	विवरण
03.11.2016	13	19532.00	सुपर बिल्डिंग को भुगतान
13.02.2017	23	24850.00	सुपर बिल्डिंग को भुगतान
23.02.2017	28	11304.00	सुपर बिल्डिंग को भुगतान
	योग–	**55686.00**	

उक्त से सम्बंधित व्यय प्रमाणक, एम.बी प्रमाण पत्र, डिलीवरी चालान, कैशमेमो, कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत नहीं किया गया, जो ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के खण्ड–7 एवं खण्ड 8(क) एवं 8(ख) तथा उत्तर प्रदेश राज्य नियमावली, 1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अन्तर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः उक्त धनराशि की वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों श्री सियाराम वर्मा ग्राम प्रधान से रु. 27843.00 एवं श्री विनय कुमार वर्मा तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी से रु. 27843.00 संयुक्त रूप से कुल धनराशि रु. 55686.00 अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

40 – ग्राम पंचायत– काही विकास खण्ड–भीटी जनपद–अम्बेडकरनगर

लेखा परीक्षा वर्ष–2016–17

प्रस्तर 95ग्राम काही के वर्ष 2016–17 की आडिट में पाया गया कि निम्न धनराशि सोलर/स्ट्रीट लाइट क्रय पर व्यय दर्शित है।

क्रमांक	दिनांक	धनराशि	टिप्पणी
1	11.04.2016	34500.00	विवरणहीन एवं व्यय प्रमाणक विहीन व्यय
2	18.04.2016	78000.00	
3	11.05.2016	70000.00	
4	20.06.2016	97500.00	
5	30.06.2016	97500.00	
6	30.06.2016	103500.00	
7	01.08.2016	78000.00	
8	03.08.2016	78000.00	
	योग–	**637000.00**	

उपर्युक्त विवरण में दर्शित सोलर लाइट स्ट्रीट लाइट क्रय प्रमाणक विहीन एवं विवरण विहीन लाइट किस फर्म तथा किस दर से खरीदी गई है आडिट के दौरान कोई प्रमाणक नहीं मिला। साथ ही दिंनाक 30.06.2016 को क्रमशः 97500 + 103500 का सोलर लाइट स्ट्रीट लाइट क्रय दिखाया गया है जिस पर टेन्डर प्रणाली अपनानी चाहिए थी, टेण्डर नहीं कराया है। साथ साथ ही 637000.00 रूपये सोलर स्ट्रीट क्रय कर ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के खण्ड(7) कि ग्राम प्रधान तथा सेक्रेटरी ग्रा.पं का यह संयुक्त दायित्व होगा कि सम्प्रेक्षण दल को व्यय के समस्त बाउचर तथा नियमों में अपेक्षित समस्त अभिलेख उपलब्ध कराये के विपरीत एवं खण्ड 8(क) कि यदि दर्शाये गये व्यय के सम्बन्ध में कोई बाउचर उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो दर्शायी गयी व्यय धनराशि को गबन मानते हुए इस धनराशि की वसूली ग्राम प्रधान एवं सेक्रेटरी ग्राम पंचायत से की जायेगी एवं उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली 1947 के नियम 204, 205 नियम 256 तथा उ0पग्र0 पंचायत राज्य अधिनियम की धारा 27 के अंर्तगत अधिमार योग्य है। अतः कुल धनराशि रूपया 637000.00 की वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती रमपता एवं ग्राम पंचायत सचिव श्री जगदम्बा प्रसाद शुक्ला से अद्यावधि ब्याज सहित संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 96ग्राम पंचायत काही की आडिट में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2016–17 में हैण्ड पम्प मरम्मत पर व्यय किया गया दर्शित है–

क्रमांक	दिनांक	धनराशि	टिप्पणी
1	26.05.2016	22800.00	विवरणहीन एवं व्यय प्रमाणक विहीन व्यय
2	06.06.2016	17100.00	
3	18.10.2016	12400.00	
4	22.03.2016	5000.00	
	योग	**52800.00**	

खण्ड (7) कि ग्राम प्रधान तथा सेक्रेटरी ग्रा0पं0 का यह संयुक्त दायित्व होगा कि वे सम्प्रक्षण दल को व्यय के समस्त बाउचर तथा नियमों में अपेक्षित समस्त अभिलेख उपलब्ध कराये के विपरीत एवं खण्ड 8(क) कि यदि दर्शाये गये व्यय के सम्बन्ध में कोई बाउचर उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो दर्शायी गयी व्यय धनराशि को गबन मानते हुए इस धनराशि की वसूली ग्राम प्रधान तथा सेक्रेटरी ग्राम पंचायत से की जायेगी एवं उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम की धारा 27 के अन्तर्गत अधिभार योग्य है। अतः कुल धनराशि रू0 52600.00 की वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती रमपता एवं ग्राम पंचायत सचिव श्री जगदम्बा प्रसाद शुक्ला से अद्यावधि ब्याज सहित संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 97 ग्राम पंचायत काही के वर्ष 2016–17 के आडिट के दौरान कैश बुक में ह्यूम पाइप क्रय, पानी की टंकी का क्रय एवं सफाई किट का क्रय दर्शित किया गया है। विवरण निम्नवत हैः–

दिनांक	धनराशि	टिप्पणी
20.04.2016	28500.00	ह्यूम पाइप क्रय सम्बंधित विवरण विहीन एवं प्रमाणविहीन व्यय
11.08.2016	42750.00	
10.11.2016	47200.00	
20.06.2016	35100.00	पानी की टंकी का क्रय विवरण विहीन एवं प्रमाणविहीन व्यय
25.11.2016	24400.00	सफाई किट क्रय विवरण विहीन एवं प्रमाणविहीन व्यय
योग	177950.00	

उपर्यक्त विवरण में क्रय दर्शित ह्रयूमपाइप की खरीद कर कहाँ पर प्रयोग किया गया मांगोपरान्त कोई भी साक्ष्य प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराई गई, साथ ही साथ पानी की टंकी एवं सफाई किट किस फर्म से तथा किस दर से खरीदी गई अज्ञात है। अतः उपर्युक्त व्यय ग्राम पंचयातों के लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के खण्ड 7 एवं खण्ड 8(क) व 8(ख) एवं उ0प्र0 पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत तथा नियम 256 एवं नियम की धारा 21 के अन्तर्गत अपहरण एवं अधिभार योग्य है। अतः आपत्ति में अंकित रू0 17950 ग्रा0 प्रधान श्रीमत्ती रमपता व ग्राम विकास अधिकारी श्री जगदम्बा प्रसाद शुक्ला अद्यावधि ब्याज सहित संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 98. ग्राम पंचायत काही की वित्तीय वर्ष 2016–17 के आडिट के दौरान कैश बुक में नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण पर निम्न प्रकार ईट क्रय मैटेरियल (सीमेन्ट, बालू, मोरंग) क्रय एवं भुगतानित मजदूरी पर व्यय दर्शित किया गया है, विवरण निम्नवत हैः–

क्र.	दिनांक	ईट क्रय	दिनांक	समान क्रय	दिनांक	मजदूरी
1	07.04.2016	49600.00	12.04.2016	58125.00	05.04.2016	16878.00
2	11.04.2016	34500.00	–	–	07.04.2016	12552.00
3	04.07.2016	62000.00	–	–	22.04.2016	20880.00
4	10.11.2016	57000.00	–	–	17.05.2016	19836.00
					26.10.2016	14644.00
	योग	203100.00	योग	58125.00	योग	84790.00

उपर्युक्त विवरण में दर्शित झड़ंजा मरम्मत पर व्यय धनराशि निम्न कारणों से वित्तीय औचित्यों एवं सामग्री क्रय के नियमों से विपरीत है एवं वसूली योग्य है।

1. मजदूरी का भुगतान समान क्रय से पहले क्यों किया गया।
2. मजदूरी भुगतान सम्बन्धी मस्टर रोल अप्राप्त रहा।
3. खड़ंजा निर्माण सम्बन्धी एम0बी0 एवं स्टीमेट मांगोपरान्त अनुपलब्ध रहा।
4. खड़ंजा मरम्मत हेतु क्रय ईट विवरण एवं स्टाक रजिस्टर अप्राप्त रहा। अतः क्रय सम्बन्धी की मात्रा की जानकारी नहीं हो पाई।
5. खड़ंजा मरम्मत हेतु ग्राम पंचायत की बैठक का प्रस्ताव एवं स्वीकृति अप्राप्त रहा।
6. सामग्री क्रय रसीद एवं चालान की प्रति अप्राप्त रही।

अतः स्पष्ट है कि दर्शित व्यय ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के खण्ड (7) कि ग्राम प्रधान तथा सेक्रेटरी ग्राम पंचायत का यह संयुक्त दायित्व होगा कि वे सम्प्रेक्षण हेतु सम्प्रेक्षण दल को व्यय के समस्त बाउचर एवं नियमों में अपेक्षित समस्त अभिलेख उपलब्ध कराये के विपरीत एवं खण्ड (8क) कि यदि दर्शाये गये व्यय के सम्बन्ध में कोई बाउचर उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो दर्शायी गयी व्यय धनराशि को गबन मानते हुए इस धनराशि की वसूली ग्राम प्रधान एवं सेक्रेटरी ग्राम पंचायतों से की जायेगी एवं उ0प्र0 पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204, 205 नियम 256 तथा उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम की धारा 27 के अंतर्गत अधिमार योग्य है। अतः कुल धनराशि रूपया 346015.00 की वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती रमपता एवं ग्रा0पं0 सचिव श्री जगदम्बा प्रसाद शुक्ला से अद्यावधि ब्याज सहित संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 99आलोचना वर्ष में ग्रा0पं0 में विभिन्न तिथियों में धन का आहरण किया गया है, जिसका कोई व्यय विवरण एवं प्रमाणक उपलब्ध नहीं है

क्र.	दिनांक	धनराशि	चेक सं0	मद	क्रय प्रमाणक सं0
1	05.05.2016	5000.00	212	विवरण हीन	अनुपलब्ध
2	07.02.2017	46200.00	233	विवरण हीन	अनुपलब्ध
3	02.03.2017	19000.00	234	विवरण हीन	अनुपलब्ध
	योग	70200.00			

उपरोक्त विवरणानुसार रु0 70200 का आहरण किया गया है, जिसके सापेक्ष व्यय प्रमाणक विवरण, व्यय विवरण, ग्रामसभा का प्रस्ताव, किसी स्थायी समिति का अनुमोदन एवं उपभोग प्रमाण पत्र अनुपलब्ध रहा। अतः स्पष्ट है कि रु0 70200 का आहरण कर अपहरण कर लिया गया है, जो ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा मैनुअल के अध्याय के खण्ड (7) एवं खण्ड 8(ख) के विपरीत एवं उ0प्र0 पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204, 205 एवं नियम 256 तथा

उ0प्र0 पंचायती राज अधिनियम की धारा 27 के अंतर्गत अधिमार योग्य है, जिसकी वसूली अद्यावधि ब्याज सहित संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

41 – ग्राम पंचायत– चौदहप्रास विकास खण्ड–भियांव जनपद–अम्बेडकरनगर

लेखा परीक्षा वर्ष–2016–17

प्रस्तर 100 ग्राम पंचायत चौदहप्राश विकास खण्ड भियांव जनपद–अम्बेडकरनगर के वित्तीय वर्ष 2016–17 की लेखा परीक्षा में निम्नलिखित आपत्तियां अपहरण की धनराशि प्रकाश में आयी हैं। इस पर विभागीय अधिकारियों का ध्यान वसूली हेतु आकुष्ट किया जाता है।

(1) लेखा परीक्षा में प्राप्त कैशबुक के अनुसार श्री दयाशंकर के घर से डीह स्थान तक खड़ण्जा निर्माण किया गया है।

दिनाक	मद	धनराशि
12–05–2016	मस्टर रोल (मजदूरी)	78729.00
26–05–2016	ईंट क्रय	122075.00
21–08–2016	ईंट क्रय	39690.00
		240494.00

उपरोक्त व्यय में निम्न आपत्तियाँ पायी गयी :–

(क) लेखा परीक्षा में माँग के बावजूद कार्यवाही रजिस्टर जिसे ग्राम सभा की खुली बैठक में कार्य योजना का पारित होना सुनिश्चित किया जा सके अप्रस्तुत रहा।

(ख) लेखा परीक्षा में उक्त कार्य की कार्ययोजना, इस्टीमेट, वित्तीय प्रशासनिक स्वीकृति तकनीकी स्वीकृति प्रमाण पत्र तथा एम0बी0 अप्रस्तुत रहने से किया गया व्यय अवास्तविक, मनमाना एवं औचित्यहीन प्रमाणित होता है।

(ग) उक्त सामग्री के क्रय करने से पूर्व कोटेशन नहीं लिया गया, मनमाने ढंग से सामग्री क्रय की गयी। जबकि वित्त एवं लेखा मैनुअल के अध्याय–7 के पैरा 'क' के अनुसार 20,000/– से अधिक की सामग्री का क्रय कोटेशन आमंत्रित करके किया जाना चाहिए।

(घ) उक्त कार्य पर किए गए भुगतान से पूर्व सक्षम समिति/निर्माण कार्य समिति की संस्तुति नहीं ली गई जबकि शासनादेश संख्या–3467/33–1–99, 222/99 दिनांक 01 जुलाई 99 के पेज संख्या–52 के अनुसार सक्षम समिति की संस्तुति लेना अनिवार्य है।

(ड) उक्त कार्य के लेखा परीक्षा में पाया गया कि इस पर कुल रू0 1,61,765.00 ईंट क्रय पर व्यय है, जिसके अनुसार रू. 6.3 प्रति ईंटों की दर से मार्ग पर कुल 25677 ईंट प्रयुक्त होना चाहिए और इस आधार पर मार्ग की माप जिसमें सोलिंग हुयी है 443 वर्ग मीटर (588 ईंट प्रति वर्ग मीटर की दर से) होगी चूंकि सोलिंग मार्ग के 90% भाग पर ही होती है। अतः मार्ग की कुल माप 492 मीटर होगी। इस पर सोलिंग से पूर्व 98.4 घन मीटर मिट्टी पड़ेगी (0.20 मीटर ऊँचाई) अतः ई/डब्लू की मजदूरी रू0 7675.00 (रू0 78.00 प्रति घन मीटर दर) तथा सोलिंग की मजदूरी रू0 27208.00 (55.30 प्रति वर्ग मीटर) तो कुल मजदूरी पर व्यय रू0 34883.00 वाजिब व्यय होगी जबकि रू0 78729.00 व्यय है। अतः रू0 43846.00 अधिक व्यय है जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान एवं सचिव से होनी चाहिए।

(च) वर्ष में ईंट क्रय सामग्री रू0 161765.00 पर बैट 4 प्रतिशत रू0 6471.00 तथा आयकर (2.26) रू0 3656.00 की स्रोत पर कटौती करके ही फर्म को भुगतान करना चाहिए था जिससे कुल रू0 10127.00 की राजकीय क्षति की गयी है। इसके उचित शीर्षक में जमा कराया जाना अपेक्षित है।

(छ) लेखा परीक्षा में स्टॉक रजि0 एवं परिसम्पत्ति रजि0 अप्रस्तुत रहने से क्रय सामग्री एवं उपभोग एवं अन्तिम अवशेष विवरणहीन रहा, सृजित सम्पत्ति भी विवरणहीन रही।

(ज) लेखा परीक्षा में कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र अप्रस्तुत रहने से किये गये कार्य की स्थिति पूर्णतः अज्ञात रही।

इस प्रकार उक्त आपत्तियों के अधीन किया गया कुल व्यय रू. 43846.00 विवरण औचित्यहीन, नियम विरूद्ध तथा वित्तीय अपहरण है जो अधिभार योग्य है। उक्त धनराशि की वसूली ब्याज सहित ग्राम प्रधान श्रीमती उर्मिला देवी तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री शिव प्रकाश मिश्रा से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 101लेखा परीक्षा में प्राप्त कैशबुक के अनुसार बेचू के ट्यूबवेल से शिवदास के घर तक खड़ण्जा निर्माण में किया गया व्यय निम्नवत है :–

दिनांक	मद	व्यय की धनराशि
25.11.2016	मस्टर रोल	9918.00
28.12.2016	मस्टर रोल	23838.00
02.01.2017	ईटा क्रय	147400.00
	योग	**181156.00**

उपरोक्त व्यय पर निम्न प्रकार की आपत्तियाँ हैं :–

(क) लेखा परीक्षा में कार्यवाही रजिस्टर जिससे ग्राम सभा की खुली बैठक में कार्य योजना का पारित होना सुनिश्चित किया जा सके, मांगने के बावजूद अप्रस्तुत रहा।

(ख) उक्त कार्य हेतु स्टीमेट कार्ययोजना तकनीकी स्वीकृति वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं एम0बी0 लेखा परीक्षा में अप्रस्तुत रहने से किया गया व्यय नियम विरूद्ध तथा औचित्यहीन है।

(ग) उक्त कार्य में क्रय से पूर्व कोटेशन नहीं लिया गया और मनमाने ढंग से सामग्री क्रय की गयी जबकि वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–7 के पैरा (क) के अनुसार रू0 20000.00 से अधिक की सामग्री क्रय से पूर्व कोटेशन आमंत्रित करना अनिवार्य है।

(घ) लेखा परीक्षा में उक्त किये गये व्यय से सम्बन्धित कोई भी बिल/व्यय प्रमाणक नहीं दिया गया जबकि ऐसा न करना ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8क खण्ड–7 एवं खण्ड–8 (क), (ख) एवं उ0प्र0 पंचायत राज नियमावली–1947 के नियम 204, 205 के विपरीत तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अन्तर्गत अपहरण है जो अधिभार योग्य है।

(ड.) उक्त कार्य पर किये गये व्यय के भुगतान से पूर्व सक्षम समिति/निर्माण कार्य समिति की संस्तुति नहीं ली गयी जबकि शासनादेश संख्या–3467/33–1/99, 222/99 दिनांक 01 जुलाई, 1999 के पेज सं0–52 के अनुसार ऐसा किया जाना अनिवार्य था।

(च) लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर एवं परिसम्पत्ति रजिस्टर अप्राप्त रहा।

(छ) लेखा परीक्षा में कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र अप्रस्तुत रहने से किये गये कार्य की स्थिति पूर्णतः अज्ञात रही।

इस प्रकार उक्त आपत्तियों के अधीन किया गया कुल व्यय रू. 1,81,156.00 विवरणहीन, औचित्यहीन तथा वित्तीय अपहरण है जो अधिभार योग्य है। इसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 102लेखा परीक्षा में प्राप्त कैशबुक के अनुसार कुंज के ट्यूबवेल से रमाशंकर के चक तक नाली निर्माण कार्य पर निम्नवत व्यय किया गया है :–

दिनांक	मद	व्यय धनराशि
23.02.2017	मस्टर रोल (मजदूरी)	19836.00
02.03.2017	मस्टर रोल (मजदूरी)	16144.00
08.03.2017	सामग्री (बिल्डिंग मैटेरियल)	62107.00
09.03.2017	सामग्री (ईटा मिट्टी)	103290.00
28.03.2017	मस्टर रोल (मजदूरी)	19670.00
30.03.2017	सामग्री (ईंट)	87570.00
	योग	**308617.00**

इस पर निम्नलिखित आपत्तियाँ हैं :–

(क) कार्यवाही रजिस्टर जिससे ग्राम सभा की खुली बैठक में कार्य योजना का पारित होना सुनिश्चित किया जा सके, लेखा परीक्षा में मांगे जाने के बावजूद अप्रस्तुत रहा।

(ख) उक्त कार्य की कार्य योजना इस्टीमेट तकनीकी स्वीकृति वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति एम0बी0 लेखा परीक्षा में अप्रस्तुत रहने से किया गया व्यय विवरणहीन तथा औचित्यहीन अप्रमाणित होता है।

(ग) सामग्री क्रय से पूर्व कोटेशन आमंत्रित न करके मनमाने ढंग से सामग्री क्रय की गयी है जबकि वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–7 के पैरा (क) के अनुसार रू0 20000.00 से अधिक की सामग्री क्रय के पूर्व कोटेशन लेना अनिवार्य है।

(घ) लेखा परीक्षा में उक्त किये गये व्यय से सम्बन्धित कोई भी बिल/व्यय प्रमाणक प्रस्तुत नहीं किया गया जबकि ऐसा न करना वित्त ग्राम पंचायत के बिल एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड–7 एवं खण्ड–8 (क), (ख) एवं उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली 1947 के नियम–204, 205 के विपरीत तथा नियम–256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अन्तर्गत अपहरण है जो अधिभार योग्य है।

(ड.) उक्त व्यय से पूर्व भुगतान से पूर्व सक्षम समिति/निर्माण कार्य समिति की संस्तुति नहीं ली गयी जबकि शासनादेश (पूर्व की आपत्तियों में लिखित) के अनुसार समिति की संस्तुति के बाद ही भुगतान किया जाना चाहिए ।

(च) लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर तथा परिसम्पत्ति रजिस्टर अप्राप्त रहने से प्राप्त, प्रयुक्त एवं अवशेष सामग्री तथा सृजित सम्पत्ति विवरणहीन रहा ।

(छ) लेखा परीक्षा में कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र अप्राप्त रहने से कार्यों की पूर्ण होने की पुष्टि नहीं हो सकी।

अतः उक्त आपत्तियों के अधीन किया गया कुल व्यय रू0 308617.00 विवरणहीन, काल्पनिक तथा वित्तीय अपहरण है जो अधिभार योग्य है जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर 103लेखा परीक्षा में प्राप्त कैशबुक के अनुसार हरीराम के घर से अघोर बघेल तक नाली निर्माण पर निम्न प्रकार व्यय किया गया है :–

दिनांक	मद	धनराशि
27.12.2016	सामग्री (बिल्डिंग मैटेरियल ईंटा)	39394.00
28.12.2016	ईंटा क्रय	52260.00
28.12.2016	मजदूरी (मस्टर रोल)	8632.00
	योग	**100286.00**

उपरोक्त व्यय पर निम्न आपत्तियां हैं :–

(क) कार्यवाही रजिस्टर जिससे ग्राम सभा की खुली बैठक में कार्य योजना का पारित होना सुनिश्चित किया जा सके, लेखा परीक्षा में अप्रस्तुत रहा।
(ख) उक्त कार्य की कार्य योजना, इस्टीमेट, तकनीकी स्वीकृति वित्तीय, प्रशासनिक स्वीकृति प्रमाण पत्र तथा एम0बी0 लेखा परीक्षा में अप्रस्तुत रहने से किया गया व्यय नियम विरूद्ध अवास्तविक तथा औचित्यहीन प्रमाणित होता है।
(ग) सामग्री से पूर्व कोटेशन ग्राम पंचायत द्वारा आमंत्रित नहीं किया गया जबकि वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–7 के पैरा (क) के अनुसार रू0 20000.00 से अधिक की सामग्री क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित किया जाना चाहिए।
(घ) लेखा परीक्षा में उक्त किये गये व्यय से सम्बन्धित कोई भी बिल/व्यय बाउचर प्रस्तुत नहीं किया गया जबकि ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड–7 एवं खण्ड (क), (ख) तथा उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम–1947 के नियम 204, 205 के विपरीत तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अधीन वित्तीय अपहरण है जो अधिभार योग्य है।
(ड.) उक्त कार्य पर किये गये व्यय से पूर्व सक्षम समिति/निर्माण कार्य समिति की संस्तुति नहीं ली गयी जबकि शासनादेश (पूर्व आपत्ति में लिखित) के अनुसार ऐसा करना अनिवार्य है।
(च). लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर एवं परिसम्पत्ति रजिस्टर अप्राप्त रहा।
(छ) लेखा परीक्षा में कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र अप्रस्तुत रहने से किये गये कार्य की स्थिति पूर्णतः अज्ञात रही। इस प्रकार उक्त आपत्तियों के अधीन किया गया कुल व्यय रू0 100286.00 विवरणहीन, औचित्यहीन तथा वित्तीय अपहरण है जो अधिभार योग्य है जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से जमा कराया जाना अपेक्षित है।

42 – ग्राम पंचायत– चकिया विकास खण्ड–भियांव जनपद–अम्बेडकरनगर

लेखा परीक्षा वर्ष–2016–17

प्रस्तर 104ग्राम पंचायत चकिया, विकास खण्ड भियांव, जनपद––अम्बेडकरनगर के वित्तीय वर्ष–2016–17 की लेखा परीक्षा में निम्नलिखित आपत्तिगत अपहरण की धनराशि प्रकाश में आयी है। इस पर विभागीय अधिकारियों का ध्यान यथोचित कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है। विभिन्न तिथियों में निम्नांकित धनराशियों का आहरण करके व्यय किया गया है जिसका विवरण निम्नवत है–

दिनांक	धनराशि	बैंक स्टेटमेंट के अनुसार नकद भुगतान	भुगतान प्राप्तकर्ता/फर्म/दुकानदार का विवरण
23.09.2016	20000.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
30.09.2016	29390.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
25.10.2016	12500.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
28.11.2016	4000.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
29.11.2016	4000.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
03.12.2016	9918.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
02.01.2017	9918.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
03.02.2017	9918.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
07.02.2017	8874.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
14.02.2017	13398.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
16.02.2017	13224.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
02.03.2017	14500.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
09.03.2017	17400.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
10.03.2017	12876.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
20.03.2017	20094.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
27.03.2017	31946.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
31.03.2017	14940.00	नकद	अज्ञात/अस्पष्ट
योग–			

उपरोक्त विभिन्न तिथयों में कुल रू0–246896.00 का खाते से नकद आहरण करके ग्राम पंचायत द्वारा व्यय किया गया है। उपरोक्त व्यय की पुष्टि में व्यय बाउचर/प्रमाणक एवं बिलों का मस्टर रोल तैयार कर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया/पंचायत राज विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के अनुसार ग्राम पंचायत के अभिलेखों का संम्प्रेक्षण (आडिट) के अनुसार यदि दर्शाये गये व्यय के सम्बन्ध में कोई बाउचर/व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो दर्शाई गयी व्यय की धनराशि को गबन मानते हुए इस धनराशि की ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान तथा सेक्रेटरी ग्राम पंचायत से की जायेगी।
लेखा परीक्षा में माँग के बावजूद निम्न लिखित विवरण के अनुसार अभिलेख तैयार कर प्रस्तुत नहीं किये गये। नियमानुसार अभिलेख नहीं तैयार किया जाना गंभीर वित्तीय अनियमितता है–

1. कार्यवाही रजिस्टर जिसे ग्राम सभा की खुली बैठक में कार्ययोजना का पारित होना सुनिश्चित किया जा सके लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।
2. कोष बही रजिस्टर, व्यय प्रमाणक, मस्टर रोल आदि लेखा परीक्षा में उपलबध नहीं कराया गया।
3. कार्य को करने से पहले सक्षम अधिकारी से कार्यों की वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृत प्रमाण–पत्र लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा।
4. कार्यों की तकनीकी स्वीकृत सम्बन्धी पत्रावली एवं एम0बी0, रजिस्टर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।
5. विभिन्न समितियों जैसे निर्माण कार्य समिति प्रशासनिक समिति से सम्बन्धित कार्यवाही रजिस्टर/अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये।
6. एफ0एच0बी0 खण्ड 1 एवं शासनादेश संख्या–ए1–864/दस–08–15(1) 86 दिनांक–23.09.2008 के अनुसार निर्माण हेतु सामग्री क्रय के लिये कोटेशन/निविदा की पत्रावली लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं की गयी जिससे सामग्री क्रय की न्यूनतम दर की पुष्टि नहीं की जा सकी।
7. स्टाक रजिस्टर लेखा परीक्षा में अप्रस्तुत रहा जिससे यह पुष्टि नहीं की जा सकी कि वास्तव में सामग्री की आमद हुयी या नहीं।
8. परिसम्पत्ति रजिस्टर अप्रस्तुत रहने से वर्ष में संचित सम्पत्ति तथा वर्ष में कराये गये कार्यों एवं विगत वर्षों में कराये गये कार्यों का स्पष्ट अभिलेख अप्राप्त रहा।
9. किसी भी कार्य की कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र/पीसी0आर0 निर्धारित प्रारूप पर प्रस्तुत नहीं रहा, जिससे कार्य की पूर्ति एवं हस्तगत की स्थित अस्पष्ट रही।
10. पंचायत लेखा मैनुअल के अनुसार क्रय सम्बन्धित कोई भी भुगतान रू0–2000.00 से ऊपर एकाउन्ट पेयी चेक के माध्यम से सिर्फ फर्म या दुकान को किया जाना है लेकिन यहाँ भुगतान प्रधान द्वारा नकद प्राप्त किया गया है।
अतः उपर्युक्त आपत्तियों को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम पंचायत द्वारा जो भी निर्माण कार्य और उस पर व्यय दर्शित है वह काल्पनिक है। इस प्रकार कुल रू0 246896.00 की वित्तीय नियमों की अनदेखी करते हुए मनमानी ढंग से ग्राम निधि प्रथम से आहरित कर व्यय किया गया है जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 तथा ग्राम पंचायत एवं वित्त लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद 8(क) अन्तर्गत अपहरण एवं अधिभार योग्य है जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से की जानी अपेक्षित है।

43 – ग्राम पंचायत– चिन्तौरा विकास खण्ड–टाण्डा जनपद–अम्बेडकरनगर

लेखा परीक्षा वर्ष–2016–17

प्रस्तर 105 <u>ईंट क्रय रुपया– 1630816.00</u>आलोच्य वर्ष में निम्न तिथियों में ईंट क्रय की गयी किन्तु जिससे सम्बन्धित व्यय बाउचर, स्टीमेट उपभोग प्रमाण पत्र, कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र, एम0बी0 बुक आदि महत्वपूर्ण अभिलेख लेखा परीक्षा के दौरान प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे धन के व्यय की पुष्टि नहीं की जा सकी।अतः व्यय की गयी धनराशि वसूली योग्य है, जिसके उत्तरदायी ग्राम प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी हैं। वसूली अपेक्षित है।

दिनांक	धनराशि	अभियुक्ति
02.04.2016	80955.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
18.04.2016	59850.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
25.04.2016	66150.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
16.07.2016	90720.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
07.11.2016	50400.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
16.11.2016	50400.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
03.12.2016	54180.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
19.12.2016	63000.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
29.12.2016	44364.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
01.02.2017	68200.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
01.02.2017	81900.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
07.02.2017	153090.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
02.02.2017	11970.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
02.02.2017	8820.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
20.02.2017	137970.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
20.02.2017	24582.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
20.02.2017	73337.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
01.03.2017	35562.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
03.03.2017	96674.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
03.03.2017	35683.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
09.03.2017	36544.00	नकद ईंट क्रय
29.03.2017	107415.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत

29.03.2017	133900.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
31.03.2017	66150.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
टोटल	**1630816.00**	

आलोच्य वर्ष में निर्माण मरम्मत कार्य में दर्शित व्यय के सापेक्ष सामग्री क्रय प्रमाणक (बिल प्रोफार्मा), इनवाइस, चालान पत्र आदि तथा मजदूरी आदि के भुगतान की पुष्टि में मस्टर रोल आदि महत्वपूर्ण प्रमाणक जांच हेतु प्रस्तुत किये जाने से निर्माण/मरम्मत कार्य किये जाने की पुष्टि नहीं होती। इस प्रकार फर्जी कार्य दर्शाकर या वास्तविक कार्य से अधिक दर्शाकर धनराशि अपहरण किया गया है, जो पंचायती राज विभाग उ0प्र0 द्वारा जारी ग्राम पंचायतों के वित्त एवं लेखा प्रबन्धन हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के बिन्दु 8 (क) में दिये गये प्राविधानानुसार यदि कोष बही में दर्शाये गये व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं होता है तो दर्शायी गयी धनराशि की वसूली ग्राम प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी से अपेक्षित हैं, जिसके लिए ग्राम विकास अधिकारी/प्रधान से ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

प्रस्तर 106<u>हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय–207123.00</u>आलोच्य वर्ष में निम्न तिथियों में हैण्ड पम्प मरम्मत पर व्यय दर्शाया गया है। विवरण निम्न प्रकार है :–

दिनांक	धनराशि	अभियुक्ति
16.04.2016	23023.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
26.04.2016	7500.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
26.04.2016	32200.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
27.04.2016	15100.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
04.05.2016	23960.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
04.07.2016	19100.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
14.07.2016	19140.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
15.10.2016	30150.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
19.10.2016	15000.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
22.12.2016	18000.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
16.02.2017	3950.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
टोटल	**207123.00**	

उपरोक्त विवरणानुसार प्रधान द्वारा नकद हैण्डपम्प मरम्मत कराया गया है। जिसमें साक्ष्य/व्यय प्रमाणन साक्ष्य अनुपलब्ध कराने के कारण नहीं किया जा सका। आलोच्य वर्ष में निर्माण मरम्मत कार्य में दर्शित व्यय के सापेक्ष सामग्री क्रय प्रमाणक (बिल प्रोफार्मा), इनवाइस, चालान पत्र आदि तथा मजदूरी आदि के भुगतान की पुष्टि में मस्टर रोल आदि महत्वपूर्ण प्रमाणक जांच हेतु प्रस्तुत किये जाने से निर्माण/मरम्मत कार्य किये जाने की पुष्टि नहीं होती। इस प्रकार फर्जी कार्य दर्शाकर या वास्तविक कार्य से अधिक दर्शाकर धनराशि अपहरण किया गया है, जो पंचायती राज विभाग उ0प्र0 द्वारा जारी ग्राम पंचायतों के वित्त एवं लेखा प्रबन्धन हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के बिन्दु 8 (क) में दिये गये प्राविधानानुसार यदि कोष बही में दर्शाये गये व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं होता है तो दर्शायी गयी धनराशि की वसूली ग्राम प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी से अपेक्षित है, जिसके लिए ग्राम विकास अधिकारी/प्रधान से ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

प्रस्तर 107<u>केन्द्रीय राजस्व/राजकीय राजस्व सामान्य क्रय पर रूपया 121678.00 की क्षति/हानि</u>:आलोच्य वर्ष 1941863.00 × 4 प्रतिशत = 77675.00 व आई0टी0 44003.00 = 121678.00 फर्म को सीधे भुगतान कर टी0डी0एस0 की कटौती न कर क्षति/हानि पहुँचाया गया। शासन की विज्ञप्ति सं0–1315 दिनांक 07.10.2013 इस सर्कलर के द्वारा कर योग्य माल क्रय करने पर भुगतान के पूर्व भुगतान की जाने वाली धनराशि में से 4 प्रतिशत की दर से कटौती किया जाना प्राविधानित किया गया है। केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के विभाग हों, "वाणिज्य कर की धारा–34(6) में प्राविधानित है कि वर्क कान्ट्रेक्टर एवं माल में क्रय के सम्बन्ध में भुगतान करने के पूर्व 4 प्रतिशत धनराशि की कटौती करने के बाद आगामी माह 01 से 20 तारीख के मध्य राजकीय कोषागार में वाणिज्य कर के हेड में जमा किया जाना चाहिए था। वैट की धारा–34(8) में ऐसा न करने पर कटौती की धनराशि के दो गुने के अर्थदण्ड का प्राविधान है। वैट की धारा–34(9) के अनुसार 15 प्रतिशत ब्याज भी देय है। इस प्रकार ग्राम प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत चिन्तौरा में वर्ष 2016–17 में शासन क्रय पर रू0 19418963 × 4 प्रतिशत = 77675.00 व आई0टी0 44003.00 = 121678.00 केन्द्रीय राजस्व/राजकीय राजस्व हानि/क्षति पहुँचायी गयी, जिस पर सरचार्ज सहित ग्राम प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी से ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है।

प्रस्तर 108<u>मस्टर रोल पर व्यय–रू0 654777.00</u> आलोच्य वर्ष में मजदूरी पर निम्न तिथियों पर व्यय दुर्शाया गया, जिसके सापेक्ष मस्टर रोल, कार्य योजना, स्टीमेट, उपभोग प्रमाण पत्र, एम0बी0 बुक आदि नहीं प्रस्तुत रहीं, जिससे नियमानुसार धन वसूली योग्य है। उक्त की वसूली ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी से अपेक्षित है।

दिनांक	धनराशि	अभियुक्ति
02.04.2016	62307.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
11.04.2016	23023.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
18.04.2016	53130.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत

18.07.2016	60726.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
28.10.2016	34104.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
04.10.2016	17052.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
07.11.2016	20100.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
17.11.2016	9918.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
13.11.2016	9222.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
20.11.2016	12180.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
30.11.2016	11310.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
07.12.2016	12180.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
07.12.2016	11484.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
14.12.2016	7308.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
14.12.2016	16530.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
19.12.2016	9396.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
19.12.2016	9222.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
19.12.2016	5046.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
26.12.2016	18270.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
18.01.2017	23970.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
25.01.2017	23838.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
31.01.2017	23838.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
07.02.2017	20010.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
10.02.2017	20090.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
02.02.2017	43308.00	गंगाराम ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा आहरण
22.02.2017	19760.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
27.02.2017	4010.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
01.03.2017	26400.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
03.03.2017	4817.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
03.03.2017	12030.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
03.03.2017	13305.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
08.03.2017	31300.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
09.03.2017	18272.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
31.03.2017	39846.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
टोटल	**654777.00**	

ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड–7, एवं खण्ड–8 क एवं प्रदेश राज्य नियमावली 1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत तथा नियम–256 अधिनियम की धारा–27 के अन्तर्गत व्यय अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। उक्त ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान से रूपया–654777.00 की वसूली अपेक्षित है। ग्राम पंचायत चिन्तौरा के आड़िट के दौरान बार–बार मांगोपरान्त परियोजनावार स्टाक रजिस्टर, व्यय प्रमाणक, कार्ययोजना उपभोग प्रमाण पत्र, कार्यवाही रजिस्टर, निर्माण कार्य का रजिस्टर, निर्माण समिति का अनुमोदन, सतर्कता समिति की निगरानी रिपोर्ट आडिट में प्रस्तुत न करने से उपभोग/आहरण की गयी धनराशि उक्त ग्राम पंचायत में आडिट की दृष्टि से अपुष्ट रहीं, जिसकी ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है, जिसके लिए संयुक्त रूप से ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी उत्तरदायी है।

प्रस्तर 109<u>**सोलर लाइट पर व्यय 202500.00**</u>आलोच्य वर्ष में सोलर लाइट पर नवीन कान्स्ट्रक्शन के नाम रू. 202500. 00 का चेक के माध्यम से व्यय किया जाना दर्शित है। आडिट के तिथि तक साक्ष्य/व्यय प्रमाणन अप्राप्त रहने से व्यय अपुष्ट रहा। विवरण निम्न प्रकार है :

दिनांक	धनराशि	अभियुक्ति
03.01.2017	90000.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
03.01.2017	67500.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
16.03.2017	45000.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
टोटल	**202500.00**	

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा रु. 202500.00 सोलर लाइट नवीन कान्स्ट्रेक्शन को चेक काटकर कैशबुक में दर्शित किया गया है। सोलर लाइट किस–किस जगह पर लगाई गयी, स्थिति अस्पष्ट रही। इससे व्यय की पुष्टि नहीं किया जा सका, जिसकी वसूली ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी से अपेक्षित है। इस सम्बन्ध में सक्षम उच्च अधिकारी का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट है। निरीक्षण निगरानी करने की आवश्यकता है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर 110 **स्ट्रीट लाइट पर व्यय–200000.00** आलोच्य वर्ष में निम्न तिथियों में स्ट्रीट लाइट ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा. किया गया है। स्ट्रीट लाइट लगाने सम्बन्धी सम्बन्धित विद्युत विभाग के उच्च अधिकारी से बिना अनुमति लिये स्ट्रीट लाइट क्रय कर लगाया जाना दर्शित रहा। जिसके सम्बन्ध में कोई साक्ष्य व्यय प्रमाणन प्रस्तुत नहीं किया गया। ऐसा पाया गया काल्पनिक व्यय दर्शाकर धन का अपहरण किया गया हैं। विवरण निम्न है :–

दिनांक	धनराशि	अभियुक्ति
21.09.2016	31250.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
21.09.2016	31250.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
21.09.2016	37500.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
04.10.2016	37500.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
04.10.2016	31250.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
04.10.2016	31250.00	व्यय प्रमाणक अप्रस्तुत
टोटल	**200000.00**	

उपरोक्त विवरण के अनुसार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा रू0 200000.00 ग्राम पंचायत वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड–7 एवं खण्ड 8 क एवं प्रदेश राज्य नियमावली 1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत तथा नियम–256 अधिनियम की धारा–27 के अन्तर्गत व्यय अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। उक्त ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान से वसूली अपेक्षित है। ग्राम पंचायत चिन्तौरा के आडिट के दौरान बार–बार मांगोपरान्त परियोजनावार स्टाक रजिस्टर, व्यय प्रमाणक, कार्ययोजना उपभोग प्रमाण पत्र, कार्यवाही रजिस्टर, निर्माण कार्य का रजिस्टर, निर्माण समिति का अनुमोदन, सतर्कता समिति की निगरानी रिपोर्ट आडिट में प्रस्तुत न करने से उपभोग आहरण की गयी धनराशि उक्त ग्राम पंचायत में आडिट की दृष्टि से अपुष्ट रहीं, जिसकी ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है, जिसके लिए संयुक्त रूप से ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी उत्तरदायी हैं।

प्रारूप–4

वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2016–17

जनपद–अमेठी **मण्डल–अयोध्या**

ग्राम पंचायत का नाम– हरकरनपुर विकास खण्ड–जामों जनपद – अमेठी

प्रस्तर संख्या – 01लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में रमेश के घर से बाबादीन के घर तक खड़न्जा एवं मिट्टी कार्य पर रू. 202452/– का व्यय हुआ। इस कार्य पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियाँ पायी गयी–कार्ययोजना जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने से पूर्व ही धनराशि आहरित करके उपयोग कर ली गयी। जबकि अनुमोदन होने तक किसी भी आहरण पर सख्त रोक थी। चूँकि यह कार्य दो लाख रू. से अधिक का था अतः इस पर ए0डी0ओ0 पंचायत के वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होना चाहिए था, जबकि तत्कालीन ए0डी0ओ0 (पंचायत) से कोई वित्तीय स्वीकृत नहीं ली गयी।कार्य से सम्बन्धित कोई भी स्टीमेट और एम0वी0 नहीं बनाया गया। सामग्री क्रय हेतु कोई टेन्डर नहीं निकाला गया।व्यय प्रमाणक और मस्टर रोल के बिना ही भुगतान कर दिया गया। इस प्रकार ग्राम विकास अधिकारी विजय यादव एवं ग्राम प्रधान गोसिया बानो द्वारा पूर्णतया मनमाने ढंग एवं अनियमित तरीके से वित्तीय एवं प्रशासनिक नियमों की अनदेखी करके काल्पनिक व्यय दर्शाकर राजकीय धन का अपहरण किया गया है। यह अपहरण ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड 8(क) एवं खण्ड 8(ख) तथा उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम–1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत है, तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अंतर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः सन्निहित धनराशि में से आधा–आधा अर्थात रू. 101226.00 ग्राम विकास अधिकारी श्री विजय यादव एवं रू. 101226.00 ग्राम प्रधान गोसिया बानो से अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या – 02लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में हरकरनपुर रोड से रमेश के घर तक खड़न्जा/निर्माण कार्य पर रू. 209128.00 का व्यय हुआ इस कार्य पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियाँ पायी गयी–

1. कार्य योजना जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने से पूर्व ही धनराशि आहरित करके उपभोग कर ली गयी जबकि अनुमोदन होने तक किसी भी प्रकार के आहरण पर सख्त रोक थी।
2. दो लाख रू. से अधिक कार्य होने के बावजूद ए0डी0ओ0 पंचायत से कोई भी वित्तीय स्वीकृति नहीं ली गयी।
3. बिना स्टीमेट और एम0वी0 के ही मनमाने तरीके से भुगतान कर दिया गया।
4. सामग्री क्रय हेतु कोई भी टेन्डर नहीं निकाला गया।
5. व्यय प्रमाणक और मस्टर रोल के बिना ही भुगतान कर दिया गया।

इस प्रकार ग्राम विकास अधिकारी विजय यादव एवं ग्राम प्रधान गोसिया बानो द्वारा पूर्णतया मनमाने ढंग एवं अनियमित तरीके से वित्तीय एवं प्रशासनिक नियमों की अनदेखी करके काल्पनिक व्यय दर्शाकर राजकीय धन का अपहरण किया गया है। यह अपहरण ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड 8(क) एवं खण्ड 8(ख) तथा उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम–1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत है, तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अंतर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः सन्निहित धनराशि में से आधा–आधा अर्थात रू. 104564.

00 ग्राम विकास अधिकारी श्री विजय यादव एवं रू. 104564.00 ग्राम प्रधान गोसिया बानो से अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–03लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 प्रकाश व्यवस्था हेतु चार नग सोलर लाइट रू. 102000.00 में क्रय की गयी इस पर निम्न आपत्तियां पायी गयी–

1. लाइट क्रय हेतु कोई टेण्डर नहीं निकाला गया।
2. लाइट कहां लगवायी गयी, इसकी कोई सूची, फोटो आदि नहीं दी गयी।
3. प्रति नग 25000.00 का भुगतान किया गया, जबकि नेडा द्वारा अधिकतम निर्धारित दर 23200.00 रू मात्र है।
4. कार्ययोजना जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने से पहले ही पैसा निकालकर खर्च कर दिया गया है।

इस प्रकार ग्राम विकास अधिकारी विजय यादव एवं ग्राम प्रधान गोसिया बानो द्वारा पूर्णतया मनमाने ढंग एवं अनियमित तरीके से वित्तीय एवं प्रशासनिक नियमों की अनदेखी करके काल्पनिक व्यय दर्शाकर राजकीय धन का अपहरण किया गया है। यह अपहरण ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड 8(क) एवं खण्ड 8(ख) तथा उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम–1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत है, तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अंतर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः सन्निहित धनराशि में से आधा–आधा अर्थात रू. 51000. 00 ग्राम विकास अधिकारी श्री विजय यादव एवं रू. 51000.00 ग्राम प्रधान गोसिया बानो से अद्यावधि ब्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम– भीखीपुर विकास खण्ड–जामों जनपद – अमेठी

प्रस्तर संख्या – 4 लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में पक्की सड़क से विशाल सिंह के दरवाजे तक तीस मीटर इण्टरलांकिग कार्य हेतु सांई नाथ ट्रेडर्स को सामग्री का भुगतान रू. 74578.00 किया गया है। इस कार्य पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. ग्राम सभा द्वारा कार्य का कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं किया गया।
2. उपरोक्त कार्य पर कोई भी मजदूरी भुगतान नहीं किया गया।
3. उपर्युक्त कार्य पर जे0ई0आर0ई0डी0 / जे0ई0एम0आई0 / जे0ई0 जिला पंचायत द्वारा कोई भी एम0वी0 स्वीकृति नहीं की गयी है।
4. सामग्री क्रय हेतु कोई कोटेशन नहीं लिया गया।
5. व्यय के पश्चात कार्य का अनुमोदन ग्राम सभा से नहीं कराया गया।
6. कार्य की शुरूआत पूर्व और समाप्त पर फोटोग्राफी नहीं की गयी।
7. संस्था में ईंट का स्टाक रजिस्टर बनाकर स्टाक में रू. 74578.00 का ईंट स्टाक में भी नहीं पाया गया।

उपर्युक्त तथ्यों से प्रमाणित होता है कि यह कार्य काल्पनिक रूप से दर्शित करके राजकीय धनराशि अपहरित कर ली गयी है यह अपहरण ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के खण्ड 8(क) एवं खण्ड 8(ख) तथा उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम–1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत है, तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अंतर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः उक्त धनराशि में से आधा–आधा अर्थात रू. 37289.00 ग्राम विकास अधिकारी श्री चन्द्रभान एवं रू. 37289.00 ग्राम प्रधान अजीत कुमार सिंह से अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या –05लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में रोहित घर से राजेश के घर तक 200 मीटर खड़न्जा हेतु ईंट क्रय पर शारदा ब्रिक फील्ड को रू. 157500.00 का भुगतान किया गया। इस कार्य पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. उपर्युक्त कार्य पर कोई भी मजदूरी भुगतान नहीं की गयी।
2. इस कार्य पर जे0ई0आर0ई0डी / जे0ई0एम0आई / जे0ई0 जिला पंचायत द्वारा कोई एम0वी0 स्वीकृति नहीं की गयी है।
3. सामग्री क्रय हेतु कोई टेण्डर नहीं निकाला गया। जबकि एक लाख से अधिक क्रय पर टेण्डर निकलना चाहिये था।
4. किसी भी स्तर पर कार्य की फोटोग्राफी नहीं करायी गयी।
5. संस्था में ईंट का स्टाक रजिस्टर बनाकर स्टाक में रू. 157500.00 का ईंट स्टाक में भी नहीं पाया गया।

उपर्युक्त तथ्यों से प्रमाणित होता है कि यह कार्य काल्पनिक रूप से दर्शित करके राजकीय धनराशि अपहरित कर ली गयी है यह अपहरण ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के खण्ड 8(क) एवं खण्ड 8(ख) तथा उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम–1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत है, तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अंतर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः उक्त धनराशि में से आधा–आधा अर्थात रू. 78750.00 ग्राम विकास अधिकारी श्री चन्द्रभान एवं रू. 78750.00 ग्राम प्रधान अजीत कुमार सिंह से अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या – 06लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में खड़न्जा मार्ग से रमाकान्त तिवारी एवं जगदम्बा तिवारी के घर तक एक सौ बीस मीटर इण्टर लांकिग कार्य पर निम्न गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. सामग्री क्रय हेतु कोई टेण्डर नहीं निकाला गया।
2. इण्टरलांकिग सामग्री क्रय हेतु सांई हार्डवेयर को एकमुश्त रू. 158660.00 का भुगतान कर दिया गया और मजदूरी पर कोई व्यय नहीं किया गया।

3. सक्षम अधिकारी की एम0वी0 भी नहीं बनी थी।
4. संस्था में ईंट का स्टाक रजिस्टर बनाकर स्टाक में रू. 158660.00 का ईंट स्टाक में भी नहीं पाया गया।
उपर्युक्त तथ्यों से प्रमाणित होता है कि यह कार्य काल्पनिक रूप से दर्शित करके राजकीय धनराशि अपहरित कर ली गयी है यह अपहरण ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के खण्ड 8(क) एवं खण्ड 8(ख) तथा उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम–1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत है, तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अंतर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः उक्त धनराशि में से आधा–आधा अर्थात रू. 79330.00 ग्राम विकास अधिकारी श्री चन्द्रभान एवं रू. 79330.00 ग्राम प्रधान अजीत कुमार सिंह से अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम– मझगवां विकास खण्ड–जामों जनपद – अमेठी

प्रस्तर संख्या – 07लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में हैण्डपम्प मरम्मत पर रू. 33156.00 का व्यय दर्शित किया गया है जिस पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–
1. हैण्डपम्प मरम्मत पर कितना धन सामग्री हेतु दिया गया और कितना मजदूरी हेतु इसका कहीं कोई उल्लेख नहीं है।
2. हैण्डपम्प मरम्मत करते हुये कोई फोटोग्राफी नहीं की गयी और न ही कोई ऐसी सूची प्रदान की गयी जिससे यह ज्ञात हो कि कोई कौन सा और कहां हैण्डपम्प मरम्मत हुआ।
3. हैण्डपम्प मरम्मत हेतु सामग्री क्रय करने के लिये कोई भी कोटेशन नहीं लिया गया और सम्पूर्ण धनराशि का नकद आहरण करके अपहरण कर लिया गया। जबकि सामग्री क्रय हेतु भुगतान फर्म के नाम से होना चाहिये था।
4. व्यय से सम्बन्धित कोई भी व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अनुपलब्ध रहा।
5. कार्य योजना जिलाधिकारी के अनुमोदन से पहले ही धनराशि आहरण करके अपहरित कर ली गयी, जबकि अनुमोदन होने तक किसी भी आरहण/वितरण पर शासन की रोक लगी थी।
6. मरम्मत के उपरान्त हैण्डपम्प से निकला सामान ग्राम पंचायत के स्टाक रजिस्टर में जमा नहीं किया गया।
इस प्रकार वित्तीय नियमों की अनदेखी करके राजकीय धनराशि आहरित कर ली गयी है। यह आहरण ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के खण्ड 8(क) एवं खण्ड 8(ख) तथा उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम–1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत है, तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अंतर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः उक्त धनराशि में से आधा–आधा अर्थात रू. 16578.00 ग्राम विकास अधिकारी श्री विजय यादव एवं रू. 16578.00 ग्राम प्रधान अखिलेश प्रताप सिंह से अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या – 08लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में नाली निर्माण पर रू. 121712.00 का व्यय दर्शित है। जिस पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–
1. नाली निर्माण हेतु ग्राम सभा द्वारा कोई भी प्रस्ताव, प्राक्कलन, तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त नही की गयी।
2. नाली निर्माण का भुगतान बिना स्टीमेट और एम0वी0 के कर दिया गया।
3. कार्य योजना जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदन से पूर्व ही धनराशि आहरित करके व्यय कर दी गयी है।
4. सम्पूर्ण धनराशि में से रू. 105550.00 की सामग्री क्रय हुयी और रू. 16162.00 मजदूरी हेतु व्यय हुआ। अतः सामग्री क्रय हेतु टेण्डर निकलना चाहिये था जो नहीं निकाला गया।
5. मजदूरी भुगतान हेतु लेखा परीक्षा में मस्टर रोल भी प्रस्तुत नहीं रहा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मजदूरी का भुगतान नकद किया गया है जबकि इसका भुगतान सम्बन्धित के खाते से किया जाना चाहिये था।
6. सामग्री क्रय का वाउचर और भुगतान धनराशि में कोई साम्य नहीं है।
इस प्रकार वित्तीय नियमों की अनदेखी करके राजकीय धनराशि आहरित कर ली गयी है। यह आहरण ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के खण्ड 8(क) एवं खण्ड 8(ख) तथा उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम–1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत है, तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अंतर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः उक्त धनराशि में से आधा–आधा अर्थात रू. 60856.00 ग्राम विकास अधिकारी श्री विजय यादव एवं रू. 60856.00 ग्राम प्रधान अखिलेश प्रताप सिंह से अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या – 09लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में सी0सी0 रोड से सत्येन्द्र के दरवाजे तक इण्टरलांकिग कार्य हेतु रू. 169354.00 का भुगतान किया गया। जिस पर निम्न गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–
1. कार्य के सम्बन्ध में संस्था द्वारा कोई भी प्रस्ताव, प्राक्कलन, तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त नहीं की गयी।
2. कार्ययोजना जिलाधिकारी के अनुमोदन के पूर्व ही धनराशि आहरण करके उपभोग कर ली गयी।
3. सम्पूर्ण भुगतान बिना स्टीमेट और एम0वी0 के ही कर दिया गया।
4. मजदूरी भुगतान हेतु लेखा परीक्षा में मस्टर रोल भी प्रस्तुत नहीं रहा यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मजदूरी का भुगतान नकद किया गया है जबकि इसका भुगतान सम्बन्धित के खाते से किया जाना चाहिये था।
5. सामग्री क्रय का वाउचर और भुगतान धनराशि में कोई साम्य नहीं है।
इस प्रकार वित्तीय नियमों की अनदेखी करके राजकीय धनराशि आहरित कर ली गयी है। यह आहरण ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के खण्ड 8(क) एवं खण्ड 8(ख) तथा उ0प्र0 पंचायत राज

अधिनियम–1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत है, तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अंतर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः उक्त धनराशि में से आधा–आधा अर्थात रू. 84677.00 ग्राम विकास अधिकारी श्री विजय यादव एवं रू. 84677.00 ग्राम प्रधान अखिलेश प्रताप सिंह से अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम– मिश्रौली विकास खण्ड–संग्रामपुर जनपद – अमेठी

प्रस्तर संख्या – 10लेखा परीक्षा 2016–17 में छेदी वर्मा के घर से जगनाथ वर्मा के घर तक खड़न्जा मरम्मत कार्य पर रू. 139368.00 अनियमित व्यय दर्शित किया गया। इस व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. उक्त मरम्मत कार्य के सम्बन्ध में संस्था द्वारा कोई भी प्रस्ताव, प्राक्कलन तथा वित्तीय एवं तकनीकी स्वीकृति प्राप्त नहीं की गयी।

2. दिनांक 29.03.2017 को चेक संख्या 29 से ईंट क्रय हेतु बरनवाल ब्रिक फील्ड को रू. 111604.00 का भुगतान किया गया। उक्त ईंट क्रय हेतु कोई भी टेण्डर नहीं निकाला गया, जबकि रू. 01 लाख से अधिक के प्रत्येक क्रय हेतु टेण्डर निकालना आवश्यक है।

3. दिनांक 28.03.2017 को चेक संख्या 30 से ग्राम प्रधान द्वारा मजदूरी भुगतान हेतु रू. 27764.00 का आहरण बिना मस्टर रोल के प्राप्त करके धन का अपहरण कर लिया गया।

4. व्यय धनराशि को ग्राम सभा से स्वीकृति भी नहीं कराया गया।

इस प्रकार ग्राम विकास अधिकारी श्री अनिल सिंह एवं ग्राम प्रधान रामकृष्ण यादव द्वारा पूर्णतयाः मनमाने एवं अनियमित तरीके से वित्तीय नियमों की अनदेखी करके राजकीय धन का अपव्यय किया गया है। यह अनियमितता ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड 8(क) एवं खण्ड 8(ख) तथा उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम–1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत है, तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अंतर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः उक्त धनराशि में से आधा–आधा अर्थात रू. 69684.00 ग्राम विकास अधिकारी श्री अनिल सिंह एवं रू. 69684.00 ग्राम प्रधान श्री रामकृष्ण यादव से अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या – 11लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में दिनांक 31.03.2017 को चेक संख्या 33 से सिंह मशीनरी स्टोर को रू. 17445.00 का हैण्डपम्प मरम्मत हेतु फर्जी भुगतान करके अपहरण कर लिया गया। इस भुगतान पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. उक्त मरम्मत कार्य के सम्बन्ध में संस्था द्वारा न तो कोई प्रस्ताव पारित हुआ और न ही कार्य के दौरान प्रमाणक हेतु कोई फोटो लिया गया। मरम्मत कार्य कहां–कहां कराया गया इसकी कोई भी सूची नहीं दी गयी। अतः यह सम्पूर्ण व्यय काल्पनिक रूप से दर्शित करके सम्पूर्ण धनराशि का अपहरण कर लिया गया।

2. व्यय धनराशि को ग्राम सभा से स्वीकृति भी नहीं कराया गया।

3. मरम्मत के उपरान्त पुराने सामान को ग्राम सभा में जमा भी नहीं किया गया।

इस ग्राम विकास अधिकारी श्री अनिल सिंह एवं ग्राम प्रधान रामकृष्ण यादव द्वारा पूर्णतयाः मनमाने एवं अनियमित तरीके से वित्तीय नियमों की अनदेखी करके राजकीय धन का अपव्यय किया गया है। यह अनियमितता ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8 के खण्ड 8(क) एवं खण्ड 8(ख) तथा उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम–1947 के नियम 204 एवं 205 के विपरीत है, तथा नियम 256 एवं अधिनियम की धारा–27 के अंतर्गत अपहरण है, जो अधिभार योग्य है। अतः उक्त धनराशि में से आधा–आधा अर्थात रू. 8722.50 विकास अधिकारी श्री अनिल सिंह एवं रू. 8722.50 ग्राम प्रधान श्री रामकृष्ण यादव से अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या –12लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में दिनांक 31.03.2017 को चेक संख्या 36 से रू. 14950.00 द्वारा सफाई कर्मी किट क्रय पर काल्पनिक व्यय दर्शाकर अपहरण कर लिया गया। इस व्यय पर निम्न आपत्तियाँ पायी गयी–

1. किट खरीद हेतु ग्राम सभा से कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया गया।

2. किट के अंतर्गत क्या–क्या क्रय किया गया, इसका कोई उल्लेख नहीं मिला।

3. उपर्युक्त क्रय सामग्री का कोई भी प्रमाणक नहीं दिया गया।

4. लेखा परीक्षा में बार–बार मांग करने के बावजूद सफाई किट का सत्यापन भी नहीं कराया गया।

इस ग्राम विकास अधिकारी श्री अनिल सिंह एवं ग्राम प्रधान रामकृष्ण यादव द्वारा पूर्णतयाः मनमाने एवं अनियमित तरीके से वित्तीय नियमों की अनदेखी करके राजकीय धन का अपहरण कर लिया गया है। अतः उपर्युक्त दोनों व्यक्तियों से आधी–आधी धनराशि अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या – 13 लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में ग्राम सभा द्वारा दिनांक 29.03.2017 को रू. 111604.00 का ईंट क्रय किया गया। इस क्रय पर किसी भी प्रकार की कोई आयकर कटौती नहीं की गयी। जबकि आयकर अधिनियम–1961 की धारा 194सी के अंतर्गत इस भुगतान पर 2 प्रतिशत की आयकर कटौती की जानी चाहिये थी। उक्त कटौती न किये जाने के कारण रू. 2232.00 के राजकीय राजस्व की हानि हुई। अतः आयकर अधिनियम के प्राविधानुसार ग्राम विकास अधिकारी अनिल सिंह से रू. 2232.00 का आयकर एवं 2232.00 का जुर्माना अर्थात कुल रू. 4464.00 की ब्याज सहित वसूली व्यक्तिगत रूप से की जानी चाहिये।

ग्राम पंचायत का नाम– थौरी विकास खण्ड–जगदीशपुर जनपद – अमेठी

प्रस्तर संख्या – 14ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा हेतु तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी श्री मनीष कुमार सिंह के द्वारा मनेरगा के कोई भी अभिलेख एवं सूचना उपलब्ण नहीं करायी गयी। इस प्रकार लगाातार आडिट कार्यक्रम शासनादेशों तथा उच्चाधिकारियों के द्वारा दिये गये आदेशों की अवहेलना की गयी तथा मनरेगाा से सम्बन्धित अभिलेख जैसे – कैशबुक, एफ0टी0ओ0, बुक, कार्य योजना वित्तीय स्वीकृति पत्र, इस्टीमेट एम0वी0 प्रमाणक (वाउचर्स) मस्टररोल, वेजलिस्ट, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, परिसम्पत्ति रजिस्टर, जाब कार्ड एवं कार्य मांग पत्र आदि महत्वपूर्ण अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये।

ग्राम पंचायत में मनरेगाा के अंतर्गत व्यय की गयी धनराशि की सूचना एम0आई0एस0 फीडिंग के अनुसार निम्नलिखित प्रकार से है–

वित्तीय वर्ष	मनरेगा के अंतर्गत प्राप्त धनराशि	व्यय की गयी धनराशि	अभ्युक्ति
2016–17	262674.00	262674.00	अभिलेख अप्राप्त

अतः स्पष्ट है कि एम0आई0एस0 फीडिंग में दर्शित व्यय धनराशि रू. 262674.00 से सम्बन्धित व्यय प्रमाणक एवं अन्य समस्त अभिलेख बार–बार मांगने के उपरान्त प्रस्तुत न किये जाने से वर्ष में दर्शित कुल व्यय रू. 262674.00 अनियमित एवं प्रमाणक विहीन है। जो कि ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनअुल के अध्याय 8 एवं उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायती राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं ग्राम पंचायत के वित्त एंव लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद 8क के अंतर्गत अपहरण है एवं अधिभार योग्य है। जिसके लिये ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी श्री मनीष कुमार सिंह एवं ग्राम प्रधान श्रीमती छोटका उत्तरदायी है। अतः आपत्ति में अंकित कुल धनराशि रू. 262674.00 में से आधी अर्थात 1/2 भाग रू. 131337.00 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री मनीष कुमार सिंह से एवं रू. 131337.00 ग्राम प्रधान श्रीमती छोटका से ब्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम– लखनीपुर विकास खण्ड–जगदीशपुर जनपद – अमेठी

प्रस्तर संख्या – 15ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा हेतु तत्कालीन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री मनोज कुमार द्वारा मनेरगा से सम्बन्धित कोई भी अभिलेख एवं सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी। इस प्रकार लगातार आडिट कार्यक्रम शासनादेशों तथा उच्चाधिकारियों के द्वारा दिये गये आदेशों की अवहेलना की गयी तथा मनरेगा से सम्बन्धित अभिलेख जैसे – कैशबुक, एफ0टी0ओ0, बुक, कार्य योजना वित्तीय स्वीकृति पत्र, इस्टीमेट एम0वी0 प्रमाणक (वाउचर्स) मस्टररोल, वेजलिस्ट, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, परिसम्पत्ति रजिस्टर, जाब कार्ड एवं कार्य मांग पत्र आदि महत्वपूर्ण अभिलेख लेखा परीक्षा में अनुपलब्ध रहे।

एम0आई0एस0 फीडिंग के अनुसार ग्राम पंचायत में मनरेगाा के अंतर्गत व्यय का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है–

वित्तीय वर्ष	मनरेगा के अंतर्गत प्राप्त धनराशि	व्यय की गयी धनराशि	अभ्युक्ति
2016–17	596000.00	596000.00	अभिलेख अप्राप्त

अतः स्पष्ट है कि एम0आई0एस0 फीडिंग में दर्शित व्यय धनराशि रू. 596000.00 प्रमाणक विहीन है। जो कि ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनअुल के अध्याय 8 एवं उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायती राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं ग्राम पंचायत के वित्त एंव लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद 8क के अंतर्गत अपहरण है एवं अधिभार योग्य है। जिसके लिये ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी श्री मनोज कुमार एवं ग्राम प्रधान श्री मोहम्मद रिजवान उत्तरदायी है। अतः आपत्ति में अंकित कुल धनराशि रू. 596000.00 में से आधी अर्थात 1/2 भाग रू. 298000.00 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री मनोज कुमार से एवं रू. 298000.00 ग्राम प्रधान श्री मोहम्मद रिजवान से ब्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम– माहेमऊ विकास खण्ड–जगदीशपुर जनपद – अमेठी

प्रस्तर संख्या – 16 आलोच्य वर्ष में हैण्डपम्प मरम्मत पर रू. 120000.00 का व्यय कैशबुक में दर्शित किया गया है। जिसका विवरण निम्नलिखित प्रकार से है–

क्र	दिनांक	व्यय भुगतान की धनराशि	कैशबुक में उल्लिखित प्रविष्ट का विवरण
1	08.07.2016	20000.00	हैण्डपम्प मरम्मत वास्ते पाल मशीनरी स्टोर को भुगतान
2	21.11.2016	20000	हैण्डपम्प मरम्मत वास्ते पाल मशीनरी स्टोर को भुगतान
3	21.11.2016	20000	हैण्डपम्प मरम्मत वास्ते पाल मशीनरी स्टोर को भुगतान
4	31.01.2017	20000	हैण्डपम्प मरम्मत वास्ते कुलदीप आयरन स्टोर को भुगतान
5	03.01.2017	20000	हैण्डपम्प मरम्मत वास्ते कुलदीप आयरन को भुगतान
6	22.02.2017	20000	हैण्डपम्प मरम्मत वास्ते जे0के0हार्डवेयर को भुगतान
	योग	120000.00	

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर त्रुटियां प्रकाश में आयीं–

1. उक्त हैण्डपम्प मरम्मत कार्य से सम्बन्धित ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्ताव, प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति सम्बन्धी अभिलेख लेखा परीक्षा में अनुपलब्ध रहे।
2. बैंक स्टेटमेंट के अनुसार चेक से किये गये समस्त भुगतान विवरणहीन रहे। किये गये भुगतानों की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अनुपलब्ध रहे।

3. हैण्डपम्प मरम्मत के समस्त भुगतान फर्म को किये गये थे व्यय के सापेक्ष मजदूरी पर कोई भुगतान नहीं किया गया है।
4. हैण्डपम्प मरम्मत पर किये गये व्यय के सापेक्ष स्थलों की सूची एवं लाभार्थियों द्वारा हैण्डपम्प के खराब होने की सूचना तथा मरम्मत की मांग सम्बन्धी कोई भी प्रपत्र लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।
5. व्यय पश्चात उक्त धनराशियां ग्राम पंचायत द्वारा पारित नहीं करायी गयी।
6. कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र अनुपलब्ध रहा।
इस प्रकार स्पष्ट है कि वित्तीय नियामें की अनदेखी करते हुए धनराशि रू. 120000.00 का ग्राम निधि प्रथम से आहरण, भुगतान करके उसे हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय दर्शित किया गया है जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा मैनुअल के अध्याय के अनुच्छेद 8क के अंतर्गत अपहरण है तथा अधिभार योग्य है। जिसके लिये ग्रम पंचायत विकास अधिकारी श्री मनीष कुमार तथा ग्राम प्रधान श्रीमती रूकैया उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू. 120000.00 उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू 60000.00 ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री मनीष कुमार से एवं रू. 60000.00 ग्राम प्रधान श्रीमती रूकैया) से अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम– निहालपुर विकास खण्ड–जगदीशपुर जनपद – अमेठी

प्रस्तर संख्या – 17ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा हेतु तत्कालीन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री मुस्ताक अहमद द्वारा मनेरगा से सम्बन्धित कोई भी अभिलेख एवं सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी। इस प्रकार लगातार आडिट कार्यक्रम शासनादेशों तथा उच्चाधिकारियों के द्वारा दिये गये आदेशों की अवहेलना की गयी तथा मनरेगा से सम्बन्धित अभिलेख जैसे – कैशबुक, एफ0टी0ओ0, बुक, कार्य योजना वित्तीय स्वीकृति पत्र, इस्टीमेट एम0वी0 प्रमाणक (वाउचर्स) मस्टररोल, वेजलिस्ट, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, परिसम्पत्ति रजिस्टर, जाब कार्ड एवं कार्य मांग पत्र आदि महत्वपूर्ण अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये। एम0आई0एस0 फीडिंग के अनुसार ग्राम पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत व्यय का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है–

वित्तीय वर्ष	मनरेगा के अंतर्गत प्राप्त धनराशि	व्यय की गयी धनराशि	अभ्युक्ति
2016–17	1299291.00	1299291.00	अभिलेख अप्राप्त

अतः स्पष्ट है कि एम0आई0एस0 फीडिंग के अनुसार रू. 1299291.00 दर्शित व्यय प्रमाणक विहीन है। जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायती राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं ग्राम पंचायत के वित्त एंव लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद 8क के अंतर्गत अपहरण है एवं अधिभार योग्य है। जिसके लिये ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी श्री मुस्ताक अहमद एवं ग्राम प्रधान श्रीमती संतोष कुमारी उत्तरदायी है। अतः आपत्ति में अंकित कुल धनराशि रू. 1299291.00 में से आधी अर्थात 1/2 भाग रू. 649645.50 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री मुस्ताक अहमद से एवं रू. 649645.50 ग्राम प्रधान श्रीमती सन्तोष कुमारी से ब्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम– देवकली विकास खण्ड–जगदीशपुर जनपद – अमेठी

प्रस्तर संख्या – 18 आलोच्य वर्ष में संस्था द्वारा विभिन्न तिथियों में ईंट क्रय पर व्यय दर्शित किया गया है जिसका विवरण निम्नलिखित प्रकार से है–

क्र	दिनांक	विवरण व्यय प्रमाणक	धनराशि
1	12.10.2016	भारत ब्रिक फील्ड से ईंट कय दर 6800x9385	63820.00
2	20.10.2016	ईंट क्रय दर 6800x2578 जी0एस0ईंट भट्ठा सराय बग्घा, हलियापुर	17532.00
3	20.10.2016	ईंट प्रथम श्रेणी क्रय श्याम ब्रिक फील्ड से दर 6800x5522	36868.00
4	26.10.2016	ईंट क्रय प्रथम श्रेणी श्याम ब्रिक फील्ड पूरे निसूरा जगदीशपुर दर 6800x4000	27200.00
5	29.10.2016	श्याम ब्रिक फील्ड से ईंट कय दर 6300X21270	134000.00
6	04.11.2016	श्याम ब्रिक फील्ड से ईंट कय दर 6800x9400	63920.00
7	10.11.2016	जी0एस0ईंट भट्ठा ईंट कय दर 6300X4801	30250.00
8	26.11.2016	श्याम ब्रिक फील्ड से ईंट कय दर 6800X6177	42000.00
9	02.12.2016	श्याम ब्रिक फील्ड से ईंट कय दर 6300x15873	100000.00
10	02.12.2016	श्याम ब्रिक फील्ड से ईंट कय दर 6300X7302	46000.00
11	10.12.2016	ईंट कय द्वितीय श्रेणी दर 6300X9223	58100.00
12	12.12.2016	ईंट कय द्वितीय श्रेणी दर 6300X4762	30000.00
13	10.03.2017	श्याम ब्रिक फील्ड से ईंट कय दर 6800X8236	86000.00
		कुल योग	735690.00

उपरोक्त ईंट कय पर व्यय धनराशि रू. 735690.00 में निम्नलिखित त्रुटियां प्रकाश में आयी–
1. टी0डी0एस0 2 प्रतिशत कटौती नहीं की गयी।
2. डिलवरी चालान बिल अनुपलब्ध रहा।
3. लेखा परीक्षा में स्टाक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे क्रय की गयी सामग्री वर्ष में अवशेष स्टाक अंकन की स्थिति अज्ञात रही।

4. ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्ताव, तकनीकी स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति, प्राक्कलन, मापी आदि लेखा परीक्षा में अनुपलब्ध रहे।
5. व्यय पश्चात उक्त धनराशियां ग्राम सभा द्वारा पारित नहीं करायी गयी।
6. बैंक स्टेटमेंट के अनुसार चेक से किये गये समस्त भुगतान अनियमित पाये गये।
7. किये गये व्यय/भुगतानों के सम्बन्ध में कैशबुक में उल्लिखित विवरण एवं बैंक से किये गये लेन–देन में कोई समरूपता नहीं पायी गयी।
8. कोटेशन व टेण्डर का विवरण अप्राप्त रहा।
9. दर एवं ईंट के गुणांक में अन्तर रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि वित्तीय नियमों की अनदेखी करते हुये ग्राम निधि प्रथम से रू. 735690.00 मनमाने ढंग से आहरित किया गया है। जो ग्राम पंचातय के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल अध्याय 8 के खण्ड 7 एवं खण्ड 8ख एवं उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204 एवं 205 के अंतर्गत अपहरण है जो अधिभार के योग्य है अतः उक्त धनराशि की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों श्री सत्यवान ग्राम प्रधान से कुल धनराशि 735690.00 का आधा रू. 367845.00 तथा तत्कालीन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री श्याम बहादुर सिंह से रू. 367845.00 संयुक्त रूप से अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम– उत्तरगांव विकास खण्ड–जगदीशपुर जनपद – अमेठी

प्रस्तर संख्या – 19आलोच्य वर्ष में हैण्डपम्प मरम्मत पर रू. 100000.00 का व्यय कैशबुक में दर्शित किया गया है। जिसका विवरण निम्नलिखित प्रकार से है–

क्र	दिनांक	व्यय भुगतान की धनराशि	कैशबुक में उल्लिखित प्रविष्ट का विवरण
1	26.10.2016	20000.00	हैण्डपम्प मरम्मत वास्ते कुलदीप आयरन स्टोर को भुगतान
2	26.10.2016	20000.00	हैण्डपम्प मरम्मत वास्ते कुलदीप आयरन स्टोर को भुगतान
3	10.11.2016	20000.00	हैण्डपम्प मरम्मत वास्ते कुलदीप आयरन स्टोर को भुगतान
4	07.02.2017	20000.00	हैण्डपम्प मरम्मत वास्ते कुलदीप आयरन स्टोर को भुगतान
5	07.02.2017	20000.00	हैण्डपम्प मरम्मत वास्ते कुलदीप आयरन स्टोर को भुगतान
	कुल योग	100000.00	

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां प्रकाश में आयीं–
1. उक्त हैण्डपम्प मरम्मत कार्य से सम्बन्धित ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्ताव, प्राक्कलन तकनीकी, वित्तीय स्वीकृति सम्बन्धी अभिलेख लेखा परीक्षा में अनुपलब्ध रहे।
2. बैंक स्टेटमेंट के अनुसार चेक से किये गये समस्त भुगतान विवरणहीन रहे। किये गये भुगतानों की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।
3. हैण्डपम्प मरम्मत पर उक्त दर्शित व्यय/भुगतानों में से किसी भी भुगतान के सम्बन्ध में कैशबुक में उल्लिखित विवरण एवं बैंक से किये गये लेन–देन में कोई समरूपता नहीं पायी गयी।
4. हैण्डपम्प मरम्मत के समस्त भुगतान फर्म को किये गये थे व्यय के सापेक्ष मजदूरों पर कोई भुगतान नहीं किया गया है जो तर्कसंगत नहीं रहा।
5. हैण्डपम्प मरम्म्त पर किये गये व्यय के सापेक्ष स्थलों की सूची एवं लाभार्थियों द्वारा हैण्डपम्प के खराब होने की सूचना तथा मरम्मत की मांग सम्बन्धी कोई प्रपत्र लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।
6. लेखा परीक्षा में कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा।
7. व्यय पश्चात उक्त धनराशियां ग्राम सभा द्वारा पारित नहीं करायी गयी।

इस प्रकार स्पष्ट है कि वित्तीय नियामें की अनदेखी करते हुए धनराशि रू. 100000.00 का ग्राम निधि प्रथम से आहरण, भुगतान करके उसे हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय दर्शित किया गया है जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा मैनुअल के अध्याय के अनुच्छेद 8क के अंतर्गत अपहरण है तथा अधिभार योग्य है। जिसके लिये गग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री मनोज कुमार तथा ग्राम प्रधान श्री उमेश कुमार उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू. 100000.00 उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू 50000.00 ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री मनोज कुमार से एवं रू. 50000.00 ग्राम प्रधान श्री उमेश कुमार) से अद्यावधि व्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम– सादीपुर विकास खण्ड–मुसाफिरखाना जनपद – अमेठी

प्रस्तर संख्या – 20 आलोच्य वर्ष में ग्राम निधि प्रथम से कुंवर बहादुर के घर से मनोज के घर के पास नाला तक नाली निर्माण कार्य (आई0डी0 2282156) पर धनराशि रू. 150570.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत् है–

क्र	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि (कैषबुक के अनुसार)	कैषबुक में उल्लिखित विवरण	बैंक में अंकित चेक संख्या, आहरित धनराशि एवं विवरण
1	28.10.2016	90804.00	कुंवर बहादुर के घर से मनोज के घर के पास नाला तक नाली निर्माण	डायरेक्ट थ्रो चेक एलओबीसी 2876, चेक नं0 015920– डेबिट 90804.00

			पर ईंट का भुगतान (सिंह ब्रदर्स ब्रिक फील्ड)	
2	04.11.2016	25840.00	कुंवर बहादुर के घर से मनोज के घर के पास नाला तक नाली निर्माण पर सामग्री पर भुगतान–सिंह कान्स्ट्रक्षन	डायरेक्ट थ्रो चेक एलओबीसी 2883, चेक नं0 015914– डेबिट 25840.00
3	08.11.2016	33926.00	उपरोक्त कार्य पर मजदूरी पर सामग्री भुगतान–राम प्रकाश	चेक कैश चेक नं0 019361 डेबिट–33926 राम प्रकाश को भुगतान
4		150570.00		–

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. लेखा परीक्षा में एम0बी0 प्रस्तुत नहीं रही। जिससे स्पष्ट रहा कि उक्त निर्माण कार्य की नाम जोख नहीं की गयी। कार्य की नाप जोख न किये जाने से कार्य की वास्तविक श्रम लागत एवं सामग्री लागत अज्ञात रही। इस प्रकार कार्य की बिना नाप जोख किये ही भुगतान कर दिया गया जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 157(ख) के विपरीत रहा, जिसमें निर्माण कार्यों की नाम जोख के उपरान्त ही भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

2. पत्रावली में संलग्न मस्टर रोल में उपस्थिति तो 17 श्रमिकों की 10–10 दिनांक की अंकित की गयी थी परन्तु श्रमिकों के नाम वाले कालम कें कवेल 7 श्रमिकों के नाम ही अंकित किये गये थे, शेष कालम रिक्त रहे। मस्टर रोल में श्रमिकों के हस्ताक्षर के कालम कें किसी भी श्रमिक के हस्ताक्षर नहीं रहे। साथ ही मस्टर रोल पर ग्राम पंचायत सचिव का हस्ताक्षर भी अंकित नहीं रहा। इस प्रकार श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा।

3. लेखा परीक्षा में स्टांक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा जिससे क्रय की गयी सामग्रियों एवं वर्षन्त में अवशेष सामग्रियों के स्टांक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।

4. बैंक स्टेटमेंट के अनुसार सामग्री हेतु किये गये भुगतानों की स्थिति अस्पष्ट रही। लेखा परीक्षा में चेक प्रतिपर्ण एवं चेक की छायाप्रति प्रस्तुत नहीं रही।

5. कार्य के किसी भी चरण का कोई फोटोग्राफ पत्रावली में संलग्न नहीं रहा।

6. लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कार्य पूर्ति प्रमाण–पत्र में समस्त प्रविष्टियां अंकित नहीं की गयी थी। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र में कार्य की नाप भी अंकित नहीं की गयी थी। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र सचिव ग्राम प्रधान एवं सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित/प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं रहा जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 209 के विपरीत रहा।इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुये धनराशि 150570.00 का ग्राम निधि प्रथम से भुगतान/अपहरण कर उसे नाली निर्माण पर व्यय दर्शित किया गया है जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के खण्ड 1 एवं खण्ड–2(क) जहां एक्ट या तदन्तर्गत बनाये गये नियमों या विनियमों का उल्लंघन करके व्यय किया गया हो'' के अंतर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिये ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू. 150570.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू 75285.00 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू. 75285.00 ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या – 21 आलोच्य वर्ष में ग्राम निधि प्रथम से जल निगम से नत्थे के दरवाजे तक चौड़ी नाली निर्माण कार्य (आई0डी0– 2282161) पर धनराशि रू. 196561.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत् है–

क्र	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैशबुक में उल्लिखित विवरण	बैंक में अंकित चेक संख्या, आहरित धनराशि एवं विवरण
1	18.02.2017	50000.00	जलनिगम से नत्थे के दरवाजे तक चौडी नाली निर्माण कार्य सामग्री सिंह कान्स्ट्रक्शन	चेक एक्सएफईआर डब्लूडी राजपूत कान्स्ट्रक्शन चेक नं0 009782 डेबिट–50000.00
2	02.03.2017	24708.00	जलनिगम से नत्थे के दरवाजे तक चौडी नाली निर्माण कार्य– मजदूरी का भुगतान–राम प्रकाश प्रधान	कैश चेक नं0 009783 भुगतान श्री राम प्रकाश डेबिट– 24708.00
3	03.03.2017	102017.0	उपरोक्त कार्य पर ईंट का भुगतान–आशा ब्रिक फील्ड	टू डीडी/बीसी न्यू इन्टरमिडियरी एकाउन्ट ट्रांक्स्क्शन चेक नं0 009781 डेबिट 102017.00
4	29.03.2017	19836.00	जलनिगम से नत्थे के दरवाजे तक चौडी नाली निर्माण कार्य पर अवशेष मजदूरी का भुगतान–श्रीराम प्रकाश प्रधान	कैश चेक राम प्रकाश भुगतान चेक नं0 009785 डेबिट 19836.00
	योग	**196561.00**		

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. लेखा परीक्षा में एम0बी0 प्रस्तुत नहीं रही। जिससे स्पष्ट रहा कि उक्त निर्माण कार्य की नाम जोख नहीं की गयी। कार्य की नाप जोख न किये जाने से कार्य की वास्तविक श्रम लागत एवं सामग्री लागत अज्ञात रही। इस प्रकार कार्य की बिना नाप जोख किये ही भुगतान कर दिया गया जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 157(ख) के विपरीत रहा, जिसमें निर्माण कार्यों की नाम जोख के उपरान्त ही भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

2. प्रस्तुत पत्रावली में मस्टर रोल संलगन नहीं रहा जिससे स्पष्ट रहा है कि कार्यावधि के दौरान मस्टर रोल नहीं बनाया गया जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 210 के विपरीत रहा। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार मजदूरी का भुगतान ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश को नकद किया गया। इस प्रकार श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा।

3. लेखा परीक्षा में स्टाक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा जिससे क्रय की गयी सामग्रियों एवं वर्षान्त में अवशेष सामग्रियों के स्टाक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।

4. पत्रावली में संलग्न ईंट क्रय के आशा ब्रिक फील्ड के बाउचर पर मूल्य 102000.00 अंकित रहा परन्तु भुगतान धनराशि रू. 102017.00 का किया गया है। इस प्रकार 17.00 रूपये का भुगतान किया गया है।

5. कार्य के किसी भी चरण का कोई फोटोग्राफ पत्रावली में संलग्न नहीं रहा।

6. लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कार्य पूर्ति प्रमाण–पत्र में समस्त प्रविश्टियां अंकित नहीं की गयी थी। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र का द्वितीय पृश्ठ लगभग रिक्त ही रहा। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र सचिव ग्राम प्रधान एवं सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित/प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं रहा जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 209 के विपरीत रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुये तथा बाउचर पर अंकित मूल्य से अधिक भुगतान/आहरण कर उसे नाली निर्माण पर व्यय दर्शित किया गया है जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा व उत्तर प्रदेश पंचायती राज नियमावली 194 के नियम 256 के खण्ड 1 एवं खण्ड–2(क) '' जहां एक्ट या तदन्तर्गत बनाये गये नियमों या विनियमों का उल्लंघन करके व्यय किया गया हो'' के अंतर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिये ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू. 196561.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू 98280.50 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू. (रू 98280.50 ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश से) अद्यावधि व्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या –22 आलोच्य वर्ष में ग्राम निधि प्रथम से तेज बहादुर सिंह बैस के घर से नाला तक नाली निर्माण कार्य (आई0डी0 अंकित नहीं) पर धनराशि रू. 67000.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत् है–

क्र	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैशबुक में उल्लिखित विवरण	बैंक में अंकित चेक संख्या, आहरित धनराशि एवं विवरण
1	02.01.2017	67000.00	तेज बहादुर सिंह बैस के घर से नाला निर्माण कार्य सामग्री – सिह कान्स्ट्रक्शन	टू सीएलईजी चेक नं0 019376–डेबिट 67000.00
	योग	67000.00		

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. लेखा परीक्षा में उक्त कार्य की तकनीकी स्वीकृति एवं वित्तीय स्वीकृति से सम्बन्धित कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं रहा, जिससे स्पष्ट रहा कि उक्त कार्य की तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति नहीं ली गयी। इस प्रकास बिना तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त किये ही कार्य कराया गया जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 156 तथा पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–5 के अनुच्छेद–2 के विपरीत रहा।

2. प्रस्तुत पत्रावली में किसी भी प्रपत्र में उक्त कार्य की आई0डी0 अंकित नहीं रही जो आपत्तिजनक रहा।

3. लेखा परीक्षा में एम0बी0 प्रस्तुत नहीं रही। जिससे स्पष्ट रहा कि उक्त निर्माण कार्य की नाम जोख नहीं की गयी। कार्य की नाप जोख न किये जोने से कार्य की वास्तविक श्रम लागत एवं सामग्री लागत अज्ञात रही। इस प्रकार कार्य की बिना नाप जोख किये ही भुगतान कर दिया गया जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 157(ख) के विपरीत रहा, जिसमें निर्माण कार्यों की नाम जोख के उपरान्त ही भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

4. प्रस्तुत पत्रावली में मस्टर रोल संलगन नहीं रहा जिससे स्पष्ट रहा है कि कार्यावधि के दौरान मस्टर रोल नहीं बनाया गया जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 210 के विपरीत रहा। साथ ही उक्त कार्य हेतु मजदूरी पर कोई भुगतान नहीं किया गया, जो तर्कसंगत नहीं रहा।

5. लेखा परीक्षा में स्टांक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा जिससे क्रय की गयी सामग्रियों एवं वर्षन्त में अवशेष सामग्रियों के स्टांक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।
6. उक्त कार्य हेतु केवल सामग्री मद पर ही व्यय किया गया, जिससे कार्य का कराया जाना संदिग्ध रहा।
7. बैंक स्टेटमेंट के अनुसार सामग्री हेतु किये धनराशि रू. 67000.00 के भुगतान प्राप्तकर्ता की स्थिति अस्पष्ट रही। लेखा परीक्षा में चेक प्रतिपर्ण एवं चेक की छायाप्रति प्रस्तुत नहीं रही।
8. सामग्री हेतु किये गये धनराशि 67000.00 के भुगतान/व्यय की पुष्टि में अपेक्षित कोई व्यय प्रमाणक भी पत्रावली में संलग्न नहीं रहा, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी ग्राम पंचायत में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद 7 एवं उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204 के विपरीत रहा।
9. कार्य के किसी भी चरण का कोई फोटोग्राफ पत्रावली में संलग्न नहीं रहा।
10. लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कार्य पूर्ति प्रमाण–पत्र में समस्त प्रविष्टियां अंकित नहीं की गयी थी। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र का द्वितीय पृष्ठ लगभग रिक्त ही रहा। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र सचिव ग्राम प्रधान एवं सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित/प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं रहा जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 209 के विपरीत रहा।
इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुये धनराशि रू. 67000.00 का भुगतान/अपहरण कर उसे नाली निर्माण पर काल्पनिक व्यय दर्शित कर दिया गया जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियमा 256 एवं पंचायतरी राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनअुल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अंतर्गत अपहरण है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिये ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू. 67000.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू 33500.00 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू. 33500.00 ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश से) अद्यावधि व्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।
प्रस्तर संख्या – 23 आलोच्य वर्ष में ग्राम निधि प्रथम से पक्की सड़क से बम बहादुर सिंह के घर तक खड़न्जा निर्माण कार्य (आई0डी0 2282152) पर धनराशि रू. 169901.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत् है–

क्र	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैशबुक में उल्लिखित विवरण	बैंक में अंकित चेक संख्या, आहरित धनराशि एवं विवरण
1	13.10.2016	100000.00	पक्की सड़क से बम बहादुर सिंह के घर तक खड़न्जा निर्माण ईंट का भुगतान डी0के0ब्रिक फील्ड	चेक एक्सएफईआर डब्लूडी चेक नं0 015910 डेबिट– 100000.00
2	13.10.2016	36410.00	पक्की सड़क से बम बहादुर सिंह के घर तक खड़न्जा निर्माण अवशेष ईंट का भुगतान डी0के0ब्रिक फील्ड	चेक एक्सएफईआर डब्लूडी डी0के0ब्रिक फील्ड चेक नं0 015911 डेबिट– 364100.00
3	13.10.2016	33491.00	उपरोक्त कार्य पर मजदूरी भुगतान–मस्टर रोल– रमेश कुमार	चेक एक्सएफईआर डब्लूडी रमेश कुमार चेक नं0 015912 डेबिट– 33491.00
	योग	169901.00		

लेखा परीक्षा में उक्त कार्य पर दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–
1. प्रस्तुत पत्रावली में एम0बी0 संलग्न रही। एम0बी0 में कार्य प्रारम्भ तिथि, कार्य समाप्ति तिथि तथा माप किये जाने की तिथि अंकित नहीं रही। एम0बी0 में अंकित की गयी माप को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं किया गया था। एम0बी0 के अनुसार उक्त कार्य में 15550 ईंटे ही प्रयुक्त हुयी जिसकी लागत धनराशि रू. 97965.00 ही रही जबकि ईंट हेतु भुगतान प्राक्कलन में अंकित लागत के आधार पर दो बार में क्रमशः धनराशि रू. 100000.00 तथा रू0 36410.00 किया गया। इस प्रकार एम0बी0 लागत से रू. 38445.00 का अधिक भुगतान किया गया है। इसी प्रकार एम0बी0 के अनुसार उकत कार्य की श्रम लागत धनराशि रू. 25377.72 ही रही जबकि भुगतान प्राक्कलन में अंकित लागत के आधार पर धनराशि रू. 33491.00 का किया गया है। स्पश्ट है कि एम0बी0 में अंकित सामग्री एवं मजदूरी लागत के अनुरूप भुगतान नहीं किया गया है। एम0बी0 फोटोग्राफ एवं साइन बोर्ड की माव मूल्य तो अंकित किया गया था। परन्तु उनका भुगतान नहीं किया गया और नही कार्य के किसी भी चरण का कोई फोटोग्राफ पत्रावली में संलग्न रहा। इस प्रकार एम0बी0 काल्पनिक एवं भुगतान के बाद बनायी गयी प्रतीत होती है। जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 157(ख) के विपरीत रहा, जिसमें निर्माण कार्यों की नाप जोख के उपरान्त ही भुगतान किये जाने की व्यवस्थ की गयी है।
2. लेखा परीक्षा में उक्त कार्य से सम्बन्धित मस्टर रोल प्रस्तुत नहीं रहा जिससे स्पष्ट रह कि कार्यावधि के दौरान मस्टर रोल नहीं बनाया गया जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 210 के विपरीत रहा। मजदूरी हेतु धनराशि 33491.00 का भुगतान रमेश कुमार नामक व्यक्ति को किया गया है। इस प्रकार श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा।

3. कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र में कार्य समाप्ति तिथि दिनांक 27.10.2016 अंकित रही जबकि उक्त समस्त भुगतान पर्याप्त समय पूर्व दिनांक 13.10.2016 को ही कर दिये गये।

4. ईंट हेतु भुगतान दो बार क्रमशः धनराशि रू. 100000.00 तथा रू. 3641.00 किया गया जबकि ईंट क्रय का केवल एक ही वाउचर मूल्य रू. 99999.00 का ही पत्रावली में संलग्न रहा।

5. बैंक स्टेटमेंट में ईंट हेतु दिनांक 13.10.2016 को किये गये धनराशि 100000.00 के भुगतान प्राप्तकर्ता की स्थिति अस्पश्ट रही। लेखा परीक्षा में चेक प्रतिपर्ण एवं चेक की छायाप्रति प्रस्तुत नहीं रही।

6. लेखा परीक्षा में स्टाक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा जिससे क्रय की गयी सामग्रियों एवं वर्षान्त में अवशेष सामग्रियों के स्टाक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।

7. लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र में कार्य की नाप अंकित नहीं की गयी थी। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र सचिव ग्राम प्रधान एवं सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित/प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं रहा जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 209 के विपरीत रहा। इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुये ग्राम निधि प्रथम से धनराशि रू. 169901.00 का भुगतान/आहरण कर उसे खड़न्जा निर्माण पर व्यय दर्शित किया गया है जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के खण्ड–1 एवं खण्ड–2(क) के अंतर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिये ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू. 169901.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू 84950.00 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू. (रू 84950.00 ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश से) अद्यावधि व्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या – 24 आलोच्य वर्ष में ग्राम निधि प्रथम से नहर की पुलिया से पक्की सड़क तक खड़न्जा निर्माण कार्य (आई0डी0 –2282167) पर धनराशि रू. 323000.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत् है–

क्र	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैशबुक में उल्लिखित विवरण	बैंक में अंकित चेक संख्या, आहरित धनराशि एवं विवरण
1	28.10.2016	252000.00	नहर की पुलिया से पक्की सड़क तक खड़न्जा निर्माण ईंट पर भुगतान – सिंह ब्रदर्स ब्रिक फील्ड	डायरेक्ट चेक थ्रो एलओबीसी 2875, चेक नं0 015919 –डेबिट – 252000. 00
2	21.11.2016	24000.00	नहर की पुलिया से पक्की सड़क तक खड़न्जा निर्माण पर मजदूरी मस्टर रोल – राम प्रकाश	कैश चेक भुगतान राम प्रकाश चेक नं0 019362 डेबिट– 24000.00
3	23.11.2016	24000.00	उपरोक्त पर मजदूरी भुगतान – जय कुमार सिंह मेट	चेक एक्सएफईआर डब्लूडी जय कुमार सिंह चेक नं0 019365 डेबिट– 24000. 00
4	23.11.2016	23000.00	उपरोक्त पर मजदूरी भुगतान – जय कुमार सिंह मेट	चेक एक्सएफईआर डब्लूडी जय कुमार सिंह चेक नं0 019366 डेबिट– 23000. 00
	योग	323000.00		

लेखा परीक्षा में उक्त कार्य पर दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. प्रस्तुत पत्रावली में कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र में कार्यावधि 01.11.2016 से 09.11.2016, मस्टर रोल में 28.10.2016 से 09. 11.2016 तथा एम0बी0 में 28.10.2016 से 22.11.2016 अंकित की गयी थी जो तर्कसंगत नहीं रहा इस प्रकार कार्यावधि संदिग्ध रही।

2. पत्रावली में संलग्न एम0बी0 में अंकित की गयी माप को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नहीं किया गया था। एम0बी0 के अनुसार उक्त खड़न्जा निर्माण में कुल 42750 ईंटें प्रयुक्त हुई और उनकी लागत 269325.00 आगणित की गयी जबकि ईंट हेतु भुगतान 252000.00 का ही किया गया है, शेश धनराशि रू. 17325.00 का भुगतान नहीं किया गया है स्पश्ट है कि एम0बी0 में अंकित सामग्री लागत के अनुरूप भुगतान नहीं किया गया है एम0बी0 में फोटोग्राफी एवं साइन बोर्ड की माप व मूल्य तो अंकित किया गया था परन्तु उनका भुगतान नहीं किया गया और न ही कार्य के किसी भी चरण का कोई फोटोग्राफ में संलग्न रहा। इस प्रकार एम0बी0 काल्पनिक एवं भुगतान के बाद बनायी गयी प्रतीत होती है जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के अधिनियम 157(ख) के विपरीत रहा, जिसमें निर्माण कार्यों की नाप–जोख के उपरान्त ही भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

3. पत्रावली में संलग्न मस्टर रोल संख्या 288 एवं 289 में श्रमिकों की केवल उपस्थिति अंकित की गयी थी जबकि श्रमिकों के नाम अंकित नहीं किये गये थे जिससे स्पष्ट रहा है कि कार्यावधि के दौरान मस्टर रोल नहीं बनाया गया जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 210 के विपरीत रहा। मस्टर रोल में श्रमिकों के हस्ताक्षर के कालम में किसी भी श्रमिक के हस्ताक्षर नहीं रहे साथ ही उनमें मजदूरी का योग भी गलत अंकित किया गया था।

मस्टर रोल पर ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के हस्ताक्षर भी अंकित नहीं रहे। स्पष्ट रूप से संलग्न मस्टर रोल पूर्णतया काल्पनिक है इस प्रकार श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा।

4. दिनांक 23.11.2016 को क्रमशः धनराशि रू. 24000.00 तथा रू. 23000.00 मजदूरी हेतु जय कुमार सिंह मेट को भुगतान किया जाना दर्शित है जबकि मस्टर रोल के श्रमिकों के नाम वाले कालम में कोई नाम अंकित नहीं किये गये थे। जिससे यह प्रमाणित नहीं रहा कि जय कुमार सिंह नाम के किसी व्यक्ति ने मेट के रूप में कार्य किया गया था। इस प्रकार उक्त भुगतान संदिग्ध प्रतीत होता है।

5. लेखा परीक्षा में स्टाक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा जिससे क्रय की सामग्री एवं वर्षान्त में अवशेष सामग्रियों स्टाक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।

6. लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र समस्त प्रविष्टियां अंकित नहीं की गयी थी। कार्य की नाप भी अंकित नहीं की गयी थी कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र सचिव, ग्राम प्रधान एवं सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित/प्रति हस्ताक्षरित भी नहीं रहा जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा। जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 209 के विपरीत रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुये ग्राम निधि प्रथम से धनराशि रू. 323000.00 का भुगतान/आहरण कर उसे खड़न्जा निर्माण पर व्यय दर्शित किया गया है जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के खण्ड–1 एवं खण्ड–2(क) के अंतर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिये ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू. 323000.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू 161500.00 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू. 161500.00 ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश से) अद्यावधि व्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या – 25आलोच्य वर्ष में ग्राम निधि प्रथम से पक्की सड़क से राम सुधारे मिश्र के घर तक खड़न्जा निर्माण कार्य (आई0डी0 अंकित नहीं) पर धनराशि रू.105830.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत् है–

क्र	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैशबुक में उल्लिखित विवरण	बैंक में अंकित चेक संख्या, आहरित धनराशि एवं विवरण
1	13.10.2016	80000.00	पक्की सड़क से राम सुधारे मिश्र के घर तक खड़न्जा निर्माण–ईंट का भुगतान, डी0के0 ब्रिक फील्ड	चेक एक्सएफईआर डब्लूडी डी0के0 ब्रिक फील्ड चेक नं0 015913 डेबिट– 80000.00
2	27.10.2016	25830.00	पक्की सड़क से राम सुधारे के घर तक – मजदूरी मस्टर रोल – श्री राम प्रकाश प्रधान	चेक कैश भुगतान राम प्रकाश चेक नं0 015916 डेबिट– 25830.00
	योग	105830.00		

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयीं–

1. लेखा परीक्षा में उक्त कार्य की तकनीकी स्वीकृति एवं वित्तीय स्वीकृति से सम्बन्धित कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं रहा, जिससे स्पष्ट रहा कि उक्त कार्य की तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति नहीं ली गयी। इस प्रकार बिना तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त किये ही कार्य कराया गया जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 156 तथा पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–2 के विपरीत रहा।

2. प्रस्तुत पत्रावली में किसी भी प्रपत्र में उक्त कार्य की आई0डी0 अंकित नहीं रही जो आपत्तिजनक रहा।

3. प्रस्तुत पत्रावली में एम0बी0 संलग्न रही। एम0बी0 में कार्य प्रारम्भ तिथि, कार्य समाप्ति तिथि तथा माप किये जाने की तिथि अंकित नहीं रही। एम0बी0 में अंकित की गयी माप को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं किया गया था। एम0बी0 में फोटोग्राफी एवं साइन बोर्ड की माप को व मूल्य तो अंकित किया गया था परन्तु उनका भुगतान नही किया गया टोर न ही कार्य के किसी भी चरण का कोई फोटोग्राफ पत्रावली में संलग्न रहा। एम0बी0 में अंकित सामग्री एवं मजदूरी लाग के अनुरूप भुगतान भी नहीं किया गया है। इस प्रकार एम0बी0 काल्पनिक एवं भुगतान के बाद बनायी गयी प्रतीत होती है, जो उत्तर प्रदेश पंचायती राज नियमावली 1947 के नियम 157ख के विपरीत रहा, जिसमें निर्माण कार्यों की नाम जोख के उपरान्त ही भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

4. लेखा परीक्षा में उक्त कार्य से सम्बन्धित मस्टर रोल प्रस्तुत नहीं रहा जिससे स्पष्ट राह कि कार्यावधि के दौरान धनराशि रू. 25830.00 का भुगतान ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश को किया गया है। इस प्रकार लेखा परीक्षा में श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा।

5. लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा जिससे क्रय की गई सामग्रियों एवं वर्षान्त में अवशेष समाग्रियों के स्टॉक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।

6. लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र समस्त प्रविष्टियां अंकित नहीं की गयी थी। कार्य की नाप भी अंकित नहीं की गयी थी कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र सचिव, ग्राम प्रधान एवं सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित/प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं रहा जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा। जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 209 के

विपरीत रहा। इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुये ग्राम निधि प्रथम से धनराशि रू. 105830.00 का भुगतान/आहरण कर उसे खड़न्जा निर्माण पर व्यय दर्शित किया गया है जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के खण्ड–1 एवं खण्ड–2(क) के अंतर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिये ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू. 105830.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू 52915.00 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू. (रू 52915.00 ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश से) अद्यावधि व्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या –26 आलोच्य वर्ष में कैश बुक में विभिन्न तिथियों में हैण्डपम्प मरम्मत कार्यों पर निम्न विवरणानुसार व्यय दर्शित है

क्र	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैशबुक में उल्लिखित विवरण	बैंक में अंकित चेक संख्या, आहरित धनराशि एवं विवरण
1	19.12.2016	12000.00	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री पर भुगतान सिंह सप्लायर्स एण्ड इलेक्ट्रानिक वर्क्स	डायरेक्ट थ्रो सिंह सप्लायर्स एवं इलेक्टानिक चेक चेक नं0 019367 डेबिट 12000.00
2	19.12.2016	14510.00	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री पर भुगतान सिंह सप्लायर्स एण्ड इलेक्ट्रानिक वर्क्स	डायरेक्ट थ्रो सिंह सप्लायर्स एवं इलेक्टानिक चेक चेक नं0 019372 डेबिट 14510.00
	21.12.2016	4200.00	हैण्डपम्प मरम्मत पर मजदूरी –टीडी मिस्त्री	चेक कैश भुगतान टीडी (जनरल) चेक नं0 019375 डेबिट– 4200.00
3	19.12.2016	15100.00	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री पर भुगतान सिंह सप्लायर्स एण्ड इलेक्ट्रानिक वर्क्स	डायरेक्ट थ्रो सिंह सप्लायर्स एवं इलेक्टानिक चेक चेक नं0 019371 डेबिट 15100.00
	22.12.2016	4900.00	हैण्डपम्प मरम्मत पर मजदूरी –टीडी मिस्त्री	चेक कैश भुगतान टीडी (जनरल) चेक नं0 019374 डेबिट– 4900.00
4	19.12.2016	10100.00	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री पर भुगतान सिंह सप्लायर्स एण्ड इलेक्ट्रानिक वर्क्स	डायरेक्ट थ्रो सिंह सप्लायर्स एवं इलेक्टानिक चेक चेक नं0 019370 डेबिट 10100.00
	21.12.2016	2100.00	हैण्डपम्प मरम्मत मजदूरी –टीडी मिस्त्री	चेक कैश भुगतान टीडी (जनरल) चेक नं0 019373 डेबिट– 4900.00
5	30.01.2017	3500.00	हैण्डपम्प मरम्मत मिस्त्री महेश कुमार	चेक कैश भुगतान महेश कुमार चेक नं0 019380 डेबिट– 3500.00
	02.02.2017	16400.00	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री पर भुगतान, सूरज ट्रेडर्स	चेक एक्सएफईआर डब्लूडी सूरज टेडर्स चेक नं0 019379 डेबिट– 16400.00
6	14.03.2017	19994.00	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री व मजदूरी सहित भुगतान सिंह सप्लायर्स इलेक्टानिक वर्क्स	डायरेक्ट थ्रो चेक चेक नं0 009784 डेबिट 19994.00
	योग	102804.00		

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. प्रस्तुत पत्रावलियों में उक्त हैण्डपम्प मरम्मत कार्यो की तकनीकी स्वीकृति एवं वित्तीय स्वीकृति की संख्या व तिथि की पर अंकित नहीं की गयी थी तथा न ही तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदानकर्ता के हस्ताक्षर ही अंकित रहे। जिससे स्पष्ट रहा कि उक्त कार्यो की तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृतियां नहीं ली गयी। इस प्रकार बिना स्वीकृति प्राप्त किये ही कार्य कराया गया जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 156 तथा पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–2 के विपरीत रहा।
2. पत्रावलियों में हैण्डपम्प मरम्मत स्थलों की संख्या तथा नाम एवं उने परिसम्पत्ति क्रमांक अंकित नहीं रहे। परिसम्पत्ति क्रमांक अंकित न किये जाने से यह स्पष्ट नहीं रहा कि वास्तव में वे ग्राम सभा की परिसम्पत्ति थी या नहीं।
3. प्रस्तुत पत्रावली में किसी भी प्रपत्र में उक्त कार्य की आई0डी0 अंकित नहीं रही जो आपत्तिजनक रहा।
4. लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा जिससे क्रय की गयी हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री एवं वर्षान्त में अवशेष समाग्रियों के स्टॉक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।
5. हैण्डपम्प मरम्मत के उपरान्त अवशिष्ट खराब सामग्री/कलपुर्जो का कोई लेखा–जोखा लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहा।

6. हैण्डपम्प मरम्मत कार्य सं0–1 में श्रम लागत रू. 3500.00 का प्राक्कलन तो किया गया था परन्तु श्रम लागत का भुगतान नहीं किया गया जिससे उक्त मरम्मत कार्य कराया जाना प्रमाणित नहीं रहा।

7. हैण्डपम्प मरम्मत कार्य सं0– 5 में सामग्री हेतु धनराषि रू. 16400.00 का भुगतान तो सूरज ट्रेडर्स को किया गया परन्तु पत्रावली में वाउचर सिह सप्लायर्स एण्ड इलेक्टानिक वर्क्स का लगाया गया था। इस प्रकार किया गया व्यय संदिग्ध एवं भ्रामक रहा।

8. हैण्डपम्प मरम्मत कार्य सं0– 1,2,3 तथा 4 हेतु सामग्री के भुगतान एक ही तिथि दिनांक 19.12.2016 को एवं कार्य सं. 1,2 तथा 4 हेतु मजदरूी के भुगतान एक ही तिथि दिनांक 21.12.2016 को किये गये हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि उक्त सभी कार्य एक साथ कराये गये हैं। जो कि चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अंतर्गत संक्रमित धनराशि कें उपभोग के सम्बन्ध में शासनादेश सं0– 1639/33–3–2015–03/2015 दिनांक 19 जून 2015 के अनुच्छेद 2.3 में वर्णित मार्गदर्षक सिद्वान्त ''ग्राम पंचायतों के लिये संक्रमित की जाने वाली धनराशि के सापेक्ष किये गये प्रत्येक कार्य का प्रगति विवरण आनलाइन एम0आई0एस0 के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा तथा एक कार्य की एम0आई0एस0 फींडिग के उपरान्त ही दूसरा कार्य प्रारम्भ किया जायेगा'' के विपरीत रहा।

9. लेखा परीक्षा में कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि वित्तीय नियमों की अनदेखी करते हुये ग्राम निधि प्रथम से धनराशि रू. 102804.00 का भुगतान/आहरण कर उसे खड़न्जा निर्माण पर व्यय दर्शित किया गया है जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के खण्ड–1 एवं खण्ड–2(क) के अंतर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिये ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू. 102804.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू 51402.00 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू. 51402.00 ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या – 27आलोच्य वर्ष में कैश बही में दिनांक 30.12.2016 को प्रशासनिक मद के अंतर्गत आलमारी, कुर्सी, मेज पर सिंह कान्स्ट्रक्शन को धनराशि रू. 29990.00 का भुगतान किया जाना दर्शित है। जिसके सम्बन्ध में लेखा परीक्षा में निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. लेखा परीक्षा में उक्त व्यय से सम्बन्धित कोई पत्रावली/विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे उक्त कार्य से सम्बन्धित प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति प्राप्त किये जाने की स्थिति अज्ञात रही। जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 के विपरीत रहा।

2. कोष बही में उक्त भुगतान सिंह कान्ट्रक्शन को किया जाना दर्शित है जबकि बैंक स्टेटमेंट के अनुसार उक्त भुगतान चेक सं0 – 019377 द्वारा जय कुमार नाम के व्यक्ति को किया गया है, जो आपत्तिजनक पाया गया। सामग्री हेतु भुगतान एकाउन्ट पेयी चेक के द्वारा फर्म को किया जाना चाहिये था।

3. साथ ही उक्त दर्शित भुगतान की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया जो पंचातयी राज विभाग उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायत में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद–7 एवं तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204 के विपरीत रहा।

4. प्रशासनिक मद के अंतर्गत क्रय की गयी सामग्रियों से सम्बन्धित कोई स्टाक रजिस्टर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।

5. लेखा परीक्षा में कार्य पूर्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा।

इस प्रकार लेखा परीक्षा में प्रशासनिक मद के अंतर्गत किया गया व्यय प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अंतर्गत अपहरण है जो अधिभार के योग्य है, जिसके लिये ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू. 29990.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू 14995.00 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू. 14995.00 ग्राम प्रधान श्री राम प्रकाश से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम– कंजास विकास खण्ड–मुसाफिरखाना जनपद – अमेठी

प्रस्तर संख्या – 28आलोच्य वर्ष में कोष बही में ग्राम निधि प्रथम से ओंकार के घर से उमाशंकर के घर तक पक्का नाला निर्माण कार्य (आई0डी2312653) पर धनराशि रू0 149751.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

क्र0	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैशबुक में उल्लिखित विवरण
1	13.10.2016	57900.00	नाली निर्माण–ओंकार के घर से उमाशंकर तक ईंट आपूर्ति
2	17.10.2016	24000.00	नाली निर्माण–ओंकार के घर से उमाशंकर तक मजदूरी
3	17.10.2016	17790.00	उपरोक्त कार्य पर ह्यूम पाइप का भुगतान
4	17.10.2016	46971.00	उपरोक्त कार्य पर सामग्री आपूर्ति

5	19.12.2016	3000.00	उपरोक्त कार्य पर साइनबोर्ड
	योग	149751.00	

लेखा परीक्षा में उक्त कार्य पर दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. लेखा परीक्षा में पाया गया कि एम0बी0 में अंकित क्रमांश एवं सामग्री की प्रत्येक माप व मूल्य संलग्न प्राक्कलन में अंकित मापों व मूल्यों के पूर्णतया समान रही, जो तर्कसंगत नहीं रहा। अनुमानित माप एवं मूल्य तथा कार्य होने के पश्चात स्थल पर वास्तविक माप एवं मूल्य का पूर्णतया समान होना संभव नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्राक्कलन के अनुसार सभी भुगतान कर दिये गए तथा भुगतान के पश्चात एम0बी0 में प्राक्कलन की नकल उतार दी गयी। साथ एम0बी0 में अंकित माप को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं किया गया था। इस प्रकार उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 157(ख) का पालन नहीं किया गया, जिसमें निर्माण कार्यो की नाप जोख के उपरान्त ही भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

2. पत्रावली में संलग्न मस्टर रोल में श्रमिकों के हस्ताक्षर के कालम में किसी भी श्रमिक के हस्ताक्षर नहीं रहे। मस्टर रोल पर पंचायत सचिव के हस्ताक्षर भी अंकित नहीं रहे। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार मजदूरी भुगतान रमेश कुमार के व्यक्ति को (चेक एक्सएफईआर विड्रॉल) किया गया है। मस्टर रोल के अनुसार श्रम लागत रू0 24012.00 रही जबकि भुगतान रू0 24000.00 का ही किया गया, जो तर्कसंगत नहीं रहा। इस प्रकार श्रमिको को मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा।

3. एम0बी0 एवं मस्टर रोल में कार्य की समाप्ति तिथि दिनांक 18.10.16 रही, जबकि मजदूरी सहित समस्त भुगतान एक दिन पूर्व दिनांक 17.10.16 को कर दिये गये।

4. लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा, जिससे क्रय की गयी सामग्रियों एवं वर्षान्त में अवशेष सामग्रियों के स्टॉक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।

5. लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र का द्वितीय पृष्ठ पूर्णतया रिक्त रहा, उसमें कोई भी प्रविष्टि अंकित नहीं की गयी थी। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र सचिव, ग्राम प्रधान एवं सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित/प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं रहा, जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुए ग्राम निधि प्रथम से धनराशि रू0 149751.00 का भुगतान/आहरण कर उसे नाला निर्माण पर व्यय दर्शित किया गया है, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के खण्ड–1 एवं खण्ड–2(क) के अन्तर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री हितलाल उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू0 14975.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0 74875.50 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0 74875.00 ग्राम प्रधान श्री हितलाल से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या – 29आलोच्य वर्ष में कोष बही में ग्राम निधि प्रथम से कमल नरायन के घर से कालीदीन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (आई0डी2312652) पर धनराशि रू0 231363.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण निम्नवत् है–

क्र0	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैशबुक में उल्लिखित विवरण
1	27.10.16	83978.00	कमल नरायन के घर से कालीदीन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य की सामग्री आपूर्ति
2	27.10.16	117153.00	उपरोक्त कार्य पर इण्टरलाकिंग ईंट व ह्यूम पाइप आपूर्ति
3	28.10.16	27232.00	उपरोक्त कार्य पर मजदूरी भुगतान
4	19.12.16	3000.00	उपरोक्त कार्य पर साइनबोर्ड
	योग	231363.00	

लेखा परीक्षा में उक्त कार्य पर दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. लेखा परीक्षा में पाया गया कि एम0बी0 में अंकित क्रमांश एवं सामग्री की प्रत्येक माप व मूल्य संलग्न प्राक्कलन में अंकित मापों व मूल्यों के पूर्णतया समान रही, जो तर्कसंगत नहीं रहा। अनुमानित माप एवं मूल्य तथा कार्य होने के पश्चात स्थल पर वास्तविक माप एवं मूल्य का पूर्णतया समान होना संभव नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्राक्कलन के अनुसार सभी भुगतान कर दिये गए तथा भुगतान के पश्चात एम0बी0 में प्राक्कलन की नकल उतार दी गयी। साथ एम0बी0 में अंकित माप को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं किया गया था। इस प्रकार उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 157(ख) का पालन नहीं किया गया, जिसमें निर्माण कार्यो की नाप जोख के उपरान्त ही भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

2. पत्रावली में संलग्न मस्टर रोल में श्रमिकों के हस्ताक्षर के कालम में किसी भी श्रमिक के हस्ताक्षर नहीं रहे। मस्टर रोल पर पंचायत सचिव के हस्ताक्षर भी अंकित नहीं रहे। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार मजदूरी भुगतान रमेश कुमार के व्यक्ति को (चेक एक्सएफईआर विड्रॉल) किया गया है। इस प्रकार श्रमिको को मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा।

3. लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा, जिससे क्रय की गयी सामग्रियों एवं वर्षान्त में अवशेष सामग्रियों के स्टॉक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।
4. कार्य के किसी भी चरण का कोई फोटोग्राफ पत्रावली में संलग्न नहीं रहा।
5. लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र का द्वितीय पृष्ठ पूर्णतया रिक्त रहा, उसमें कोई भी प्रविष्टि अंकित नहीं की गयी थी। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र सचिव, ग्राम प्रधान एवं सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित/प्रति हस्ताक्षरित भी नहीं रहा, जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुए ग्राम निधि प्रथम से धनराशि रू0 231363.00 का भुगतान/आहरण कर उसे नाला निर्माण पर व्यय दर्शित किया गया है, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के खण्ड–1 एवं खण्ड–2(क) के अन्तर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री हितलाल उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू0 231363.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0 115681.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0 115681.50 ग्राम प्रधान श्री हितलाल से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या –30आलोच्य वर्ष में कोष बही में ग्राम निधि प्रथम से नहर की पुलिया से भोला नाथ के खेत तक सोलिंग कार्य (आई डी -2312648) पर धनराशि रू0 247486.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण निम्नवत् है–

क्र0	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैशबुक में उल्लिखित विवरण
1	07.10.16	126000.00	नहर की पुलिया से भोला नाथ के खेत तक खड़न्जा ईंट आपूर्ति
2	07.10.16	22000.00	उपरोक्त कार्य पर बालू मिट्टी आपूर्ति
3	13.10.16	7500.00	उपरोक्त कार्य पर बालू मिट्टी आपूर्ति
4	13.12.16	47406.00	उपरोक्त कार्य पर मजदूरी भुगतान
5	13.10.16	41580.00	नहर की पुलिया से भोला नाथ के खेत तक ईंट का अवशेष भुगतान
6	19.12.16	3000.00	नहर की पुलिया पर साइन बोर्ड
	योग	247486.00	

लेखा परीक्षा में उक्त कार्य पर दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–
1. लेखा परीक्षा में पाया गया कि एम0बी0 में अंकित क्रमांश एवं सामग्री की प्रत्येक माप व मूल्य संलग्न प्राक्कलन में अंकित मापों व मूल्यों के पूर्णतया समान रही, जो तर्कसंगत नहीं रहा। अनुमानित माप एवं मूल्य तथा कार्य होने के पश्चात स्थल पर वास्तविक माप एवं मूल्य का पूर्णतया समान होना संभव नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्राक्कलन के अनुसार सभी भुगतान कर दिये गए तथा भुगतान के पश्चात एम0बी0 में प्राक्कलन की नकल उतार दी गयी। साथ एम0बी0 में अंकित माप को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं किया गया था। इस प्रकार उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 157(ख) का पालन नहीं किया गया, जिसमें निर्माण कार्यो की नाप जोख के उपरान्त ही भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गयी है।
2. पत्रावली में संलग्न मस्टर रोल में श्रमिकों के हस्ताक्षर के कालम में किसी भी श्रमिक के हस्ताक्षर नहीं रहे। मस्टर रोल पर पंचायत सचिव के हस्ताक्षर भी अंकित नहीं रहे। मजदूरी का भुगतान मस्टर रोल के अनुसार न करके प्राक्कलन में आकलित लागत के आधार पर किया गया है। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार मजदूरी भुगतान प्राप्तकर्ता की स्थिति अस्पष्ट (चेक एक्स एफ ई आर विड्रॉल) रही। इस प्रकार श्रमिको को मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा।
3. एम0बी0 एवं मस्टर रोल में कार्य की समाप्ति तिथि दिनांक 15.10.16 रही, जबकि मजदूरी सहित समस्त भुगतान दो दिन पूर्व दिनांक 13.10.16 को कर दिये गये।
4. लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा, जिससे क्रय की गयी सामग्रियों एवं वर्षान्त में अवशेष सामग्रियों के स्टॉक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।
5. लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र का द्वितीय पृष्ठ पूर्णतया रिक्त रहा, उसमें कोई भी प्रविष्टि अंकित नहीं की गयी थी। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र सचिव, ग्राम प्रधान एवं सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित/प्रति हस्ताक्षरित भी नहीं रहा, जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा।
इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुए ग्राम निधि प्रथम से धनराशि रू0 247486.00 का भुगतान/आहरण कर उसे सोलिंग कार्य पर व्यय दर्शित किया गया है, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के खण्ड–1 एवं खण्ड–2(क) के अन्तर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री हितलाल उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू0 247486.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0 123743.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0 123743.00 ग्राम प्रधान श्री हितलाल से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या – 31 आलोच्य वर्ष में कोष बही में दिनांक 09.12.2016 को ग्राम निधि प्रथम से रामदेव के घर से दयाराम के घर तक खड़न्जा निर्माण कार्य (आई डी .2312655) में मजदूरी पर धनराशि रू0 23330.00 का भुगतान

दर्शित है। लेखा परीक्षा प्रस्तुत उक्त कार्य की पत्रावली में संलग्न प्राक्कलन की मजदूरी की लागत धनराशि रू0 20615.00 आकलित की गयी थी जबकि एम0बी0 में 23330.00 रही, इस प्रकार एम0बी0 की लागत प्राक्कलन से रू0 2715.00 अधिक रही जो आपत्तिजनक रहीं। साथ संलग्नक मस्टर रोल में श्रमिकों के हस्ताक्षर के कालम में किसी भी श्रमिक के हस्ताक्षर नहीं रहे। मस्टर रोल पर पंचायत सचिव के हस्ताक्षर भी अंकित नहीं रहे। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार मजदूरी भुगतान रमेश कुमार नामक व्यक्ति को चेक द्वारा (चेक एक्सएफईआर विड्रॉल) किया गया। इस प्रकार लेखा परीक्षा में श्रमिको को मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा।जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के अन्तर्गत अपहरण है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री हितलाल उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू0 23330.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0 11665.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0 11665.00 ग्राम प्रधान श्री हितलाल से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या – 32आलोच्य वर्ष में कोष बही में लवकुश के घर से कमल नरायन के घर तक पक्का नाला निर्माण कार्य (आई डी -2312654) पर धनराशि रू0 244793.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण निम्नवत् है–

क्र0	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैशबुक में उल्लिखित विवरण
1	20.01.2017	72543.00	लवकुश के घर से कमल नरायन के घर तक नाली निर्माण सामग्री आपूर्ति।
2	20.01.2017	114364.00	उपरोक्त कार्य पर बालू ईंट आपूर्ति।
3	27.01.2017	41586.00	लवकुश के घर से कमल नरायन के घर तक नाली निर्माण मजदूरी भुगतान
4	01.03.2017	16300.00	लवकुश के घर से कमल नरायन के घर तक नाली निर्माण ह्यूम पाइप
	योग	244793.00	

लेखा परीक्षा में उक्त कार्य पर दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. पत्रावली में संलग्न मस्टर रोल में श्रमिकों के हस्ताक्षर के कालम में किसी भी श्रमिक के हस्ताक्षर नहीं रहे। मस्टर रोल पर पंचायत सचिव के हस्ताक्षर भी अंकित नहीं रहे। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार मजदूरी भुगतान रमेश कुमार नामक व्यक्ति को चेक (ड्रॉ थ्रू चेक) द्वारा किया गया है। इस प्रकार श्रमिको को मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा।

2. उक्त नाला निर्माण चौदहवां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत दिनांक 25.12.16 से 06.01.17 के मध्य कराया गया। कोष बही में अंकन के अनुसार दिनांक 28.02.17 को चौहदवां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत कोई धनराशि शेष नही रही। इसके बावजूद दिनांक 01.03.17 को उक्त कार्य पर धनराशि रू0 16300.00 का भुगतान कर दिया गया। इस प्रकार उक्त कार्य पर चतुर्थ राज्य वित्त योजना से 16300.00 का भुगतान कर दिया गया। स्पष्ट रूप से चौदहवें वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्य पर चतुर्थ राज्य वित्त योजना की धनराशि का व्यय करके गंभीर वित्तीय अनियमितता की गयी है।

इस प्रकार लेखा परीक्षा में दिनांक 27.01.17 को मजदूरी पर दर्शित धनराशि रू0 41586.00 का व्यय अप्रमाणित रहा तथा दिनांक 01.03.17 को किया गया धनराशि रू0 163000.00 का भुगतान अनियमित पाया गया। जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के अन्तर्गत अपहरण/अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री हितलाल उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू0 57886.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0 28943.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0 28943.00 ग्राम प्रधान श्री हितलाल से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या –33आलोच्य वर्ष में कोष बही में ग्राम निधि प्रथम से राजेश के घर से तालाब तक पक्का नाला निर्माण कार्य (प्व.2312656) पर धनराशि रू0 543992.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण निम्नवत् है–

क्र0	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैशबुक में उल्लिखित विवरण
1	10.02.17	44892.00	राजेश के घर से तालाब तक पक्का नाला निर्माण
2	10.02.17	129600.00	उपरोक्त कार्य पर ईंट आपूर्ति
3	10.02.17	69500.00	उपरोक्त कार्य पर सामग्री आपूर्ति
	योग	243992.00	

लेखा परीक्षा में उक्त कार्य पर दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–

1. बैंक स्टेटमेंट के अनुसार उक्त समस्त भुगतान दिनांक 08.02.17 को किये गये है, जबकि शेष बही में उक्त समस्त भुगतान दिनांक 10.02.17 को दर्शाए गये हैं जो आपत्तिजनक रहा।

2. उक्त नाला निर्माण चौदहवां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत माह जनवरी 2017 में दिनांक 03.01.17 से 13.01.17 के मध्य कराया गया। कोष बही में अंकन के अनुसार दिनांक 31.03.17 को चौहदवां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत धनराशि रू0 149982.00 ही शेष रही। इसके बावजूद माह फरवरी 2017 में उक्त कार्य पर व्यय हुई समस्त धनराशि रू0 243992.00 का भुगतान कर दिया गया। इस प्रकार उक्त कार्य पर चतुर्थ राज्य वित्त योजना से 94010.00 का भुगतान कर दिया गया। स्पष्ट रूप से चौदहवें वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्य पर चतुर्थ राज्य वित्त योजना की धनराशि का व्यय करके गंभीर वित्तीय अनियमितता की गयी है।
3. उक्त कार्य पर ईंट आपूर्ति हेतु भुगतान रू0 12960.00 का किया गया है जबकि प्रियासाफ्ट पर दर्शित स्टेटमेंट में ईंट आपूर्ति हेतु भुगतान मात्र रू0 19290.00 ही दर्शित किया गया है। इस प्रकार प्रियासाफ्ट पर सूचना दर्शित करते समय असावधानी बरती गयी है, जो आपत्तिजनक रहा।
4. लेखा परीक्षा में पाया गया कि एम0बी0 में अंकित क्रमांश एवं सामग्री की अधिकतर मापें व मूल्य संलग्न प्राक्कलन में अंकित मापों व मूल्यों के पूर्णतया समान रही, जो तर्कसंगत नहीं रहा। अनुमानित माप एवं मूल्य तथा कार्य होने के पश्चात स्थल पर वास्तविक माप एवं मूल्य का पूर्णतया समान होना संभव नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्राक्कलन के अनुसार सभी भुगतान कर दिये गए तथा भुगतान के पश्चात एम0बी0 में प्राक्कलन की नकल उतार दी गयी। साथ एम0बी0 में अंकित माप को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं किया गया था।
5. पत्रावली में संलग्न मस्टर रोल में श्रमिकों के हस्ताक्षर के कालम में किसी भी श्रमिक के हस्ताक्षर नहीं रहे। मस्टर रोल पर पंचायत सचिव के हस्ताक्षर भी अंकित नहीं रहे। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार मजदूरी का भुगतान रमेश कुमार नाम के व्यक्ति को (चेक एक्सएफईआर विड्रॉल) किया गया है। इस प्रकार श्रमिको को मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा।
6. पत्रावली में कार्य की कोई फोटो संलग्न नहीं रही और न ही फोटोग्राफी मूल्य का भुगतान किया गया।
7. लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा, जिससे क्रय की गयी सामग्रियों एवं वर्षान्त में अवशेष सामग्रियों के स्टॉक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।
8. लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र पूर्णतया रिक्त रहा, उसमें कोई भी प्रविष्टि अंकित नहीं की गयी थी। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र सचिव, ग्राम प्रधान एवं सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित/प्रति हस्ताक्षरित भी नहीं रहा जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुए ग्राम निधि प्रथम से धनराशि रू0 243992.00 का भुगतान/आहरण कर उसे नाला निर्माण कार्य पर व्यय दर्शित किया गया है, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के खण्ड–1 एवं खण्ड–2(क) के अन्तर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री हितलाल उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू0 243992.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0 121996.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0 121996.00 ग्राम प्रधान श्री हितलाल से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या –34 लेखा परीक्षा में पाया गया कि आलोच्य वर्ष की ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना में हैण्डपम्प मरम्मत के कुल 7 कार्य ही अंकित एवं अनुमोदित रहे जबकि विभिन्न तिथियों में हैण्डपम्प मरम्मत के कुल 8 कार्य कराये गये हैं, जिसमें से हैण्डपम्प मरम्मत कार्य सं0–1, एवं 8 पर निम्न विवरणानुसार व्यय कोष बही में दर्शित है।

क्र0	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैशबुक में उल्लिखित विवरण
1	06.10.16	19914.00	हैण्ड पम्प मरम्मत सामग्री व मजदूरी पर व्यय
2	04.02.17	20000.00	हैण्ड पम्प मरम्मत सामग्री व मजदूरी भुगतान
	योग	39914.00	

लेखा परीक्षा में उक्त हैण्ड पम्प मरम्मत कार्यो पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पायी गयी–
1. ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना में हैण्डपम्प मरम्मत के कुल 7 कार्य ही अंकित एवं अनुमोदित रहे, जबकि हैण्डपम्प मरम्मत के कुल 8 कार्य कराये गये। इस प्रकार 8वां कार्य बिना कार्य योजना के ही कराया गया, जो कि चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत संक्रमित धनराशि के उपभोग के सम्बन्ध में शासनादेश सं0–1639/33–3–2015–03/2015 दिनांक 19 जून 2015 के अनुच्छेद–2.1 में वर्णित मार्गदर्षक सिद्धान्त ''बिना कार्ययोजना ग्राम पंचायत कोई कार्य नहीं करायेगी'' के विपरीत रहा।
2. हैण्डपम्प मरम्मत कार्य सं0–1 एवं 8 दोनों की पत्रावलियां लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रही, जिससे उक्त हैण्डपम्प मरम्मत कार्य के स्थलों के नाम, उनके परिसम्पत्ति क्रमांक, उक्त कार्यो से सम्बन्धित प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति, कार्य पूर्ति आदि की स्थिति अज्ञात रही। साथ ही उक्त कार्यो के सापेक्ष किये गये भुगतानों की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204 के विपरीत रहा।
स्पष्ट है कि नियमों/मार्ग दर्षक सिद्धान्तों की अनदेखी करते हुए धनराशि रू0 39914.00 का ग्राम निधि प्रथम से भुगतान कर उसे हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय दर्शित किया गया है तथा किये गये व्यय की पुष्टि में व्यय प्रमाणक भी

प्रस्तुत नहीं किया गया, इस प्रकार लेखा परीक्षा में उक्त व्यय प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अन्तर्गत अपहरण है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री हितलाल उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू0 39914.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0 19957.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0 19957.00 ग्राम प्रधान श्री हितलाल से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम–गंगेरवा विकास खण्ड–मुसाफिरखाना जनपद – अमेठी

प्रस्तर– 35प्रस्तुत पत्रावली के अनुसार आलोच्य वर्ष चतुर्थ राज्य वित्त आयोग योजना के प्रशासनिक व्यय (आई डी - 2324976) के अन्तर्गत कार्यालय किराया पर विभिन्न तिथियों में कुल धनराशि रू0–24000.00 का व्यय किया गया है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत् है–

क्र0सं0	दिनांक	व्यय धनराशि (कैश बुक के अनुसार)	कैश बुक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
1.	05.11.16	14000.00	कार्यालय कक्ष का किराया कमरा 07 माह /2000	कैश (चेक) पेड टू राजकुमार चेक. न. 017587-डेबिट 14000.00
2.	25.01.17	6000.00	कार्यालय हेतु कमरे का किराया माह नवम्बर 2016 से जनवरी 2017 तक 03 माह /2000	कैश (चेक) पेड टू सेल्फ (जनरल) चेक नंबर-005290- डेबिट 6000.00
3.	17.03.17	4000.00	कार्यालय किराया माह फरवरी व मार्च 2017	कैश (चेक) पेड टू सुरेश कुमार चेक नंबर-005293- डेबिट 4000.00
	योग	24000.00	–	.

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पाई गई–

1–लेखा परीक्षा में विगत वर्षों में किराये पर कार्यालय लिए जाने एवं उस पर व्यय किए जाने का कोई प्रमाण/अभिलेख प्रस्तुत नहीं रहा।

2–लेखा परीक्षा में ग्राम पंचायत द्वारा किराये पर कार्यालय लिए जाने एवं उस पर व्यय किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से सम्बन्धित कोई अभिलेख/आदेश प्रस्तुत नहीं रहा। जिससे स्पष्ट रहा कि उकत व्यय हेतु सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति नहीं ली गई। जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–5 के अनुच्छेद–2 के विपरीत रहा।

3–किराये पर कार्यालय लिए जाने के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत द्वारा मकान मालिक से किये जाने वाले अनुबन्ध से सम्बन्धित कोई प्रमाण/अभिलेख भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायत में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 के विपरीत रहा।

4– बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार किराये पर दर्शित समस्त धनराशियों का भुगतान पंचायत सचिव श्री सुरेश कुमार एवं ग्राम प्रधान श्री राजकुमार को नकद किया गया है जबकि उक्त भुगतान मकान मालिक को किया जाना चाहिए था।

5–लेखा परीक्षा में पाया गया कि उकत व्यय की प्रिया साफ्ट पर फीडिंग करने में भी असावधानी बरती गई है। पत्रावली में उक्त व्यय चतुर्थ राज्य वित्त आयोग योजना के प्रशासनिक व्यय, आई0डी0–2324976 के अन्तर्गत दर्शित है जबकि प्रिया साफ्ट पर दिनांक–05.11.2016 को व्यय धनराशि रू0–14000.00 तथा दिनांक–17.03.2017 को व्यय धनराशि रू0–4000.00 के अंकन की स्थिति स्पष्ट नहीं रही, जो आपत्तिजनक रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुये ग्राम निधि प्रथम से धनराशि रू0–24000.00 का भुगतान/आहरण कर उसे कार्यालय किराया पर व्यय दर्शित किया गया है जो पूर्णतया काल्पनिक है एवं उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के अन्तर्गत अपहरण है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0वि0अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र तथा ग्राम प्रधान श्री राजकुमार उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–24000.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–12000.00) ग्रा0पं0 अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र से तथा रू0–12000.00 ग्राम प्रधान श्री राजकुमार से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है। साथ ही प्रियासाफ्ट पर उक्त व्यय की स्थिति स्पष्ट कराया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर– 36 प्रस्तुत पत्रावली के अनुसार आलोच्य वर्ष में चतुर्थ राज्य वित्त आयोग योजना के प्रशासनिक व्यय (आई0डी0 2324976) के अन्तर्गत रिक्शा, तख्ता, पंखा पर धनराशि रू0–18000.00 का व्यय किया गया है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत् है–

क्र0 सं0	दिनांक	व्यय धनराशि (कैश बुक के अनुसार)	कैश बुक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
1.	29.03.17	10000.00	तिपहिया साइकिल बाबत ग्राम पंचायत कार्य	कैश (चेक) पेड टू राजकुमार चेक. न. 005299. डेबिट 10000.00
2.	30.03.17	8000.00	प्रशासनिक मद में व्यय धनराशि तख्ता आदि	कैश (चेक) पेड टू सुरेश कुमार चेक नंबर 005300- डेबिट 8000.00
3.	योग	18000.00		

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पाई गईं–

1–लेखा परीक्षा में पाया गया कि बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार उक्त दर्शित धनराशियों का भुगतान पंचायत सचिव श्री सुरेश कुमार एवं ग्राम प्रधान श्री राजकुमार को नकद किया गया है जबकि उसे एकाउन्ट पेयी चेक द्वारा विक्रेता फर्म को किया जाना चाहिये था।

2–लेखा परीक्षा में उक्त भुगतानों की पुष्टि में व्यय प्रमाणक भी प्रस्तुत नहीं किया गया। जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 के विपरीत रहा।

3–लेखा परीक्षा में पाया गया कि उक्त व्यय की प्रियासाफ्ट पर फीडिंग करने में भी असावधानी बरती गई है। पत्रावली में उक्त व्यय चतुर्थ राज्य वित्त आयोग योजना के प्रशासनिक व्यय, आई0डी0–2324976 के अन्तर्गत दर्शित है जबकि प्रियासाफ्ट पर उक्त व्ययों के अंकन की स्थिति स्पष्ट नहीं रही, जो आपत्तिजनक रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुये, ग्राम निधि प्रथम से धनराशि रू0–18000.00 का भुगतान/आहरण उसे रिक्शा एवं तख्ता आदि पर व्यय दर्शित किया गया और व्यय की पुष्टि में व्यय की पुष्टि में व्यय प्रमाणक भी प्रस्तुत नहीं किया गया इस प्रकार लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अंतर्गत अपहरण है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0वि0अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र तथा ग्राम प्रधान श्री राजकुमार उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–18000.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–9000.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र से तथा रू0–9000.00 ग्राम प्रधान श्री राजकुमार से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है। साथ ही प्रियासाफ्ट पर उक्त व्ययों की फीडिंग को भी सही कराया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर– 37 कोष बही में दिनांक–17.03.17 को धनराशि रू0–12100.00 का व्यय निम्न विवरणानुसार दर्शित है–

क्र0सं0	दिनांक	व्यय धनराशि (कैश बुक के अनुसार)	कैश बुक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
1.	17.03.17	6000.00	प्रशासनिक मद हेतु व्यय धनराशि, चुनाव	कैश चेक पेड टू सुरेश कुमार चेक नंबर005293.डेबिट 6000.00
2.	17.03.17	6100.00	विद्युत वायरिंग व पंखा हेतु व्यय धनराशि	कैश चेक पेड टू राजकुमार चेक नंबर 005296. डेबिट 6100.00

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पाई गईं–

1–लेखा परीक्षा में उक्त व्यय से सम्बन्धित कोई पत्रावली/विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे उक्त व्यय से सम्बन्धित प्राक्कलन, वित्तीय स्वीकृति आदि की स्थिति अज्ञात रही।

2– उक्त व्यय कार्ययोजना के किस कार्य/मद के अन्तर्गत किये गये, यह लेख परीक्षा में स्पष्ट नहीं रहा।

3–बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार उक्त/दर्शित धनराशियों का भुगतान पंचायत सचिव श्री सुरेश कुमार एवं ग्राम प्रधान श्री राजकुमार को नकद किया गया है, साथ ही उपरोक्त भुगतानों में से किसी भी भुगतान की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक भी प्रस्तुत नहीं किया गया, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204 के विपरीत रहा। प्रियासाफ्ट पर उक्त व्ययों के अंकन की स्थिति स्पष्ट नहीं रही, जो आपत्तिजनक रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुये ग्राम निधि प्रथम से धनराशि रू0–12100.00 का भुगतान/आहरण कर व्यय दर्शित किया गया है एवं व्यय की पुष्टि में व्यय प्रमाणक भी प्रस्तुत नहीं किया गया, इस प्रकार लेखा परीक्षा में उक्त व्यय प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में

वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अन्तर्गत अपहरण है जो अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0वि0अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र तथा ग्राम प्रधान श्री राजकुमार उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–12100.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–6050.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र से तथा रू0–6050.00 ग्राम प्रधान श्री राजकुमार से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है। साथ ही प्रियासाफ्ट पर उक्त व्ययों की फीडिंग को भी सही कराया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम–माना मदनपुर विकास खण्ड–मुसाफिरखाना जनपद – अमेठी

प्रस्तर– 38आलोच्य वर्ष में ग्राम निधि प्रथम से पूरे अहलाद में श्रीनाथ के नल के पास से तालाब तक नाली निर्माण कार्य (आई डी. 2282225) पर धनराशि रू0–100956.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–दन का विवरण निम्नवत् है–

क्र0सं0	दिनांक	व्यय धनराशि (कैश बुक के अनुसार)	कैश बुक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
1.	08.11.16	57456.00	पूरे अहलाद में श्रीनाथ के नल के पास से तालाब तक नाली निर्माण कार्य पर ह्यूम पाइप आपूर्ति का भुगतान	ड्रॉ थ्रू चेक प्रकाश स्पन पाइपए चेक नंबर 018636. डेबिट 57456.00
2.	21.11.16	13000.00	पूरे अहलाद में श्रीनाथ के नल के पास से तालाब तक नाली निर्माण कार्य पर मजदूरी का भुगतान	चेक एक्सएफईआर विड्रॉल वंशराज सिंह चेक नंबर 018637. डेबिट 13000.00
3.	21.11.16	30500.00	उपरोक्त कार्य पर सामग्री आपूर्ति का भुगतान	चेक एक्सएफईआर विड्रॉल राजपूत कंस्ट्रक्शन चेक नंबर 018638. डेबिट 30500.00
	योग	100956.00	–	-

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पाई गईं–

1–(क)–प्रस्तुत पत्रावली में संलग्न एम0बी0 के अनुसार उक्त कार्य में प्रयुक्त ह्यूम पाइप की माप एवं मूल्य का विवरण निम्नवत् रहा– एन0पी03 ह्यूम पाइप 300एमएम डाय.त्र20आरएम /1276.80.25536.00 250एमएम डाय.त्र21. 20आरएम दर 1069.20.22667.04

स्पष्ट है कि एम0बी0 के अनुसार प्रयुक्त ह्यूम पाइपों की कुल लागत धनराशि रू0–48203.04 रही जबकि ह्यूम पाइप हेतु भुगतान की गई धनराशि 57456.00 रही। इस प्रकार रू0–9252.96 का अधिक भुगतान किया गया।

(ख)–एम0बी0 के अनुसार कार्य में प्रयुक्त सीमेन्ट की लागत धनराशि रू0–5400.00 रही जबकि सीमेन्ट हेतु कोई भुगतान नहीं किया गया।

(ग)–एम0बी0 के अनुसार साइन बोर्ड की लागत धनराशि रू0–3000.00 रही जबकि साइन बोर्ड हेतु कोई भुगतान नहीं किया गया।

(घ)–एम0बी0 के अनुसार उक्त कार्य की श्रम लागत धनराशि रू0–14036.89 रही जबकि मजदूरी हेतु भुगतान धनराशि रू0–13000.00 का ही किया गया।

स्पष्ट है कि एम0बी0 में अंकित सामग्री एवं मजदूरी लागत के अनुरूप भुगतान नहीं किया गया है। इस प्रकार एम0बी0 काल्पनिक एवं भुगतान के बाद बनाई गई प्रतीत होती है, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमानवली 1947 के नियम 157(ख) के विपरीत रहा, जिसमें निर्माण कार्यों की नाप जोख के उपरान्त ही भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गई है।

3–पत्रावली में संलग्न मस्टर रोल के अनुसार श्रम लागत धनराशि रू0–13922.00 रही जबकि भुगतान रू0–13000.00 का ही किया गया है। इस प्रकार मस्टर रोल के अनुसार भी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार उक्त धनराशि रू0–13000.00 का भुगतान वंशराज सिंह नामक व्यक्ति को किया गया है। इस प्रकार श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा।

4–दिनांक–21.11.16 को सामग्री आपूर्ति हेतु धनराशि रू0–30500.00 का भुगतान किया गया जबकि प्रस्तुत बाउचर मूल्य रू0–29440.00 ही अंकित रहा। इस प्रकार बाउचर पर अंकित मूल्य से रू0–1060.00 का अधिक भुगतान किया गया है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुये धनराशि रू0–100956.00 का ग्राम निधि प्रथम से भुगतान/आहरण कर उसे नाली निर्माण पर व्यय दर्शित किया गया है जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के खण्ड–1 एवं खण्ड–2(क) के अन्तर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य हैं, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–100956.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी से संयुक्त रूप से (रू–50478.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0–50478.00 ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित हैं।

प्रस्तर–39 आलोच्य वर्ष में कोष बही में दिनांक–31.12.2016 को ग्राम निधि प्रथम से प्रा0पा0 के पास पिच रोड से पूरे चौहान खड़न्जा तक खड़न्जा निर्माण कार्य (आई0डी0.2282220) में मजदूरी पर धनराशि रू0 का 20150.00 का भुगतान दर्शित है। लेखा परीक्षा में प्रस्तुत उक्त कार्य की पत्रावली में संलग्न मस्टर रोल में कार्य का नाम अंकित नहीं रहा जिससे यह स्पष्ट नहीं रहा कि मस्टर रोल इसी कार्य का था या अन्य किसी कार्य का। मस्टर रोल में श्रमिकों के हस्ताक्षर के कालम में किसी भी श्रमिक के हस्ताक्षर नहीं रहे। मस्टर रोल में मजदूरी की लागत 20154.00 रही जबकि भुगतान धनराशि रू0–20150.00 का किया गया जो तर्कसंगत नहीं रहा। बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार मजदूरी का भुगतान ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह को चेक (ड्रॉ थ्रू चेक) द्वारा किया गया है। इस प्रकार लेखा परीक्षा में श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के अन्तर्गत अपहरण है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–20150.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–10075.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0–10075.00 ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–40 आलोच्य वर्ष में कोष बही में दिनांक–28.12.2016 को ग्राम निधि प्रथम से मानामदनपुर में रामराज मौर्या के कूप का जीर्णोद्वार कार्य (आई0डी0 2282216) में मजदूरी पर धनराशि रू0 का 12700.00 का भुगतान दर्शित है। लेखा परीक्षा में प्रस्तुत उक्त कार्य की पत्रावली में संलग्न मस्टर रोल में श्रमिकों के हस्ताक्षर के कालम में किसी भी श्रमिक के हस्ताक्षर नहीं रहे। मस्टर रोल पर ग्राम पंचायत सचिव के हस्ताक्षर भी अंकित नहीं रहे। मस्टर रोल में मजदूरी की लागत 12714.00 रही जबकि भुगतान धनराशि रू0–12700.00 का किया गया जो तर्कसंगत नहीं रहा। बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार मजदूरी का भुगतान ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह को चेक (ड्रॉ थ्रू चेक) द्वारा किया गया है। इस प्रकार लेखा परीक्षा में श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान किया जाना प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के अन्तर्गत अपहरण है तथा अधिभार के योग्य हैं, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–12700.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–6350.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0–6350.00 ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तरः–41आलोच्य वर्ष में कोष बही में दिनांक–14.03.2017 को ग्राम निधि प्रथम से प्रा0 पा0 व जू0 हा0 स्कूल में शौचालय निर्माण कार्य (आई0डी0 2282227) में मजदूरी पर धनराशि रू0 का 15542.00 का भुगतान दर्शित है। लेखा परीक्षा में प्रस्तुत उक्त कार्य की पत्रावली में संलग्न मस्टर रोल में श्रमिकों के हस्ताक्षर के कालम में किसी भी श्रमिक के हस्ताक्षर नहीं रहे। मस्टर रोल पर ग्राम पंचायत सचिव के हस्ताक्षर श्री अंकित रहे। मस्टर रोल में कुशल श्रम की दो अलग–अलग दरें 370 एवं 330 की लगाई गई हैं जो तर्कसंगत नहीं रहा। बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार मजदूरी भुगतान चेक (ड्रॉ थ्रू चेक) द्वारा किया गया है तथा भुगतान प्राप्तकर्ता की स्थिति अस्पष्ट रही। इस प्रकार लेखा परीक्षा में श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान किय जाना प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के अन्तर्गत अपहरण है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू0–15542.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–7771.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0 7771.00 ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–42 आलोच्य वर्ष में कोष बही में विभिन्न तिथियों में हैण्ड पम्प मरम्मत कार्यो पर निम्न विवरणानुसार व्यय दर्शित है–

क्र0 सं0	दिनांक	व्यय धनराशि (कैश बुक के अनुसार)	कैश बुक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
1.	13.10.16	19955.00	इण्डिया मार्क ।। हैण्ड पम्प मरम्मत का भुगतान	चेक एक्सएफईआर विड्रॉल चेक नंबर 018624. डेबिट 19950.00
2.	13.10.16	19950.00	इण्डिया मार्क ।। हैण्ड पम्प मरम्मत का भुगतान	चेक एक्सएफईआर विड्रॉल चेक नंबर.018623. डेबिट 19955.00
3.	09.12.16	19950.00	इण्डिया मार्क ।। हैण्ड पम्प मरम्मत पर व्यय धनराशि	चेक एक्सएफईआर विड्रॉल राजपूत कंस्ट्रक्शन चेक नंबर.019722 डेबिट 19950.00
4.	02.02.17	19990.00	इण्डिया मार्क ।। हैण्ड पम्प मरम्मत पर व्यय धनराशि	चेक एक्सएफईआर विड्रॉल चेक नंबर.0119729

				डेबिट 19990.00
5.	14.03.17	19750.00	इण्डिया मार्क ।। हैण्ड पम्प मरम्मत का भुगतान	चेक एक्सएफईआर विड्रॉल राजपूत कंस्ट्रक्शन चेक नंबर.019734 डेबिट 19750.00
6.	29.03.17	19990.00	इण्डिया मार्क ।। हैण्ड पम्प मरम्मत पर व्यय धनराशि	ड्रॉ थ्रू चेक राजपूत कंस्ट्रक्शन चेक नंबर.19736 डेबिट 19990.00
	योग	119585.00		

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भर आपत्तियां पाई गईं–

1– हैण्डपम्प मरम्मत कार्य सं0–1 की पत्रावली लेखा परीक्षा में प्रस्तुत रही, परन्तु वह अपूर्ण रही। पत्रावली में उक्त हैण्ड पम्प मरम्मत कार्य की तकनीकी स्वीकृति एवं वित्तीय स्वीकृति की संख्या व तिथि कहीं पर अंकित नहीं की गई थी तथा न ही तकनीकी स्वीकृति एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदानकर्ता के हस्ताक्षर ही अंकित रहे। पत्रावली में हैण्डपम्प मरम्मत स्थलों की संख्या एं उनके परिसम्मपत्ति क्रमांक अंकित नहीं रहे। कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत नहीं किया गया, साथ ही किये गए भुगतान की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक भी संलग्न नहीं रहा। जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं अनुच्छेद–8 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204, 205 एवं 209 के विपरीत रहा।

2– हैण्डपम्प मरम्मत कार्य सं0–2,3,4,5 एवं 6 में से किसी भी कार्य से सम्बन्धित पत्रावलियां लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहीं, जिससे कार्य से सम्बन्धित प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति तथा कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र आदि की जांच नहीं की जा सकी। उक्त कार्यों हेतु किये गये भुगतानों में से किसी भी भुगतान की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं अनुच्छेद–8 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204, 205, एवं 209 के विपरीत रहा।

3–कोष बही में किसी भी हैण्डपम्प मरम्मत कार्य के स्थलों के नाम अंकित नहीं रहे।

4–लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा जिससे क्रय की गई हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री एवं वर्षान्त में अवशेष सामग्रियों के स्टॉक रजिस्टर के में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।

5–हैण्डपम्प मरम्मत के उपरान्त अवशिष्ट खराब सामग्री/कलपुर्जों का कोई लेखा–जोखा लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहा।

6– बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार हैण्डपम्प मरम्मत कार्य सं0–1,2 तथा 4 के भुगतान प्राप्तकर्ता की स्थिति अस्पष्ट रही।

7–हैण्डपम्प मरम्मत कार्य सं0–4,5 एवं 6 पर हुए व्यय/भुगतान कैश बुक तथा बैंक स्टेटमेन्ट में एक समान तिथि क्रमशः 02.02.17, 14.03.17 तथा 29.03.17 को दर्शित हैं जबकि प्रियासाफ्ट पर दर्शित स्टेटमेन्ट में उक्त व्यय/भुगतान दिनांक–31.03.17 को दर्शित किया गया है, इस प्रकार प्रिया साफ्ट पर सूचना दर्शित करते समय वास्तविकता को छिपाया गया है जो आपत्तिजनक रहा।

स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुये धनराशि रू0–119585.00 का ग्राम निधि से भुगतान कर से हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय दर्शित किया गया है तथा किये गए व्यय की पुष्टि में व्यय प्रमाणक भी प्रस्तुत नहीं किया गया, इस प्रकार लेखा परीक्षा में उक्त व्यय प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अन्तर्गत अपहरण है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू0–119585.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–59792.50 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0–59792.50 ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–43आलोच्य वर्ष में कोष बही में दिनांक–17.10.2016 को प्रशासनिक मद के अन्तर्गत आपूर्ति कुर्सी आदि पर धनराशि रू0–29175.00 का भुगतान किया जाना दर्शित है। जिसके सम्बन्ध में लेखा परीक्षा में निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पाई गईं–

1–लेखा परीक्षा में उक्त व्यय से सम्बन्घित कोई पत्रावली/विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे उक्त कार्य से सम्बन्धित प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति प्राप्त किये जाने की स्थिति अज्ञात रही। जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं अनुच्छेद–8 के विपरीत रहा।

2–साथ ही उक्त दर्शित भुगतान की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं अनुच्छेद–8 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204 के विपरीत रहा।

3–क्रय की गई सामग्रियों से सम्बन्धित कोई स्टॉक रजिस्टर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।
4–लेखा परीक्षा में कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा।
इस प्रकार लेखा परीक्षा में प्रशासनिक मद के अन्तर्गत किया गया उक्त व्यय प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अन्तर्गत अपहरण है जो अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–29175.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–14587.50 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0–14587.50 ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तरः–44आलोच्य वर्ष कोष बही में दिनांक–29.11.2016 को तीनों राजस्व ग्रामों में सफाई कार्य हेतु 3 नग सफाई किट पर धनराशि रू0–45000.00 का भुगतान किया जाना दर्शित है। जिसके सम्बन्ध में लेखा परीक्षा में निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पाई गईं–
1–लेखा परीक्षा में उक्त व्यय से सम्बन्धित कोई पत्रावली/विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे उक्त कार्य से सम्बन्धित प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति प्राप्त किये जाने की स्थिति अज्ञात रही। जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं अनुच्छेद–8 के विपरीत रहा।
2–साथ ही उक्त दर्शित भुगतान की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं अनुच्छेद–8 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204 के विपरीत रहा।
3–सफाई किट की सामाग्रियों से सम्बन्धित कोई स्टॉक रजिस्टर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।
4–लेखा परीक्षा में कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा।
इस प्रकार लेखा परीक्षा में सफाई किट के अन्तर्गत किया गया व्यय प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अन्तर्गत अपहरण है जो अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–45000.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–22500.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0–22500.00 ग्राम प्रधान श्रीमती प्रतिमा सिंह से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम–नेवादा **विकास खण्ड–मुसाफिरखाना** **जनपद – अमेठी**

प्रस्तर–45प्रस्तुत पत्रावली के अनुसार आलोच्य वर्ष में चौदहवें वित्त आयोग योजना की प्रशासनिक मद (आई0डी0 2313828) के अन्तर्गत विभिन्न तिथियों में धनराशि रू0–88904.00 का व्यय किया गया है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन विवरण निम्नवत है–

क्र0सं0	दिनांक	व्यय धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैश बुक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
1.	13.06.16	17513.00	प्रशासनिक मद हेतु चौदहवें वित्त की प्रथम किस्त का 0.6ः धनराशि उ0डी0ओ0 (पं0) को दिया गया	ड्रॉ थ्रू चेक टू एडीओ पंचायत चेक नंबर 016148. डेबिट 17513.00
2.	06.01.17	5000.00	प्रशासनिक मद से तख्ता व मेज क्रय	कैश ;चेक पेड टू सुरेश कुमार चेक न.003927. डेबिट 5000.00
3.	20.01.17	10000.00	आलमारी बाबत पुराने कागजात रखने (प्र0म0)	कैश (चेक) पेड टू सुरेश कुमार चेक न.003932. डेबिट .10000.00
4.	20.01.17	2259.00	फोटो कापी पर व्यय धनराशि	कैश (चेक)पेड टू सुरेश कुमार चेक न.003933. डेबिट 2259.00
5.	20.01.17	10000.00	नये वित्तीय वर्ष से कागजात हेतु आलमारी रखने हेतु (आफिस रेन्ट)	कैश (चेक)पेड टू घनश्याम पांडे चेक न.003931. डेबिट .10000.00
6.	04.02.17	5000.00	स्टेशनरी व फोटोकापी पर व्यय	कैश (चेक) पेड टू सुरेश कुमार

				चेक न 003943. डेबिट .5000.00
7.	04.02.17	5000.00	कुर्सी 6 व मेज 1 बावत सदस्यगण	कैश (चेक)पेड टू घनश्याम पांडे चेक न.003942. डेबिट .5000.00
8.	20.02.17	6100.00	प्रशासनिक मद में व्यय (चौदहवां वित्त) स्कूल वायरिंग व षौचालय मरम्मत	कैश (चेक) पेड टू घनश्याम पांडे चेक न.003944 डेबिट .6100.00
9.	18.03.17	5600.00	समान ढोने हेतु हाथ रिक्शा क्रय (प्रशा0मद)	कैश (चेक) पेड टू घनश्याम पांडे चेक न.003949. डेबिट .5600.00
10.	18.03.17	3500.00	फोटो कापी पर व्यय धनराशि	कैश (चेक) पेड टू शिव प्रकाश चेक न.003945. डेबिट .3500.00
11.	18.03.17	6500.00	प्रा0पा0 नेवादा पर स्कूल षौचालय मरम्मत	कैश (चेक)पेड टू शिव प्रकाश चेक न. 003948. डेबिट .6500.00
12.	31.03.17	12432.00	चौदहवें वित्त की द्वितीय किस्त का अंश (भुगतान) ए0डी0ओ0 (पं0)	ड्रॉ थ्रू चेक सहायक विकास अधिकारी चेक.न. 005711. डेबिट .12432.00
	योग	88904.00	—	.

(ख)—कोष बही में अंकन के अनुसार चौदहवें वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत को संक्रमित धनराशि का विवरण निम्नवत् है—

1.	14 वां वित्त आयोग के अन्तर्गत 01.04.2016 को उपलब्ध की धनराशि (कोष बही में अंकन के अनुसार)	271519.00
2.	वर्ष के दौरान चौदहवें वित्त आयोग के अन्तर्गत विभिन्न तिथियों में प्राप्त कुल धनराशि	460572.00
3.	योग	732091.00
4.	कुल धनराशि का 10 प्रतिशत	73209.10

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित आपत्तियां पाई गईं—

1—ग्राम पंचायत नेवादा की वर्ष 2016—17 की वार्षिक कार्ययोजना में क्रम संख्या—23 पर 14 वां वित्त आयोग योजना के प्रशासनिक व्यय हेतु धनराशि रू0—97496.00 निर्धारित की गई थी। उक्त धनराशि किस आधार पर निर्धारित की गई, यह लेखा परीक्षा में स्पष्ट नहीं रहा।

2—14वें वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों को आवंटित अनुदान की धनराशि के उपयोग हेतु मार्गदर्षक सिद्धान्तों के निर्धारण विषयक शासनादेश सं0—234/33—3—2016—2/2016 दिनांक 18 फरवरी 2016 के प्रस्तर—ग(4) में वर्णित व्यवस्था है—14वें वित्त आयोग की संस्तुतियों पर भारत सरकार के दिशा—निर्देशों के अनुसार संस्तुत बुनियादी अनुदान की धनराशि का 10 प्रतिशत तक तकनीकी एवं प्रशासनिक मद पर व्यय किया जा सकता है। कुल 10 प्रतिशत तकनीकी एवं प्रशासनिक मद की धनराशि का क्षेत्र पंचायत में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) स्तर पर खोल गये खाते में प्रत्येक ग्राम पंचायत द्वारा तकनीकी एवं प्रशासनिक मद के 10 प्रतिशत धनराशि का 64.5 प्रतिशत धनराशि सम्बन्धित क्षेत्र पंचायत के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के खाते में उपलब्ध करायी जिससे विभिन्न (न्याय पंचायत,विकास खण्ड एवं राज्य) स्तरों पर विभिन्न निर्धारित मदों में आने वाले खर्च पर व्यय की जा सकेगी। ग्राम पंचायतों द्वारा अवशेष धनराशि विभिन्न अनुमन्य गतिविधियों पर व्यय की जा सकेगी''। इस प्रकार स्पष्ट है कि 14वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त बुनियादी अनुदान का 10 प्रतिशत ही तकनीकी एवं प्रशासनिक मद पर व्यय किया जा सकता है। लेखा परीक्षा में पाया गया कि आलोच्य वर्ष में ग्राम पंचायत के पास 14 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत कुल उपलब्ध धनराशि रू0—732091.00 रही, जिसका 10 प्रतिशत 73209.10 होता है। मार्गदर्षक सिद्धान्त के अनुसार तकनीकी एवं प्रशासनिक मद के अन्तर्गत अधिकतम रू0—73209.10 ही व्यय किया जा सकता था जबकि तकनीकी एवं प्रशासनिक मद के अन्तर्गत उससे अधिक धनराशि रू0—88904.00 का व्यय किया गया, जो कि मार्गदर्षक सिद्धान्त के विपरीत रहा।

3—पुनः लेखा परीक्षा में पाया गया कि आलोच्य वर्ष में ग्राम पंचायत के पास 14वें वित्त आयोग की तकनीकी एवं प्रशासनिक मद के अन्तर्गत अधिकतम धनराशि रू0—73209.10 ही उपलब्ध रही, जिसमें से सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के खाते में धनराशि रू0—29945.00 दी गई। इस प्रकार अवशेष धनराशि रू0—43264.10 ही रही जिसे ग्राम

पंचायत द्वारा प्रशासनिक मद के अन्तर्गत व्यय किया जा सकता था जबकि ग्राम पंचायत द्वारा उससे अधिक धनराशि रू0–58959.00 का व्यय किया गया, जो कि पुनः मार्गदर्शक सिद्धान्त के विपरीत पाया गया।
4–बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा प्रशासनिक मद के अन्तर्गत सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के खाते में दी गई धनराशि रू0–29945.00 के अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा व्यय की गई धनराशि रू0–58959.00 में से अधिकतर भुगतान पंचायत सचिव श्री सुरेश कुमार एवं ग्राम प्रधान श्री घनश्याम पाण्डेय को नकद किये गये हैं जो आपत्तिजनक रहा।
5–लेखा परीक्षा में पाया गया कि चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की प्रशासनिक मद के अन्तर्गत कुर्सी, मेज, आलमारी आदि क्रय तथा फोटोकापी पर व्यय किया गया था, उसके बावजूद चौदहवें वित्त आयोग योजना की प्रशासनिक मद से पुनः कुर्सी, मेज, आलमारी, तख्ता आदि क्रय तथा फोटोकापी पर पुनः व्यय किया गया। स्पष्ट है कि प्रशासनिक मद से व्यय किये जाने में मितव्ययता नहीं बरती गई।
6–लेखा परीक्षा में पाया गया कि कोष बही में दिनांक–20.01.17 को नये वित्तीय वर्ष से कागजात हेतु आलमारी रखने हेतु (आफिस रेन्ट) पर धनराशि रू0–10000.00 का व्यय दर्शित रहा तथा पत्रावली में संलग्न बाउचर जगन्नाथ यादव सुत रामलखन को आफिस हेतु कमरा किराया 10 माह का भुगतान किये जाने का रहा। परन्तु लेखा परीक्षा में किराये पर कार्यालय लिए जाने से सम्बन्धित कोई प्रमाण/अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं अनुच्छेद–8 के विपरीत रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों/मार्गदर्षक सिद्धान्तों की अनदेशी करते हुये 14वें वित्त आयोग की तकनीकी एवं प्रशासनिक मद के अन्तर्गत उपलब्ध अधिकतम धनराशि से अधिक धनराशि व्यय की गई जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के अन्तर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0वि0अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र तथा ग्राम प्रधान श्री घनश्याम पाण्डेय उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–58959.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–29479.50 ग्रा0वि0 अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र से तथा रू0–29479.50 ग्राम प्रधान श्री घनश्याम पाण्डेय से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–46 कोष बही में दिनांक–31.03.17 को धनराशि रू0–19800.00 का व्यय निम्न विवरणानुसार दर्शित है–

क्र0सं0	दिनांक	व्यय धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैश बुक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
1.	31.03.17	14000.00	ग्राम प्रधान के मानदेय का भुगतान दिस0 6 से मार्च 17 तक /3500	ड्रॉ थ्रू चेक देवांश ट्रेडिंग कंपनी चेक नंबर005713. डेबिट 19800.00
2.	31.03.17	5800.00	स्ट्रीट लाइट स्थापना 01 नग व मरम्मत 03 नग हेतु भुगतान	

लेखा परीक्षा में बैंक स्टेटमेन्ट के अवलोकन से स्पष्ट रहा कि दिनांक–31.03.17 को रू0–14000.00 या रू0–5800.00 का कोई भुगतान नहीं किया गया है। बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार दिनांक–31.03.17 को चेक सं0–00573 के द्वारा धनराशि रू0–19800.00 का भुगतान देवांश ट्रेनिंग कम्पनी को किया गया है। इस प्रकार कैश बुक में दर्शित विवरण एवं बैंक स्टेटमेन्ट में अंकित विवरण में कोई समानता नहीं पाई गई। स्पष्ट रूप से कैश बुक में दर्शित उक्त व्यय भ्रामक एवं संदिग्ध रहा। साथ ही लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्ययों की पुष्टि में कोई व्यय प्रमाणक भी प्रस्तुत नहीं किया गया। इस प्रकार लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय अप्रमाणित रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अन्तर्गत अपहरण है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0वि0अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र तथा ग्राम प्रधान श्री घनश्याम पाण्डेय उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–19800.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–9900.00 ग्रा0वि0 अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र से तथा रू0–9900.00 ग्राम प्रधान श्री घनश्याम पाण्डेय से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम–सरैया सबलशाह विकास खण्ड–मुसाफिरखाना जनपद – अमेठी

प्रस्तर–47आलोच्य वर्ष में ग्राम निधि प्रथम से जगनारायण के दरवाजे से नाले तक नाली निर्माण कार्य पर धनराशि रू0–185302.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत् है–

क्र0सं0	दिनांक	व्यय धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैश बक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
1.	19.10.16	50000.00	जगनारायण के घर से नाले तक नाली	ड्रॉ थ्रू चेक

			निर्माण पर ईंट का भुगतान	एलसीएलजी बीओबी रेफरेंस नंबर 284ए चेक.न010997 डेबिट .50000.00
2.	06.02.17	90560.00	जगनारायण के घर से नाले से नाली निर्माण पर सामग्री वास्ते भुगतान–राजपूत कान्स्ट्रक्शन	चेक एक्सएफईआर विड्रॉल चेक.न.0118932. डेबिट 90560.00
3.	14.02.17	14640.00	उपरोक्त कार्य पर अवशेष ईंट का भुगतान आशा ब्रिक फील्ड	टू सीएलईजीए चेक.न.018933. डेबिट 14640.00
4.	13.02.17	30102.00	उपरोक्त कार्य पर मजदूरी भुगतान श्री छोटू सिंह प्रधान	चेक एक्सएफईआर विड्रॉल चेक.न.018934. छोटू सिंह
	योग	185302.00	–	.

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पाई गईं–

1– पत्रावली में संलग्न अभिलेखों में कार्य का नाम जगनारायण के घर से नाले तक नाली निर्माण अंकित रहा जबकि प्रस्तुत कार्ययोजना में क्रम संख्या–5 पर कार्य जगनारायण के दरवाजे से तालाब तक नाली निर्माण नाम से अनुमोदित था।इस प्रकार कराये जाने वाले कार्य एवं कार्ययोजना में अनुमोदित कार्य में समानता नहीं पाई गई।

2–प्रस्तुत पत्रावली में उक्त कार्य की तकनीकी स्वीकृति सं0–104/08.11.2016 थी तथा वित्तीय स्वीकृति सं0–95/08.11.2016 थी। तथा मस्टर रोल के अनुसार उक्त कार्य की अवधि 09.11.2016 से 23.11.2016 रही। इस प्रकार उक्त कार्य की वित्तीय स्वीकृति दिनांक–08.11.2016 को प्राप्त हुई तथा काय्र प्रारम्भ होने की तिथि दिनांक–09.11.2016 रही जबकि धनराशि रू0–50000.00 का भुगतान पर्याप्त समय पूर्व दिनांक–19.10.2016 को ही कर दिया गया। इस प्रकार व्यय की बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त हुए ही भुगतान कर दिया गया, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–5 के अनुच्छेद–2 के विपरीत रहा। साथ ही उक्त भुगतान करते समय सावधानी एवं सतर्कता नहीं बरती गई तथा बिना आवश्यकता के ही भुगतान करके लेखा मैनुअल के अध्याय–5 के अनुच्छेद–3क में वर्णित वित्तीय औचित्य के सिद्धान्त का उल्लंघन भी किया गया।

3–पत्रावली में संलग्न माप पुस्तिका में कार्य प्रारम्भ तिथि 08.11.2016 अंकित रही। जबकि कार्य समाप्ति तिथि अंकित ही नहीं की गई थी। माप पुस्तिका में मापकर्ता के हस्ताक्षर अस्पष्ट रहे। साथ ही अंकित की गई माप को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं किया गया था।

4–माप पुस्तिका में मजदूरी लागत धनराशि रू0–30200.00 आगणित की गई तथा रोल के अनुसार मजदूरी लागत धनराशि रू0–30149.00 रही जबकि मजदूरी हेतु भुगतान की गई धनराशि रू0–30102.00 रही। इस प्रकार भुगतान की गई धनराशि, माप पुस्तिका में अंकित धनराशि एवं मस्टर रोल के अनुसार मजदूरी की धनराशि में कोई समानता नहीं पाई गई जो तर्कसंगत नहीं रहा।

5–मस्टर रोल पर समस्त श्रमिकों के अंगूठा निशान एक ही व्यक्ति द्वारा लगाए गए प्रतीत होते हैं तथा कोई भी अंगूठा निशान प्रमाणित नहीं किया गया है।

6–लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा जिससे क्रय की गई सामग्रियों एवं वर्षान्त में अवशेष सामाग्रियों के स्टॉक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।

7–बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार सामग्री हेतु किये गए भुगतानों की स्थिति अस्पष्ट रही। लेखा परीक्षा में चेक प्रतिपर्ण एवं चेक की छायाप्रति प्रस्तुत नहीं रही।

8–कार्य के किसी भी चरण का कोई फोटोग्राफ पत्रावली में संलग्न नहीं रहा।

9–लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र का द्वितीय पृष्ठ पूर्णतया रिक्त रहा, उसमें कोई भी प्रविष्टि अंकित नहीं की गई थी। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र सचिव, ग्राम प्रधान एवं सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित/प्रति हस्ताक्षरित भी नहीं रहा जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों/मार्गदर्षक सिद्धान्तों की अनदेखी करते हुये धनराशि रू0–185302.00 का ग्राम निधि प्रथम से भुगतान/आहरण कर उसे नाली निर्माण पर व्यय दर्शित किया गया है जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के खण्ड–1 एवं खण्ड–2(क) के अन्तर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री छोटू सिंह उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–185302.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–92651.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0–92651.00 ग्राम प्रधान श्री छोटू सिंह से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–48आलोच्य वर्ष में ग्राम निधि प्रथम से सादीपुर चौराहा से रामहेत के घर तक सी0सी0 रोड मरम्मत कार्य पर धनराशि रू0–109214.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत् है–

क्र0सं0	दिनांक	व्यय धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैश बुक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
1.	28.03.17	23664.00	सादीपुर चौराहा से रामहेत के घर तक आर0सी0सी0 मरम्मत पर मजदूरी भुगतान–श्री छोटू सिंह	कैश चेक चेक नंबर 018937. डेबिट 23664.00 पेड टू छोटू सिंह
2.	29.03.17	85550.00	उपरोक्त कार्य पर सामग्री भुगतान पर –सिंह सप्लायर एण्ड इलेक्ट्रानिक वर्क्स	चेक एक्सएफईआर विड्रॉलए चेक नंबर 018936. डेबिट 85550.00
	योग	109214.00		

लेखा परीक्षा में उक्त कार्य से सम्बन्धित कोई पत्रावली/विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे कार्य से सम्बन्धित प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति तथा मापी, मस्टररोल, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र आदि की स्थिति अज्ञात रही। साथ ही उपरोक्त भुगतानों में से किसी भी भुगतान की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक भी प्रस्तुत नहीं किया गया, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं अनुच्छेद–8 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204,205,209 एवं 210 के विपरीत रहा। इस प्रकार लेखा परीक्षा में उक्त कार्य पर किया गया व्यय प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अन्तर्गत अपहरण है जो अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री छोटू सिंह उत्तरदायी हैं।

अतः उक्त धनराशि रू0–109214.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–54607.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0–54607.00 ग्राम प्रधान श्री छोटू सिंह से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–49आलोच्य वर्ष में कैश बुक में दिनांक–07.10.2016 को हैण्ड पम्प मरम्मत (आई0डी0 2324375) पर सूरज ट्रेडर्स को सामग्री मजदूरी सहित धनराशि रू0–19950.00 का भुगतान निम्न विवरणानुसार दर्शित किया गया है–

दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि कैशबुक के अनुसार	कैश बुक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
07.10.16	19950.00	हैण्ड पम्प मरम्मत सामग्री मजदूरी सहित भुगतान सूरज ट्रेडर्स	चेक एक्सएफईआर विड्रॉल, चेक नंबर.010996. डेबिट 19950.00

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पाई गईं–

1–प्रस्तुत पत्रावली में उक्त कार्य की तकनीकी स्वीकृति स्वीकृति एवं वित्तीय स्वीकृति की संख्या व तिथि कही पर अंकित नहीं की गई थी तथा न ही तकनीकी स्वीकृति एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदानकर्ता के हस्ताक्षर ही अंकित रहे। जिससे स्पष्ट रहा कि उक्त कार्य की तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति नहीं ली गई। इस प्रकार व्यय की बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त हुए ही भुगतान कर दिया गया, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–5 के अनुच्छेद–2 के विपरीत रहा।

2–प्रस्तुत प्रत्रावली में संलग्न प्राक्कलन या अन्य किसी स्थान पर मरम्मत किये जाने वाले हैण्डपम्पों का परिसम्पत्ति क्रमांक अंकित नहीं रहा।

3–पत्रावली में अंकित हैण्डपम्प मरम्मत स्थलों के नाम एवं कैश बुक में अंकित हैण्डपम्प मरम्मत स्थलों के नाम समान नहीं रहे।

4–लेखा परीक्ष में स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा जिससे क्रय की गई हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री एवं वर्षान्त में अवशेष सामग्रियों के स्टॉक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।

5–किये गये भुगतान धनराशि रू0–19950.00 की पुष्टि में अपेक्षित कोई व्यय प्रमाणक भी पत्रावली में संलग्न नहीं रहा, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं अनुच्छेद–8 उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204 के विपरीत रहा।

6–लेखा परीक्षा में कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा।

इस प्रकार लेखा परीक्षा में उक्त कार्य पर किया गया व्यय प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अन्तर्गत अपहरण है जो अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री छोटू सिंह उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–19950.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त

रूप से (रू0–9975.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0–9975.00 ग्राम प्रधान छोटू सिंह से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–50 आलोच्य वर्ष में कोष बही में दिनांक–06.02.2017 को सफाई किट हेतु स्वर्णिमा कान्स्ट्रक्शन को धनराशि रू014990.00 का भुगतान किया जाना दर्शित है। लेखा परीक्षा में उक्त व्यय से सम्बन्धित कोई पत्रावली/विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे उक्त कार्य से सम्बन्धित प्राक्कलन, तकनीकी, वित्तीय स्वीकृति, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र आदि की स्थिति अज्ञात रही। साथ ही उक्त भुगतान/व्यय की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक भी प्रस्तुत नहीं किया गया, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबनध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204,205,एवं 209 के विपरीत रहा। इस प्रकार लेखा परीक्षा मे उक्त कार्य पर किया गया व्यय प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अन्तर्गत अपहरण है जो अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम–प्रधान श्री छोटू सिंह उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–14990.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–7495.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0–7495.00 ग्राम प्रधान श्री छोटू सिंह से) अद्यावधि ब्याज सहित किया आना अपेक्षित है।

प्रस्तर–51आलोच्य वर्ष में दिनांक–07.04.2016 को ग्राम प्रधान को धनराशि रू0–7500.00 मानदेय का भुगतान दर्शित है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत् है–

दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि कैशबुक के अनुसार	कैश बुक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
07.04.16	7500.00	प्रधान मानदेय अप्रैल,मई,जून, 16 तक 3 माह–श्री छोटू सिंह	चेक एक्सएफईआर विड्रॉलए चेक नंबर 007160. डेबिट 7500.00

उक्त विवरण से स्पष्ट है कि माह अप्रैल में ही अप्रैल,मई तथा जून माह के मानदेय का आहरण/भुगतान कर दिया गया। इस प्रकार निश्चित अवधि के पूर्व मानदेय भुगतान करके वित्तीय अनियमितता की गई है। जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री छोटू सिंह उत्तरदायी हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम–बरना मुबारकपुर विकास खण्ड–मुसाफिरखाना जनपद – अमेठी

प्रस्तर–52प्रस्तुत पत्रावली के अनुसार आलोच्य वर्ष में चतुर्थ राज्य वित्त आयोग योजना के प्रशासनिक व्यय (आई0डी0 2282027) के अन्तर्गत कमरा किराया (कार्यालय) पर विभिन्न तिथियों में कुल धनराशि रू0–24000.00 का व्यय किया गया है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत है–

क्र0सं0	दिनांक	व्यय धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैश बुक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
1.	13.12.16	6000.00	किराया कमरा 03 माह अप्रैल से जून 2016/2000	कैश चेक पेड टू सुरेश कुमार चेक नंबर 016233. डेबिट .6000.00
2.	30.01.17	6000.00	कमरा किराया माह जुलाई से सितम्बर तक	कैश चेक पेड टू सुरेश कुमार चेक नंबर .006697 डेबिट .6000.00
3.	20.03.17	12000.00	कार्यालय हेतु कमरे का किराया माह अक्टूबर 2016 से मार्च 2017 तक 06 माह /2000	कैश चेक पेड टू सुरेश कुमार चेक नंबर 006701 डेबिट 12000.00
	योग	24000.00	–	.

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पाई गईं–

1–ग्राम पंचायत बरना मुबारकपुर की वर्ष 2016–17 की वार्षिक कार्ययोजना में क्रम संख्या–4 पर चतुर्थ राज्य वित्त आयोग योजना के प्रशासनिक व्यय हेतु धनराशि रू0–7578.00 ही निर्धारित थी परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा प्रशासनिक व्यय हेतु प्राक्कलन रू0–29500.00 का बनाया गया और उसे वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की गई।

2–लेखा परीक्षा में विगत वर्षों में किराये पर कार्यालय लिए जाने एवं उस पर व्यय किए जाने का कोई प्रमाण/अभिलेख प्रस्तुत नहीं रहा।

3–लेखा परीक्षा में ग्राम पंचायत द्वारा किराये पर कार्यालय लिए जाने एवं उस पर व्यय किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से सम्बन्धित कोइ्र अभिलेख/आदेश प्रस्तुत नहीं रहा। जिससे स्पष्ट रहा कि उक्त व्यय हेतु सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति नहीं ली गई। जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–5 के अनुच्छेद–2 के विपरीत रहा।
4–किराये पर कार्यालय लिए जाने के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत द्वारा मकान मालिक से किये जाने वाले अनुबन्ध से सम्बन्धित कोई प्रमाण/अभिलेख भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं अनुच्छेद–8 के विपरीत रहा।
5–बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार किराये पर दर्शित समस्त धनराशियों का भुगतान पंचायत सचिव श्री सुरेश कुमार को नकद किया गया है जबकि उक्त भुगतान मकान मालिक को किया जाना चाहिए था।
6–उक्त भुगतानों की पुष्टि में पत्रावली में प्राप्तकर्ता सुनील पुत्र गोविन्द के नाम के बाउचर संलग्न रहे, जिनमें न तो कोई धनराशि ही अंकित रही और न ही प्राप्ति तिथि अंकित रही। बाउचर पर प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर भी काल्पनिक प्रतीत होते हैं।
7–लेखा परीक्षा में पाया गया कि उक्त व्यय की प्रियासाफ्ट पर फीडिंग करने में भी असावधानी बरती गई है। पत्रावली में उक्त व्यय चतुर्थ राज्य वित्त आयोग योजना के प्रशासनिक व्यय, आई0डी0–2282027 के अन्तर्गत दर्शित है जबकि आई0डी0–2282035 पर दर्शाया गया है, जो आपत्तिजनक रहा।
इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुये ग्राम निधि प्रथम से धनराशि रू0–24000.00 का भुगतान/आहरण कर उसे कार्यालय किराया पर व्यय दर्शित किया गया हे जो पूर्णतय काल्पनिक है एवं उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के अन्तर्गत अपहरण है तथा अधिभार के योग्य हे, जिसके लिए ग्रा0वि0अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र तथा ग्राम प्रधान श्रीमती गायत्री ओझा उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–24000.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–12000.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र से तथा रू0–12000.00 ग्राम प्रधान श्रीमती गायत्री ओझा से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है। साथ ही प्रियासाफ्ट पर उक्त व्यय की फीडिंग को भी संशोधित कर सही कराया जाना अपेक्षित है।
प्रस्तर–53 प्रस्तुत पत्रावली के अनुसार आलोच्य वर्ष में चौदहवें वित्त आयोग योजना की प्रशासनिक मद (ID.2282035) के अन्तर्गत विभिन्न तिथियों में धनराशि रू0–62837.00 का व्यय किया गया है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत् है–

क्र0 सं0	दिनांक	व्यय धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैश बुक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
1.	13.06.16	13473.00	प्रशासनिक मद में चौदहवें वित्त की 0.64ः धनराशि ए0डी0ओ0 (पं0) को	ड्रॉ थ्रू चेक टू एडीओ पंचायत चेकण्नण 016221. डेबिट .12473.00
2.	10.11.16	29800.00	कुर्सी, मेज, आलमारी आदि क्रय कार्यालय हेतु	ड्रॉ थ्रू चेक एलसीएलजी बीओआई रेफरेंस नंबर.616 चेक नंबर 016226. डेबिट .29800.00
3.	24.01.17	9564.00	ए0डी0ओ0(पं0) को द्वितीय किस्त का 6ः	ड्रॉ थ्रू चेक पेड टू सुरेश कुमार चेक नंबर 006687. डेबिट .9564.00
4.	30.03.17	10000.00	ऑफिस हेतु वायरिंग, पंखा, तख्ता तथा स्टेशनरी बैग क्रय हेतु भुगतन	कैश ;चेकद्ध पेड टू सुरेश कुमार चेक नंबर 006703. डेबिट .10000.00
	योग	62837.00		

(ख)–कोष बही में अंकन के अनुसार चौदहवें वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत को संक्रमित धनराशि का विवरण निम्नवत् है–

1	14वां वित्त आयोग के अन्तर्गत 01.04.2016 को उपलब्ध की धनराशि (कोष बही में अंकन के अनुसार)	208876.00
2	वर्ष के दौरान चौदहवें वित्त आयोग के अन्तर्गत विभिन्न तिथियों में प्राप्त कुल धनराशि	354313.00
3	योग	563189.00
4	कुल धनराशि का 10 प्रतिशत	56318.90

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित आपत्तियां पाई गईं–

1–ग्राम पंचायत बरना मुबारकपुर की वर्ष 2016–17 की वार्षिक कार्ययोजना में क्रय संख्या–12 पर 14 वां वित्त आयोग योजना के प्रशासनिक व्यय हेतु धनराशि रू0–75003.00 निर्धारित की गई थी। उक्त धनराशि किस आधार पर निर्धारित की गई, यह लेखा परीक्षा में स्पष्ट नहीं रहा।

2–14 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों को आवंटित अनुदान की धनराशि के उपयोग हेतु मार्गदर्षक सिद्धान्तों के निर्धारण विषयक शासनादेश सं0–234/33–3–2016–2/2016 दिनांक 18 फरवरी 2016 के प्रस्तर–ग(4) में वर्णित व्यवस्था है–''14वें वित्त आयोग की संस्तुतियों पर भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार संस्तुत बुनियादी अनुदान की धनराशि का 10 प्रतिशत तक तकनीकी एवं प्रशासनिक मद पर व्यय किया जा सकता है। कुल 10 प्रतिशत तकनीकी एवं प्रशासनिक मद की धनराशि का क्षेत्र पंचायत में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) स्तर पर खोले गये खाते में प्रत्येक ग्राम पंचायत द्वारा तकनीकी एवं प्रशासनिक मद के 10 प्रतिशत धनराशि का 64.5 प्रतिशत धनराशि सम्बन्धित क्षेत्र पंचायत के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के खाते में उपलब्ध करायी जायेगी, जिससे विभिन्न (न्याय पंचायत, विकास खण्ड एवं राज्य) स्तरों पर विभिन्न निर्धारित मदों में आने वाले खर्च पर व्यय की जा सकेगी। ग्राम पंचायतों द्वारा अवशेष धनराशि विभिन्न अनुमन्य गतिविधियों पर व्यय की जा सकेगी''। इस प्रकार स्पष्ट है कि 14 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त बुनियादी अनुदान का 10 प्रतिशत ही तकनीकी एवं प्रशासनिक मद पर व्यय किया जा सकता है।

लेखा परीक्षा में पाया गया कि आलोच्य वर्ष में ग्राम पंचायत के पास 14वें वित्त आयोग के अन्तर्गत कुल उपलब्ध धनराशि रू0–563189.00 रही, जिसका 10 प्रतिशत 56318.90 होता है। मार्गदर्षक सिद्धान्त के अनुसार तकनीकी एवं प्रशासनिक मद के अन्तर्गत अधिकतम रू0–56318.90 ही व्यय किया जा सकता था जबकि तकनीकी एवं प्रशासनिक मद के अन्तर्गत उससे अधिक धनराशि रू0–62837.00 का व्यय किया गया, जो कि मार्ग दर्षक सिद्धान्त के विपरीत रहा।

3–पुनः लेखा परीक्षा में पाया गया कि आलोच्य वर्ष में ग्राम पंचायत के पास 14वें वित्त आयोग की तकनीकी एवं प्रशासनिक मद के अन्तर्गत के अन्तर्गत अधिकतम धनराशि रू0–56318.90 ही उपलब्ध रही, जिसमें से सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के खाते में धनराशि रू0 23037.00 दी गई। इस प्रकार अवशेष धनराशि रू0–32281.90 ही रही जिसे ग्राम पंचायत द्वारा प्रशासनिक मद के अन्तर्गत व्यय किया जा सकता था जबकि ग्राम पंचायत द्वारा उससे अधिक धनराशि रू0–39800.00 का व्यय किया गया, जो कि पुनः मार्गदर्षक सिद्धान्त के विपरीत पाया गया।

4–लेखा परीक्षा में उक्त धनराशि रू0–39800.00 से क्रय की गई सामाग्रियों का स्टाक रजिस्टर भी प्रस्तुत नहीं रहा।

5–लेखा परीक्षा में दिनांक–10.11.2016 को व्यय धनराशि रू0–29800.00 तथा दिनांक–30.03.2017 को व्यय धनराशि रू0–10000.00 की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक भी प्रस्तुत नहीं किया गया, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204 तथा पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 के विपरीत रहा।

6–लेखा परीक्षा में पाया गया कि उक्त व्यय की प्रियासाफ्ट पर फीडिंग करने में भी असावधानी बरती गई है। पत्रावली में उक्त व्यय 14वें वित्त आयोग योजना की प्रशासनिक मद, आई0डी0–2282035 के अन्तर्गत दर्शित है जबकि प्रियासाफ्ट पर उक्त व्यय को भिन्न योजनाओं एवं भिन्न आई0डी0 के अन्तर्गत दर्शाया गया है, जो आपत्तिजनक रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों/मार्ग दर्षक सिद्धान्तों की अनदेखी करते हुये 14वें वित्त आयोग की तकनीकी एवं प्रशासनिक मद के अन्तर्गत उपलब्ध अधिकतम धनराशि व्यय की गई तथा व्यय की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक भी प्रस्तुत नहीं किया गया जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज, अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अन्तर्गत अपहरण है तथा अधिभार योग्य है जिसके लिए ग्रा0वि0अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र तथा ग्राम प्रधान श्रीमती गायत्री ओझा उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–39800.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–19900.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र से तथा रू0 19900.00 ग्राम प्रधान श्रीमती गायत्री ओझा से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है। साथ ही प्रियासाफ्ट पर उक्त व्यय की फीडिंग को भी संशोधित कर सही कराया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–54 आलोच्य वर्ष में विभिन्न कार्यो पर विभिन्न तिथियों में कोष बही में निम्न विवरणानुसार व्यय दर्शित है–

क्र0सं0	दिनांक–	व्यय/भुगतान की धनराशि के अनुसार	कैश बुक में उल्लिखित विवरण
1.	24.10.16	6000.00	मजदूरी का भुगतान मय मिस्त्री 08 नग/750 (बाउचर सं0–03)
2.	05.12.16	15312.00	ह्यूम पाइप वास्ते उपरोक्त खड़न्जा निर्माण (बाउचर सं0–09)
3.	09.12.16	1500.00	फोटोकापी हेतु व्यय धनराशि (बाउचर सं0–11)
4.	13.01.17	2655.00	फोटोकापी पर व्यय धनराशि (बाउचर सं0–25)
5.	19.01.17	13574.00	सीमेन्ट मोरंग एंगल फोटो बाबत कूप जगत निर्माण दयाराम के दरवाजे (बाउचर सं0–27)
6.	09.02.17	13950.00	सामग्री बाबत उपरोक्त 8 हैण्डपम्प मरम्मत (बाउचर सं0–32)
7.	20.03.17	11500.00	प्रिन्टर स्कैनर व फोटो कापियर क्रय हेतु भुगतान (बाउचर

			सं0–34)
	योग	64491.00	–

लेखा परीक्षा में पाया गया कि कोष बही में उक्त व्ययों की आउचर संख्या तो अंकित की गई है परन्तु सम्बन्धित कार्यों की पत्रावलियों में उक्त बाउचर संलग्न नहीं रहे। इस प्रकार लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय प्रमाणित नहीं रहा, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अन्तर्गत अपहरण है जो अधिभार योग्य है जिसके लिए ग्रा0वि0अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र तथा ग्राम प्रधान श्रीमती गायत्री ओझा उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू0–64491.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–32245.50 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री सुरेश कुमार मिश्र से तथा रू0–32245.50 ग्राम प्रधान श्रीमती गायत्री ओझा से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत का नाम–धरौली विकास खण्ड–मुसाफिरखाना जनपद – अमेठी

प्रस्तर–55आलोच्य वर्ष में ग्राम निधि प्रथम से धरौली में पक्की सड़क से राममगन के घर तक आर0सी0सी0 पटिया सहित नाली निर्माण कार्य (आई डी 2312383) पर धनराशि रू0–191366.00 का व्यय दर्शित है, जिसका विवरण तथा उसके सापेक्ष बैंक से किये गये लेन–देन का विवरण निम्नवत् है–

क्र0सं0	दिनांक	व्यय धनराशि (कैशबुक के अनुसार)	कैश बुक में उल्लिखित विवरण	बैंक स्टेटमेन्ट में उल्लिखित विवरण, अंकित चेक सं0 एवं आहरित धनराशि
1.	28.10.16	39030.00	नाली निर्माण–धरौली में राममगन के घर से पक्की सड़क तक–गिट्टी, सीमेन्ट, मोरंग	ड्रॉ थ्रू चेक एलओबीसी 2877, चेक नण019225. डेबिट 39030.00
2.	04.11.16	50000.00	नाली निर्माण–धरौली में राममगन के घर से पक्की सड़क तक–ईंट सामग्री	ड्रॉ थ्रू चेक एलओबीसी 2882, चेक न019226. डेबिट 50000.00
3.	04.11.16	32336.00	उपरोक्त कार्य पर मजदूरी पर व्यय–मस्टर रोल	कैश चेक पेड सुखराज चेकण नण019226. डेबिट 32336.00
4.	11.11.16	70000.00	उपरोक्त कार्य पर ईंट पर व्यय	चेक एक्सएफईआर विड्रॉल डीके ब्रिक फील्ड चेक न019229. डेबिट 70000.00
	योग	191366.00	–	.

लेखा परीक्षा में उक्त दर्शित व्यय पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पाई गईं–

1–ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना में उक्त कार्य निर्माण कार्य (नया कार्य) के नाम से अंकित रहा परन्तु प्राक्कलन में पुरानी नाली की डिसमेन्टलिंग की मजदूरी लागत अनुमानित की गई है साथ ही सामग्री में पुरानी 5334 ईंटों को समायोजित किया जाना भी अनुमानित किया गया है जिससे स्पष्ट रहा कि कार्य नया न होकर मरम्मत कार्य था। जो कि आपत्तिजनक रहा।

2–लेखा परीक्षा में एम0बी0 प्रस्तुत नहीं रही। जिससे स्पष्ट रहा कि उक्त निर्माण कार्य की नाप जोख नहीं की गई। कार्य की नाप जोख न किये जाने से कार्य की वास्तविक श्रम लागत एवं सामग्री लागत अज्ञात रही। इस प्रकार कार्य की बिना नाप जोख किये ही भुगतान कर दिया गया जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 157(ख) के विपरीत रहा, जिसमें निर्माण कार्यों की नाप जोख के उपरान्त ही भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गई है।

3–प्रस्तुत पत्रावली में संलग्न कार्य के प्राक्कलन के अनुसार उक्त कार्य में प्रयुक्त होने वाले ईंट एवं ईंट गिट्टी का की अनुमानित माप व मूल्य का विवरण निम्नवत् रहा–

एस / ओ क्लास -150 न्यू ब्रिक्स 5640 नंबर दर 6800 / थाउजेंड –38352.00

स्पष्ट है कि प्राक्कलन के अनुसार के ईंट का कुल अनुमानित मूल्य रू0 38352.00 रहा जबकि ईंट पर व्यय रू0–70000.00 किया गया है। इस प्रकार अनुमानित मूल्य से रू0–31648.00 का अधिक व्यय किया गया।

4–बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार ईंट हेतु धनराशि रू0–70000.00 का भुगतान डी0के0ब्रिक फील्ड को किया गया है जबकि पत्रावली में बाउचर आशा ब्रिक फील्ड का संलग्न किया गया है, जो भ्रामक रहा। इस प्रकार किया गया व्यय संदिग्ध एवं अप्रमाणित रहा।

5–ईंट के अतिरिक्त अन्य सामग्रियों के व्यय/भुगतान भी प्राक्कलन के अनुरूप नहीं रहे।

6–लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा जिससे क्रय की गई सामग्रियों एवं वर्षान्त में अवशेष सामग्रियों स्टॉक रजिस्टर में अंकन की स्थिति अज्ञात रही।
7–कार्य के किसी भी चरण का कोई फोटोग्राफ पत्रावली में संलग्न नहीं रहा।
8–लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र में समस्त प्रविष्टियां अंकित नहीं की गई थी। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र सचिव एवं सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित/प्रतिहस्ताक्षरित भी नहीं रहा जिससे कार्य का पूर्ण होना अप्रमाणित रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 209 के विपरीत रहा।

इस प्रकार स्पष्ट है कि नियमों की अनदेखी करते हुये धनराशि रू0–191366.00 का भुगतान/आहरण कर उसे नाली निर्माण पर व्यय दर्शित कर दिया गया है जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 के खण्ड–1 एवं खण्ड–2(क) के अन्तर्गत अनियमित व्यय है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री सुखराज उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू0191366.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–95683.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0–95683.00 ग्राम प्रधान श्री सुखराज से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–56 आलोच्य वर्ष की ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना में हैण्डपम्प मरम्मत के कुल 6 कार्य ही अंकित एवं अनुमोदित रहे जबकि विभिन्न तिथियों में हैण्ड पम्प मरम्मत के कुल 7 कार्य कराये गए है, जिसमें से हैण्डपम्प मरम्मत कार्य सं0–5,6, एवं 7 पर निम्न विवरणानुसार व्यय कोष बही में दर्शित है–

कार्य सं0	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि कैशबुक के अनुसार	कैश बुक में उल्लिखित विवरण
5	03.03.17	19950.00	हैण्ड पम्प मरम्मत सामग्री एवं मजदूरी सहित भुगतान
6.	10.03.17	19994.00	हैण्ड पम्प मरम्मत सामग्री एवं मजदूरी सहित भुगतान
7.	29.03.17	3500.00	हैण्ड पम्प मरम्मत मजदूरी पर व्यय
	29.03.17	16400.00	हैण्ड पम्प मरम्मत सामग्री पर व्यय
	योग	59844.00	

लेखा परीक्षा में उक्त हैण्डपम्प मरम्मत कार्यो पर निम्नलिखित गम्भीर आपत्तियां पाई गई–
1–ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना में हैण्डपम्प मरम्मत के कुल 6 कार्य ही अंकित एवं अनुमोदित रहे जबकि हैण्डपम्प मरम्मत के कुल 7 कार्य कराये गए। इस प्रकार 7 वां कार्य बिना कार्ययोजना के ही कराया गया, जो कि चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत संक्रमित धनराशि के उपभोग के सम्बन्ध में शासनादेश सं0–1639/33–3–2015–03/2015 दिनांक 19 जून 2015 के अनुच्छेद–2.1 में वर्णित मार्ग दर्षक सिद्धान्त''बिना कार्य योजना ग्राम पंचायत कोई कार्य नहीं करायेगी'' के विपरीत रहा।
2–हैण्डपम्प मरम्मत कार्य सं0–5, 6, एवं 7 की पत्रावलियां लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रही, जिससे उक्त हैण्डपम्प मरम्मत कार्यों के स्थलों के नाम, उनके परिसमपत्ति क्रमांक, उक्त कार्यो से सम्बन्धित प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति, कार्य पूर्ति आदि की स्थिति अज्ञात रही। साथ ही उक्त कार्यो के सापेक्ष किय गये भुगतानों की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया, जो पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–7 एवं तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 204 के विपरीत रहा।
स्पष्ट है कि नियमों/मार्गदर्षक सिद्धान्तों की अनदेखी करते हुये धनराशि रू0–59844.00 का ग्राम निधि प्रथम से भुगतान कर उसे हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय दर्शित किया गया है तथा किये गए व्यय की पुष्टि में व्यय प्रमाणक भी प्रस्तुत नहीं किया गया, इस प्रकार लेखा परीक्षा में उकत व्यय प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा–27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के अनुच्छेद–8क के अन्तर्गत अपहरण है तथा अधिभार के योग्य है, जिसके लिए ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री सुखराज उत्तरदायी हैं। अतः उक्त धनराशि रू0–59844.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू0–29922.00 ग्रा0पं0 अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह से तथा रू0–29922.00 ग्राम प्रधान श्री सुखराज से) अद्यावधि ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–57आलोच्य वर्ष में ग्राम निधि प्रथम से राम सुधारे के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य पर धनराशि रू0–181456.00 का व्यय कोष बही में दर्शित है, जिसका विवरण निम्नवत् है–

क्र0 सं0	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि कैशबुक के अनुसार	कैश बुक में उल्लिखित विवरण
1.	18.11.16	100000.00	नाली निर्माण–धरौली में राम सुधारे के घर से तालाब तक सामग्री
2.	21.11.16	24000.00	नाली निर्माण–धरौली में राम सुधारे के घर से तालाब

			तक–मजदूरी–मस्टर रोल
3.	30.11.16	7456.00	उपरोक्त कार्य पर मजदूरी–मस्टर रोल
4.	03.02.17	50000.00	नाली निर्माण–धरौली में राम सुधारे के घर से तालाब तक
	योग	181456.00	

लेखा परीक्षा में उक्त कार्य से सम्बन्धित कोई पत्रावली/विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया है। जिससे कार्य से सम्बन्धित प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति, कार्यावधि तथा मापी (नाप–जोख का विवरण), मस्टर रोल कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र आदि की स्थिति अज्ञात रही। साथ ही उपरोक्त भुगतानों मे से किसी भी भुगतान की पुष्टि में अपेक्षित व्यय प्रमाणक भी प्रस्तुत नहीं किया गया है, जो पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद 7 एवं उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 156, 156ख, 204,205,209 एवं 210 के विपरीत रहा। इस प्रकार लेखा परीक्षा में उक्त कार्य पर किया गया व्यय प्रमाणित नहीं रहा, जो उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम 256 एवं पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद 8क के अंतर्गत अपहरण जो अधिभार के योग्य है। जिसके लिये ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा ग्राम प्रधान श्री सुखराज उत्तरदायी है। अतः उक्त धनराशि रू. 181456.00 की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी व्यक्तियों से संयुक्त रूप से (रू. 90728.00 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अमृत नाथ सिंह तथा 90728.00 ग्राम प्रधान श्री सुखराज अद्यावधि व्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–58आलोच्य वर्ष में ग्राम निधि प्रथम से नया कोट में पक्की सड़क से जय बहादुर तिवारी के घर होते हुए संगीता के घर तक इण्टरलांकिग कार्य पर धनराशि रू. 227887.00 का व्यय कोष बही में दर्शित है जिसका विवरण निम्नवत् है–

क्र0 सं0	दिनांक	व्यय/भुगतान की धनराशि कैशबुक के अनुसार	कैश बुक में उल्लिखित विवरण
1.	30.01.2017	16356.00	इण्टरलांकिग कार्य मजदूरी
2.	30.01.2017	54531.00	नया कोट में पक्की सड़क से जय बहादुर तिवारी के घर से होते हुए संगीता के घर तक इण्टरलांकिग कार्य
3.	30.01.2017	28200.00	बालू मोरंग
4.	30.01.2017	9000.00	सीमेण्ट
5.	03.02.2017	69800.00	नया कोट में पक्की सड़क से जय बहादुर तिवारी के घर से होते हुए संगीता के घर तक इण्टरलांकिग कार्य
6.	03.20.2017	25000.00	मोरंग गिट्टी
7.	07.02.2017	25000.00	ईंट प्रथम श्रेणी
	योग	227887.00	

वर्ष 2014–15 की ग्राम निधि प्रथम कैशबुक के अनुसार दिनांक 28.04.2014 को प्राथमिक विद्यालय अवसानपुर में शौचालय व हैण्डपम्प मरम्मत पर भुगतान नकद रू0 20000.00 दर्शित है। उक्त व्यय की जांच में लेखा परीक्षा में निम्न आपत्तियाँ प्रकाश में आयी। शौचालय मरम्मत पर ईंट/सामग्री पर व्यय कैशबुक में दर्शित नहीं है। उक्त कार्य पर कैशबुक में कोई मजदूरी पर व्यय दर्शित नहीं है। लेखा परीक्षा में उक्त कार्य से सम्बन्धित मस्टर रोल अप्राप्त रहा। उक्त व्यय की पुष्टि में व्यय प्रमाणक अप्राप्त रहा। उपरोक्त के आधार पर स्पष्ट है कि बिना सामग्री व मजदूरी व्यय के कल्पित कार्य दर्शित नहीं किया गया है फलस्वरूप दर्शित कार्य की पुष्टि नहीं होती है। कल्पित भुगतान दर्शित कर धनराशि का अपहरण कर लिया गया है। अतः अपहरण की गई धनराशि रू0 20000.00 को प्रधान श्रीमती आशा सिंह व तत्कालीन ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी से संयुक्त रूप से वसूल ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–125ग्राम पंचायत–बनगांव (विकास खण्ड–मार्टिनगंज)(सामान्य आपत्ति संख्या–09)

ग्राम निधि कोषबही में दिनांक 16.05.2016 को नाली निर्माण हेतु ह्यूम पाईप रू0 35000 एवं दिनांक 24.05.2016 में रू0 36000 कुल रू0 71000.00 क्रय दर्शित कर कैश खारिज की गयी है किन्तु भुगतान की पुष्टि में ह्यूम पाईप क्रय प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहा। अतः उ0प्र0 पंचायत राज लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु संख्या 8(क) के अनुसार 'भुगतानित धनराशि के सापेक्ष'' व्यय प्रमाणक प्रस्तुत न होने पर ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी को संयुक्त रूप से धनराशि अपहरण का दोषी माना जाना चाहिए। अतः रू0 71000.00 की वसूली ब्याज सहित ग्राम प्रधान श्री सूर्यनाथ यादव एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री संजय कुमार श्रीवास्तव से संयुक्त रूप से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या– 126 ग्राम पंचायत–दशमढ़ा (विकास खण्ड–मार्टिनगंज) (सामान्य आपत्ति संख्या–09)

ग्राम पंचायत की ग्राम निधि प्रथम की कैशबुक से दिनांक 10.10.2016 में खडण्जा हेतु ईंट 19560 हजार नग रू0 6200 प्रति हजार की दर से कुल रू0 121272 का भुगतान किया गया है जिसकी पुष्टि में ग्राम पंचायत का प्रस्ताव, कोटेशन एवं व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करने के कारण उ0प्र0 पंचायत राज लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु संख्या 8(क) के अनुसार बिल बाउचर के अभाव में किये गये भुगतान रू0 121272.00 का अपहरण ग्राम प्रधान श्री तेजबहादुर सिंह एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री रामपलट राम द्वारा किया गया है। जिसकी वसूली ब्याज सहित की कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–127 ग्राम पंचायत–बर्रा (विकास खण्ड–मार्टिनगंज) (सामान्य आपत्ति संख्या–09)

ग्राम पंचायत की ग्राम निधि प्रथम की कैशबुक से दिनांक 08.11.2016 में स्कूल बाउण्ड्री हेतु ईंट 10 हजार नग रू0 6200 प्रति हजार की दर से कुल रू0 62000 का भुगतान किया गया है जिसकी पुष्टि में ग्राम पंचायत का प्रस्ताव, कोटेशन एवं व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करने के कारण उ0प्र0 पंचायत राज लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु संख्या 8(क) के अनुसार बिल बाउचर के अभाव में किये गये भुगतान रू0 62000.00 का अपहरण ग्राम प्रधान श्रीमती सविता सिंह एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री रामपलट राम द्वारा किया गया है। जिसकी वसूली ब्याज सहित अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–128ग्राम पंचायत–औरंगाबाद (विकास खण्ड–मार्टिनगंज) (सामान्य आपत्ति संख्या–11)

ग्राम पंचायत की ग्राम निधि प्रथम की कैशबुक से दिनांक 11.05.2016 में खडण्जा हेतु ईंट 16 हजार नग रू0 6200 प्रति हजार की दर से कुल रू0 99200 का भुगतान किया गया है जिसकी पुष्टि में ग्राम पंचायत का प्रस्ताव, कोटेशन एवं व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करने के कारण उ0प्र0 पंचायत राज लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु संख्या 8(क) के अनुसार बिल बाउचर के अभाव में किये गये भुगतान रू0 99200.00 का अपहरण ग्राम प्रधान श्री संजय सिंह एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री विनोद कुमार सरोज द्वारा किया गया है। जिसकी वसूली ब्याज सहित अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–129ग्राम पंचायत–लसड़ाकला (विकास खण्ड–मार्टिनगंज) (सामान्य आपत्ति संख्या–09)

ग्राम निधि प्रथम कोषबही में दिनांक 16.10.2016 में नाली निर्माण हेतु ह्यूम पाईप रू0 36000 में क्रय दर्शित कर कैश खारिज की गयी है किन्तु भुगतान की पुष्टि में ह्यूम पाईप क्रय प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहा। अतः उ0प्र0 पंचायत राज लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु संख्या 8(क) के अनुसार भुगतानित धनराशि के सापेक्ष व्यय प्रमाणक प्रस्तुत न होने पर ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी को संयुक्त रूप से धनराशि अपहरण का दोषी माना जाना चाहिए। अतः रू0 36000 की वसूली ब्याज सहित ग्राम प्रधान श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री रामपलट राम से संयुक्त रूप से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–130ग्राम पंचायत–शीतलपुर (विकास खण्ड–महराजगंज) (सामान्य आपत्ति संख्या–18)

ग्राम पंचायत की वर्ष 2016–17 की लेखा परीक्षा में पाया गया कि आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194(सी) के अन्तर्गत शासकीय निर्माण साम्रगियों के बिल भुगतान से पूर्व आयकर कटौती की निर्धारित दर 2.24 प्रतिशत की दर से आयकर कटौती की गई है। विवरण निम्नवत है :–

क्र.सं.	दिनांक	क्रय सामग्री / मूल्य	मूल्य	आयकर कटौती की धनराशि
1	20.02.2017	ईंट 10150 / 6200	62930.00	1258.00
2	15.01.2017	ईंट 4880 / 6200	30256.00	605.00
3	25.03.2017	ईंट 8900 / 6200	55180.00	1103.00
4	25.03.2017	ईंट 5000 / 6200	31000.00	620.00
			योग–	**3586.00**

उक्त आयकर कटौती की धनराशि रू0 3586.00 को आयकर विभाग / कोषागार में जमा न कर ग्राम निधि खातें में ही रखा गया है। इस प्रकार राजकीय धन जमा न कर सरकार को आर्थिक क्षति पहुँचायी गई है जिसके लिए ग्राम पंचायत / विकास अधिकारी श्री मनोज कुमार सिंह व प्रधान श्री लालजी सिंह उत्तरदायी है। अतः उक्त आयकर कटौती की धनराशि रू0 3586.00 आयकर विभाग / कोषागार में जमा कर जमा की पुष्टि कराया जाना अपेक्षित है। प्रकरण को विभागीय अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाता है।उत्तरदायी व्यक्ति के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–131ग्राम पंचायत–ईसरपार खास (विकास खण्ड–तहबरपुर) (सामान्य आपत्ति संख्या–20)

ग्राम निधि प्रथम कैषबुक में दिनांक 31.03.2016 को माह जनवरी 16 का ग्राम प्रधान का मानदेय रू0 2500.00 देय दर्शित है। पुनःदिनांक 20.09.2016 को प्रधान का मानदेय माह जनवरी 16 से अगस्त 16 तक रू0 20000.00 भुगतान दिया गया है। इस प्रकार माह जनवरी 16 का मानदेय रू0 2500.00 दो बार देकर अपहरण किया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित ग्राम प्रधान श्रीमती बिन्दु एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री पवन कुमार से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–132ग्राम पंचायत–मेढ़ी (विकास खण्ड–तहबरपुर) (सामान्य आपत्ति संख्या–22)

ग्राम निधि प्रथम कैशबुक में दिनांक 05.08.2016 को प्रधान का मानदेय माह मई 14 से जुलाई 14 तक का रू0 7500. 00 देय दर्शित है। दिनांक 31.08.2014 को पुनः माह मई 14 से अगस्त 14 तक का मानदेय रू0 10000.00 भुगतान दिखाया गया है। इस प्रकार मई 14 से जुलाई 14 तक का रू0 7500.00 का मानदेय दो बार देकर अपहरण किया गया है। जिसकी वसूली ब्याज सहित प्रधान श्रीमती ज्ञानमती एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री परमेश्वरी दयाल राय से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–133ग्राम पंचायत–गौरा (विकास खण्ड–तहबरपुर)(सामान्य आपत्ति संख्या–18)

ग्राम निधि प्रथम कैशबुक की जांच में पाया गया दिनांक 01.01.16 को एस0बी0आई0 बासदेव नगर के खाता सं0–31579262388 के चेक संख्या 458752 से रू0 94250.00 लाला ईंट भट्ठा भीतरी को व्यय पक्ष में देय दर्शित है। जबकि बैंक खाते की जांच में पाया गया कि उक्त चेक की धनराशि को प्रधान द्वारा अपने व्यक्तिगत खाता सं0–0030693343966 में टांसफर कर दिया गया है। बैंक से पता करने पर यह ज्ञात हुआ कि ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा कैशबुक में दर्शित आपूर्तिकर्ता के नाम चेक न काटकर प्रधान के नाम चेक काटा गया है। लेखा नियमों के अनुसार एकाउण्ट पेयी चेक के माध्यम से फर्म को भुगतान किया जाना चाहिए। ईट क्रय से सम्बन्धित व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। स्टाक रजि0 एवं परिसम्पत्ति रजि0 लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराया गया। इस प्रकार फर्जी व्यय दर्शाकर रू0 94250.00 का अपहरण कर लिया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित प्रधान श्री लल्लन प्रसाद यादव एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री बलिराम से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–134ग्राम पंचायत–भिलौली खालसा(विकास खण्ड–तहबरपुर)(सामान्यआपत्ति संख्या–18)

दिनांक 30.09.2014 को ग्राम निधि–। कैशबुक में रमनीपुर माइनर से पलकी बाग तक सोलिंग निर्माण दर्शित है, जिस पर रू0 173688.00 का ईंट क्रय एवं रू0 30732.00 मजदूरी पर व्यय किया गया है किन्तु लेखा परीक्षा में ईंट क्रय से सम्बन्धित व्यय प्रमाणक एवं मजदूरी भुगतान से सम्बन्धित मस्टररोल प्रस्तुत नहीं किया गया है। स्टाक रजिस्टर एवं परिसम्पत्ति रजिस्टर भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। इस प्रकार फर्जी व्यय दर्शाकर ग्राम पंचायत लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार रू0 204420.00 का अपहरण कर लिया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित प्रधान श्रीमती उर्मिला एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री बलिराम से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–135ग्राम पंचायत–भिलौलीखालसा(विकास खण्ड–तहबरपुर)(सामान्य आपत्ति संख्या–19)

दिनांक 04.04.2015 को ग्राम निधि–। कैशबुक में श्री चन्द्रबली, पलट, राजा एवं लल्लू के घर के सामने कूप मरम्मत दर्शित है। जिस पर रू0 80600.00 की ईंट एवं रू0 32900.00 का बिल्डिंग मैटेरियल एवं रू0 25808.00 मजदूरी पर व्यय किया गया है किन्तु लेखा परीक्षा में ईंट एवं बिल्डिंग मैटेरियल क्रय से सम्बन्धित व्यय प्रमाणक एवं मजदूरी भुगतान से सम्बन्धित मस्टररोल प्रस्तुत नहीं किया गया। स्टाक रजिस्टर एवं परिसम्पत्ति रजिस्टर भी लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराया गया। इस प्रकार फर्जी व्यय दर्शाकर ग्राम पंचायत लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार रू0 139308.00 का अपहरण कर लिया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित प्रधान श्रीमती उर्मिला एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री बलिराम से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तरसंख्या–136ग्रामपंचायत–पश्चिम पट्टी (विकासखण्ड–तहबरपुर) (सामान्यआपत्तिसंख्या–18)

दिनांक 22.09.2014 को जगमोहन के घर से रामबचन के घर तक पक्की नाली एवं पटिया का निर्माण कैशबुक में दर्शित है, जिस पर रू0 11715.00 का बिल्डिंग मैटेरियल एवं 21450.00 ईंट एवं टुकड़ी पर व्यय किया गया है। किन्तु उक्त कार्य पर कोई मजदूरी नहीं दी गयी है। क्रय की गयी सामग्री का अंकन भी स्टाक रजिस्टर पर नहीं किया गया है। परिसम्पत्ति रजिस्टर भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। इस प्रकार फर्जी व्यय दर्शाकर रू0 36165.00 का अपहरण कर लिया गया है। जिसकी वसूली ब्याज सहित प्रधान लालचन्द एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री बलिराम से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–137ग्राम पंचायत–पश्चिम पट्टी (विकास खण्ड–तहबरपुर)(सामान्य आपत्ति संख्या–19)

ग्राम निधि–। कोषबही का मिलाने संख्या के बैंक खाते में किये जाने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि दिनांक 20.04.2015 को चेक संख्या 21025117 से रू0 15000.00 आहरित किया गया है किन्तु आहरित धनराशि के सापेक्ष किसी तरह का व्यय कोषबही में दर्शित नहीं है। इस प्रकार रू0 15000.00 बैंक से आहरित कर धन का अपहरण कर लिया गया है। जिसकी वसूली ब्याज सहित ग्राम प्रधान श्री लालचन्द एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री बलिराम से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–138ग्राम पंचायत–पश्चिम पट्टी (विकास खण्ड–तहबरपुर)(सामान्य आपत्ति संख्या–20)

दिनांक 22.03.2016 को सुरेश यादव के घर से रामबदन राय के बाग तक पक्की नाली एवं पटिया का निर्माण कैशबुक में दर्शित है। जिस पर रू0 42931.00 मजदूरी पर रू0 73756.00 बिल्डिंग मैटेरियल पर एवं रू0 30600.00 ह्यूम पाईप पर व्यय किया गया है। किन्तु उक्त कार्य पर ईंट पर व्यय दर्शित नहीं है। इस प्रकार बिना ईंट के ही नाली का निर्माण कर दिया गया है। मजदूरी भुगतान सम्बन्धी मस्टररोल तथा बिल्डिंग मैटेरियल एवं ह्यूम पाईप क्रय से सम्बन्धित व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। स्टाक रजिस्टर एवं परिसम्पत्ति रजिस्टर भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। स्टाक रजिस्टर एवं परिसम्पत्ति रजिस्टर भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। इस प्रकार व्यय दर्शाकर रू0 147287.00 का अपहरण कर लिया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित प्रधान श्री रामबचन एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री बलिराम से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–139ग्राम पंचायत–मंझारी खलिया (विकास खण्ड–तहबरपुर) (सामान्यआपत्ति संख्या–19)

ग्राम निधि प्रथम कोषबही का मिलान संस्था के बैंक खाते से किये जाने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि दिनांक 08.06.2015 को चेक सं0–372724 से रू0 20000.00 एवं दिनांक 08.06.2015 को चेक सं0–372745 से रू0 6000.00 आहरित किया गया है किन्तु आहरित धनराशि के सापेक्ष किसी तरह का व्यय कोषबही में दर्शित नहीं है। इस प्रकार रू0 26000.00 बैंक से आहरित कर प्रधान श्री अशोक कुमार एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री हरेन्द्र कुमार द्वारा अपहरण कर लिया गया है। जिसकी वसूली ब्याज सहित प्रधान अशोक कुमार एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री हरेन्द्र कुमार से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–140ग्राम पंचायत–मंझारी खलिया (विकास खण्ड–तहबरपुर) (सामान्य आपत्ति संख्या–20)

दिनांक 27.01.2015 को ग्राम निधि प्रथम कैशबुक में पी0डब्लू0डी0 रोड से रामदरश के घर तक खड़ण्जा निर्माण पर रू0 74500.00 ईंट एवं रू0 25000.00 मजदूरी पर व्यय किया गया है किन्तु व्यय के सापेक्ष कोई भी व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया। स्टाक रजिस्टर एवं परिसम्पत्ति रजिस्टर भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। इस प्रकार फर्जी व्यय दर्शाकर धन का अपहरण कर लिया गया। जिसकी वसूली ब्याज सहित ग्राम प्रधान श्री अशोक कुमार एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री हरेन्द्र कुमार से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–141ग्राम पंचायत–मुकुन्दपुर (विकास खण्ड–तहबरपुर)(सामान्य आपत्ति संख्या–18)

दिनांक 08.04.2015 को ग्राम निधि प्रथम कैशबुक में पी0डब्लू0डी0 रोड से अनुसूचित बस्ती तक खडण्जा मरम्मत हेतु रू0 30000.00 की ईंट क्रय दर्शित है किन्तु उक्त खड़ण्जा मरम्मत पर कोई मजदूरी नहीं दी गयी है। इस प्रकार फर्जी व्यय दर्शाकर रू0 30000.00 का अपहरण कर लिया गया है। जिसकी वसूली ब्याज सहित ग्राम पंचायत अधिकारी श्री हरेन्द्र कुमार एवं ग्राम प्रधान श्री विश्राम यादव से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–142 ग्राम पंचायत–मुकुन्दपुर (विकास खण्ड–तहबरपुर) (सामान्य आपत्ति संख्या–19)

सिप्टैन के घर से बदरू के घर तक खड़ण्जा मरम्मत पर दिनांक 10.04.2015 को रू0 33000.00 दिनांक 21.04.2015 को रू0 10000.00 एवं दिनांक 24.04.2015 रू0 18500.00 की ईंट क्रय किया गया है। इस प्रकार उक्त खडण्जा मरम्मत पर कुल रू0 61500.00 का ईंट क्रय किया गया है किन्तु उक्त व्यय के सापेक्ष कोई भी व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार रू0 61500.

00 का अपहरण कर लिया गया है। जिसकी वसूली ब्याज सहित प्रधान श्री विश्राम यादव एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री हरेन्द्र कुमार से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–143ग्राम पंचायत–ददराभगवानपुर (विकास खण्ड–तहबरपुर)(सामान्य आपत्तिसंख्या–18)

दिनांक 03.02.2015 को ग्राम निधि–। कैशबुक में सम्पर्क मार्ग से पतरू के घर तक सोलिंग निर्माण दर्शित है जिस पर रू0 139500.00 का ईंट क्रय एवं रू0 17160.00 मजदूरी पर व्यय किया गया है किन्तु लेखा परीक्षा में ईंट क्रय से सम्बन्धित व्यय प्रमाणक एवं मजदूरी भुगतान से सम्बन्धित मस्टररोल प्रस्तुत नहीं किया गया है। स्टाक रजिस्टर एवं परिसम्पत्ति रजिस्टर भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। इस प्रकार फर्जी व्यय दर्शाकर ग्राम पंचायत लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार रू0 156660.00 अपहरण कर लिया गया है। जिसकी वसूली ब्याज सहित प्रधान श्री रत्नाकर चौहान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री बलिराम से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–144ग्राम पंचायत–ददराभगवानपुर(विकास खण्ड–तहबरपुर)(सामान्य आपत्ति संख्या–19)

दिनांक 15.04.2015 को ग्राम निधि–। कैशबुक में मेन खड़ण्जा से दयाराम के घर तक सोलिंग निर्माण दर्शित है जिस पर रू0 150660.00 की ईंट एवं रू0 31556.00 मजदूरी पर व्यय किया गया है। किन्तु लेखा परीक्षा में ईंट क्रय से सम्बन्धित व्यय प्रमाणक एवं मजदूरी भुगतान से सम्बन्धित मस्टररोल प्रस्तुत नहीं किया गया। स्टाक रजिस्टर एवं परिसम्पत्ति रजिस्टर भी लेखा परीक्षा में अनुपलब्ध रहा। इस प्रकार फर्जी व्यय दर्शाकर ग्राम पंचायत लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार रू0 182216.00 का अपहरण कर लिया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित प्रधान श्री रत्नाकर चौहान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री बलिराम से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–145ग्राम पंचायत–छिड़ी ब्राह्मण (विकास खण्ड–कोयलसा) (सामान्य आपत्ति संख्या–03)

ग्राम पंचायत द्वारा ह्यूम पाइप पर निम्नलिखित विवरणानुसार व्यय दर्शित है–

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	क्रय की गयी संस्था का नाम	धनराशि रू0 में	व्ययप्रमाणक/बाउचर
1	08.04.2016	21091521	प्रियंका ट्रेडर्स	21500.00	अनुपलब्ध रहा
2	22.04.2016	21091522	देवहरी इण्टर प्राइजेज	23200.00	अनुपलब्ध रहा
योग				**44700.00**	

ग्राम पंचायत द्वारा दर्शित व्यय पर आपत्तियाँ निम्नवत् है :–

उक्त कार्य हेतु कार्य योजना वर्क आईडी, एम0बी0, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ, उन स्थानों को नाम जहाँ ह्यूम पाइप लगायी गयी है, अनुपलब्ध रहा। ह्यूम पाइप क्रय का कोटेशन नहीं है। ह्यूम पाइप लगवाने पर ग्राम पंचायत द्वारा कोई व्यय दर्शित नहीं है। ह्यूम पाइप लगवाने का कोई फोटोग्राफ नहीं है। किन्तु ह्यूम पाइप क्रय का उल्लेख कोषबही में किया गया है। उक्त तथ्यों के आधार पर यह सिद्ध होता है कि ग्राम पंचायत द्वारा काल्पनिक कार्य दर्शाकर रू0 44700.00 का अपहरण किया गया है, जिसकी वसूली ब्याज सहित श्री बालचन्द ग्राम प्रधान एवं श्री यादवेन्द्र दत्त पाण्डेय ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना अपेक्षित होगा।

प्रस्तर संख्या–146ग्राम पंचायत–छिड़ी ब्राह्मण (विकास खण्ड–कोयलसा) (सामान्य आपत्ति संख्या–04)

ग्राम पंचायत द्वारा हैण्डपम्प मरम्मत पर निम्नलिखित विवरणानुसार व्यय दर्शित है :–

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	क्रय की गयी संस्था का नाम	धनराशि रू0 में	व्यय प्रमाणक/बाउचर
1	27.06.2016	21091524	प्रियंका ट्रेडर्स	23800.00	अनुपलब्ध रहा
2	28.11.2016	21091526	बालचन्द प्रधान	9947.00	अनुपलब्ध रहा
3	09.01.2017	21091529	बालचन्द प्रधान	10750.00	अनुपलब्ध रहा
4	13.02.2017	21091535	बालचन्द प्रधान	4980.00	अनुपलब्ध रहा
5	13.02.2017	21091537	बालचन्द प्रधान	5630.00	अनुपलब्ध रहा
योग–				**55107.00**	

ग्राम पंचायत द्वारा दर्शित उक्त व्यय पर आपत्तियाँ निम्नवत् हैं :–

ग्राम पंचायत के पास कार्य योजना, स्टीमेट, वर्क आईडी, हैण्डपम्प खराब होने की सूचना, पूर्व में कब हैण्डपम्प मरम्मत कराया गया था इसकी सूचना, हैण्डपम्प के सही होने की सूचना अनुपलब्ध रही। सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा सत्यापित हैण्डपम्प मरम्मत स्थल की सूची में अनुपलब्ध रही। हैण्डपम्प मरम्मत की कोई फोटोग्राफ नहीं है। हैण्डपम्प मरम्मत के लिए रू0 55107.00 व्यय दर्शित है। इस व्यय में हैण्डपम्प मरम्मत के लिए सामग्री भी क्रय की गयी होगी, लेकिन उसका भी व्यय प्रमाणक अनुपलब्ध रहा। हैण्डपम्प मरम्मत के समय निकली खराब सामग्री का कोई विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया। उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 37(ज) के अनुसार हैण्डपम्प की मरम्मत या रिबोर पर होने वाले व्यय का 50 प्रतिशत उपभोक्ताओं के जल शुल्क के रूप में वसूल ब्याज सहित किया जाना चाहिए। किन्तु ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा में पाया गया कि ग्राम पंचायत निधि से निम्न तिथियों में हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर के निमित्त व्यय दर्शाया गया है। अधिनियम की धारा 37(ज) के तहत उपभोक्ताओं से हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर पर हुए व्यय का 50 प्रतिशत वसूल ब्याज सहित कर ग्राम पंचायत निधि में जमा किये जाने की पुष्टि नहीं होती है। यदि यह धनराशि वसूल ब्याज सहित कर ग्राम पंचायत निधि में जमा हुई होती तो ग्राम पंचायत के व्यय भार में 27553.50 रू0 की कमी होगी। किन्तु 50 प्रतिशत धनराशि उपभोक्ताओं ने न वसूल ब्याज सहित करके न जमा करने पर ग्राम पंचायत को 27553.50 रू0 का व्यय भार वहन करना पड़ा जो कि संस्था की क्षति है।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा काल्पनिक कार्य दर्शाकर रू0 55107.00 का अपहरण किया गया, जिसकी वसूली ब्याज सहित श्री बालचन्द ग्राम प्रधान एवं श्री यादवेन्द्र दत्त पाण्डेय ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना उचित होगा।

प्रस्तर संख्या–147ग्राम पंचायत–जलालपुर (विकास खण्ड–कोयलसा)(सामान्य आपत्ति संख्या–05)

ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित तिथियों में सोलिंग निर्माण हेतु ईंट का क्रय किया गया है –

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	संस्था का नाम	धनराशि रू0 में
1	28.04.2016	004638	प्रिन्स बी0के0ओ0	49600.00
2	03.05.2016	004639	प्रिन्स बी0के0ओ0	21328.00
3	05.05.2016	006323	प्रिन्स बी0के0ओ0	49600.00
4	16.05.2016	006324	प्रिन्स बी0के0ओ0	136493.00
5	24.01.2017	006332	प्रिन्स बी0के0ओ0	28750.00
6	24.01.2017	006335	प्रिन्स बी0के0ओ0	39150.00
7	07.02.2017	006337	प्रिन्स बी0के0ओ0	96977.00
8	07.02.2017	006339	प्रिन्स बी0के0ओ0	93947.00
9	07.02.2017	006603	प्रिन्स बी0के0ओ0	96177.00
योग–				**612022.00**

नोट :– क्रय ईंट की मात्रा एवं दर का विवरण अनुपलब्ध है। संस्था द्वारा उक्त ईंट क्रय पर कोटेशन व टेण्डर आमंत्रित नहीं किया गया है जबकि शासनादेश सं0–ए–1–864/दस–08–15(1)/86 के दिनांक 23.09.2008 के प्रस्तर (2) के तहत रू0 20000 से लेकर रू0 99999 की खरीद कोटेशन द्वारा तथा रू0 100000 से ऊपर तक की खरीद टेण्डर आमंत्रित करके किया जाना चाहिए। इस प्रकार ग्राम प्रधान श्रीमती कौशिल्या देवी व ग्राम पंचायत अधिकारी श्री यादवेन्द्र दत्त पाण्डेय एवं श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा 612022.00 रू0 ईंट खरीद कर शासनादेश का उल्लंघन कर गम्भीर वित्तीय अनियमितता की गयी है। आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–148ग्राम पंचायत–नोनावे (विकास खण्ड–कोयलसा)(सामान्य आपत्ति संख्या–03)

ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित विवरणानुसार व्यय दर्शित है –

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	संस्था का नाम	धनराशि रू0 में
1	13.02.2017	21089412	जनता इण्टर प्राइजेज	59700.00
2	08.03.2017	21089417	जनता इण्टर प्राइजेज	131400.00
योग–				**191100.00**

ग्राम पंचायत द्वारा दर्शित उक्त व्यय पर आपत्तियाँ निम्नवत् हैं –

क्रय सामग्री का टेण्डर/कोटेशन नहीं लिया गया है।

क्रय सामग्री का व्यय प्रमाणक/बाउचर भी अनुपलब्ध रहा।

किस कार्य के लिए धनराशि निकाली गयी, उसका वर्क आई0डी0 भी अनुपलब्ध रहा।

इससे सिद्ध होता है कि ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान द्वारा रू0 191100.00 का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित ग्राम प्रधान श्री रामअजोर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह से किया जाना अपेक्षित होगा।

प्रस्तर संख्या–149ग्राम पंचायत–नोनावे (विकास खण्ड–कोयलसा)(सामान्य आपत्ति संख्या–04)

ग्राम पंचायत द्वारा 13.02.2017 को चेक सं0 21089412 से जनता इण्टर प्राइजेज द्वारा तीन नग सोलर लाइट का क्रय रू0 59700.00 में किया गया है। इस व्यय पर निम्न आपत्तियाँ हैं –

सोलर लाइट क्रय का व्यय प्रमाणक अनुपलब्ध रहा।

सोलर लाइट का क्रय नेडा से किया जाना चाहिए था।

सोलर लाइट क्रय का कोटेशन नहीं लिया गया है।

सोलर लाइट लगने का कोई फोटोग्राफ नहीं है।

सोलर लाइट का स्टीमेट वर्क आई0डी0, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र अनुपलब्ध रहा।

सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा सत्यापित सोलर लाइट लगने की स्थल की सूची भी अनुपलब्ध रही।

क्रय सोलर लाइट का विवरण कोष बही में किया गया है।

इससे सिद्ध होता है कि सोलर लाइट क्रय का काल्पनिक क्रय दर्शाकर रू0 59700.00 का अपहरण किया गया है। जिसकी वसूली ब्याज सहित ग्राम प्रधान श्री रामअजोर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह से किया जाना अपेक्षित होगा।

प्रस्तर संख्या–150 ग्राम पंचायत–तमरूआ (विकास खण्ड–कोयलसा)(सामान्य आपत्ति संख्या–03)

ग्राम पंचायत द्वारा 5 नग सोलर लाइट क्रय एवं मरम्मत पर निम्नलिखित विवरणानुसार व्यय दर्शित है –

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	क्रय संस्था का नाम	धनराशि रू0 में	व्यय प्रमाणक/बाउचर
1	02.03.2017	21080890	प्रियंका ट्रेडर्स	109500.00	अनुपलब्ध रहा
2	02.03.2017	21080892	प्रियंका ट्रेडर्स	30000.00	अनुपलब्ध रहा
योग–				**139500.00**	

ग्राम पंचायत द्वारा दर्शित व्यय पर आपत्तियाँ निम्नवत् हैं –
ग्राम पंचायत के पास कार्य योजना, स्टीमेट, वर्क आई0डी0, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र. अनुपलब्ध रहा।
सोलर लाइट क्रय का कोई बिल या बाउचर नहीं है।
सोलर लाइट का क्रय नेडा से किया जाना चाहिए था।
सोलर लाइट लगने का कोई फोटोग्राफ नहीं है।
सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा सत्यापित सोलर लाइट लगने की स्थल की सूची भी अनुपलब्ध रही।
सोलर लाइट क्रय का टेण्डर नहीं लिया गया।
इससे सिद्ध होता है कि सोलर लाइट क्रय एवं मरम्मत का फर्जी कार्य दर्शाकर रू0 139500.00 का अपहरण किया गया है, जिसकी वसूली ब्याज सहित श्रीमती दुर्गावती देवी ग्राम प्रधान एवं कुमारी कंचन वर्मा ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना अपेक्षित होगा।

प्रस्तर संख्या–151ग्राम पंचायत–तमरूआ (विकास खण्ड–कोयलसा)(सामान्य आपत्ति संख्या–04)

ग्राम पंचायत द्वारा हैण्डपम्प मरम्मत पर निम्नलिखित विवरणानुसार व्यय दर्शित है –

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	क्रय संस्था का नाम	धनराशि रू0 में	व्यय प्रमाणक / बाउचर
1	02.03.2017	21080891	प्रियंका ट्रेडर्स	20000.00	अनुपलब्ध रहा
योग–				**20000.00**	

ग्राम पंचायत द्वारा दर्शित उक्त व्यय पर आपत्तियाँ निम्नवत् हैं –
ग्राम पंचायत के पास कार्य योजना, स्टीमेट, वर्क आई0डी0, हैण्डपम्प खराब होने की सूचना, पूर्व में कब हैण्डपम्प मरम्मत कराया गया था इसकी सूचना, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, हैण्डपम्प के सही होने की सूचना अनुपलब्ध रही। सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा सत्यापित हैण्डपम्प मरम्मत स्थल की सूची भी अनुपलब्ध रही। हैण्डपम्प मरम्मत की कोई फोटोग्राफ भी नहीं है।हैण्डपम्प मरम्मत के समय खराब सामग्री का कोई विवरण उपलब्ध नहीं रहा। उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 37(ज) के अनुसार हैण्डपम्प की मरम्मत या रिबोर पर होने वाले व्यय का 50 प्रतिशत उपभोक्ताओं के जल शुल्क के रूप में वसूल ब्याज सहित किया जाना चाहिए। किन्तु ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा में पाया गया कि ग्राम पंचायत निधि से निम्न तिथियों में हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर के निमित्त व्यय दर्शाया गया है। अधिनियम की धारा 37(ज) के तहत उपभोक्ताओं से हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर पर हुए व्यय का 50 प्रतिशत वसूल ब्याज सहित कर ग्राम पंचायत निधि में जमा किये जाने की पुष्टि नहीं होती है। यदि यह धनराशि वसूल ब्याज सहित कर ग्राम पंचायत निधि में जमा हुई होती तो ग्राम पंचायत के व्यय भार में 10000.00 रू0 की कमी होगी। किन्तु 50 प्रतिशत धनराशि उपभोक्ताओं ने न वसूल ब्याज सहित करके न जमा करने पर ग्राम पंचायत को 10000.00 रू0 का व्यय भार वहन करना पड़ा, जो कि संस्था की क्षति है। इससे सिद्ध होता है कि हैण्डपम्प मरम्मत का फर्जी कार्य दर्शाकर रू0 20000.00 का अपहरण किया गया है, जिसकी वसूली ब्याज सहित श्रीमती दुर्गावती देवी ग्राम प्रधान एवं कुमारी कंचन वर्मा ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना अपेक्षित होगा।

प्रस्तरसंख्या–152ग्राम पंचायत–मोलनापुरनत्थनपट्टी(विकास खण्ड–कोयलसा)(सामान्य आपत्ति संख्या–06)ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक 14.03.2017 को चेक सं0 10001561 से प्रिया इण्टरप्राइजेज से 109500.00 रू0 का 5 अदद सोलर लाइट (21900 की दर से) का क्रय किया गया है। इस क्रय पर निम्नलिखित आपत्तियाँ है
सोलर लाइट का क्रय नेडा से किया जाना चाहिए था,जो कि शासनादेश 33/2017/977/45–वि0(अति0ऊ0स्रो0वि0) /2017 दिनांक 29 अगस्त 2017 से सोलर लाइट का क्रय नेडा से किया जाना अनिवार्य है। जबकि ऐसा नहीं किया गया। सोलर लाइट क्रय का टेण्डर नहीं लिया गया है जबकि शासनादेश सं0–ए–1–864/दस–08/5(1)/86 के दिनांक 23.09.2008 के प्रस्तर–2 के अनुसार रू0 20000 से लेकर 99999 की खरीदारी कोटेशन के द्वारा और 100000 से ऊपर की खरीदारी टेण्डर आमंत्रित कर किया जाना चाहिए। सोलर लाइट लगने के स्थान का उल्लेख नहीं है। बैंक खाते का विवरण अनुपलब्ध रहा। इस प्रकार ग्राम पंचायत द्वारा रू0 109500.00 का वित्तीय अनियमितता किया गया है, जिसकी वसूली ब्याज सहित ग्राम प्रधान श्री धमेन्द्र कुमार एवं ग्राम विकास अधिकारी श्री केशव यादव से की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–153ग्रामपंचायत–मदनपट्टी(विकास खण्ड–कोयलसा)(सामान्यआपत्ति संख्या–05)

ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित तिथियों में ह्यूम पाइप का क्रय किया गया है।

क्र.सं.	दिनांक	चेक संख्या	क्रय संस्था का नाम	धनराशि	संख्या/माप
1	28.03.2016 22.04.2016	21091941	जनता इण्टर प्राइजेज	30500.00	10 नग, 350 एम.एम.
2	28.10.2016	21091945	जनता इण्टर प्राइजेज	33750.00	15 नग, 300 एम.एम.
			योग–	**64250.00**	

उक्त व्यय पर निम्नलिखित आपत्तियाँ है :– ह्यूम पाइप क्रय का कोई बिल या बाउचर नहीं है।
क्रयकी गई ह्यूम पाइप का कोटेशन नहीं लिया गया है जबकि शासनादेश सं0–ए–1–864/दस–08/5(1)/86 के दिनांक 23.09.2008 के प्रस्तर–2 के अनुसार रू0 20000 से लेकर 99999 की खरीदारी कोटेशन के द्वारा और 100000 से ऊपर की खरीदारी टेण्डर आमंत्रित कर किया जाना चाहिए।
ह्यूम पाइप लगने का स्थान का नाम उल्लिखित नहीं है।

ह्यूम पाइप लगवाने की मजदूरी व्यय के सम्बन्ध में कोई विवरण नहीं है।
बैंक खाते का विवरण अनुपलब्ध रहा।
इस प्रकार ग्राम पंचायत द्वारा काल्पनिक कार्य दर्शाकर रू0 64250.00 का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित श्रीमती सरिता देवी ग्राम प्रधान एवं श्री शिवबचन यादव ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–154 ग्राम पंचायत–मदनपट्टी(विकासखण्ड–कोयलसा)(सामान्यआपत्ति संख्या–06) ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक 31.03.2017 को चेक सं0–21091950 से जनता इण्टर प्राइजेज से रू0 79200.00 का 15 नग सोडियम लाइट (5280 की दर से) का क्रय किया गया है। इस क्रय पर निम्नलिखित आपत्तियाँ हैः–शासनादेश सं0–35/2015/656/45–वि0(अति0ऊ0स्रो0वि0)/2015 दिनांक 02 जुलाई 2015 द्वारा यू0पी0 नेडा की ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 में निहित प्राविधानों के तहत सोडियम लाइट क्रय की जगह एल0ई0डी0 लाइट क्रय किया जाना अपेक्षित है। सोडियम लाइट क्रय का कोई बिल या बाउचर नहीं है। क्रय की गयी सामग्री का कोटेशन नहीं लिय गया है जबकि शासनादेश सं0–ए–1–864/दस–08/5(1)/86 के दिनांक 23.09.2008 के प्रस्तर–2 के अनुसार रू0 20000 से लेकर 99999 की खरीदारी कोटेशन के द्वारा और 100000 से ऊपर की खरीदारी टेण्डर आमंत्रित कर किया जाना चाहिए सोडियम लाइट लगने के नाम का स्थान उल्लिखित नहीं है।बैंक खाते का विवरण अनुपलब्ध रहा। इस प्रकार ग्राम पंचायत द्वारा काल्पनिक कार्य दर्शाकर रू0 79200.00 का अपहरण किया गया है, जिसकी वसूली ब्याज सहित श्रीमती सरिता देवी ग्राम प्रधान व श्री शिवबचन यादव ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–155 ग्राम पंचायत–रसूलपुर उर्फ पासीपुर (विकास खण्ड–कोयलसा) (सामान्य आपत्ति संख्या–03)
ग्राम पंचायत द्वारा हैण्डपम्प मरम्मत पर निम्न विवरणानुसार व्यय दर्शित है :–

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	आहरित चेक व्यक्ति का नाम	धनराशि	व्यय प्रमाणक/बाउचर
1	10.05.2016	21077690	श्रीराम मिस्त्री	22500.00	अनुपलब्ध रहा
2	20.05.2016	21077693	श्रीराम मिस्त्री	25500.00	अनुपलब्ध रहा
			योग–	**48000.00**	

ग्राम पंचायत द्वारा दर्शित व्यय पर आपत्तियाँ निम्नवत् है :–
ग्राम पंचायत के पास कार्य योजना, स्टीमेट, वर्क आईडी, हैण्डपम्प खराब होने की सूचना, पूर्व में कब हैण्डपम्प मरम्मत कराया गया था इसकी सूचना, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, हैण्डपम्प के सही होने की सूचना अनुपलब्ध रही।
सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा सत्यापित हैण्डपम्प की सूची भी नहीं है।
हैण्डपम्प मरम्मत की कोई फोटोग्राफ नहीं है।
हैण्डपम्प मरम्मत के लिए 48000.00 रू0 व्यय दर्शित है। इस व्यय में हैण्डपम्प मरम्मत के लिए सामग्री भी क्रय की गयी होगी, लेकिन उसका व्यय प्रमाणक एवं बिल अनुपलब्ध रहा।
हैण्डपम्प मरम्मत के समय खराब सामग्री भी निकली होगी, लेकिन खराब निकली हुई सामग्री का कोई विवरण उपलब्ध नहीं रहा।
उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 37(ज) के अनुसार हैण्डपम्प की मरम्मत या रिबोर पर होने वाले व्यय का 50 प्रतिशत उपभोक्ताओं के जल शुल्क के रूप में वसूल ब्याज सहित किया जाना चाहिए। किन्तु ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा में पाया गया कि ग्राम पंचायत निधि से निम्न तिथियों में हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर के निमित्त व्यय दर्शाया गया है। अधिनियम की धारा 37(ज) के तहत उपभोक्ताओं से हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर पर हुए व्यय का 50 प्रतिशत वसूल कर ग्राम पंचायत निधि में जमा किये जाने की पुष्टि नहीं होती है। यदि यह धनराशि वसूल कर ग्राम पंचायत निधि में जमा हुई होती तो ग्राम पंचायत के व्यय भार में 24000.00 रू0 की कमी होगी। किन्तु 50 प्रतिशत धनराशि उपभोक्ताओं से वसूल करके न जमा करने पर ग्राम पंचायत को 24000.00 रू0 का व्यय भार वहन करना पड़ा, जो कि संस्था की क्षति है। इससे सिद्ध होता है कि हैण्डपम्प मरम्मत का फर्जी कार्य दर्शाकर रू0 48000.00 का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित श्रीमती मीरा सिंह ग्राम प्रधान एवं श्री रामलोचन चौरसिया ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना अपेक्षित होगा।

प्रस्तर संख्या–156ग्राम पंचायत–रसूलपुर उर्फ पासीपुर (विकास खण्ड–कोयलसा) (सामान्य आपत्ति संख्या–04)
ग्राम पंचायत द्वारा सोडियम लाइट मरम्मत पर निम्न विवरणानुसार व्यय दर्शित है :–

क्र. सं.	दिनांक	चेक सं0	आहरित चेक व्यक्ति का नाम	धनराशि	व्यय प्रमाणक/बाउचर
1	11.05.2016	21077692	एच0डी0 ट्रेडर्स	64120.00	अनुपलब्ध रहा
2	03.06.2016	21077696	एच0डी0 ट्रेडर्स	8500.00	अनुपलब्ध रहा
			योग–	**72620.00**	

ग्राम पंचायत द्वारा दर्शित उक्त व्यय पर आपत्तियाँ निम्नवत् है :–ग्राम पंचायत के पास कार्य योजना, स्टीमेट, वर्क आईडी, सोडियम लाइट खराब होने की सूचना, पूर्व में सोडियम लाइट का कब मरम्मत कराया गया था इसकी सूचना, किन–किन स्थलों पर सोडियम लाइट मरम्मत करायी गयी इसकी कोई सूची लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं की गयी है। सोडियम लाइट मरम्मत की कोई फोटोग्राफ नहीं है। सोडियम लाइट मरम्मत के लिए सामग्री क्रय की कोई व्यय प्रमाणक या बाउचर उपलब्ध नहीं कराया गया। सोडियम लाइट का क्रय नेडा से नहीं किया गया। इससे सिद्व होता है कि सोडियम लाइट मरम्मत का फर्जी कार्य दर्शाकर रू0 72620.00 का अपहरण किया गया है, जिसकी वसूली ब्याज सहित श्रीमती मीरा सिंह ग्राम प्रधान एवं श्री रामलोचन चौरसिया ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना अपेक्षित होगा।

प्रस्तर संख्या–157ग्राम पंचायत–सिंहोरा (विकास खण्ड–कोयलसा) (सामान्य आपत्ति संख्या–03)

ग्राम पंचायत द्वारा राजेन्द्र सिंह के घर से रमेश सिंह के चक तक सोलिंग मरम्मत पर निम्न विवरणानुसार व्यय दर्शित है –

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	मजदूरी की धनराशि	ईंट की धनराशि	व्यय प्रमाणक/बाउचर
1	10.05.2016	21076420	30450.00	–	मस्टर रोल अनुपलब्ध रहा
2	10.05.2016	21082161	21402.00	–	मस्टर रोल अनुपलब्ध रहा
3	11.05.2016	21082162	–	69895.00	बाउचर अनुपलब्ध
4	19.09.2016	21082164	–	35030.00	बाउचर अनुपलब्ध
5	19.09.2016	21082163	25056.00	–	मस्टर रोल अनुपलब्ध रहा
			योग–	**181833.00**	

ग्राम पंचायत द्वारा दर्शित उक्त व्यय पर आपत्तियाँ निम्नवत् है :–

उक्त कार्य हेतु कार्य योजना वर्क आईडी, एम0बी0, कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। मजदूरी की धनराशि को मजदूरों के खाते में ट्रांसफर किया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा न करके प्रधान द्वारा स्वयं निकाला गया है। क्रय ईंट का कोटेशन नहीं लिया गया है। इससे सिद्व होता है कि काल्पनिक कार्य को दर्शाकर 181833.00 रू0 का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित श्री मिथिलेश सिंह ग्राम प्रधान एवं श्री महेन्द्र यादव ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना अपेक्षित होगा।

प्रस्तर संख्या–158 ग्राम पंचायत–सिंहोरा (विकास खण्ड–कोयलसा)(सामान्य आपत्ति संख्या–04)

ग्राम पंचायत द्वारा 18.01.2017 को चेक सं0 21082172 से जनता इण्टर प्राइजेज द्वारा 1 नग सोलर लाइट रू0 22050.00 में क्रय किया गया है। उक्त व्यय पर निम्न आपत्तियाँ है –

सोलर लाइट का क्रय नेडा से किया जाना चाहिए था।

सोलर लाइट क्रय का कोई बिल या बाउचर नहीं है।

कोटेशन नहीं लिया गया है।

सोलर लाइट के लगने का स्थान उल्लिखित नहीं है।

सोलर लाइट लगने का फोटोग्राफ नहीं है।

इससे सिद्व होता है कि ग्राम पंचायत द्वारा काल्पनिक कार्य दर्शाकर रू0 22050.00 का अपहरण किया गया है, जिसकी वसूली ब्याज सहित श्री मिथिलेश सिंह ग्राम प्रधान एवं श्री महेन्द्र यादव ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना अपेक्षित होगा।

प्रस्तर संख्या–159ग्राम पंचायत–सिंहोरा (विकास खण्ड–कोयलसा)(सामान्य आपत्ति संख्या–05)

ग्राम पंचायत द्वारा 19.01.2017 को चेक सं0 21082173 से जनता इण्टर प्राइजेज को हैण्डपम्प मरम्मत हेतु रू0 30000. 00 आहरित किया गया है। इस व्यय पर निम्न आपत्तियाँ है –

ग्राम पंचायत के पास कार्य योजना, स्टीमेट, वर्क आईडी, हैण्डपम्प खराब होने की सूचना, पूर्व में कब हैण्डपम्प मरम्मत कराया गया था इसकी सूचना, कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र, हैण्डपम्प सही होने की सूचना अनुपलब्ध रही।

सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा सत्यापित हैण्डपम्प मरम्मत की सूची भी अनुपलब्ध रही।

हैण्डपम्प मरम्मत की कोई फोटोग्राफ भी नहीं है।

हैण्डपम्प मरम्मत के लिए 30000.00 रू0 व्यय दर्शित है। इस व्यय में हैण्डपम्प मरम्मत के लिए सामग्री भी क्रय की गयी होगी, लेकिन उसका व्यय प्रमाणक अनुपलब्ध रहा।

हैण्डपम्प मरम्मत के समय खराब सामग्री का कोई विवरण उपलब्ध नहीं हुआ।

उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 37(ज) के अनुसार हैण्डपम्प की मरम्मत या रिबोर पर होने वाले व्यय का 50 प्रतिशत उपभोक्ताओं के जल शुल्क के रूप में वसूल किया जाना चाहिए। किन्तु ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा में पाया गया कि ग्राम पंचायत निधि से निम्न तिथियों में हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर के निमित्त व्यय दर्शाया गया है । अधिनियम की धारा 37(ज) के तहत उपभोक्ताओं से हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर पर हुए व्यय का 50 प्रतिशत वसूल कर ग्राम पंचायत निधि में जमा किये जाने की पुष्टि नहीं होती है। यदि यह

धनराशि वसूल कर ग्राम पंचायत निधि में जमा हुई होती तो ग्राम पंचायत के व्यय भार में 15000.00 रू0 की कमी होगी। किन्तु 50 प्रतिशत धनराशि उपभोक्ताओं से न वसूल करने पर ग्राम पंचायत को 15000.00 रू0 का व्यय भार वहन करना पड़ा, जो कि संस्था की क्षति है। अतः हैण्डपम्प मरम्मत का काल्पनिक कार्य दर्शाकर रू0 30000.00 का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित श्री मिथिलेश सिंह ग्राम प्रधान एवं श्री महेन्द्र यादव ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना अपेक्षित होगा।

प्रस्तर संख्या–160ग्राम पंचायत–करमहा डिंगुरपुर (विकास खण्ड–कोयलसा)(सामान्य आपत्ति संख्या–06) ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित तिथियों में सोडियम लाइट का क्रय किया गया है–

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	संस्था का नाम	धनराशि रू0 में
1	03.04.2014	21047096	जय मां दुर्गे ट्रेडर्स महराजगंज	52800.00 (10 नग)
2	22.04.2014	21047097	जनता इण्टर प्राइजेज भीलमपुर छपरा	36960.00 (7 नग)
3	17.05.2014	21047100	प्रियंका ट्रेडर्स बूढ़नपुर	52800.00 (10 नग)
4	23.05.2014	21047202	प्रियंका ट्रेडर्स बूढ़नपुर	26400.00 (5 नग)
5	22.04.2015	60837	प्रियंका ट्रेडर्स बूढ़नपुर	26400.00 (5 नग)
			योग–	**195360.00**

नोट :– सोडियम लाइट क्रय के दर का विवरण अनुपलब्ध है।
उक्त व्यय पर निम्नलिखित आपत्तियाँ हैं :–
सोडियम लाइट का क्रय नेडा से किया जाना चाहिए था।
सोडियम लाइट क्रय का बिल या बाउचर नहीं है।
क्रय की गयी सोडियम लाइट का कोटेशन नहीं लिया गया है।
सोडियम लाइट लगने का स्थान का नाम उल्लिखित नहीं है।
सोडियम लाइट लगने का फोटोग्राफ नहीं है।
इससे सिद्ध होता है कि ग्राम पंचायत द्वारा काल्पनिक कार्य दर्शाकर रू0 195360.00 का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित श्री जयप्रकाश राजभर ग्राम प्रधान एवं श्री रवीन्द्र यादव ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–161 ग्राम पंचायत–भैरवपुर (विकास खण्ड–कोयलसा) (सामान्य आपत्ति संख्या–05) उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 37(ज) के अनुसार हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर पर होने वाले व्यय का 50 प्रतिशत उपभोक्ताओं के जल शुल्क के रूप में वसूल किया जाना चाहिए। किन्तु ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा में पाया गया कि ग्राम पंचायत की निधि से निम्न तिथियों में हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर के निमित्त व्यय दर्शाया गया है।

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	व्यय धनराशि रू0 में
1	12.05.2016	21089182	26000.00
		योग–	**26000.00**

अधिनियम की धारा अधिनियम की धारा 37(ज) के तहत उपभोक्ताओं से हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर पर हुए व्यय का 50 प्रतिशत वसूल कर ग्राम पंचायत निधि में जमा किये जाने की पुष्टि नहीं होती है। यदि यह धनराशि वसूल कर ग्राम पंचायत निधि में जमा हुई होती तो ग्राम पंचायत के व्यय भार में 13000.00 रू0 की कमी होगी। किन्तु 50 प्रतिशत धनराशि उपभोक्ताओं से वसूल करके न जमा करने पर ग्राम पंचायत को 13000.00 रू0 का व्यय भार वहन करना पड़ा, जो कि संस्था की क्षति है।इस प्रकार उपेक्षा पूर्ण कार्य प्रति ग्राम प्रधान श्री रामसुरेश राजभर व ग्राम पंचायत अधिकारी श्री रामविनय राय संयुक्त रूप से उत्तरदायी हैं जिसकी वसूली ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या–162ग्राम पंचायत–मदियापार (विकास खण्ड–कोयलसा) (सामान्य आपत्ति संख्या–06) ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित तिथियों में ह्यूम पाइप का क्रय किया गया है–

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	संस्था का नाम	धनराशि	संख्या
1	23.04.2014	21036912	जनता इण्टर प्राइजेज भीलमपुर छपरा	55000.00	25 नग
2	10.03.2015	21063831	,,	25500.00	10 नग
3	22.02.2016	21077171	,,	65000.00	20 नग
			योग–	**145500.00**	**55 नग**

नोट :– ह्यूम पाइप क्रय दर का विवरण अनुपलब्ध है।
उक्त व्यय पर निम्नलिखित आपत्तियाँ है :–
ह्यूम पाइप क्रय का कोई बिल या बाउचर नहीं है।
क्रय की गयी ह्यूम पाइप का कोटेशन नहीं लिया गया है।
ह्यूम पाइप लगने का स्थान का नाम उल्लिखित नहीं है।

ह्यूम पाइप लगवाने की मजदूरी पर व्यय से सम्बन्धित कोई उल्लेख नहीं है।
ह्यूम पाइप लगने का कोई फोटोग्राफ नहीं है।
कैशबुक में ह्यूम पाइप क्रय का उल्लेख है। इस प्रकार ग्राम पंचायत द्वारा काल्पनिक कार्य दर्शाकर रू0 145500.00 अपहरण किया गया है, जिसकी वसूली ब्याज सहित ग्राम प्रधान श्रीमती सुनीता सिंह व ग्राम पंचायत अधिकारी श्री जयप्रकाश सिंह से की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत–मदियापार (विकास खण्ड–कोयलसा)

प्रस्तर संख्या–163उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 37(ज) के अनुसार हैण्डपम्प की मरम्मत या रिबोर पर होने वाले व्यय का 50 प्रतिशत उपभोक्ताओं के जल शुल्क के रूप में वसूल किया जाना चाहिए। किन्तु ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा में पाया गया कि ग्राम पंचायत निधि से निम्न तिथियों में हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर के निमित्त व्यय दर्शाया गया है। **(सामान्य आपत्ति संख्या–07)**

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	व्यय धनराशि रू0 में
1	03.04.2014	21036910	6400.00
2	26.09.2014	21063823	8350.00
3	28.02.2015	21063828	38150.00
		योग–	**52900.00**

अधिनियम की धारा अधिनियम की धारा 37(ज) के तहत उपभोक्ताओं से हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर पर हुए व्यय का 50 प्रतिशत वसूल कर ग्राम पंचायत निधि में जमा किये जाने की पुष्टि नहीं होती है। यदि यह धनराशि वसूल कर ग्राम पंचायत निधि में जमा हुई होती तो ग्राम पंचायत के व्यय भार में 26450.00 रू0 की कमी होगी। किन्तु 50 प्रतिशत धनराशि उपभोक्ताओं से वसूल करके न जमा करने पर ग्राम पंचायत को 26450.00 रू0 का व्यय भार वहन करना पड़ा, जो कि संस्था की क्षति है। इस प्रकार उपेक्षा पूर्ण कार्य प्रति ग्राम प्रधान श्रीमती सुनीता सिंह व श्री समीर सिंह व ग्राम पंचायत अधिकारी श्री जय प्रकाश सिंह संयुक्त रूप से उत्तरदायी हैं जिसकी वसूली ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत–मदियापार (विकास खण्ड–कोयलसा)

प्रस्तर संख्या–164ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक 22.04.2016 चेक सं0–21077175 से प्रमोद सिंह ईंट उद्योग से 16129 नग ईंट का क्रय रू0 100000.00 का किया गया एवं दिनांक 10.05.2016 को चेक सं0–21077176 से प्रमोद सिंह ईंट उद्योग से 16129 नग का क्रय रू0 100000.00 का किया गया है। संस्था द्वारा उक्त क्रय ईंट का टेण्डर आमंत्रित करके नहीं किया गया है जबकि शासनादेश सं0–ए–1–864/दस–08–15(1)/86 के दिनांक 23.09.2008 के प्रस्तर (2) के तहत रू0 20000 से लेकर रू0 99999 की खरीद कोटेशन द्वारा तथा रू0 100000 से ऊपर तक की खरीद टेण्डर आमंत्रित करके किया जाना चाहिए। इस प्रकार ग्राम प्रधान श्री समीर सिंह व ग्राम पंचायत अधिकारी श्री जयप्रकाश सिंह द्वारा रू0 200000.00 की ईंट खरीद पर शासनादेश उल्लंघन कर वित्तीय अनियमितता की गयी है, जिसकी वसूली ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

(सामान्य आपत्ति संख्या–08)

ग्राम पंचायत–बेमुडीह किशुनदेव पट्टी (विकास खण्ड–कोयलसा)

प्रस्तर संख्या–165(सामान्य आपत्ति संख्या–03) ग्राम पंचायत द्वारा राजपति के घर से बाहा तक पक्की नाली निर्माण पर निम्न विवरणानुसार व्यय दर्शित है :–

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	मजदूरी की धन0	बिल्डिंग मैटेरियल की धनराशि	व्यय प्रमाणक/बाउचर
1	25.04.2016	21074876	15000.00	–	मस्टर रोल अनुपलब्ध रहा
2	06.07.2016	21074880	15000.00	–	मस्टर रोल अनुपलब्ध रहा
3	17.03.2017	21092006	–	68242.00	बाउचर अनुपलब्ध रहा
			योग–	**68242.00**	

ग्राम पंचायत द्वारा दर्शित व्यय पर आपत्तियाँ निम्नवत् है :– उक्त कार्य हेतु बिल्डिंग मैटेरियल की खरीददारी 17.03.2017 को की गयी है जबकि मजदूरी का भुगतान 25.04.2016 व 06.07.2016 को पहले ही किया गया था। स्टाक बुक भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया था। कार्य का स्टीमेट, वर्क आईडी, फोटोग्राफ, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र भी अनुपलब्ध रहा। क्रय सामग्री का कोटेशन भी नहीं लिया गया है।
इससे सिद्ध होता है कि मजदूरी का भुगतान पहले किया गया और नाली के निर्माण हेतु बिल्डिंग मैटेरियल की खरीदारी 11 माह बाद की जाती है जो कि कार्य को फर्जी दर्शाता है। इस प्रकार फर्जी कार्य को दर्शाकर 98242.00 रू0 अपहरण किया गया जिसकी वसूली ब्याज सहित श्री संदीप कुमार ग्राम प्रधान व श्री राजेन्द्र सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना अपेक्षित होगा।

ग्राम पंचायत–बेमुडीह किशुनदेव पट्टी (विकास खण्ड–कोयलसा)

प्रस्तर संख्या–166 (सामान्य आपत्ति संख्या–04) ग्राम पंचायत द्वारा हैण्डपम्प मरम्मत पर निम्नलिखित विवरणानुसार व्यय दर्शित है–

क्र.सं.	दिनांक	चेक सं0	फर्म या संस्था का नाम	धनराशि रू0 में	व्यय प्रमाणक / बाउचर
1	17.05.2016	21074878	प्रियंका ट्रेडर्स	9800.00	अनुपलब्ध रहा
2	20.09.2016	21092003	जनता इण्टर प्राइजेज	29500.00	अनुपलब्ध रहा
			योग–	**39300.00**	

ग्राम पंचायत द्वारा दर्शित व्यय पर आपत्तियाँ निम्नवत् है :–

ग्राम पंचायत के पास कार्य योजना, स्टीमेट, वर्क आईडी, हैण्डपम्प खराब होने की सूचना, पूर्व में कब हैण्डपम्प मरम्मत कराया गया था इसकी सूचना कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, हैण्डपम्प के सही होने की सूचना अनुपलब्ध रही।

सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा सत्यापित हैण्डपम्प की सूची भी नहीं है।

हैण्डपम्प मरम्मत का कोई फोटोग्राफ नहीं है।

हैण्डपम्प मरम्मत के लिए 39300.00 रू0 व्यय दर्शित है। इस व्यय में हैण्डपम्प मरम्मत के लिए सामग्री भी क्रय की गयी होगी, लेकिन उसका व्यय प्रमाणक एवं बिल अनुपलब्ध रहा।

हैण्डपम्प मरम्मत के समय खराब सामग्री भी निकली होगी, लेकिन खराब निकली हुई सामग्री का कोई विवरण उपलब्ध नहीं रहा। उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 37(ज) के अनुसार हैण्डपम्प की मरम्मत या रिबोर पर होने वाले व्यय का 50 प्रतिशत उपभोक्ताओं के जल शुल्क के रूप में वसूल किया जाना चाहिए। किन्तु ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा में पाया गया कि ग्राम पंचायत निधि से निम्न तिथियों में हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर के निमित्त व्यय दर्शाया गया है। अधिनियम की धारा अधिनियम की धारा 37(ज) के तहत उपभोक्ताओं से हैण्डपम्प मरम्मत या रिबोर पर हुए व्यय का 50 प्रतिशत वसूल कर ग्राम पंचायत निधि में जमा किये जाने की पुष्टि नहीं होती है। यदि यह धनराशि वसूल कर ग्राम पंचायत निधि में जमा हुई होती तो ग्राम पंचायत के व्यय भार में 19650.00 रू0 की कमी होगी। किन्तु 50 प्रतिशत धनराशि उपभोक्ताओं से वसूल करके न जमा करने पर ग्राम पंचायत को 19650.00 रू0 का व्यय भार वहन करना पड़ा, जो कि संस्था की क्षति है।

इससे सिद्ध होता है कि हैण्डपम्प मरम्मत का फर्जी कार्य दर्शाकर रू0 39300.00 का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित श्री संदीप कुमार ग्राम प्रधान एवं श्री राजेन्द्र सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी से किया जाना अपेक्षित होगा।

ग्राम पंचायत– टुण्डवल (विकास खण्ड–मिर्जापुर)

प्रस्तर संख्या–167(सामान्य आपत्ति संख्या–20) ग्राम निधि कैशबुक / कार्यपूर्ति की जांच में पाया गया कि बृजेश के घर से कुआँ तक खड़ण्जा निर्माण कार्य पर निम्न विवरणानुसार भुगतान दर्शित है।

(1) 30.03.2017 ईंट क्रय 11484 X 6.2 – 71200.00

(2) 30.03.2017 मजदूरी 80 X 174 – 13920.00

85120.00 खड़ण्जा कार्य (85 X 2.35) वर्ग मीटर में कराया गया है

लेखा परीक्षा अनुसार (85 X 2.35) में ईंट की मात्रा – 11586 ईंट

ले0प0 के अनुसार खड़ण्जा लगवाने की मजदूरी (85 X 2.35) X 40.90,8170.00

अतः खड़ण्जा लगवाने में अधिक मजदूरी 13920–8170 का भुगतान=5750.00 इस प्रकार खड़ण्जा में 5750 रू0 अधिक भुगतान दर्शित कर धन का अपहरण किया गया। अतः 5750 रू0 की वसूली ब्याज सहित प्रधान श्री पन्नालाल गुप्ता एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री हरेन्द्र कुमार से की जानी अपेक्षित रही।

ग्राम पंचायत–टुण्डवल (विकास खण्ड–मिर्जापुर)

प्रस्तर संख्या–168(सामान्य आपत्ति संख्या–21) ग्राम निधि कैशबुक के जांच में पाया गया कि कुआँ से खड़ण्जा तक खड़ण्जा निर्माण कार्य पर निम्न विवरणानुसार भुगतान दर्शित है।

(1) 30.03.2017 ईंट क्रय 7642 X 6.2 – 47380.00

(2) 30.03.2017 मजदूरी 55 X 174 – 9570.00

56950.00

खड़ण्जा कार्य (57 X 2.35) वर्ग मीटर में कराया गया है।

लेखा परीक्षा अनुसार (57 X 2.35) में ईंट की मात्रा – 7769 ईंट

ले0प0 के अनुसार खड़ण्जा लगवाने की मजदूरी (57 X 2.35) X 40.90,5479.00

अतः खड़ण्जा लगवाने की अधिक मजदूरी का भुगतान 9570–5479=4091.00 इस प्रकार खड़ण्जा में 4091 रू0 का अधिक भुगतान दर्शित कर धन का अपहरण किया गया।

अतः 4091 रू0 की वसूली ब्याज सहित प्रधान श्री पन्नालाल गुप्ता एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री हरेन्द्र कुमार से की जानी अपेक्षित रही।

ग्राम पंचायत–टुण्डवल (विकास खण्ड–मिर्जापुर)

प्रस्तर संख्या–169(सामान्य आपत्ति संख्या–22) ग्राम निधि कैशबुक की जांच में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार हैण्डपम्प मरम्मत पर भुगतान दर्शित है।

क्र.सं.	दिनांक	विवरण	धनराशि
1	30.06.2016	इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मरम्मत 10 नग	37500.00
2	16.02.2017	हैण्डपम्प मरम्मत 05 नग	13398.00
		योग–	**50898.00**

अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त के अर्द्ध शासकीय पत्र सं0–2059/सम/03 दिनांक 30.03.2002 के परिपेक्ष्य में शासन ने ग्रामीण क्षेत्रों के हैण्डपम्पों के रख–रखाव ग्राम पंचायत से कराने का निर्णय लिया तथा हैण्डपम्पों से लाभान्वित व्यक्तियों का उपभोक्ता समूह गठित कराने का निर्देश दिया गया। पंचायतें इनकी सहायता से पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। लेखा परीक्षा में ग्राम पंचायत द्वारा ऐसा कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया है जिससे यह ज्ञात हो सके कि लाभार्थियों को उपभोक्ता समूह गठित किया गया है और लाभार्थियों ने अंशदान दिया है, जिससे हैण्डपम्प मरम्मत की जा सकें। अतः 50898.00 रू0 हैण्डपम्प की मरम्मत पर भुगतान कर धनराशि का अपहरण किया गया है। अतः 50898 रू0 की वसूली ब्याज सहित प्रधान श्री पन्नालाल गुप्ता एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री हरेन्द्र कुमार से की जानी अपेक्षित रही।

ग्राम पंचायत– राजापुर सिकरौर (विकास खण्ड–मिर्जापुर)

प्रस्तर संख्या–170(सामान्य आपत्ति संख्या–21) कैशबुक की जांच में पाया गया कि विभिन्न तिथियों में सोलर लाइट पर भुगतान दर्शित है विवरण निम्नवत् रहा –

क्र.सं.	दिनांक	विवरण	धनराशि
1	12.03.2017	अंश इण्टरप्राइजेज को सोलर लाइट का भुगतान	90800.00
2	13.03.2017	अंश इण्टरप्राइजेज को सोलर लाइट का भुगतान	90800.00
		योग–	**181600.00**

उपरोक्त विवरण पर निम्न आपत्तियाँ है :–व्यय प्रमाणक पर कितने वाट का सोलर लाइट क्रय किया गया, अंकित नहीं है। सोलर लाइट नेडा से क्रय किया जाना चाहिए। नेडा राजकीय व्यवसायिक संस्थान है। नेडा से क्रय करने पर ग्राम पंचायत को अंशदान का लाभ मिलता है। भुगतान करते समय आयकर व्यापार की कटौती नहीं की गयी है। क्रय एक लाख से ऊपर की गयी है। अतः क्रय निविदा आमंत्रित करके किया जाना चाहिए था। अतः संस्था द्वारा बिना टेण्डर आमंत्रित करके अनियमित भुगतान किया गया है जिसके लिए ग्राम पंचायत अधिकारी श्री प्रमोद कुमार एवं प्रधान श्रीमती राफकत उत्तरदायी रहें, वसूली ब्याज सहित अपेक्षित रही।

ग्राम पंचायत– राजापुर सिकरौर (विकास खण्ड–मिर्जापुर)

प्रस्तर संख्या–171(सामान्य आपत्ति संख्या–22) अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त के अर्द्ध शासकीय पत्र संख्या–2059/सम/03/ दिनांक 30.03.2002 के परिपेक्ष्य में शासन ने ग्रामीण क्षेत्रों के हैण्डपम्पों के रख–रखाव ग्राम पंचायतों से कराने का निर्णय लिया तथा हैण्डपम्पों से लाभार्थी व्यक्तियों का उपभोक्ता समूह गठित करने का निर्देश दिया। अभिलेखीय आधार पर यह पुष्टि नहीं होता है कि लाभार्थियों द्वारा कोई अंशदान ग्राम पंचायत में जमा किया गया है। हैण्डपम्पों पर मरम्मत ग्राम निधि खाते से किया गया है। अतः भुगतान अनियमित रहा। अतः वसूली ब्याज सहित ग्राम प्रधान श्रीमती राफकत एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री प्रमोद कुमार से अपेक्षित रही। विवरण निम्नवत् रहा –

क्र.सं.	दिनांक	विववरण	धनराशि
1	21.06.2016	हैण्डपम्प मरम्मत	12950.00
		योग–	**12950.00**

ग्राम पंचायत–दमदियावन (विकास खण्ड–मिर्जापुर)

प्रस्तर संख्या–172(सामान्य आपत्ति संख्या–20) ग्राम निधि कैशबुक की जांच में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार हैण्डपम्प मरम्मत पर भुगतान दर्शित है।

क्र.सं.	दिनांक	विवरण	धनराशि
1	05.06.2016	3 अदद हैण्डपम्प इण्डिया मार्का मरम्मत	10000.00
2	07.06.2016	हैण्डपम्प मरम्मत	10000.00
3	09.06.2016	3 अदद हैण्डपम्प मरम्मत	10000.00
4	18.10.2016	2 अदद हैण्डपम्प मरम्मत	8000.00

5	05.12.2016	1 अदद हैण्डपम्प मरम्मत	5000.00
6	01.02.2017	3 अदद हैण्डपम्प मरम्मत	10000.00
		योग–	**53000.00**

अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त के अर्द्ध शासकीय पत्र सं0–2059/सम/03 दिनांक 30.03.2002 के परिपेक्ष्य में शासन ने ग्रामीण क्षेत्रों के हैण्डपम्पों के रख–रखाव ग्राम पंचायतों से कराने का निर्णय किया तथा हैण्डपम्पों से लाभान्वित व्यक्तियों का उपभोक्ता समूह गठित कराने का निर्देश दिया गया। पंचायतें इनकी सहायता से पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। लेखा परीक्षा में ग्राम पंचायत द्वारा ऐसा कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे यह ज्ञात हो सकें कि लाभार्थियों को उपभोक्ता समूह गठित किया गया है और लाभार्थियों ने अंशदान दिया है, जिससे हैण्डपम्प मरम्मत की जा सकें। अतः 53000.00 रू0 हैण्डपम्प की मरम्मत पर भुगतान कर धनराशि का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली ब्याज सहित प्रधान श्री लाल बहादुर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी हरेन्द्र कुमार से की जानी अपेक्षित रही।

प्रस्तर संख्या–173 ग्राम पंचायत–दमदियावन (विकास खण्ड–मिर्जापुर)प्रस्तर संख्या–173(सामान्य आपत्ति संख्या–21) ग्राम निधि कैशबुक की जांच में पाया गया कि विभिन्न तिथियों में सोलर लाइट क्रय कर भुगतान दर्शित है। विवरण निम्नवत रहा।

क्र.सं.	दिनांक	विवरण	धनराशि
1	31.03.2017	मे0 तारा कन्स्ट्रक्शन से 4 अदद सोलर लाइट क्रय	90800.00
2	31.03.2017	मे0 तारा कन्स्ट्रक्शन से 4 अदद सोलर लाइट क्रय	90800.00
		योग–	**181600.00**

उपरोक्त पर निम्न आपत्तियाँ है :–
सोलर लाइट लगाने हेतु नेडा से सम्पर्क नहीं किया गया।
सोलर लाइट लगाने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा टेण्डर आमंत्रित नहीं की गयी।
व्यय प्रमाणक पर कितने वाट की सोलर लाइट क्रय की गयी, अंकित नहीं है।
भुगतान की गयी धनराशि से 2.24 प्रतिशत की दर से आयकर एवं 4 प्रतिशत की दर से वैट कटौती नहीं की गयी है।
निर्माण रजिस्टर/स्टाक रजिस्टर में इनकी प्रविष्टि नहीं की गयी।
सोलर लाइट ग्राम पंचायत में कहाँ–कहाँ लगायी गयी, इसका विवरण लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं करायी गयी। इस प्रकार ग्राम निधि से 181600.00 रू0 भुगतान कर अनियमितता की गयी है, जिसकी वसूली ब्याज सहित प्रधान श्री लालबहादुर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री हरेन्द्र कुमार से की जानी अपेक्षित रही।

ग्राम पंचायत–उत्तमा (विकास खण्ड–मिर्जापुर)

प्रस्तर संख्या–174(सामान्य आपत्ति संख्या–20) ग्राम निधि कैशबुक/कार्यपूर्ति की जांच में पाया गया कि खड़ण्जा मरम्मत कार्य मुड़ियार सम्पर्क मार्ग से नहर तक (165–3) वर्गमीटर में कराकर निम्न विवरणानुसार भुगतान कैशबुक में दर्शित है।

1–	02.05.2016	मजदूरी (248×174)	–	43152.00
2–	21.02.2017	ईंट का भुगतान	–	143801.00
		(23194×6.2)		186953.00

खड़ण्जा मरम्मत कार्य (165×3) वर्गमीटर में कराया गया है। खड़ण्जा मरम्मत में 40 प्रतिशत नई ईंट की जरूरत पड़ेगी। अतः लेखा परीक्षा के अनुसार–
नई ईंट की मरम्मत – 11484 ईंटे
पुराना खड़ण्जा उखाड़ने की मजदूरी (165×3)×12.356114
खड़ण्जा लगाने की मजदूरी (165×3) ×40.90–20246
ले0प0 खड़ण्जा मरम्मत कार्य पर ईंट की मात्रा – 11484
ले0प0 अनुसार खड़ण्जा कार्य पर मजदूरी – 26360
खड़ण्जा मरम्मत कार्य में प्रयुक्त ईंट की मात्रा – 23194
खड़ण्जा मरम्मत कार्य पर भुगतान की गयी मजदूरी – 43152
खड़ण्जा मरम्मत कार्य में प्रयुक्त अधिक ईंट की मात्रा – 23194–11484–11710 ईंट
अधिक ईंट मूल्य – 11710 × 6.2–72602.00 रू0
<u>प्रस्तर सं0—</u>66—ग्राम पंचायत भोजपुर आलोच्य वर्ष 2016—17 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार अनुदान की धनराशि का व्यय कोषवही में नहीं दर्शाया गया है। बैंक खाते के अनुसार किये गये व्यय जो कि नीचे अंकित है के सापेक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी बिल / वाउचर लेखा परीक्षा में जॉच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि **<u>ग्राम पंचायतों के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 की धारा 8(क)</u>** में व्यवस्था दी गई है कि यदि दर्शाये गये व्यय के संबंध में कोई बिल / वाउचर उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो व्यय दर्शायी गई धनराशि को गबन मानते हुए संबंधित धनराशि की ब्याज सहित वसूली नियमानुसार की जायेगी। उल्लेखनीय है कि किये गये व्यय के सापेक्ष कोई भी बिल / वाउचर लेखा परीक्षा दौरान प्रस्तुत नहीं रहा। उक्त नियम के आलोक में ग्राम पंचायत द्वारा व्यय की गई धनराशि 428565.00 बिना बिल / वाउचर के व्यय करके धनराशि का अपहरण कर लिया गया है जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव से नियमानुसार करते हुए प्रधान व सचिव के विरुद्ध प्रशासनिक व वैधानिक कार्यवाही भी अमल में लाया जाना अपेक्षित है

क्रम	विवरण	धनराशि
1	हैण्डपम्प मरम्मत	14950.00
2	मजदूरी भुगतान	84058.00
3	मिटटी कार्य	38528.00
4	सामाग्री कय प्रियांशु ट्रेडर्स	86200.
5	मानदेय प्रधान	20000.00
6	सफाई कार्य, ठेली मरम्मत	9500.00
7	लालटेन कय कैमरा कय	8000.00
8	स्टेशनरी कय फोटो स्टेट	8550.00
9	शौचालय मरम्मत	11500.00
10	ईट कय	123585..00
11	पाईप कय	14374.00
12	पी0एल0ए0	1500.00
13	कुर्सी दरी कय	3725.00
14	रेता कय	4095.00
	योग	428565.00

सा0आ0सं0—27

<u>प्रस्तर सं0—</u>67 ग्राम पंचायत राजूनगला आलोच्य वर्ष 2016—17 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार अनुदान की धनराशि का व्यय कोषवही में नहीं दर्शाया गया है। बैंक खाते के अनुसार किये गये व्यय जो कि नीचे अंकित है के सापेक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी बिल / वाउचर लेखा परीक्षा में जॉच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि **<u>ग्राम पंचायतों के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 की धारा 8(क)</u>** में व्यवस्था दी गई है कि यदि दर्शाये गये व्यय के संबंध में कोई बिल / वाउचर उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो व्यय दर्शायी गई धनराशि को गबन मानते हुए संबंधित धनराशि की ब्याज सहित वसूली नियमानुसार की जायेगी। उल्लेखनीय है कि किये गये व्यय के सापेक्ष कोई भी बिल / वाउचर लेखा परीक्षा दौरान प्रस्तुत नहीं रहा। उक्त नियम के आलोक में ग्राम पंचायत द्वारा व्यय की गई धनराशि 536279.00 बिना बिल / वाउचर के व्यय करके धनराशि का अपहरण कर लिया गया है जिसकी ब्याज सहित

वसूली ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव से नियमानुसार करते हुए प्रधान व सचिव के विरुद्ध प्रशासनिक व वैधानिक कार्यवाही भी अमल में लाया जाना अपेक्षित है

क्रम	विवरण	धनराशि
1	ईट पर व्यय	166088.00
2	मिटटी कार्य	48095.00
3	सफाई किट	24000.00
4	हैण्डपम्प मरम्मत	25000.00
5	सीमेन्ट रेता बजरी आदि	245191.00
6	मजदूरी भुगतान	27905.00
योग–	536279.00	

सा0आ0सं0–35

<u>प्रस्तर सं0–68–</u>ग्राम पंचायत बडौरा वर्ष 2015.16 में ग्राम निधि खाता सं0 3867000400210461 से निम्न विवरण के अनुसार आहरित धनका व्यय कैशबुक में दर्षित है।

क्रम	दिनांक	विवरण	धनराशि
1	29.03.2016	मजदूरी भुगतान	10000.00
2	23.03.2016	मिटटी कार्य	9500.00
3	31.03.2016	मानदेय प्रधान	7500.00
4	31.03.2016	होली पर सफाई	2500.00
		योग–	29500.00

ग्राम पंचायत बडौरा का गठन रोहनिया ग्राम पंचायत के विभाजन से किया गया दिनांक 08.03.2016 को राहेहनिया ग्रम पंचायत के खाते से ट्रान्सफर द्वारा अनुदान प्रापत हुआ जिससे नियमानुसार उपभोग किया जाना चाहिए परन्तु ऐसा न कर प्रधान/सचिव द्वारा बिना कार्ययोजना स्वीकृत हुए धन आहरित कर व्यय किया गया। व्यय के सापेक्ष व्यय प्रमाणक मानदेय पंजिका स्वीकृत कार्ययोजना मस्टर रोल कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र स्टॉक रजि0 आदि अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये। जिससे स्पष्ट है कि रू0 29500.00 का अपहरण सचिव/प्रधान द्वारा किया गया।

<u>ग्राम पंचायतों के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 की धारा 8(क)</u> के अनुसार व्यय किए गए धन के सापेक्ष बिल/वाउचर उपलब्ध न कराने पवर व्यय किए गए धनराशि की ब्याज सहित वसूली प्रधान/सचिव से की जाएगी। अतः उक्त मैनुअल के अनुसार कार्यवाही करते हुए प्रधान व सचिव के विरूद्ध प्रशासनिक व वैधानिक कार्यवाही भी अमल में लाया जाना अपेक्षित है। **सा0आ0सं0–34**

<u>प्रस्तर सं0–69</u>–ग्राम पंचायत वहापुर आलोच्य वर्ष 2016–17 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार अनुदान की धनराशि का व्यय कोषवही में नहीं दर्शाया गया है। दर्शाए गए व्यय के सापेक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी बि/वाउचर लेखा परीक्षा में जांच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि **<u>ग्राम पंचायतों के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 की धारा 8(क)</u>** में व्यवस्था दी गई है कि यदि दर्शाये गये व्यय के संबंध में कोई बिल/वाउचर उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो व्यय दर्शायी गई धनराशि को गबन मानते हुए संबंधित धनराशि की ब्याज सहित वसूली नियमानुसार की जायेगी। उल्लेखनीय है कि किये गये व्यय के सापेक्ष स्वीकृत कार्य योजना स्वीकृत स्टीमेण्ट कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र एम0बी0 सामग्री क्रय की पुष्टि में <u>टेण्डर/कुटेशन</u>, स्टॉक रजि0 भी लेखा परीक्षा दौरान उपलब्ध नहीं कराई गयी। उक्त नियम के आलोक में ग्राम पंचायत द्वारा व्यय की गई धनराशि 432400.00 बिना बिल/वाउचर के व्यय करके धनराशि का अपहरण कर लिया गया है जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव से नियमानुसार करते हुए प्रधान व सचिव के विरुद्ध प्रशासनिक व वैधानिक कार्यवाही भी अमल में लाया जाना अपेक्षित है।

क्रम	विवरण	धनराशि
1	हैण्उपम्प मरम्मत	21875.00
2	मजदूरी भुगतान	85775.00
3	मिटटी कार्य	10300.00
4	सामाग्री क्रय	270448.00
5	मानदेय प्रधान	25000.00
6	सफाई कार्य,	8500.00
7	लालटेन क्रय	3900.00
8	स्टेशनरी क्रय	602.00
9	शौचालय मरम्मत	6000.00
	योग–	432400.00

सा0आ0सं0–36

प्रस्तर सं0–70 ग्राम पंचायत इग्राह दिनांक– 17.04.2015 को ग्राम पंचायत इग्राह के ग्राम निधि खाता सं0 31546438884 से चेक सं0 661734, 6617339, 661735 के माध्यम से श्री मोहम्मद वससिफ को क्रमशः 90000, 90000 व 90000 कुल 270000 के सापेक्ष, क्रय प्रमाणप सीकृत कार्ययोजना कार्यवाही रजिस्टर, बजट, स्वीकृत एस्टीमेट, स्टॉक रजिस्टर, डिलीवरी चालान, डायरेक्टी ऑफ सर्क्स, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र, निरीक्षण पुस्तिका परिसंपत्ति पंजिका इत्यादि अनुपलब्ध रहें ग्राम पंचायत निधि से अपरिचित व्यक्ति श्री मो0 वासिफ को एक मुक्त बड़ी रकम का नकद भुगतान कर धनराशि के अपहरण किये जाने को सुगम बनाया गया। एक बार में 90000.00 रू0 का नकद भुगतान अनियमित रहा। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8 क में आहरित धन के सापेक्ष प्रमाणक न मिलने पर आहरित धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की ब्याज सहित वसूली प्रधान व सचिव से किये जाने का प्रावधान हैं। अभिलेखों के अभाव में तथा कोषवही में प्रविष्टि के न होने के कारण आहरित की गयी धनराशि रू0 270000 का अपहरण प्रधान व सचिव द्वारा किया जाना स्वयं सिद्ध है। अतः धनराशि 270000.00 की ब्याज सहित वसूली सम्बन्धित प्रधान व सचिव से वैधानिक कार्यवाही सहित की जानी अपेक्षित है। जिला पंचायत राज अधिकारी, बरेली का ध्यान धारा 409 के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु विशेषता आकृष्ट किया जाता है। **सा0आ0सं0–32**

प्रस्तर सं0–71–

क्रम सं0	चेक नं0	दिनांक	आहरित धनराशि	प्राप्तकर्ता
1	605137	16.04.2015	10000.00	श्री नजरूल
2	605138	16.04.2015	15000.00	श्री रामबहादुर
3	605136	16.04.2015	10000.00	श्री रामबहादुर
4	605139	17.04.2015	10000.00	टी0आर अज्ञात
5	605135	21.04.2015	35000.00	टी0आर अज्ञात
6	605134	21.04.2015	35000.00	टी0आर अज्ञात
7	605140	30.04.2015	10000.00	श्री रामबहादुर
8	605141	30.04.2015	8000.00	श्री रामबहादुर
		कुल योग– 133000.00		

ग्राम पंचायत खिरनी उपरोक्त विवरणानुसार ग्राम पंचायत खिरनी वि0ख0 दमखोदा, बरेली के खाता सं0 31537686282 से दिनांक 16.04.2015 से दिनांक 30.04.2015 के मध्य रू0 133000 का आहरण खाते से किया गया। आहरण रू0 133000 के सापेक्ष कार्यवाही रजिस्टर,स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट बिल वाउचर्स, मास्टररॉल, स्टॉक रजिस्टर, एम0बी0, निविदा–कुटेशन पत्रावली, डिलीवरी चालान, मृत स्कंध पंजिका, निरीक्षण पुस्तिका, कोषवही, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र, डायरेक्टी ऑफ वकर्स इत्यादि अनुपलब्ध रहे, जिससे आहरित धनराशि 133000.00 अनुष्ठित व आपत्तिजनक रही। प्रधान व सचिव ने एक बार में अनियमित रू0 5000 से अधिक नकद धनराशि आहरित कर धनराशि के अपहरण किए जाने को सरल बनाया। अप्रैल 2015 में धनराशि का आहरण कार्य के सापेक्ष स्वीकृत कार्य योजना, स्वीकृत एस्टीमेंट व एम0बी0 का अभाव भी स्पष्ट करता है। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के भाग 8 क के प्रकाश में प्रमाणकों के अभाव में धनराशि 133000.00 का अपहरण किया जाना स्पष्ट है। अतः धनराशि 133000.00 की ब्याज सहित वसूली समान अंशों में प्रधान श्री रामबहादुर व सचिव श्री नजरूल हसन से वैधानिक कार्यवाही सहित की जानी अपेक्षित है।**सा0आ0सं0–43**

प्रस्तर सं0–72–विस्तृत विवरण

क्रम सं0	चेक नं0	दिनांक	आहरित धनराशि	प्राप्तकर्ता
1	493803	09.04.2015	15000.00	श्री नजरूल
2	493802	09.04.2015	15000.00	श्री नजरूल
3	493805	28.04.2015	25000.00	श्री नजरूल
4	493804	28.04.2015	25000.00	श्री जाकिर अली
5	493806	13.06.2015	25000.00	श्री जाकिर अली
6	493807	13.06.2015	25000.00	श्री जाकिर अली

ग्राम पंचायत डडिया नगला उपरोक्त विवरणानुसार ग्राम पंचायत डडियां नगला से दिनांक 09.04.2015 से दिनांक 13. 06.2015 के मध्य 130000.00 का आहरण खाते से किया गया। आहरण 130000.00 के सापेक्ष कार्यवाही रजिस्टर,स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट बिल वाउचर्स, मास्टररॉल, स्टॉक रजिस्टर, एम0बी0, निविदा–कुटेशन पत्रावली, डिलीवरी चालान, मृत स्कंध पंजिका, निरीक्षण पुस्तिका, कोषवही, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र, डायरेक्टी ऑफ वकर्स इत्यादि अनुपलब्ध रहे, जिससे आहरित धनराशि 130000.00 अनुष्ठित व आपत्तिजनक रही। वर्ष के आरिम्भक माहों में बिना कार्य योजना, एस्टीमेंट व एम0वी0 के धनराशि का आहरण किया जाना स्पष्ट है। प्रधान व सचिव धनराशि का अपहरण करनें के आशय से समस्त धनराशि नकद में एवं अनियमित रूप से 5000.00 से अधिक आहरित की। इससे धनराशि का अपहरण किये जाने में सहयोग प्राप्त हुए। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा (क) के प्रकाश में प्रमाणकों के अभाव में धनराशि रू0

130000.00 का अपहरण किया जाना स्पष्ट है। अतः धनराशि रू0 130000.00 की ब्याज सहित वसूली समान अंशों में प्रधान श्री जाकिर अली व सचिव श्री नजरुल हसन से वैधानिक कार्यवाही सहित की जानी अपेक्षित है।**सा0आ0सं0–45**

<u>प्रस्तर सं0</u>–73–ग्राम पंचायत कुण्डरा ग्राम पंचायत कुण्डरा में वर्ष 2015–16, 2016–17 में खातााा सं0 31543137710 से कुल 3594428.00 का आहरण किया गया। आहरित धनराशि के सापेक्ष लेखा परीक्षा में रूप पत्र – 8 माह जून 2015 से पूर्व की कोषवही, क्रय प्रमाणक (वाउचर्स), स्वीकृत कार्य योजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, मासटर राल, स्टॉक रजिस्टर, कुटेशन–टेण्डर पत्रावली, डिलीवरी चालान, एम0वी0, रूप पत्र 41 (कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र) समाधान विवरण पत्र, प्रधान मानदेय पंजिका, निरीक्षण पंजिका, डायरेक्ट्री आफ वर्क्स, चैक इंश्यू पंजिका इत्यादि अनुपलब्ध रहें। जिससे आहरित धनराशि 3594428.00 अपुष्ठित व आपत्तिजनक रही। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8 (क) के अन्तर्गत व्ययित धनराशि के सापेक्ष क्रय प्रमाणक न होने की स्थिति में व्ययित धनराशि को प्रधान व सचिव से वसूल किये जाने का प्रावधान है। आलोच्य वर्षों में एक बार में 5000.00 से अधिक नकद धनराशि का आहरण कर गबन को सचिवों व प्रधानों द्वारा सुगम बनाया गया। वर्ष 2015–16 में एक अप्रैल से 01 मई तक 365000.00के आहरण के सापेक्ष 315000.00 का आहरण नकद किया गया जिसमें श्री कमल कुमार (रोजगार सेवक पंचायत) एक बार में अधिकतम 50000.00 श्री अंसार मिंया द्वारा 40000.00 श्री जमीर अहमद द्वारा 45000.00 श्री करन सिंह (सचिव) द्वारा 30000.00 व श्री रामचन्द्र प्रधान द्वारा अधिकतम 10000.00 का आहरण नकद में किया गया। अप्रैल 2015 में आरम्भ में कार्य योजना को स्वीकृत होना भी संदेहास्पंद है। कार्ययोजना की स्वीकृति के अभाव में कार्य आरम्भ से ही शून्य होंगे। अप्रैल व मई 2015 माह की रोकड़वही की अनुपलब्धता आहरित धनराशि के गबन किये जाने को पुष्ठित करते है। वर्ष 2015–16 में ग्राम पंचायत के आय–व्यय के स्वयवहार से अपरिचित श्री कमल कुमार रोजगार सेवक द्वारा 349500.00 का आहरण नकद किया गया है। स्पष्ट है कि प्रधान श्री रामचन्द्र व सचिव श्री करन सिंह व श्री वीरपाल ने रोजगार सेवक को धनराशि का गबन करने हेतु एक यन्त्र के रूप में प्रयुक्त किया।

रोकड़वही में दिनांक 24.10.2016 को चेक नं0 665335 के माध्यम से 50000.00 का आहरण किया जाना दर्षित है। 50000.00 के आहरण के सापेक्ष कोषवही के व्यय पक्ष में 50000.00 का व्यय/खर्चा भी दर्षित किया गया है। ग्राम पंचायत के बैंक स्टेटमेंट के अनुसार दिनांक 24.10.2016 को मात्र. 20000.00 का आहरण चेक नं0 665335 के द्वारा होना स्पष्ट है अर्थात् रोकड़वही में 20000.00 का आहरण के विरुद्ध 50000.00 का आहरण किया जाना काल्पनिक दर्षित किया गया है।

उपरोक्त परिस्थितियों से स्पष्ट है कि ग्राम प्रधान यथा श्री रामचन्द्र व श्रीमती नत्थो देवी तथा सचिव यथा श्री करन सिंह, श्री वीरपाल, श्री वसीम द्वारा अभिलेखों के अभाव में वृहद नकद धनराशि आहरित कर काल्पनिक व फर्जी व्यय दर्शाकर धनराशि रू0 3594428.00 का अपहरण कर लिया है। वित्त लेखा मैनुअल के प्रावधानानुसार रू0 3594428.00 की ब्याज सहित वसूली वैधानिक कार्यवाही सहित प्रधानों व सचिवों से की जानी अपेक्षित है। **सा0आ0सं0–9**

<u>प्रस्तर सं0</u>–74–ग्राम पंचायत देवीपुरा आलोच्य वर्ष 2015–16 में ग्राम पंचायत देवीपुरा के खाता सं0 31546442777 से दिनांक 21.04.2015 से दिनांक 30.09.2015 तक कुल रू0 378200.00 का आहरण किया गया। आहरित धनराशि रू0 378200.00 के सापेक्ष लेखा परीक्षा में कार्यवाही रजिस्टर (रूप पत्र) स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, प्रमाणक, एम0वी0, मास्टररॉल, स्टॉक रजिस्टर, टेण्डर/कुटेशन पत्रावली, डिलीवरी चालान, मृत स्कंध पंजिका, निरीक्षण पुस्तिका, कोषवही, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र, डायरेक्ट्री ऑफ वकर्स इत्यादि अनुपलब्ध रहे। जिससे खाते से आहरित धनराशि 378200.00 अपुष्ठित, अप्रमाणित व आपत्तिजनक रही। ग्राम पंचायत के वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8 (क) के प्रकाश में प्रमाणकों के अभाव में, धनराशि का अपहरण किया जाना स्पष्ट है। प्रधाान व सचिव ने कुल आहरित धनराशि में से 81 प्रतिशत नकद में आहरित कर धनराशि के आहरण किये जाने को सुगम बनाया। एक बार में 5000.00 से अधिक की नकद धनराशि अनियमित रूप से आहरित की। प्रधान श्री सीताराम ने दिनांक 15.07.2015 को सी. एन. 453649 के माध्यम से अनियमित रूप से 102000.00 नकद धनराशि आहरित की। उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि प्रधान श्री सीताराम व सचिव श्री नजरूल, श्री के0पी0 गंगवार ने रू0 378200.00/– का आहरण कर लिया है। धनराशि की ब्याज सहित वसूली प्रधान श्री सीताराम व सचिव श्री नजरूल व के0पी0 गंगवार से वैधानिक कार्यवाही सहित की जानी अपेक्षित है। **सा0आ0सं0–44**

<u>प्रस्तर सं0–75– ग्राम पंचायत कनमन</u> दिनांक 30.04.2015 को चेक सं0 007196 के माध्यम से क्रमशः श्री नजरूल हसन सचिव द्वारा 25200.00 व श्री मौ0 जफर (प्रधानपति) द्वारा 20000.00 कुल 45200.00 का आहरण किया गया। खाते से किये गये आहरण के सापेक्ष लेखा परीक्षा में कार्यवाही रजिस्टर (रूप पत्र) स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, प्रमाणक, एम0वी0, मास्टररॉल, स्टॉक रजिस्टर, टेण्डर/कुटेशन पत्रावली, डिलीवरी चालान, मृत स्कंध पंजिका, निरीक्षण पुस्तिका, कोषवही, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र, इत्यादि अनुपलब्ध रहे। प्रस्तुत रोकड़वही में भी उपरोक्त संयुक्तक्षारों का कोई लेखा भी पारित नहीं किया गया है। सचिव व प्रधान ने बिना किसी औचित्य के धनराशि का अपहरण करने के आशय से 5000.00 से अधिक की धनराशि अनयिमित रूप से नकद में आहरित कर अपहरण को सुगत बनाया। प्रधानपति ग्राम पंचायत के आय–व्ययों से अपरिचित व्यक्ति है जिसे भुगतान कदापि नहीं किया जा सकता था। 30.04.2015 को धनराशि का आहरण स्वीकृत कार्ययोजना के अभाव को भी स्पष्ट करता है। स्वीकृत कार्ययोजना के अभाव में कराया गया कार्य प्रारम्भ से ही शून्य है। स्पष्ट है कि सचिव व प्रधान ने मनमाने ढंग से बिना किसी औचित्य के स्वयं के नाम से चेक बनाकर अनियमित रूप से नकद में धनराशि आहरित कर धनराशि 45200.00 का अपहरण कर लिया हौ। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के

भाग 8 (क) के प्रकाश में प्रमाणकों के अभाव में, धनराशि का अपहरण किया जाना स्पष्ट है। अतः धनराशि 45200/– की ब्याज सहित वसूली वैधानिक कार्यवाही सहित प्रधान श्रीमती शहरबानों व सचिव श्री नजरूल से की जानी अपेक्षित है। जिला पंचायत राज अधिकारी, बरेली का ध्यान भारतीय दण्ड संहिता की धारा 409 के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु आकृष्ट किया जाता है। **(सा0आ0सं0–38)**

<u>प्रस्तर सं0–76</u>– ग्राम पंचायत खजुरिया उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत खजुरिया के खाता सं0 31546686973 से प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षरों से जारी चेकों के माध्यम से 718000.00 का आहरण किया गया। आहरित धनराशि 718000.00 के सापेक्ष लेखा परीक्षा में रूप पत्र 8 (कार्यवाही रजिस्टर), स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, क्रय प्रमाणक, (बिल/वाउचर्स) , मास्टररॉल, अप्रैल व मई 2015 की रोकड़वही कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र, एम0बी0, स्टॉक रजिस्टर निरीक्षण पुस्तिका, आदि प्रस्तुत नहीं किये गये जिसके कारण आहरति धनराशि अपुष्ठित व आपत्तिजनक रही। प्रधान श्री शंकर लाल द्वारा अनियमित रूप से अधिकतम 100000.00 नकद खाते से आहरित किये। कुल आहरित धनराशि में से मात्र 19 प्रतिशत धनराशि विभिन्न खातों में ट्रांसफर की गयी। प्रधान व सचिव के द्वारा नकद आहरण से धनराशि के आहरण होने में सहयोग मिला। अप्रैल 2015 में ही 20000.00 का नकद आहरण किया गया जो कि बिना किसी स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट व एम0बी0के किया जाना स्पष्ट है। लेखा परीक्षा में क्रय प्रमाणक प्रस्तुत नहीं किये गये। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8 (क) के प्रकाश में क्रस प्रमाणक के अभाव में, धनराशि का गबन मानते हुए, धनराशि ब्याज सहित वसूली प्रधान व सचिव से किये जाने का प्रावधान है। उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि प्रधान श्री शंकर लाल सचिव श्री करन सिंह व श्री के0पी0 गंगवार ने फर्जी व काल्पनिक व्यय दर्शाकर धनराशि 718000.00 का आहरण कर लिया है जिसकी ब्याज सहित वसूली वैधानिक कार्यवाही सहित प्रधान व सचिव से की जानी अपेक्षित है। **(सा0आ0स 9)**

<u>प्रस्तर सं0–77</u>– ग्राम पंचायत सुकटिया आलोच्य वर्ष 2015–16 में दिनांक 01.04.2015 से 01.05.2015 तक ग्राम पंचायत सुकटिया के खाता संख्या 31546441882 से 248000.00 का अपहरण किया गया। आहरण रू0 248000.00 से संबंध में निम्नांकित आपत्तियॉ हैं।–

1. आहरित धनराशि रू0 248000.00 के सापेक्ष किये गये व्यय की पुष्टि में बजट, कार्यवाही रजिस्टर, स्वीकृत कार्य योजनाख स्वीकृत एस्टीमेंट माप पुस्तिका, क्रय प्रमाणक, एम0आर0, <u>टेण्डर/कुटेशन</u> पत्रावली, संपत्ति रजिस्टर, स्टाक रजिस्टर, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र, चेक इंश्यू पत्रिका, डायरेक्ट्री ऑफ वर्क्स बैंक समाधान विवरण पत्र इत्यादि अनुपलब्ध रहे। जिससे दर्षित व्ययित धनराशि अपुष्ठित विवरण पत्र इत्यादि अनुपलब्ध रहें ग्राम पंचायत के वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के भाग 8 (क) में व्यय प्रमाणकों के अभाव में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा दर्षित व्यरूित धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान/सचिव से किये जाने का प्रावधान है जिला पंचायत राज अधि0 इस संबंध में धरा 409 के अंतर्गत दाण्डिक कार्यवाही भी संस्थित कर सकते है। अतः उपरोक्त प्रावधान के प्रकाश में, अभिलेखों के अभाव में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा धनराशि 248000.00 रू0 का अपहरण स्पष्ट हैं। प्रधान व सचिव ने फर्जी व काल्पनिक इन्द्रज करके धनराशि का गबन कर लिया है। धनराशि 248000 रू0 की ब्याज सहित वसूली विभागीय कार्यवाही सहित प्रधान श्री पूरनलाल व सचिव श्री करन सिंह से की जानी अपेक्षित है।

2. दिनांक 17.04.2015 को खाते से धनराशि का आहरण किया जाना स्पष्ट करता है कि आहरण के सापेक्ष किया गया व्यय बिना किसी स्वीकृत कार्य योजना स्वीकृत एस्टीमेंट और माप पुस्तिका के अभाव में किया गया है। जिसके कारण कराया गया दर्षित कार्य स्वतः नियमविरूद्ध होने के कारण आरम्भ से ही शून्य है।

3 श्री करन सिंह सचिव व प्रधान श्री पूरन लाल ने नियमों के विपरीत खाते से क्रमशः 25000 रू0 व 30000 रू0 एक बार में नकद आहरित किये जबकि वे अधिकतम 5000 रू0 तक नकद आहरित कर सकते थे। स्पष्ट है कि प्रधान व सचिव ने कर्त्तव्यपालन में जानबूझकर गंभीर वित्तीय अनियमितता बरती है। इस हेतु प्रधान व सचिव के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। **(सा0आ0सं 41)**

<u>प्रस्तर सं0–78</u>– ग्राम पंचायत अर्सियाबोझ ग्राम पंचायत अर्सियाबोझा के खाता सं0 31546440768 से दिनांक 07.04. 2015से दिनांक 26.03.2016 तक ग्राम प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षरों से किये गये आहरण रू0 2423900.00 के सापेक्ष लेखा परीक्षा में कार्यवाही रजिस्टर (रूप पत्र 8), स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, माह फरवरी 16 से पूर्व की कोषवही माप पुस्तिका, <u>टेण्डर/कुटेशन</u> पत्रावली, मस्टररॉल, स्टॉक पंजिका, डिलीवरी चालान, मानदेय पंजिका, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र, क्रय प्रमाणक, वाउचर्स आदि अनुपलब्ध रहे जिससे आहरित धनराशि रू0 2423900 अपुष्ठित, अप्रमारिण व आपत्तिजनक रही। प्रधान श्रीमती शकुन्तला देवी के पति श्री जगदीश बाबू द्वारा दिनांक 17.04.2015 व 21.08.2015 को क्रमशः 511800.00 रू0 व 325000 रू0 कुल 836800 रू0 का नकद आहरण बिना किसी प्राधिकार व औचित्य के अनियमित रूप से प्राप्त किया गया। नियमित एक बार में से 5000 रू0 से अधिक की धनराशि नकद में आहरित नहीं की जा सकती लेकिन प्रधानपति ने 93000 रू0 प्रधान श्रीमती शकुन्तला ने 45000 रू0 की धनराशि एक बार में नकद आहरित की। प्रधान व सचिवों ने नकद में धनराशि आहरित कर धनराशि के अपहरण किये जाने को सुगम बनाया। अप्रैल 15 माह से ही कुल 546800 रू0 का नकद आहरण किया गया हो कि बिना किसी स्वीकृत कार्य योजना के किया जाना स्वमेंव सिद्ध है।प्रधानपति, प्रधान व सचिवों द्वारा नियमविरूद्ध धन की नकद निकासी, स्वीकृत कार्य योजना का अभाव, आहरित धनराशि के सापेक्ष सुसंगत अभिलेखों के अभाव से स्पष्ट है कि प्रधान व सचिवों ने आहरित धनराशि रू0 2423900 रू0 का

अपहरण कर लिया है। ग्राम पंचायत के वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के भाग 8 (क) के प्रकाश में आहरित धनराशि रू0 2423900 की ब्याज सहित वसूली प्रधानों व सचिवों से वैधानिक कार्यवाही सहित की जानी अपेक्षित है। **(सा0आ0सं 34)**

<u>प्रस्तर सं0–79– ग्राम पंचायत टेहरा</u> 1. आलोच्य वर्ष 2016–17 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार अनुदान की धनराशि का व्यय कोषवही में नहीं दर्शाया गया है। दर्शाए गए व्यय के सापेक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी बि/वाउचर लेखा परीक्षा में जांच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि **<u>ग्राम पंचायतों के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 की धारा 8(क)</u>** में व्यवस्था दी गई है कि यदि दर्शाये गये व्यय के संबंध में कोई बिल/वाउचर उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो व्यय दर्शायी गई धनराशि को गबन मानते हुए संबंधित धनराशि की ब्याज सहित वसूली नियमानुसार की जायेगी। उल्लेखनीय है कि किये गये व्यय के सापेक्ष स्वीकृत कार्य योजना स्वीकृत स्टीमेण्ट कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र एम0बी0 सामग्री क्रय की पुष्टि में <u>टेण्डर/कुटेशन</u>, स्टॉक रजि0 भी लेखा परीक्षा दौरान उपलब्ध नहीं कराई गयी। उक्त नियम के आलोक में ग्राम पंचायत द्वारा व्यय की गई धनराशि 482336.00 बिना बिल/वाउचर के व्यय करके धनराशि का अपहरण कर लिया गया है जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान श्री ताहिर रजा खॉ व ग्राम पंचायत सचिव श्री लवश्रेष्ठ से नियमानुसार करते हुए प्रधान व सचिव के विरुद्ध प्रशासनिक व वैधानिक कार्यवाही भी अमल में लाया जाना अपेक्षित है।

क्रम	विवरण	धनराशि
1	ईटों पर व्यय	215386.00
2	पंचायत उद्योग फोटो स्टेट	5000.00
3	नलमिस्त्री को भुगतान	16200.00
4	ठेली मरम्मत	12000.00
5	कार्ययोजना फीडिंग	5000.00
6	पी0एल0ए0	3000.00
7	मिट्टी पर व्यय	47500.00
8	मजदूरी पर व्यय	57390.00
9	कैमरा	6000.00
10	लालटेन	2000.00
11	सीमेंट	36200.00
12	सीमेंट	27300.00
13	माह अक्टुबर में आहरित राशि को कैश बुक में अंकित न करना	49360.00
	योग–	482336.00

(सा0आ0सं0–25)

<u>प्रस्तर संख्या–80– ग्रा0प0का नाम खेमपुर</u> आलोच्य वर्ष 2016–17 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार अनुदान की धनराशि का व्यय कोषवही में दर्शाया गया हैं। दर्शायें गये व्यय के सापेक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी बिल/वाउचर लेखा परीक्षा में जॉच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि **<u>ग्राम पंचायत के वित एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 की धरा 8(क</u>**) में व्यवस्था दी गई है कि यदि दर्शाये व्यय के संबंध में कोई विल/वाउचर उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो व्यय दर्शायी गयी धनराशि को गबन मानते हुए संबंधित धनराशि की ब्याज सहित वसूली नियमानुसार की जायेगी। उल्लेखनीय है कि किये गये व्यय के सपेक्ष स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत इस्टीमेंट, कार्यपूति प्रमाण पत्र, एम0बी0, सामग्री क्रय की पुष्टि में <u>टेण्डर/कुटेशन</u>, स्टॉक रजिस्टर भी लेखा परीक्षा दौरान उपलब्ध नहीं कराई गयी। उक्त नियम के आलोक में ग्राम पंचायत द्वारा व्यय की गयी धनराशि रू 447500.00 बिना विल/वाउचर एवं उपरोक्त अपेक्षित अभिलेखों के व्यय करके धनराशि का अपहरण कर लिया गया है जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान श्री अब्दुल हफीज व ग्राम पंचायत सचिव श्री राजन बाबू/श्री उल्फत सिंह/श्री सचिन राना से कार्यकाल के अनुसार करते हुए प्रधान व सचिव के विरुद्ध प्रशासनिक व वैधानिक कार्यवाही भी अमल में लाया जाना अपेक्षित है।

क्रम संख्या	विवरण	धनराशि
01	मानदेय	31000.00
02	स्टेशनरी	7500.00
03	ठेली मरम्मत	10000.00
04	हैण्डपम्प मरम्मत	20825.00
05	सफाई किट	2500.00
06	पाईप	12500.00
07	पी0एल0ए0	1500.00
08	दरी	475.00
09	कुर्सी	1500.00

10	मिट्टी पर व्यय	5000.00
11	मजदूरी पर व्यय	122000.00
12	ईट क्रय	86200.00
13	सीमेंट क्रय	137500.00
14	कैमरा	5000.00
15	सोलर लाइट	4000.00
	योग	447500.00

(आ0सं0 23)

<u>प्रस्तर संख्या–81</u>– ग्रा0प0का नाम रहपुरा गनीमत आलोच्य वर्ष 2315–16, 2016–17 में ग्राम पंचायत के खाता सं0 31537687560 से कुल 1977715.00 रू चेक के माध्यम से आहरित कर भुगतान किया गया दर्षित है। आहरण उपरोक्त के संबंध में निम्नांकित आपत्तियां है–

1. आहरित धनराशि को ईंट, मिट्टी, एम0आर0, प्रधान मानदेय, हैण्डपम्प मरम्मत, प्रशासकीय व्यय, ढेली क्रय, मरम्मत, स्पन खरीद, फोटो स्टेट आदि में व्यय किया जाना दर्षित किया गया है परन्तु व्ययित धनराशि से संबंधित कोई भी अभिलेख यथा जैसे व्यय प्रमाणक, कार्यवाही रजिस्टर, (रूपपत्र 8), स्वीकृत कार्ययोजना स्वीकृत एस्टीमेंट, आय पुस्तिका, मास्टर रोल, टेण्डर/कुटेशन पत्रावली, स्टॉक रजिस्टर, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र, प्रधान मानदेय पंजिका आदि अनुपलब्ध रहे। स्पष्ट है कि सचिव व प्रधान ने **आहरित धनराशि 1977715.00 रू0 का फर्जी व काल्पनिक व्यय अंकित कर अपहरण कर लिया है।** वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8(क) में दर्षित व्यय के सापेक्ष प्रमाणकों के न मिलने पर व्यथित धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान व सचिव से किये जाने का प्रावधान है। अतः उपरोक्त प्रावधान के प्रकाश में धनराशि 1977715.00 की ब्याज सहित वसूली विभागीय कार्यवाही सहित प्रधान श्रीमती तब्बसुम व श्री कलीम एवं सचिव श्री करन सिंह, श्री बरकत, श्री विनोद व्यास से उनके अंशों के अनुसार की जानी अपेक्षित है।

2. नकद धनराशि आहरण रू0 5000.00 से अधिक एक बार में नहीं किया जा सकता था। प्रधानों/सचिवों ने अनियमित रूप से एक बार से 5000 से अधिक की धनराशि नकद आहरित की। श्री करन सिंह सचिव ने एक बार में 35000. श्री छेदालाल ने 20000 प्रधान श्रीमती तब्बसुम ने 20000, श्री कलीम ने 20000 नकद आहरित कर वित्तीय अनुशासन शुंग किया है। प्रधानों/सचिवों के उक्त कार्यों से धनराशि को अपहरित किये जाने की स्थितियों को निर्माण हुआ।

3. कोषवही में दिनांक 02.04.2016 से 22.04.2016 तक खाते से कुल 77500 का आहरण कर व्यय दर्षित किया गया है। स्पष्ट है कि उपरोक्त धनराशि का व्यय वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, <u>टेण्डर/कुटेशन</u> पत्रावली, एम0बी0, डी0पी0सी0–9, इत्यादि के अभाव में अनियमित रूप से दर्षित किया गया हैं। दर्षित व्यय अनियमित होने के कारण आरम्भ से ही शून्य है।

4. दिनांक 03.01.2017 से 11.03.2017 तक उत्तर प्रदेश राज्य में आदर्श आचार संहिता अस्तित्व में थी। इस अवधि में 526990 रू0 का आहरण खाते से कर व्यय दर्षित किया गया है। दर्षित कियय गया व्यय अनियमित रहा।

5. बैंक स्टेटमेंट/कोषवही में किसी भी समाचार पत्र को धनराशि भुगतान किया जाना दर्षित नहीं है अतः स्पष्ट है कि दर्षित व्यय के सापेक्ष किये गये कार्य हेतु टेण्डर जारी नहीं किये गये है। जिसके कारण दर्षित व्यय के सापेक्ष कराये गये कार्य आरम्भ से ही अनियमित है। अधिभारित धनराशि 1977715 में सें 240000/–का परिपालन हो गया अवशेष धनराशि 1737715 की ब्याज सहित वसूली अपेक्षित हैं। **(आ0सं0 09)**

<u>आपति सं0–82–</u>. ग्रा0प0का नाम गरगईया वर्ष आलोच्य में संस्था द्वारा खाता सं0 31543113420 से चैकों के माध्यम से 111000/– रू0 की धनराशि निम्न तिथियों में आहरित की–

क्रम सं0	दिनांक	चैक सं0	धनराशि	भुगतान प्राप्त
1	08.04.2015	907075	15000	श्री करन सिंह
2	08.04.2015	907081	6000	श्री करन सिंह
3	18.04.2015	907085	10000	श्री निसार अहमद
4	18.04.2015	907082	35000	श्री निसार अहमद
5	18.04.2015	907083	25000	श्री निसार अहमद
6	18.04.2015	907084	20000	श्री करन सिंह
7		योग–	111000.00	

इस प्रकार उपरोकत धनराशि 111000.00 रू0 ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा अपने नाम से चेक बनाकर नकद आहरित की गई। आहरित धन को ईंट, मिट्टी एम0आर0 इत्यादि पर व्यय किया जाना दर्षित किया गया है परन्तु दर्षित व्ययित धनराशि के सापेक्ष कोई भी अभिलेख जैसे व्यय प्रमाणक, कार्यवाही रजिस्टर रूप पत्र 8 स्वीकृत कार्ययोजना स्वीकृत एस्टीमेट, माप पुस्तिका, एम0आर0 टेण्डर–कुटेशन पत्रावली, स्टॉक रजिस्टर, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र आदि अनुपलब्ध रहे। स्पष्ट है कि प्रधान व सचिव ने अपने से चेक बनाकर अनियमित रूप से 5000.00 से अधिक नकद धनराशि आहरित कर रू0111000.00 का फर्जी बकाया व्यय अंकित कर गबन कर लिया है।जिसकी ब्याजसहित वसूलीवैधानिक कार्यवाही

सहित प्रधान श्री निसार अहमद व सचिव श्री करन सिंह से की जानी अपेक्षित है। उल्लेखनीय की श्री करन सिंह ने एक बार से अधिकतम 25000.00 का प्रधान श्री निसार अहमद ने एक बार में 35000.00 का आहरण नियमों के प्रतिकूल कर धनराशि को अपहरण किया।(**आ0सं0 41)**

प्रस्तर सं0–83– ग्रा0प0का नाम भूड़ाबहादुरपुर

वर्ष आलोच्य में संस्था द्वारा खाता सं0 31546439843 से चैकों के माध्यम से 485800/– रू0 की धनराशि निम्न तिथियों में आहरित की–

कम सं0	दिनांक	चैक सं0	धनराशि	भुगतान प्राप्त कर्ता
1	17.04.2015	545305	90000	श्री पातीराम प्रधान
2	17.04.2015	545306	90000	श्री पातीराम प्रधान
3	17.04.2015	545307	90000	श्री पातीराम प्रधान
4	24.04.2015	545309	25000	श्री करन (सचिव)
5	01.05.2015	545308	4800	श्री करन (सचिव)
6	12.08.2015	545313	10000	श्री पातीराम प्रधान
7	12.08.2015	545314	40000	श्री पातीराम प्रधान
8	12.08.2015	545312	50000	ट्रांसफर
9	18.09.2015	545317	12000	श्री पातीराम प्रधान
10	18.09.2015	545318	12000	श्री पातीराम प्रधान
11	19.09.2015	545319	10000	श्री पातीराम प्रधान
12	19.09.2015	545315	15000	ट्रांसफर
13	19.09.2015	545316	30000	ट्रांसफर
14	21.09.2015	545320	7000	श्री खेमपाल गंगवार

इस प्रकार उपरोकत धनराशि 390800.00 रू0 ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा अपने नाम से चेक बनाकर नकद आहरित की गई और 95000 रू0 ट्रांसफर किया गया। आहरित धन को ईंट, मिट्‌टी एम0आर0 इत्यादि पर व्यय किया जाना दर्षित किया गया है परन्तु दर्षित व्ययित धनराशि के सापेक्ष कोई भी अभिलेख जैसे व्यय प्रमाणक, कार्यवाही रजिस्टर रूप पत्र 8 स्वीकृत कार्ययोजना स्वीकृत एस्टीमेट, माप पुस्तिका, एम0आर0 टेण्डर–कुटेशन पत्रावली, स्टॉक रजिस्टर, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र आदि अनुपलब्ध रहे। इससे स्पष्ट होता है कि सचिव/प्रधान द्वारा आहरित धनराशि य0 485800 का फर्जी व काल्पनिके व्यय अंकित कर अपहरण किया गया है। जिसकी ब्याज सहित वसूली विभागीय कार्यवाही सहित प्रधान श्री पातीराम प्रधान सचिव श्री करन सिंह व श्री के0पी0 गंगवार से की जानी अपेक्षित है। उल्लेखनीय है कि श्री पातीराम, श्री करन ने नियमविरूद्ध अनियमित रूप से क्रमशः एक बार में 90000 रू0 व 25000 रू0 नकद आहरित की।(**आ0सं041)**

प्रस्तर सं0–84– ग्रा0प0का नाम मगरी नवादा दिनांक 08.04.2015 से 30.04.2015 तकं ग्राम निधि खाते से 160000.00 रू0 का निम्नवत नकद धनराशि के रूप में आहरण किया गया–

कम सं0	दिनांक	चैक सं0	धनराशि	भुगतान प्राप्त
1	08.04.2015	750568	20000	श्री करन सिंह (सचिव)
2	10.04.2015	750572	15000	श्रीमती गीता देवी (प्रधान)
3	10.04.2015	750571	45000	श्रीमती गीता देवी (प्रधान)
4	10.04.2015	750569	30000	श्रीमती गीता देवी (प्रधान)
5	30.05.2015	750570	10000	श्री करन सिंह (सचिव)
6	30.08.2015	750573	40000	श्री करन सिंह (सचिव)

उपरोक्त धनराशि 160000.00 के सापेक्ष कोई भी अभिलेख जैसे व्यय प्रमाणक, कार्यवाही रजिस्टर रूप पत्र 8 स्वीकृत कार्ययोजना स्वीकृत एस्टीमेट, माप पुस्तिका, एम0आर0 टेण्डर–कुटेशन पत्रावली, स्टॉक रजिस्टर, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र आदि अनुपलब्ध रहे। समस्त धनराशि का नकद में प्रधान व सचिव द्वारा आहरण किया गया है जबकि फर्मों/व्यक्तियों को चेक के माध्यम से भुगतान किया जाना चाहिए था। नियमानुसार 5000 रू0 से अधिक की धनराशि भी प्रधान व सचिव द्वारा अहरित नहीं की जा सकती थी। लेकिन श्री करन सिंह द्वारा रू0 40000 व श्रीमती गीता देवी द्वारा 45000 धनराशि नकद में आहरित की गयी। अप्रैल माह में 160000.00 का आहरण किया जाना स्पष्ट करता है कि आहरण के सापेक्ष स्वीकृत कार्य योजना, स्वीकृत एस्टीमेंट माप पुस्तिका, मा0 रोल, टेण्डर/कुटेशन, डी0पी0सी0–9 इत्यादि निर्मित नहीं किये गये है। धनराशि का भुगतान कार्य होने के उपरानत किया जाना चाहिए था प्रतीत होता है कि कार्य बिना हुए धनराशि का आहरण किया गया हैं।उपरोक्त परिस्थितियों से स्पष्ट है कि सचिव व प्रधान ने अपने नाम से चेक बनाकर फर्जी व्यय दर्शाकर 160000.00 रूप का अपहरण कर लिया है। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8 क के अनुसार दर्षित व्यय के सापेक्ष व्यय प्रमाणक न होने की दशा में सम्बन्धित धनराशि की ब्याज सहित वसूली प्रधान व सचिव से किये जाने का प्रावधान है अतः 160000 रू0 की धनराशि प्रधान श्रीमती गीता देवी व सचिव श्री करन सिंह से ब्याज सहित वसूल की

जानी अपेक्षित है। जिला पंचायत राज अधिकारी, बरेली ध्यान सचिव व प्रधान के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 409 के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही संस्थित करने हेतु विशेषतः आकृष्ट किया जाता है।**(आ0सं0 09)**

<u>प्रस्तर संख्या–85–</u> ग्रा0प0का नाम मुड़िया नसीर आलोच्य वर्ष 2015–16 में दिनांक 01.04.2015 से 01.05.2015 तक ग्राम पंचायत के खाता सं0 31543239199 भारतीय स्टेट बैंक से किये गये आहरण रू0 518500.00 के संबंध में निम्नाकित आपत्तियाँ है–

1.आहरित धनराशि रू0 518500.00 के सापेक्ष लेखा परीक्षा में बजट, कोषवही रूप पत्र कार्यवाही रजिस्टर (रूपपत्र 8), स्वीकृत कार्य योजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, माप पुस्तिका, क्रय प्रमाणक (वाउचर्स), मास्टर राल, टेण्डर–कुटेशन पत्रावली, संपत्ति रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र (डीडीसी.9) चेक इश्यू पंजिका डायरेक्ट्री ऑफ वर्क्स, बैंक समाधान विवरण पत्र इत्यादि अनुपलब्ध रहा। ग्राम पंचायत के वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के भाग 8 क के व्यय प्रमाणकों के अभाव में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा की गयी समस्त आहरित धनराशि को अपहरण मानते हुए धनराशि की ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान व सचिव से किये जाने का प्रावधान है। जिला पंचायत राजअधिकारी इस संबंध में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 409 के अंतर्गत दाण्डिक कार्यवाही भी संस्थित कर सकते हैं। अतः उपरोक्त नियम के प्रकाश में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा धनराशि 518500 रू0 का अपहरण स्पष्ट है। धनराशि की ब्याज सहित वसूली विभागीय कार्यवाही सहित प्रधन श्रीमती कमरजहां व सचिव श्री करन सिंह से की जानी अपेक्षित है। जिला पंचा0 राज अधिकारी, बरेली का ध्यान धारा 409 के अंतर्गत प्रधान व सचिव के विरूद्ध दाण्डिक कार्यवाही संस्थिता करने हेतु भी आकृष्ट किया जाता है।

2 दिनांक 09.04.2015 से खाते से धनराशि का आहरण किया जाना यह स्पष्ट करता है कि आहरण नियमतः बिना किसी स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट और माप पुस्तिका के अभाव में किया गया है। अतः नियमतः स्वीकृत कार्य योजना एस्टीमेंट व माप पुस्तिका के अभाव में कराया गया कार्य स्वतः आरम्भ से ही शून्य होने के कारण अवैध, अनियमित व प्रस्तरजनक है।

3 धन रू0 518500 में से श्री सादिक खान द्वारा 130000 रू0 श्री करन सिंह द्वारा 55000, आफताब अहमद द्वारा 20000, मतलूब खान द्वारा 40000 जमीर अहमद द्वारा 20000 रू0 का नकद आहरण किया गया है। श्री सादिक खान द्वारा एक बार में अधिकतम 40000 रू0 श्री करन सिंह ने 20000.00, श्री मतलूब खान ने 35500, श्री आफताब अहमद ने 20000 व जागीर अहमद ने 20000 का आहरण किया। स्पष्ट है कि सभी ने 5000 रू0 से अधिक की धनराशि नकद में अनियमित/नियमित प्राप्त की जो गंम्भीर, वित्तीय अनियमितता है। इस हेतु प्रधान व सचिव के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

4 नियमतः कार्यपूर्ण होने के उपरान्त ही भुगतान किया जाना चाहिए था। प्रधान व सचिव ने नियम उपरोक्त के पालन में कर्त्तव्यहीनता बरती है जिस हेतु सचिव व प्रधान के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही अपेक्षित है। **(आ0सं0 41)**

<u>प्रस्तर संख्या–86–</u> ग्रा0प0का नाम सिंधौरा दिनांक 09.04.2015 से दिनांक 02.06.2015 तक ग्राम निधि खाते से 95000.00 रू0 का नकद आहरण किया गया जिसका विवरण निम्नवत है–

क्रम सं0	दिनांक	चेक नं0	धनराशि	भुगतान प्राप्तकर्ता का नाम पद
1.	09.04.2015	204838	10000	श्री विजय कुमार (प्रधान)
2.	09.04.2015	204835	45000	श्री करन सिंह
3.	17.04.2015	204839	10000	श्री कालीचरन
4.	02.06.2015	204818	30000	श्री विजय कुमार

उपरोक्त आहरित धनराशि रू0 95000.00 के सापेक्ष कार्यवाही पुस्तिका, स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, माप पुस्तिका, <u>टेण्डर/कुटेशन</u> पत्रावली, मास्टर रोल कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र, स्टॉक रजिस्टर, व्यय प्रमाणक आदि अनुपलब्ध रहे। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8(क) के अनुसार व्यय प्रमाणक के अभाव में किया गया भुगतान अपहरण है और इसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान व सचिव से की जानी होगी। श्री करन सिंह व श्री विजय कुमार ने नियमों के प्रतिकूल क्रमशः 45000 व 30000 का आहरण नकद धनराशि के रूप में किया जबकि वे अधिकतम 5000 रू0 तक की राशि आहरित नकद में कर सकते थे। दिनांक 09.04.2015 से धनराशि का आहरण किया जाना स्पष्ट करता है कि आहरण के सापेक्ष, स्वीकृत कार्य योजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, माप पुस्तिका, मास्टर रोल डी0पी0सी0–9, <u>टेण्डर/कुटेशन</u> पत्रावली नहीं होगी। दिनांक 02.05.2015 को श्री करन सिंह सचिव का स्थानान्तरण हो गया था और नये सचिव द्वारा चार्ज नहीं लिया गया था तो दिनांक 02.06.2015 को 30000 रू0 का आहरण श्री विजय कुमार प्रधान द्वारा किया जाना संदिग्धता उत्पन्न करता है। उपरोक्त परिस्थितियों से स्पष्ट है कि श्री करन सिंह सचिव व प्रधान श्री विजय कुमान ने अपने नाम व अन्य के नाम से चेक बनाकर, काल्पनिक/फर्जी व्यय दर्शाकर धनराशि 95000 रू0 का आहरण कर लिया है, जिसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान व सचिव से विभागीय सहित की जानी अपेक्षित है।

(आ0सं0 42)

<u>प्रस्तर संख्या–87–</u> ग्रा0प0का नाम पछुआ आलोच्य वर्ष 2016–17 में ग्राम पंचायत पछुआ की ग्राम निधि से कुल रू0 970371.00 का आहरण प्रधान व सचिव के संयुक्ताक्षरों के माध्यम से किया गया। आहरित धनराशि के सापेक्ष बजट, कार्यवाही रजि0 स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, एस्टीमेंट अनुसार माप पुस्तिका क्रय प्रमाणक वाउचर्स कोषवही, <u>टेण्डर/कुटेशन</u> पत्रावली, मास्टरराल डिलीवरी चालान, स्टॉक रजिस्टर, निरीक्षण पुस्तिका, परिसंपत्ति पंजिका कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र इत्यादि अनुपलब्ध रहे।उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सचिव श्री छेदालाल से पत्र दिनांक 10.10.2017,12.10.

2017, 13.10.2017, 23.10.2017, 06.11.2017 व 06.03.2018 के माध्यम से अभिलेख की मांग की गयी। डी0पी0आर0ओ0 बरेली ने पत्रांक 4175–सी दिनांक 20.11.2017 व पत्रांक 4574–सी दिनांक 24.11.2017 के माध्यम से श्री छेदालाल से ग्राम पंचायत के अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत करने को निर्देशित किया। अभिलेख प्रस्तुत न करने पर डी0पी0आर0ओ0 बरेली द्वारा श्री छेदालाल को निलम्बित भी किया गया। बाद में अज्ञात कारणों से ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा कराने हेतु अभिलेख प्रस्तुत न करने के बाबजूद बहाल भी कर दिया गया। स्पष्ट है कि श्री छेदालाल के पास ग्राम पंचायत से किये गये आहरण के सापेक्ष कोई भी अभिलेख नहीं है अन्यथा वे अपने विरूद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही होने पर उन्हें प्रस्तुत कर देते। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8 क में प्रमाणकों के अभाव में धनराशि को गबन मानते हुए उसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान व सचिव से किये जाने का प्रावधान है। इस प्रकार अभिलेखों के अभाव में प्रधान व सचिव द्वारा धनराशि 970371.00 रू0 का अपहरण किया जाना स्वयं सिद्ध है। अतः धनराशि रू0 970371.00 की ब्याज सहित वसूली सचिव श्री छेदालाल व प्रधान श्रीमती माया देवी से वैधानिक कार्यवाही सहित की जानी अपेक्षित है।**(आ0सं0 09)**

प्रस्तर सं0–88– ग्रा0प0का नाम रम्पुरा आलोच्य वर्ष 2016–17 में ग्राम पंचायत रम्पुरा की ग्राम निधि से कुल रू0 847057.00 का आहरण प्रधान व सचिव के संयुक्ताक्षरों के माध्यम से किया गया। आहरित धनराशि के सापेक्ष बजट, कार्यवाही रजि0 स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, एस्टीमेंट अनुसार माप पुस्तिका क्रय प्रमाणक वाउचर्स कोषवही, टेण्डर/कुटेशन पत्रावली, मास्टरराल डिलीवरी चालान, स्टॉक रजिस्टर, निरीक्षण पुस्तिका, परिसंपत्ति पंजिका कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र इत्यादि अनुपलब्ध रहे। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सचिव श्री छेदालाल से पत्र दिनांक 10.10.2017, 12.10.2017, 13.10.2017, 23.10.2017, 06.11.2017 व 06.03.2018 के माध्यम से अभिलेख की मांग की गयी। डी0पी0आर0ओ0 बरेली ने पत्रांक 4175–सी दिनांक 20.11.2017 व पत्रांक 4574–सी दिनांक 24.11.2017 के माध्यम से श्री छेदालाल से ग्राम पंचायत के अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत करने को निर्देशित किया। अभिलेख प्रस्तुत न करने पर डी0पी0आर0ओ0 बरेली द्वारा श्री छेदालाल को निलम्बित भी किया गया। बाद में अज्ञात कारणों से ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा कराने हेतु अभिलेख प्रस्तुत न करने के बाबजूद बहाल भी कर दिया गया। स्पष्ट है कि श्री छेदालाल के पास ग्राम पंचायत से किये गये आहरण के सापेक्ष कोई भी अभिलेख नहीं है अन्यथा वे अपने विरूद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही होने पर उन्हें प्रस्तुत कर देते। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8 क में प्रमाणकों के अभाव में धनराशि को गबन मानते हुए उसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान व सचिव से किये जाने का प्रावधान है। इस प्रकार अभिलेखों के अभाव में प्रधान व सचिव द्वारा धनराशि 847057.00 रू0 का अपहरण किया जाना स्वयं सिद्ध है। अतः धनराशि रू0 847057.00 की ब्याज सहित वसूली सचिव श्री छेदालाल व प्रधान श्रीमती रेहाना से वैधानिक कार्यवाही सहित की जानी अपेक्षित है।**(आ0सं0 09)**

प्रस्तर सं0–89– ग्रा0प0का नाम वैकरनन्दा आलोच्य वर्ष 2016–17 में ग्राम पंचायत वैकरनन्दा की ग्राम निधि से कुल रू0 562098.00 का आहरण प्रधान व सचिव के संयुक्ताक्षरों के माध्यम से किया गया। आहरित धनराशि के सापेक्ष बजट, कार्यवाही रजि0 स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, एस्टीमेंट अनुसार माप पुस्तिका क्रय प्रमाणक वाउचर्स कोषवही, टेण्डर/कुटेशन पत्रावली, मास्टरराल डिलीवरी चालान, स्टॉक रजिस्टर, निरीक्षण पुस्तिका, परिसंपत्ति पंजिका कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र इत्यादि अनुपलब्ध रहे। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सचिव श्री छेदालाल से पत्र दिनांक 10.10.2017, 12.10.2017, 13.10.2017, 23.10.2017, 06.11.2017 व 06.03.2018 के माध्यम से अभिलेख की मांग की गयी। डी0पी0आर0ओ0 बरेली ने पत्रांक 4175–सी दिनांक 20.11.2017 व पत्रांक 4574–सी दिनांक 24.11.2017 के माध्यम से श्री छेदालाल से ग्राम पंचायत के अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत करने को निर्देशित किया। अभिलेख प्रस्तुत न करने पर डी0पी0आर0ओ0 बरेली द्वारा श्री छेदालाल को निलम्बित भी किया गया। बाद में अज्ञात कारणों से ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा कराने हेतु अभिलेख प्रस्तुत न करने के बाबजूद बहाल भी कर दिया गया। स्पष्ट है कि श्री छेदालाल के पास ग्राम पंचायत से किये गये आहरण के सापेक्ष कोई भी अभिलेख नहीं है अन्यथा वे अपने विरूद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही होने पर उन्हें प्रस्तुत कर देते। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8 क में प्रमाणकों के अभाव में धनराशि को गबन मानते हुए उसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान व सचिव से किये जाने का प्रावधान है। इस प्रकार अभिलेखों के अभाव में प्रधान व सचिव द्वारा धनराशि 562098.00 रू0 का अपहरण किया जाना स्वयं सिद्ध है। अतः धनराशि रू0 562098.00 की ब्याज सहित वसूली सचिव श्री छेदालाल व प्रधान श्रीमती राजेश्वरी से वैधानिक कार्यवाही सहित की जानी अपेक्षित है। **(आ0सं0 9)**

प्रस्तर सं0–90– ग्रा0प0का नाम वसुपुरा आलोच्य वर्ष 2016–17 में ग्राम पंचायत वसुपुरा की ग्राम निधि से कुल रू0 772704.00 का आहरण प्रधान व सचिव के संयुक्ताक्षरों के माध्यम से किया गया। आहरित धनराशि के सापेक्ष बजट, कार्यवाही रजि0 स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, एस्टीमेंट अनुसार माप पुस्तिका क्रय प्रमाणक वाउचर्स कोषवही, टेण्डर/कुटेशन पत्रावली, मास्टरराल डिलीवरी चालान, स्टॉक रजिस्टर, निरीक्षण पुस्तिका, परिसंपत्ति पंजिका कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र इत्यादि अनुपलब्ध रहे। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सचिव श्री छेदालाल से पत्र दिनांक 10.10.2017, 12.10.2017, 13.10.2017, 23.10.2017, 06.11.2017 व 06.03.2018 के माध्यम से अभिलेख की मांग की गयी। डी0पी0आर0ओ0 बरेली ने पत्रांक 4175–सी दिनांक 20.11.2017 व पत्रांक 4574– सी दिनांक 24.11.2017 के माध्यम से श्री छेदालाल से ग्राम पंचायत के अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत करने को निर्देशित किया । अभिलेख प्रस्तुत न करने पर डी0पी0आर0ओ0

बरेली द्वारा श्री छेदालाल को निलम्बित भी किया गया। बाद में अज्ञात कारणों से ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा कराने हेतु अभिलेख प्रस्तुत न करने के बाबजूद बहाल भी कर दिया गया। स्पष्ट है कि श्री छेदालाल के पास ग्राम पंचायत से किये गये आहरण के सापेक्ष कोई भी अभिलेख नहीं है अन्यथा वे अपने विरूद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही होने पर उन्हें प्रस्तुत कर देते। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8 क में प्रमाणकों के अभाव में धनराशि को गबन मानते हुए उसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान व सचिव से किये जाने का प्रावधान है। इस प्रकार अभिलेखों के अभाव में प्रधान व सचिव द्वारा धनराशि 772704.00 रू0 का अपहरण किया जाना स्वयं सिद्ध है। अतः धनराशि रू0 772704.00 की ब्याज सहित वसूली सचिव श्री छेदालाल व प्रधान श्रीमती नूरजहां से वैधानिक कार्यवाही सहित की जानी अपेक्षित है। **(आ0सं0 9)**

प्रस्तर सं0–91– ग्रा0प0का नाम उनई खालसा आलोच्य वर्ष 2016–17 में ग्रम पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार अनुदान की धनराशि का व्यय कोषबही में दर्शाया गया हें दर्शाये गये व्यय के सापेक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी बिल/वाउचर लेखा परीक्षा में जांच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय 8 की धारा 8 क में व्यवस्था दी गई है कि यदि दर्शाये गये व्यय के सम्बन्ध में कोई बिल/वाउचर उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो व्यय दर्शायी गयी धनराशि को गबन मानते हुए सम्बन्धित धनराशि की ब्याज सहित वसूली नियमानुसार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि किये गए व्यय के सापेक्ष स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र एम0 बी0 सामग्री क्रय की पुष्टि में टेण्डर/कुटेशन, मानदेय पंजिका स्टॉक रजि0 भी लेखा परीक्षा दौरान उपलबध नहीं कराई गयी। उक्त नियम के आलोक में ग्राम पंचायत द्वारा व्यय की गयी धनराशि रू0 1249790.00 बिना बिल/वाउचर एवं उपरोक्त अपेक्षित अभिलेखों के व्यय करके धनराशि का अपहरण कर लिया गया है जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव से नियमानुसार करते हुए प्रधान व सचिव के विरूद्ध प्रशासनिक व वैधानिक कार्यवाही भी अमल में लाया जाना अपेक्षित है।

क्रम सं0	विवरण	धनराशि
01	हैण्डपम्प मरम्मत	18199.00
02	मजदूरी भुगतान	166640.00
03	मिट्टी कार्य	96591.00
04	मानदेय प्रधान	40000.00
05	कैमरा क्रय	8500.00
06	स्टेश्नरी क्रय, फोटो स्टेट	5000.00
07	पवन ट्रेडर्स	62970.00
08	ईटक्रय	768790.00
09	पाइप क्रय	14300.00
10	सीमेन्ट रेता आदि क्रय	68800.00
	योग–	1249790.00

(आ0सं0 27)

प्रस्तर सं0–92– ग्रा0प0का नाम वकैनिया स्वाले वर्ष आलोच्य में दिनांक 01.04.2015 से 01.05.2015 तक ग्राम पंचायत के खाता सं0 315431292 से 87500.00 रू0 का आहरण किया गया है। रोकड़ वही में दर्षित व्यय के सापेक्ष लेखा परीक्षा में बजट, कार्यवाही रजिस्टर, स्वीकृत कार्य योजना, स्वीकृत एस्टीमेट, एम0बी0 मास्टररोल, टेण्डर/कुटेशन पत्रावली, कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र, डायरेक्ट्री ऑफ वकर्स, व्यय प्रमाण सटॉक रजिस्टर आदि अनुपलब्ध रहे जिससे व्यय के सापेक्ष किया गया भुगतान अपुष्तित व अप्रमाणित रहा। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8 क के प्रकाश में उक्त धनराशि 87500.00 का अपहरण स्पष्ट होने के कारण धनराशि की ब्याज सहित वसूली प्रधान श्रीमती नेमादेवी व सचिव श्री करन सिंह से वैधानिक कार्यवाही एवं ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।**(आ0सं0 4)**

प्रस्तर सं0–93–वर्ष आलोच्य में हैण्ड पंप के मरम्मत पर 17500.00 का व्यय किया गया है। जिसमें से 9000.00 के प्रमाणक पर संख्या,सामग्री एवं मजदुरी पर व्यय अंकित है। लेकिन 7500.00 के प्रमाणक अनुपलब्ध रहे। अतः 7500.00 की ब्याज सहित वसूली प्रधान श्री वेदपाल व ग्राम पंचायत अधिकारी श्री विपिन पाण्डेय/तात्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी से की जानी अपेक्षित है।**(सा0आ0सं0 08)**

प्रस्तर सं0–94 वर्ष आलोच्य में दिनांक 24.09.2016 को 9900.00 तथा दिनांक 28.10.2016 को 9600 का भुगतान मिटटी डलवाई हेतु किया गया, लेकिन उक्त व्ययों के प्रमाणक अनुपलब्ध रहें। अतः कुल धनराशि 19500 की ब्याज सहित वसूली प्रधान श्री वेदपाल व ग्राम पंचायत अधिकारी श्री विपिन पाण्डेय / तात्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी से की जानी अपेक्षित है।**(सा0आ0सं0 16)**

प्रस्तर सं0–95– ग्रा0प0का नाम बैकरशाहपुर आलोच्य वर्ष 2016–17 में ग्राम पंचायत वैकरशाहपुर की ग्राम निधि से कुल रू0 487200.00 का आहरण प्रधान व सचिव के संयुक्ताक्षरों के माध्यम से किया गया। आहरित धनराशि के सापेक्ष बजट, कार्यवाही रजि0 स्वीकृत कार्ययोजना, स्वीकृत एस्टीमेंट, एस्टीमेंट अनुसार माप पुस्तिका क्रय प्रमाणक वाउचर्स कोषवही,टेण्डर/कुटेशनपत्रावली,मास्टररोल डिलीवरी चालान,स्टॉक रजिस्टर,निरीक्षणपुस्तिका,परिसंपत्तिपंजिका कार्यपूर्ति

प्रमाणपत्र इत्यादि अनुपलब्ध रहे। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सचिव श्री छेदालाल से पत्र दिनांक 10.10.2017, 12. 10.2017, 13.10.2017, 23.10.2017, 06.11.2017 व 06.03.2018 के माध्यम से अभिलेख की मांग की गयी। डी0पी0आर0ओ0 बरेली ने पत्रांक 4175–सी दिनांक 20.11.2017 व पत्रांक 4574–सी दिनांक 24.11.2017 के माध्यम से श्री छेदालाल से ग्राम पंचायत के अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत करने को निर्देशित किया। अभिलेख प्रस्तुत न करने पर डी0पी0आर0ओ0 बरेली द्वारा श्री छेदालाल को निलम्बित भी किया गया। बाद में अज्ञात कारणों से ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा कराने हेतु अभिलेख प्रस्तुत न करने के बाबजूद बहाल भी कर दिया गया। स्पष्ट है कि श्री छेदालाल के पास ग्राम पंचायत से किये गये आहरण के सापेक्ष कोई भी अभिलेख नहीं है अन्यथा वे अपने विरूद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही होने पर उन्हें प्रस्तुत कर देते। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8 क में प्रमाणकों के अभाव में धनराशि को गबन मानते हुए उसकी ब्याज सहित वसूली प्रधान व सचिव से किये जाने का प्रावधान है। इस प्रकार अभिलेखों के अभाव में प्रधान व सचिव द्वारा धनराशि 487200.00रू0 का अपहरण किया जाना स्वयं सिद्ध है। अतः धनराशि रू0 487200.00 की ब्याज सहित वसूली सचिव श्री छेदालाल व प्रधान श्रीमती नूरजहां से वैधानिक कार्यवाही सहित की जानी अपेक्षित है**(आ0सं0 9)**

प्रारूप–04

जनपद– पीलीभीत **वर्ष– 2016–17** **मण्डल –बरेली**

ग्राम पंचायतों से संबंधित आपत्तियां

प्रस्तर सं0 –01 ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में कुल रू0 621100.00 की धनराशि आहरित की गई है परन्तु इसके व्यय की पुष्टि हेतु आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। आहरित धनराशि का विवरण निम्न प्रकार है–

क0सं0	चैक सं0	दिनाँक	व्यक्ति /संस्था, जिसके नाम चैक जारी किया गया है।	आहरित धनराशि (में)
1.	14	17-04-2015	सी.एल.जी. (लूज चैक)	2000-00
2.	15	21-04-2015	असफाक शाह	60000-00
3.	521488	29-04-2015	असफाक शाह	25000-00
4.	76	13-05-2015	असफाक शाह	5000-00
5.	77	17-07-2015	सी.एल.जी.	2000-00
6.	80	03-09-2015	असफाक शाह	35000-00
7.	81	03-09-2015	योगेश कुमार	15000-00
8.	78	07-09-2015	सी.एल.जी.	2000-00
9.	79	07-09-2015	सी.एल.जी.	2000-00
10	82	14-09-2015	असफाक शाह	60000-00
11	83	06-10-2015	सी.एल.जी.	2000-00
12	84	06-11-2015	कृष्णपाल	3500-00
13	86	10-02-2016	सी.एल.जी.	3000-00
14	85	10-02-2016	सी.एल.जी.	2000-00
15	87	19-02-2016	कृष्णपाल	50000-00
16	88	19-02-2016	ओमकार	18600-00
17	89	23-02-2016	असफाक शाह	125000-00
18	90	09-03-2016	असफाक शाह	20000-00
19	93	19-03-2016	असफाक शाह	50000-00

20	92	19-03-2016	शान ब्रिक फील्ड	139000-00
			योग	621100-00

छः लाख इक्कीस हजार एक सौ ।उक्त आहरित धनराशि के सापेक्ष कोषवही, व्यय प्रमाणक, स्वीकृत स्टीमेट, मापांकन पंजिका, स्टाक पंजिका, सामग्री क्रय आदेश कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र स्वीकृत, कार्य योजना, कार्यवाही पंजिका, टेंडर/कुटेशन पत्रावली, स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट आदि के अभाव में किये गये आहरण के व्यय की पुष्टि संभव नहीं है। वित्त लेखा मैनुअल के अधयाय–8 के पैरा 8(क) के अनुसार दर्षित व्यय के सापेक्ष कोई प्रमाणक न होने पर दर्शायी गई अथवा आहरित धनराशि को गबन मानते हुए इस धनराशि की ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान व सचिव से किए जाने का प्रावधान है। अतः उक्त आहरित धनराशि (रू0 621100-00) में से ग्राम प्रधान श्री असफाक शाह एवं ग्राम वि./पं. अधिकारी श्री बाबूराम से रू0 213500.00 (दो लाख तेरह हजार पांच सौ मात्र) एवं ग्राम प्रधान शाहना बेगम एवं ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी श्री बाबूराम रू0 407600.00 (चार लाख सात हजार छः सौ मात्र) की ब्याज सहित वसूली की कार्यवाही अपेक्षित है।**(सा0आ0सं0–4, ग्रा0पं0–सितारगंज नवदिया, बीसलपुर, पीलीभीत।)**

प्रस्तर सं0 –02 ग्राम पंचायत सितारगंज नवदिया की वित्तीय वर्ष 2013–14 व 2014–15 में क्रमशः रू0 705633.00 एवं रू0 745000.00 का व्यय ग्राम निधि–I के तहत दर्शाया गया है। परन्तु दर्षित व्यय की पुष्टि में वित्तीय वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में क्रमशः रू0201101.00 एवं रू0 745000.00 के अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गये। अपुष्ट व्यय हेतु कैशबुक में दर्शाये गये कार्य एवं उन पर किए गये व्यय का विवरण निम्न प्रकार से है–

क्र0सं0	कैशबुक के अनुसार वाउचर सं0	वित्तीय वर्ष	कार्य सामग्री, जिस पर व्यय दर्षित है।	दिनाँक	धनराशि (में)
1	05	2013-14	मस्टर रोल वावत नाली निर्माण	25-06-2013	14016-00
2	06		हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय	28-06-2013	5984-00
3	07		ठेली क्रय पर व्य	18-07-2013	12150-00
4	08		हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय	06-08-2013	7370-00
5	10		भुगतान वावत 60 ट्राली मिट्टी/ 500	27-08-2013	30000-00
6	11		विज्ञापन पर व्यय	27-08-2013	1000-00
7	12		मस्टर रोल वावत खड़ण्जा मरम्मत (मेन रोड से गेंदन लाल)	31-08-2013	11680-00
8	13		विज्ञापन पर व्यय	03-09-2013	2000-00
9	14		भुगतान वावत 20 ट्राली मिट्टी/ 500	23-09-2013	10000-00
10	17		मस्टर रोल वावत नाली निर्माण (कढ़ेराम–सुंदरलाल) 46 मी0	22-10-2013	5840-00
11	18		हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय	26-10-2013	2160-00
12	19		भुगतान वावत 32 ट्राली मिट्टी/ 500	28-10-2013	16000-00
13	22		विज्ञापन पर व्यय	02-12-2013	2000-00
14	24		भुगतान वावत 4 ट्राली महीन रेता/ 1450	19-12-2013	5000-00
15	25		हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय	19-12-2013	5003-00
16	20		मस्टर रोल वावत नाली निर्माण मेनरोड से गेंदनलाल 110 मी0	25-01-2014	12848-00
17	27		हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय	25-01-2014	2152-00
18	31		भुगतान वावत 1 ट्राली महीन रेता/ 1500	19-02-2014	1500-00

19	32		सोलर लाइट क्रय (पंचायत उद्योग सरोजनी नगर लखनऊ)	25-02-2014	22522-00
20	33		मस्टर रोल वावत स्कूल शौचालय मरम्मत	28-02-2014	7008-00
21	34		स्कूल शौचालय रंगाई–पुताई	28-02-2014	692-00
22	35		ग्राम प्रधान मानदेय हेतु भुगतान (8750.00)	03-03-2014	6000-00
23	38		मस्टर रोल वावत नाली निर्माण तेजबहादुर से जमुना प्रसाद, 48 मी0	24-03-2014	8176-00
24	39		ग्राम प्रधान मानदेय हेतु भुगतान (8750.00)	31-03-2014	10000-00
				योग–	201101-00
26	1	2014-15	5000 नग ईंट–1 / 5000.00 प्रति हजार दर (फिजा ब्रिक फील्ड)	25-04-2014	25000-00
27	2		12000 नग ईंट–1 / 5000.00 प्रति हजार दर (फिजा ब्रिक फील्ड)	09-05-2014	60000-00
28	3		रामा आयरन स्टोर 65 बोरी सीमेन्ट, 19500, 60 घनमी0 मोरंग–7500, 10घनमी0 महीन रेत–5000	31-05-2014	32000-00
29	4		मस्टर रोल वावत नाली निर्माण (प्राथमिक विद्यालय से बुद्धसेन 65+65 मी0)	31-05-2014	17136-00
30	5		हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय	31-05-2014	7864-00
25.11.2016	104	आजम ब्रिक फील्ड	162291-00
		योग–	787265-00

उक्त विवरणानुसार तक क्रमशः रू0 787265.00 की पुष्टि में वांछित अभिलेख उपलब्ध नहीं रहे। कार्यवाही पंजिका, अनुमोदित कार्य योजना, स्वीकृत प्राक्कलन कुटेशन/टेण्डर पत्रावली सामग्री क्रय आदेश, सामग्री आपूर्ति चालानों की प्रतियां,सम्बंधित पंजिका,कार्य निर्माण पंजिका, मस्टर रोल,मापांकन पुस्तिका,कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र, डी0पी0सी0–09/उपभोग प्रमाण–पत्र,इत्यादि अभिलेखों को लेखापरीक्षा में पुष्टि हेतु उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण

रू0 787265.00 का सम्बंधित फर्मो को किया गया भुगतान पूर्णतः अपुष्टित रहा, जबकि वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के पैरा 8(क) के आहरित/व्यय धनराशि के सापेक्ष बिल/बाउचर व संगत अभिलेख उपलब्ध न होने पर आहरित/व्यय दर्शायी गयी धनराशि रू0 787265.00 का गबन/अपहरण फर्मों के साथ सांठ–गांठ कर किया गया है। जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान श्री मिलाप सिंह एवं ग्राम पंचायत सचिव श्री राजवन्दन मिश्रा से करायी जानी अपेक्षित रही।**(सा0आ0सं0–09, ग्रा0पंचा0–लालपुर ता0 माधौटाण्डा, पूरनपुर, पीलीभीत)**

27. लेखा परीक्षा वर्ष 2011–12 से 2016–17 तक के मनरेगा योजना संबंधी समस्त अभिलेखों को लेखा परीक्षा में पुष्टि हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया, जबकि विभागीय निर्देशानुसार प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य था। वित्तीय वर्ष 2013–14 से 2016–17 तक में उपलब्ध वित्तीय प्रदर्षन के अनुसार ऑनलाइन एम0आई0एस0 फीडिंग कराई गयी है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है–

वर्ष	सामग्री	क्रमांश	अन्य	योग
2013-14	एम0आई0एस0 फीडिंग अपूर्ण पायी गयी/अन्य अभिलेख अप्राप्त।			
2014-15	एम0आई0एस0 फीडिंग शून्य दर्षित पाया गया।			
2015-16	-	4.33 लाख	-	4.33 लाख
2016-17	0.60 लाख	19.48 लाख	-	20.08 लाख
योग				24.41 लाख

अन्य विवरण से स्पष्ट है कि 2013–14 से 2016–17 तक क्रमशः रू0 शन्य, रू0 शून्य, रू0 4.33 लाख एवं रू0 20.08 लाख कुल रू0 24.41 लाख की ऑनलाइन एम0आई0एस0 फीडिंग कराकर धन का व्यय किया जाना दर्शाया गया है, जिसकी पुष्टि में मूल अभिलेख यथा– अनुमोदित कार्य योजना, स्वीकृत प्राक्कलन कुटेशन/टेण्डर पत्रावली सामग्री क्रय आदेश, सामग्री क्रय आदेश बिल बाउचर सामाग्री आपूर्ति चालानों की प्रतियां, सम्बंधित पंजिका, कार्य निर्माण पंजिका, मस्टर रोल, मापांकन पुस्तिका, कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र, एफ0टी0ओ0 डोंगल प्रमाण–पत्र, परिसंपत्ति पंजिका, सक्षम अधिकारियों द्वारा स्थलीय सत्यापन रिपोर्ट इत्यादि अभिलेखों को लेखा परीक्षा में पुष्टि हेतु उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण रू0 24.41 लाख की कराई गयी ऑनलाइन एम0आई0एस0 फीडिंग पूर्णतः अपुष्टित रही। जबकि वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के पैरा 8(क) के अनुसार व्यय की गयी धनराशि के सापेक्ष मूल अभिलेख/बिल बाउचर उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में व्यय की गई धनराशि को अपहरण मानते हुये धन की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी कर्मचारी/अधिकारी व ग्राम प्रधानों से कराई जानी अपेक्षित रही।

लेखा परीक्षा वर्ष	नाम उत्तरदायी कर्म0/अधि0 व ग्राम प्रधान	पद नाम	कार्यकाल अवधि का विवरण
2015-16	श्रीमती विद्दो देवी श्री मिलाप सिंह श्री लाल बहादुर मौर्या श्री नावेद अख्तरश्री वृजराज सिंह श्री आर0बी0 भास्कर श्री सतीश कुमार पाण्डेय	ग्राम प्रधान ग्राम प्रधान ग्राम वि. अधि. लेखाकार रोजगार सेवक पी.डी. प्रभारी बी.डी.ओ. बी.डी.ओ.	01.04.2015 से नवम्बर 2015 नवम्बर 2015 से 31.03.2016 01.04.2015 से 31.03.2016 01.04.2015 से 31.03.2016 01.04.2015 से 31.03.2016 01.04.2015 से 08.01.2016 09.01.2016 से 31.3.2016
2016-17	श्री मिलाप सिंह श्री राजवन्दन मिश्रा श्री नावेद अख्तर श्री वृजराज सिंह श्री सतीश कुमार पाण्डेय	ग्राम प्रधान ग्र0पंचा0 सचिव लेखाकार रोजगार सेवक बी0डी0ओ0	01.04.2016 से 31.03.2017 01.04.2016 से 31.03.2017 01.04.2016 से 31.03.2017 01.04.2016 से 31.03.2017 01.04.2016 से 31.03.2017

उक्त से ब्याज सहित वसूली के साथ–साथ विधिक/नियमानुसार विभागीय कार्यवाही अपेक्षित रही।

(सा0आ0सं0–प्रस्तर खण्ड ख–01, ग्रा0पंचा0–लालपुर ता0 माधौटाण्डा पूरनपुर, पीलीभीत)

28. मनरेगा अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहने के कारण लेखा परीक्षा संभव नहीं रहा। लेखा परीक्षा वर्षों से संबंधित एम0आई0एस0 फीडिंग के अनुसार सामग्री एवं श्रमांश पर निम्न विवरणानुसार धनराशियाँ व्यय की जानी दर्षित हैं जिसका विवरण निम्नवत् है–

लेखा परीक्षा वर्ष	क्रमांश (लाख में)	सामग्री अंश (लाख में)	योग (लाख में)
2014-15	5.20	17.67	22.87

2015-16	3.76	4.18	7.94
2016-17	12.88	6.25	19.13
योग	21.84	28.10	49.94

(क) उक्त विवरण से स्पष्ट है कि वर्ष 2014–15 में सामग्री अंश में कुल व्यय रू0 22.87 लाख के 60 प्रतिशत रू0 13.72 लाख के स्थान पर रू0 17.67 का व्यय एम0आई0एस0 फीडिंग अनुसार दर्शाया है, जो मनरेगा योजना के मार्गदर्शी सिद्धान्त क्रमांश 40:60 के अनुसार रू0 8.52 लाख से अधिक है, जिसकी ब्याज सहित वसूली तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी श्री वीरपाल सिंह एवं ग्राम प्रधान श्री फैज हुसैन से की जानी अपेक्षित है।

(ख) उक्त विवरण से स्पष्ट है कि वर्ष 2014–15 से 2016–17 तक ऑनलाइन एम0आई0एस0 फीडिंग अनुसार कुल रू0 49.94 लाख व्यय किये जाने की पुष्टि हो रही है, जिसकी पुष्टि में मूल अभिलेख यथा–अनुमोदित कार्य योजना, स्वीकृत प्राक्कलन कुटेशन/टेण्डर पत्रावली सामग्री क्रय आदेश, सामग्री आपूर्ति चालानों की प्रतियां, सम्बंधित पंजिका, कार्य निर्माण पंजिका, मस्टर रोल, मापांकन पुस्तिका, कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र, एफ0टी0ओ0 डोंगल प्रमाण–पत्र, परिसंपत्ति पंजिका, जॉव कार्ड पंजिका, सक्षम अधिकारियों द्वारा स्थलीय सत्यापन रिपोर्ट इत्यादि अभिलेखों को लेखा परीक्षा में पुष्टि हेतु उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण कुल रू0 49.94 लाख की कराई गयी एम0आई0एस0 फीडिंग पूर्णतः अपुष्ट रही।

वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के पैरा 8(क) के अनुसार धनराशि के सापेक्ष मूल अभिलेख/बिल बाउचर उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में व्यय दर्शायी गयी धनराशि को गबन/अपहरण मानते हुए धन की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी कर्मचारी/अधिकारी से कराई जानी अपेक्षित रही। उत्तरदायी कर्मचारियों/ अधिकारियों का विवरण निम्नवत् है–

1. रोजगार सेवक– श्री मो0 रफीक– 01.04.2014 से 31.03.2017
2. ग्राम प्रधान– श्री फैज हुसैन– 01.04.2014 से 31.10.2015
   श्रीमती सूरत जहां– 21.12.2015 से 31.03.2017
3. ग्राम पंचायत अधिकारी–
   श्री वीरपाल सिंह– 01.04.2014 से 31.03.2016
   श्री लाल बहादुर गंगवार– 01.04.2016 से 31.03.2017
4. कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा/खण्ड विकास अधिकारी, पूरनपुर, पीलीभीत
   श्री यशवन्त कुमरा (परियोजना निदेशक) 01.04.2014 से 22.07.2014
   श्री रामायण सिंह यादव (खण्ड वि0अधि0) 23.07.2014 से 18.12.2014
   श्री आर0वी0 भास्कर (परियोजना निदेशक) 19.12.2014 से 08.01.2016
   श्री डा0 शिवकान्त द्विवेदी (डी0सी0मनरेगा) 14.01.2016 से 19.02.2016
   श्री सतीश चन्द्र पाण्डेय (खण्ड वि0अधि0) 20.02.2016 से 31.03.2017

(सा0आ0सं0–1ग मनरेगा, ग्रा0पंचा0–वासूपुर, पूरनपुर, पीलीभीत)

29. लेखा परीक्षा वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 में ग्राम निधि खाता सं0–06970100020538 बैंक ऑफ बडौदा, शाखा–पूरनपुर, जनपद–पीलीभीत से क्रमशः रू0 1217850.00 एवं रू0 643262.00 का आहरण किया गया है। (कुल रू0 1861112.00) जिसकी पुष्टि में कोई भी अभिलेख अनुमोदित कार्य योजना, कार्यवाही पंजिका, स्वीकृत प्राक्कलन कुटेशन/टेण्डर पत्रावली सामग्री क्रय आदेश, सामग्री आपूर्ति चालानों की प्रतियां, सम्बंधित पंजिका, कार्य निर्माण पंजिका, मस्टर रोल, मापांकन पुस्तिका, कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र, सक्षम अधिकारियों द्वारा स्थलीय सत्यापन रिपोर्ट इत्यादि अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये।

वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के पैरा 8(क) के अनुसार आहरित/व्यय की गयी धनराशि की पुष्टि में अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में व्यय दर्शायी गयी धनराशि को गबन/अपहरण मानते हुए धन की ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी से किये जाने का प्रावधान है।

अतः उक्त विवरण से स्पष्ट है कि निम्न विवरणानुसार रू0 1861112.00 की ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है

क्रम सं0	विवरण	वर्ष 2014–15	वर्ष 2015–16	योग
1	पूर्व प्रधान श्री फैज हुसैन एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री वीरपाल सिंह	1217850-00	327607-00	1545457-00
2	ग्राम प्रधान श्रीमती सूरत जहां एवं ग्राम पंचायत अधि0 श्री वीरपाल सिंह	-	315655-00	315655-00
	योग	1217850-00	634262-00	1861112-00

(सा0आ0सं0–15 ग्राम निधि, ग्रा0पंचा0–वासूपुर, पूरनपुर, पीलीभीत)

30. लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में निम्न विवरणानुसार कार्य योजना वर्ष 2015–16 से सम्बंधित कार्य नसीमुल्ला के घर से नईम की दुकान तक मिट्टी व खडंजा कार्य। कार्य की लम्बाई 140 मी0 चौड़ाई 03 मी0 कार्य की अनुमानित लागत

रू0 166700.00 उपलब्ध कराये गये प्राक्कलन के अनुसार अंकित है। उपलब्ध कराये गये प्राक्कलन के अनुसार अंकित है। उपलब्ध कराये गये प्राक्कलन पर प्रथम पृष्ठ के अलावा कहीं पर भी कार्य का नाम, लम्बाई, चौड़ाई अंकित नहीं है, और न ही जे.ई.आर.इ.डी. के अलावा अन्य किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति के हस्ताक्षर पाये गये। कार्य हेतु प्रशासनिक–वित्तीय एवं तकनीकी स्वीकृति किस क्रमांक से एवं किस तिथि को दी गयी है न तो स्टेटमेन्ट पर अंकित पाया गया और न किसी अन्य अभिलेख से पुष्टि ही हो सकी। क्रय की गई सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है–

व्यय बैंक अनुसार					कैशबुक अनुसार			
चैक सं0	दिनांक	धनराशि	किसके नाम जारी	बाउचर सं0	दिनांक	धनराशि	सामग्री	कार्य का नाम बिल नं0 सहित
118	12.07.2016	95400-00	अल वासित ब्रिक्स	03	12.07.2016	95400-00	18000 ईंट पर 5500/हजार	69/12.07.2016 अल वासिल
120	06.07.2016	30500-00	निसार खान	-	15.07.2016	8410-00	145 धनमी0 मिट्‌टी 58/- की दर से	?
125	13.12.2016	25000-00		10	13.12.2016	35510-00	6700 ईंट पर 5300/ हजार	नकद भुगतान 70/
123	23.12.2016	25000-00		-	-	-	-	-
127	31.01.2017	24000-00	आरिफरजा	12	31.01.2017	26300-00	एम0आर. 16.01.2017 31.01.2017	मिटटी फैलाने एवं खण्डजा
	योग	199900-00				165620-00		

ईंट क्रय हेतु फर्म अल वासित ब्रिक फील्ड के बिल नं0–69 दिनांक–12.07.2016 एवं बिल नं0–70 दिनांक 13.12.2016 को कैश बुक में वाउचर नं0–03 दिनांक 12.07.2016 एवं वाउचर न0–10 दिनांक 13.12.2016 के रूप में प्रयुक्त किया गया है जो सम्भव नहीं है। क्या जुलाई से दिसम्बर तक फर्म द्वारा कोई भी बिल जारी नहीं किया स्पष्ट करें?
मिट्टी खरीद माह जुलाई में और फैलाने पर लगे श्रमिकों का भुगतान माह जनवरी में किया गया जाना दर्षित है जो सम्भव नहीं है। मिट्टी किससे खरीदी गई ट्रैक्टर नम्बर एवं मालिक का नाम भी अंकित नहीं।
मिट्टी पर शासनादेश के अनुसार 30/– घन मी0 की दर से रायल्टी काटी जानी चाहिए थी। (145 घन मी0 मिट्टी X 30 = 4350.00) जो नहीं काटी गई। इससे स्पष्ट है कि मिट्टी खरीद संदिग्ध दर्षित है।
कार्य पर कुल रू 15540.00 का भुगतान (140 मी0मी0 X 3 चौ0 X 37 दर प्रति वर्ग मी0) होना चाहिए था, जबकि किया गया 26300.00 इस प्रकार स्पष्ट है कि 10760.00 का भुगतान मिट्टी फैलाने हेतु किया गया है, जो कि मनमाने ढंग से किया गया है।कार्य की माप पुस्तिका उपलब्ध नहीं कराई गई।
केवल कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र उपलब्ध हुआ। रूप–पत्र 41 (नियम 209) जिस पर निरीक्षण कर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं पाये गये।इस प्रकार उक्त विवरण से स्पष्ट है कि कुल ृ 165620.00 का व्यय मनमाने एवं सुनियोजित ढंस से दर्शाकर धन का अपहरण किया गया है, जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती सूरत जहां एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री लाल बहादुर गंगवार से की जानी अपेक्षित है।

(सा0आ0सं0–16 ग्राम निधि, ग्रा0पंचा0–वासूपुर, पूरनपुर, पीलीभीत)

31. लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में निम्न विवरणानुसार कार्य–योजना 2015–16 से सम्बंधित कार्य मोवीन के घर से रहीम टेलर के घर तक नाली निर्माम कार्य, लम्बाई 10 मी0 दोनों ओर। उपलब्ध स्टीमेट अनुसार क्रमांश 41400.00 सामग्री अंश 124259.00 कुल 165659.00 कार्य हेतु क्रय की गई सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है–

व्यय बैंक अनुसार						कैशबुक अनुसार			
चैक सं0	दिनांक	धनराशि	किसके नाम जारी	बाउचर सं0	दिनांक	धनराशि	सामग्री	कार्य का नाम बिल नं0 सहित	
117	12.07.2016	76005-00	अल वासित ब्रिक्स	02	08.07.2016	82305-00	12600 ईट–पर 5800 / हजार	64 / 08.07. 2016 अल वासित ब्रिक	
121	05.09.2016	35145-00	प्रमोद कुमार	07	05.09.2016	35145-00	95 बोरी सीमेन्ट 260 / – की दर से, 6.34 घन मी0 मोरंग, 1650 / – की दर से	32–3160 /	
133	31.01.2017	19700-00	ट्रान्सफर किसे?	13	31.01.2017	5203	8.25 घन मी0 रेला, दर 630 / –	05.09.2016 सिंह एण्ड कम्पनी पूरनपुर	
132	31.01.2017	41923-00	सिंह एण्ड कम्पनी पूरनपुर	14	31.01.2017	41350-00	एम0आर0 16.01.2017 31.01.2017		
	योग	**172773-00**				**164003-00**			

उक्त विवरण के आधार पर निम्न आपत्तियाँ दर्ज की जा रही हैं–

क. उपलब्ध कराये गये प्राक्कलन पर प्रथम पृष्ठ के अलावा कहीं पर भी कार्य का नाम, लम्बाई, चौडाई अंकित नहीं है और न जे.इ.आर.इ.डी के अलावा अन्य किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति के हस्ताक्षर पाये गये।

ख. संदर्भित कार्य हेतु प्रशासनिक, वित्तीय, स्वीकृति किस संख्या से एवं किस तिथि को दी गई है। यह न तो स्टीमेट पर अंकित पाया गया है और न ही किसी अन्य अभिलेख से ही पुष्टि हो सकी है।

ग. कार्य वर्ष 2015–16 की कार्य योजना से सम्बंधित है। क्या यह कार्य 2016–17 की कार्य–योजना में भी अनुमोदित था। अपुष्ट रहा, पुष्टि अपेक्षित।

घ. मैसर्स अल वासिल ब्रिक फील्ड के बिल सं0–64 दिनांक 08.07.2016 के आधार पर रू0 82305.00 की सामग्री क्रय दर्षित है, जिसके सापेक्ष चैक सं0–117 12.07.2016 से फर्म को रू0 76005.00 का भुगतान किया गया है। शेष रू06300.00 का भुगतान नकद किया जाना बताया गया, जिसकी पुष्टि में कोई भी अभिलेख या साक्ष्य उपलब्ध नहीं रहा। जिस कारण भुगतान अपुष्ट रहा।

ड. चैक सं0–121 दिनांक 05.09.2016 के द्वारा रू0 35145.00 का आहरण श्री प्रमोद कुमार से कराकर मै0 सिंह एण्ड कंपनी, पूरनपुर से सीमेंट, मोरंग आदि का क्रय दर्शाकर बिल सं0–32–3160 दिनांक 05.09.2016 का भुगतान दर्शाया गया है। जबकि फर्म को ही चैक से भुगतान किया जा सकता था।

च.चैक सं0– 133 दिनांक 31.01.2017 से रू0 19700-00 का भुगतान किसी को हस्तान्तरित किया गया है, जिसके सापेक्ष रू0 5203.00 का भुगतान मैसर्स सिंह एण्ड कम्पनी के बिल सं0–32–3166 दिनांक 31.01.2017 में इससे स्पष्ट है कि क्या पांच माह में केवल 05 ही बिल जारी हुये हैं। स्पष्ट किया जाना अपेक्षित रहा। सिंह एण्ड कम्पनी को बिल संख्या 32–160 दिनांक 5.09.2016 को जारी जबकि बिल संख्या 32–3166–31.01.2017 को जारी (5 माह में 5 बिल)

छ. चैक सं0–132 दिनांक 31.01.2017 के द्वारा रू0 41923.00 का भुगतान मैसर्स सिंह एण्ड कम्पनी को हुआ है। इसकी पुष्टि बैंक स्टेटमेंट से हो रही है। परन्तु कैशबुक के अनुसार वाउचर सं0–14 दिनांक 31.01.2017 के आधार पर दिनांक 16.01.2017 से 31.01.2017 तक मस्टर रोल के अनुसार मजदूरों को भुगतान दर्षिति है। इस प्रकार स्पष्ट है कि फर्म से पैसा वापस लेकर मजदूरों को भुगतान किया जाना दर्षित है। जो सम्भव नहीं है।

ज. कार्य की पुष्टि हेतु माप पुस्तिका कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी का स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट आदि भी उपलब्ध नहीं कराया गया।

इस प्रकार स्पष्ट है कि उक्त कार्य पर कुल रू0 164003.00 का व्यय मनमाने ढंग से दर्शाकर धन का अपहरण किया गया है। जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती सूरत जहां एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री लाल बहादुर गंगवार से की जानी अपेक्षित है। **(सा0आ0सं0–17 ग्राम निधि, ग्रा0पंचा0–वासूपुर, पूरनपुर, पीलीभीत)**

32. लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में प्राथमिक विद्यालय वासूपुर का मरम्मत कार्य पर निम्न विवरणानुसार कैशबुक में व्यय दर्षित है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है–

व्यय बैंक अनुसार				कैशबुक अनुसार				
चैक सं0	दिनांक	धनराशि	किसे जारी	व्यय क्रमाक/दिनांक	धनराशि	फर्म का नाम	फर्म का बिल नं0	सामाग्री का विवरण
120	06.07.2016	30500-00	निसार खान	05/ 20.07.2016	15373-00	सिंह एण्ड कम्पनी	32–3157	7.2 घन मी0 मोरंग 1650 1.6 घन मी0 बजरी 1750
130	03.09.2016	10500-00	प्रमोद कुमार	06/ 03.09.2016	10062-00	–	20.07.2016	6.35 घन रेता 630/–
123	23.12.2016	25000-00	प्रधान	11/ 23.12.2016	13340-00	मिट्टी मौ0 हुसैन	32–3158	140 किलो सरिया 4300/–
128	31.01.2017	31000-00	ज्व ज्त.	13/ 31.01.2017	39750-00	सिंह एण्ड कंपनी	03.09.2016	230 घन मी0 X 58
--	06.02.2017	67628-00	मै0 कामर ब्रिक फील्ड	15/ 06.02.2017	67628-00	फर्म	रसीद	95 बोरी सीमेट X 300 8.95 प्लाई 890 107 कि0ग्र0 चूना X 7/–
134	21.02.2017	55200-00	निसार खान	16/ 06.02.2017	25200-00	जहीरूद्दीन पुत्र श्री रहीसुद्दीन	32–3166	11600 ईट प्रथम श्रेणी 5800/हजार
135	27.02.2017	48500-00	सूरत जहां ग्राम प्रधान	19/ 28.02.2017	83000-00	एम0आर0 09-02-2017 से 28-02-2017		
	योग–	268328-00			254353-00	अधिक आहरण 13975		

उक्त विवरण के आधार पर निम्न आपत्तियाँ दर्ज की जा रही हैं–

क. उपलब्ध कराये गये प्राक्कलन पर प्रथम पृष्ठ के अलावा कहीं पर भी कार्य का नाम, लम्बाई, चौडाई अंकित नहीं है और न जे.इ.आर.इ.डी. के अलावा अन्य किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति के हस्ताक्षर पाये गये।

ख. संदर्भित कार्य हेतु प्रशासनिक, वित्तीय, स्वीकृति किस संख्या से एवं किस तिथि को दी गई है। यह न तो स्टीमेट पर अंकित पाया गया है और न ही किसी अन्य अभिलेख से ही पुष्टि हो सकी है।

ग. कार्य वर्ष 2015–16 की कार्य योजना से सम्बंधित है। क्या यह कार्य 2016–17 की कार्य–योजना में भी सम्मलित था। अपुष्ट रहा।

घ. चैक सं0– 120 दिनांक–06.07.2016 को रू0 30500.00 एवं चैक सं0–130 दिनांक–03.09.2016 से रू0 10500.00 क्रमशः श्री निसार खान एवं प्रमोद कुमार के नकद आहरित कर मैंसर्स सिंह एण्ड कम्पनी के बिल सं0–32–3157 दिनांक 20.07.2016 से रू0 15373.00 (7.62 घन मी0 मोरंग दर रू0 1650.00 प्रति घन मी, 1.60 घन मी0 बजरी रू01750.00 की दर से प्रति घन मी0) एवं 32–3158 दिनांक 03.09.2016 से रू0 10062.00 (6.35 घन मी0 रेता रू0 630.00 की दर से प्रति घन मी0 140 किग्रा0 सरिया, रू0 4330.00 की दर से) कैशबुक में दर्ज व्यय प्रमाणक सं0–05/20.07.2016 एवं 06/03.09.2016 दर्ज है। भुगतान फर्म को सीधे भी किया जा सकता था, जो नहीं किया गया। क्या फर्म ने 20.07.2016 से 03.09.2016 तक कोई भी माल नहीं बेचा स्पष्ट किया जाना अपेक्षित रहा। अधिक आहरित धन रू0 13975.00 के बारे में भी स्थित संदिग्ध है।

ड. चैक सं0–121 दिनांक 05.09.2016 के द्वारा रू0 35145.00 का आहरण श्री प्रमोद कुमार से कराकर मै0 सिंह एण्ड कंपनी, पूरनपुर से सीमेंट, मोरंग आदि का क्रय दर्शाकर बिल सं0–32–3160 दिनांक– 05.09.2016 का भुगतान दर्शाया गया है। जबकि फर्म को ही चैक से भुगतान किया जा सकता था।

च. चैक सं0–123 दिनांक 23.12.2016 के द्वारा ग्राम प्रधान द्वारा रू0 25000.00 नकद आहरित कराकर 230 घन मी0 मिट्टी दर रू 58 प्रति घन मी0 की दर से रू013340.00 की खरीद की गई है, जिसका भुगतान श्री मो0 हुसैन को रसीद अनुसार दिया जाना दर्षित है, परन्तु रसीद पर यह कहीं भी अंकित नहीं है कि श्री हुसैन ने किस नम्बर के ट्रैक्टर से किन तिथियों में आपूर्ति दी है। पुष्टि अपेक्षित रही। मिट्टी खरीद पर रू 30 प्रतिघन मी0 की दर से रायल्टी भी नहीं काटी गई है।

छ. मै0 सिंह एण्ड कंपनी के बिल सं0–32–3166 दिनांक 31.01.2017 के द्वारा 95 बोरी सीमेन्ट दर रू 300 प्रति बोरी, 8.95 प्लाई दर रू0 890.00, 107 किग्रा0 चूना दर रू0 7.00 की दर से कुल रू0 39750.00 का क्रय दर्षित है। जिसके सापेक्ष चैक सं0– 128 दिनांक–31.01.2017 से ट्रान्सफर द्वारा रू0 31000.00 का भुगतान की ही पुष्टि हो रही है। शेष भुगतान कैसे हुआ अपुष्ट रहा। पुष्टि अपेक्षित। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि फर्म के इसी बिल सं0–32–3166 का प्रयोग मोवीन के घर से रहीम टेलर के घर तक नाली निर्माण कार्य में भी हुआ है, जो कि असम्भव कार्य है। पुष्टि अपेक्षित।

ज. चैक सं0– 134 दिनांक 21.02.2017 के द्वारा ₹ 55200.00 का आहरण श्री निसार खान से कराकर वाउचर सं0–16 दिनांक 06.02.2017 (कैशबुक के अनुसार) रसीद द्वारा ₹ 25200.00 का भुगतान श्री जमीरूद्दीन पुत्र श्री रहसुद्दीन को बल्ली, फन्टी, फर्री, हेतु किया जाना दर्षित है। जबकि एम.आर. अनुसार कार्य दिनांक–09.02.2017 से 28.02.2017 तक दर्षित है। स्पष्ट है कि उक्त भुगतान कार्य के पूर्व में ही किया जाना दर्षित किया है। जो असम्भव है।

झ. मिट्टी खरीद दिनांक 23.12.2016 में दर्षित है, जबकि मिट्टी फैलाने पर लगे श्रमिकों का भुगतान एम.आर. अनुसार दिनांक 28.02.2017 को दर्शाया गया है।

ञ. उक्त कार्य का स्टीमेट ₹ 293100.00 श्री देवेन्द्र कुमार जे.ई.एम.आई. द्वारा तैयार किया गया है। नियमानुसार इसका अनुमोदन जिले से होना था, जो नहीं कराया गया।

ट.उक्त कार्य की माप–पुस्तिका, उपभोग प्रमाण–पत्र, कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र, सक्षम अधिकारी का स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट आदि उपलब्ध नहीं

उक्त विवरण से स्पष्ट है कि संदर्भित कार्य पर कुल सामग्री पर रू0 254353.00 एवं श्रमांश पर रू0 83000.00 कुल का मनमाने सुनियोजित ढंग से व्यय दर्शाकर धन का अपहरण किया गया है जिसकी ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती सूरत जहां एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री लाल बहादुर गंगवार से की जानी अपेक्षित

(सा0आ0सं0–18 ग्राम निधि, ग्रा0पंचा0–वासूपुर, पूरनपुर, पीलीभीत)

33. वर्ष 2016–17 में ग्राम विकास/पंचायत अधिकारी श्री लाल बहादुर मौर्य द्वारा निम्न विवरणानुसार धन आहरित कर (ग्राम निधि पंचम खाता सं0– 06550100032742) निम्न विवरण अनुसार व्यय दर्षित किया गया है–

बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार				कैशबुक अनुसार		
क्र0सं0	चैक सं0	दिनांक	आहरण कर्ता	धनराशि	व्यय प्रमाणक/ दिनांक	दर्षित कार्य
1	531760	05.05.2016	सुरेश	43200	05.05.2016 18000	मिट्टी भुगतान रसीद, जयवीर(500/36 देवदत्त के घर से देव स्थान तक)
2	01	30.05.2016	नकद	42000-00	17.05.2016 25056	एम आर वावत पप्पू लाल के घर से नन्हें लाल के घर तक
3	02	22.06.2016	सुरेश	10200-00	18.05.2016 144	स्टेशनरी व्यय
4	03	05.07.2016	टी.आर. एफ.	23700-00	06.06.2016 24000	मिट्टी क्रय 48 X 500 शिवओम (मंदिर से मेघनाथ के घर तक
5	05	12.07.2016	नन्हे लाल	2180-00	26.06.2016 27840	एम0आर0 वास्ते रामनाथ के घर से राममूर्ति के घर तक

6	04	12.07.2016	सुरेश	15000-00	27.06.2016 360	
			योग–	136280-00	05.07.2016 23700	स्टेशनरी पर व्यय
					12.07.2016 2180	मै0 पवन मार्वल एण्ड पेण्ट्स से सीमेन्ट पाइप क्रय
					25.08.2016 2500	नल मरम्मत पर व्यय
			योग–		123780	

उपरोक्त व्यय के सापेक्ष निम्न आपत्तियां अंकित की जाती हैं–

(क) दिनांक 05.05.2016 को चैक सं0–531760 भी सुरेश चन्द्र ग्राम प्रधान द्वारा नकद धन आहरित कर रू0 18000.00 का जयवीर द्वारा रू0 500.00 की दर से 36 ट्राली मिट्टी क्रय दर्षित है, जिसका कार्यस्थल जयवीर द्वारा देवदत्त के घर से देवस्थान तक का उल्लेख है। जबकि ट्रेक्टर का नम्बर कार्य स्थल से मिट्टी ढुलाई की दूरी तथा रायल्टी का उल्लेख नहीं है। दिनांक 17.05.2016 को रू0 25056.00 मस्टर रोल वावत पप्पू लाल के घर से नन्हें लाल के घर तक अंकित है, जबकि मस्टर रोल पर दिनांक जारी करने का क्रमांक, भुगतान हेतु गवाह के हस्ताक्षर नहीं पाये गये, साथ ही साथ मस्टर रोल पर हस्ताक्षर मस्टर रोल तैयार करने वाले के हस्तलेख में है। इस प्रकार दिनांक 05.05.2016 को आहरित रू0 43200.00 का अपहरण करके ग्राम प्रधान श्री सुरेश चन्द्र तथा ग्राम विकास/पंचायत अधिकारी श्री लाल बहादुर मौर्य द्वारा कूटरचना द्वारा मनमाने ढंग से फर्जी व्यय प्रमाणकों (रू0 18000.00 मिट्टी रसीद+ रू0 25056.00 संदिग्ध एम0आर0 +144कुल रू0 43200.00) द्वारा समायोजित करने का प्रयास किया गया है।

(ख) ग्राम निधि पंचम के मई/2016 के अंत में रू0 42000.00 ग्राम प्रधान के पास नकद अवशेष दर्षित है तथा इसी प्रकार माह जुलाई/2016 के अंत में रू0 15000.00 का नकद अवशेष दर्षित है, जबकि ग्राम प्रधान के द्वारा नकद आहरण की सीमा रू0 10000.00 अधिकतम है। यह स्थिति आपत्तिजनक है।

(ग) दिनांक 30.05.2016 चैक सं0–01 से 42000.00 का नकद आहरण किया गया है, जिसके सापेक्ष रू0 24000.00 का मिट्टी क्रय शिवओम से 48 ट्राली रू0 500.00 की दर से दर्षित है। रसीद पर ट्रैक्टर ट्राली का उल्लेख नहीं है तथा रसीद पर मिट्टी आपूर्ति का स्थल मंदिर से मेघनाथ के घर का उल्लेख है, जबकि इसी कार्य पर लगे मजदूरों से सम्बंधित मस्टर रोल पर रामनाथ के घर से राममूर्ति के घर तक का उल्लेख है, अतः उपरोक्त कार्य विरोधभासी है। मिट्टी कहीं पर डाली गयी और मजदूर कहीं लगे। साथ ही रू0 24000.00 की मिट्टी पर रू0 27840.00 का मजदूरी व्यय न्याय संगत नहीं लगता।

(घ) दिनांक 05.07.2016 चैक सं0–03 से रू0 23700.00 का भुगतान पवन मार्बल्स एण्ड पेन्ट स्टोर बीसलपुर को 15 सीमेन्ट पाइप क्रय हेतु भुगतान किया गया है। बिल नं0–1862 टिन0नं0– 09609402248 पवन मार्वल्स एण्ड पेन्ट बीसलपुर द्वारा दिनांक–12.08.2016 को जारी किया गया है, इस प्रकार सामग्री आपूर्ति के पूर्व रू0 23700.00 का भुगतान तथा अनुमोदित कार्य योजना, प्राक्कलन, वित्तीय तकनीकि स्वीकृति, क्रय आदेश, सामग्री आपूर्ति आदेश का अभाव सामग्री आपूर्ति पर प्रश्नचिन्ह लगाती है तथा यह सिद्ध करती है कि आहरित धनराशि का अपहरण कर कूटरचना द्वारा व्यय को प्रमाणित करने का प्रयास किया गया है।

(च) इसी प्रकार रू0 144.00 तथा रू0 360.00 कुल धनराशि रू0 504.00 स्टेशनरी पर व्यय दर्षित है। यदि आहरण और व्यय के तरीके पर दृष्टिपात करते हैं तो स्पष्ट पता चलता है कि दिनांक 05.05.2016 को आहरित रू0 43200.00 में से रू0 18000.00 मिट्टी क्रय तथा रू0 25056.00 मस्टर रोल पर कुल रू0 43056.00 अर्थात् रू0 144.00 शेष की स्टेशनरी क्रय को आहरम से दो माह बाद पुष्टि कराने का प्रयास किया गया है। इसी प्रकार दिनांक 27.06.2016 को रू0 360.00 का स्टेशनरी क्रय रू0 42000.00. 10200.00 = 52200.00 के सापेक्ष रू0 24000.00 मिट्टी क्रय. 27840.00 = 51840.00 से अवशेष धनराशि रू0 360.00 को समायोजित करने का प्रयास किया गया है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि स्टेशनरी क्रय कच्चे बिल से किया गया है, इस प्रकार रू0 504.00 का अपहरण ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा किया गया है।

(छ) दिनांक–12.07.2016 को रू02180.00 नल मरम्मत पर व्यय कोषवही में दर्षित है, जिसके सापेक्ष कच्चा बिल प्रस्तुत किया गया है,जबकि यह कार्य रजिस्टर्ड फर्म से कराया जाना अपेक्षित था।इसी प्रकार दिनांक–25.08.2016 को रू0

2500.00 नल मरम्मत पर व्यय कोषवही में दर्षित है। उक्त व्यय के सापेक्ष कोई भी व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में नहीं पाया गया, इस प्रकार कुल रू0 4680.00 का अपहरण किया गया है।

उपरोक्त सभी कार्य **क, ख, ग, घ, च** तथा **छ** से सम्बंधित ग्राम पंचायत का प्रस्ताव, अनुमोदित कार्य योजना, प्राक्कलन, वित्तीय, तकनीकि प्रशासनिक स्वीकृति, टेण्डर/कुटेशन पत्रावली, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र डी.पी.सी. 09, माप पुस्तिका इत्यादि अभिलेखों के अभाव में उपरोक्त सभी कार्य पूर्णतया अप्रमाणित रहे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 14वे राज्य वित्त के मार्ग दर्षक/निर्देशक सिद्धान्तों के अनुसार उक्त निधि से बिना सामग्री पर व्यय किये (कच्चा कार्य) नहीं कराया जा सकता है। इस प्रकार सन्निहित धनराशि रू0 = 43056.00 + 51840.00 + 23700.00 + 504.00 + 4680.00 कुल रू0 = 123780.00 का अपहरण कूटरचना करके ग्राम प्रधान श्री सुरेश चन्द्र तथा ग्रा0पंचा0 श्री लाल बहादुर द्वारा किया गया है, जिसकी ब्याज सहित वसूली उक्त से अपेक्षित रही।**(सा0आ0सं0–21 ग्राम पंचायत–अदिलाबाद, बीसलपुर, पीलीभीत)**

34. वर्ष 2016–17 के ग्राम निधि खाता सं0–06550100032741 से 12000.00 का नकद आहरण ग्राम प्रधान श्री सुरेश द्वारा दिनांक 21.07.2016 को किया गया है, जिसका अंकन कैशबुक में मिट्टी क्रय हेतु दर्षित है। पुष्टि हेतु रसीद दिनांक 21.07.2016 को 12000.00 का 24 ट्राली @ 500.00 की दर से संलग्न है। ट्रेक्टर ट्राली का तथा रायल्टी का उल्लेख नहीं है। रसीद पर राम कुमार के घर से राजेन्द्र के घर तक मिट्टी कार्य का उल्लेख है। अनुमोदित कार्य योजना, प्राक्कलन, सामग्री क्रय आदेश आपूर्ति आदेश, माप पुस्तिका तथा कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र के अभाव में उक्त व्यय प्रमाणित नहीं होता। अतः स्पष्ट है कि ग्राम प्रधान श्री सुरेश चन्द्र तथा सचिव श्री लाल बहादुर ने कूटरचना द्वारा धन का आहरण किया है, जिसकी ब्याज सहित वसूली उपरोक्त दोनो से की जानी अपेक्षित रही। **(सा0आ0सं0–22, ग्रा0 पं0–अदिलाबाद, बीसलपुर, पीलीभीत)**

35. लेखा परीक्षा वर्ष–2016–17 में ग्राम प्रधान श्री छोटेलाल द्वारा निम्न विवरण अनुसार धन का आहरण किया गया–

दिनांक	चैक सं0	धनराशि(रू में)
24.10.2016	97	5000-00
28.10.2016	99	20000-00
28.10.2016	98	7500-00
08.02.2017	100	15000-00
22.02.2017	104	12000-00
22.03.2017	108	15000-00
	योग	74500-00

(ख) बैंक स्टेटमेंट में दर्षित विभिन्न फर्मों के नाम भुगतान–

दिनांक	चैक सं0	धनराशि(रू में)	फर्म का नाम
13.07.2016	95	253000-00	मै0 ए0के0 इण्टर
06.02.2017	101	74230-00	तराई स्पन पाइप
23.02.2017	103	4500-00	राक इनफ्राकान
14.03.2017	105	46000-00	ए0के0 इन्टर प्राइजेज
22.03.2017	106	11000-00	मोहन सीमेन्ट स्टोर
23.03.2017	107	715000-00	वारसी
24.03.2017	110	2000-00	सी0एल0जी0
	योग	462230-00	मै0 ए0के0 इण्टर

(ग) व्यक्तियों/अन्य के नाम आहरण (बैंक स्टेटमेंट में दर्षित)–

दिनांक	चैक सं0	धनराशि(रू में)	व्यक्ति का नाम
13.07.2016	94	1000-00	जेड.पी.आर.ओ.
08.02.2017	102	12500-00	मो0 आरिफ
22.03.2017	109	8000-00	अजय

31.03.2017	111	17000-00	
	योग	38500-00	

उपरोक्त (1) क+ख+ग के अनुसार कुल धनराशि रू0 575230.00 के व्यय के सापेक्ष लेखा परीक्षा में पुष्टि हेतु आवश्यक अभिलेख यथा, कार्यवाही पंजिका, व्यय प्रमाणक, अनुमोदित कार्य योजना, प्राक्कलन, टेण्डर/कुटेशन पत्रावली, तकनीकी/वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति, सामग्री आपूर्ति आदेश, मस्टर रोल, कैशबुक, फर्मों के व्यय प्रमाणक, उपभोग प्रमाण–पत्र कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र तथा मापांकन पंजिका इत्यादि अभिलेख उपलब्ध नहीं रहे, जबकि आहरित धनराशि के सापेक्ष लेखा परीक्षा हेतु अभिलेख उपलब्ध न कराया जाना, वित्त लेखा मैनुअल, अध्याय 8 के पैरा 8(क) के अनुसार आहरित सम्पूर्ण धनराशि को अपहरण मानते हुए सम्बंधित ग्राम प्रधान श्री छोटेलाल और ग्राम पंचायत अधिकारी श्री ओम प्रकाश माथुर पर दायित्व निर्धारित करते हुए उक्त धनराशि की ब्याज सहित वसूली किये जाने का प्रावधान है।

उत्तर प्रदेश पंचायती राज नियमावली 1947 के नियम सं0– 199 के अनुसार ग्राम पंचायत की कोषवही का प्रत्येक तीन माह में सहायक विकास अधिकार (पं0) द्वारा निरीक्षण किये जाने का प्रावधान है। लेखा परीक्षा में कोषवही व निरीक्षण पंजिका उपलब्ध नहीं रही। सहायक विकास अधिकारी (पं0) का नियम सं0– 199 के प्रति उदासीता और मौन ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी (पं0) द्वारा किये गये गबन में संलिप्तता एवं सहयोग को स्वयं सिद्ध करता है।**(सा0आ0सं0– 1 क,ख,ग ग्रा0पंचा0–अकबर गंज सिमरा, बीसलपुर, पीलीभीत)**

36. वर्ष 2015–16 के लेखा परीक्षा में उपलब्ध कराये गये कैशबुक में दिनांक 01–04–2015 से 31.12.2015 तक के प्रविष्टि अंकित नहीं की गयी है। इस दौरान बैंक स्टेटमेंट के अनुसार अंकन रू0 293000.00 का आहरण किया गया है। परन्तु आहरित धनराशि के सापेक्ष क्रय प्रमाणक, कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र कार्य योजना, मस्टर रोल, टेण्डर/कुटेशन पत्रावली, स्वीकृत स्टीमेट डी0पी0सी0–09 इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किए गए। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय–8 से पैरा 8(क) के अनुसार दर्षित आहरण/व्यय के सापेक्ष कोई प्रमाणक न होने पर दर्शायी गयी धनराशि को अपहरण मानते हुए इस धनराशि की ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान व तत्कालीन सचिव से किए जाने का प्रावधान है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज नियमावली 1947 के नियम सं0– 199 के अनुसार ग्राम पंचायत की कोषवही का प्रत्येक तीन माह में सहायक विकास अधिकार (पं0) द्वारा निरीक्षण किये जाने का प्रावधान है। लेखा परीक्षा में कोषवही व निरीक्षण पंजिका उपलब्ध नहीं रही। सहायक विकास अधिकारी (पं0) का नियम सं0– 199 के प्रति उदासीता और मौन ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी (पं0) द्वारा किये गये गबन में संलिप्तता एवं सहयोग को स्वयं सिद्ध करता है। उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली 256(1) के अनुपालन में विभागीय उच्चाधिकारियों का ध्यान नियमानुसार तत्कालनी ग्राम प्रधान श्रीमती शरवरी बेगम एवं तत्कालीन सचिव श्री रजत कुमार से अंकन रू0 293000.00 की ब्याज सहित वसूली की कार्यवाही किये जाने के लिए विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है। विवरण निम्न प्रकार से है–

दिनांक	विवरण	चैक सं0	आहरित धनराशि
01.05.2015	मो0 इकवाल	429339-00	85000-00
07.05.2015	रियाज खान	429340-00	3000-00
07.05.2015	रियाज खान	429341	3000-00
14.05.2015	शरवरी बेगम	429343	15000-00
14.05.2015	शरवरी बेगम	429344	15000-00
14.05.2015	शरवरी बेगम	429345	3000-00
15.05.2015	अस्पष्ट	429342	5000-00
15.09.2015	शरवरी बेगम	429347	50000-00
17.09.2015	अस्पष्ट	429348	50000-00
17.09.2015	अस्पष्ट		60000-00
17.09.2015	अस्पष्ट	429350	2000-00
12.10.2015	अस्पष्ट	429351	2000-00
		योग	293000-00

(सा0आ0सं0–1 ग्रा0पं0– रम्पुरा मिश्र, ललौरी खेड़ा, पीलीभीत)

37. वर्ष 2015–16 में ग्राम निधि से कुल रू0 1098877.72 का आहरण किया गया, परन्तु आहरित धनराशि के सापेक्ष कोषवही, क्रय प्रमाणक, कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र कार्य योजना, मस्टर रोल, टेण्डर/कुटेशन पत्रावली, स्वीकृत स्टीमेट डी0पी0सी0–09 इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किए गए। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय–8 से पैरा 8(क) के अनुसार दर्षित आहरण/व्यय के सापेक्ष कोई प्रमाणक न होने पर दर्शायी गयी धनराशि को अपहरण मानते हुए इस धनराशि की ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान व सचिव से किए जाने का प्रावधान है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज नियमावली 1947 के नियम सं0–199 के अनुसार ग्राम पंचायत की कोषवही का प्रत्येक तीन माह में सहायक विकास अधिकार (पं0) द्वारा निरीक्षण किये जाने का प्रावधान है। लेखा परीक्षा में कोषवही व निरीक्षण पंजिका उपलब्ध नहीं रही। सहायक विकास अधिकारी (पं0) का नियम सं0– 199 के प्रति उदासीता और मौन ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी (पं0) द्वारा किये गये गबन में संलिप्तता एवं सहयोग को सिद्ध करता है। उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली 256(1) के अनुपालन में लेखा परीक्षा वर्ष 2015–16 में प्रधानों के कार्यकाल के अनुसार आहरित धनराशि से सम्बंधित तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती गीता देवी व सचिव श्री रजत कुमार एवं ग्राम प्रधान शकुन्तला देवी व सचिव श्री रजत कुमार से कुल आहरित धनराशि अंकन रू0 1098877.72 की ब्याज सहित वसूली की कार्यवाही अपेक्षित है। अभिलेखों के अनुपलब्धता के कारण कार्यकाल का विवरण अप्राप्त रहा, जिस कारण इनके उत्तरदायित्व का स्पष्ट निर्धारण संभव नहीं हो सका। अतः ग्राम प्रधान एवं सचिव के उत्तरदायित्व के निर्धारण हेतु विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।**(सा0आ0सं0–06 ग्रा0 निधि, ग्रा0पं0– अजीत डांडी, ललौरी खेड़ा, पीलीभीत)**

38. (क)– वर्ष 2015–16 में आहरण का विवरण–

दिनांक	चैक सं0	आहरणकर्ता का नाम	धनराशि (रू में)
20.02.2016	552	श्री संजीव कुमार	43558-00
04.03.2016	553	पंजाब ब्रिक्स फील्ड	175230-00
10.03.2016	556	श्री निजामुद्दीन	3500-00
10.03.2016	557	पंजाब ब्रिक्स फील्ड	175230-00
10.03.2016	558	श्री संजीव कुमार	32597-00
		योग–	430115-00

(ख) वर्ष 2016–17 में आहरण का विवरण–

दिनांक	चैक सं0	आहरणकर्ता का नाम	धनराशि (रू में)
12.08.2016	486	पी0एल0ए0	1000-00
12.08.2016	482	ग्राम प्रधान श्री बन्ता देवी	15000-00
27.07.2016	559	श्री संजीव कुमार	29000-00
05.09.2016	483	श्री संजीव कुमार	77880-00
05.09.2016	484	श्री संजीव कुमार	25704-00
05.09.2016	485	श्री संजीव कुमार	3500-00
21.10.2016	488	श्री संजीव कुमार	44070-00
26.10.2016	489	राज पाइप इण्डस्ट्रीज	47280-00
27.10.2016	487	बारसी ब्रिक्स फील्ड	95686-00
04.11.2016	486	इन्टर सीबी कलैक्शन	2000-00
07.12.2016	490	सोलर बर्ल्ड	116750-00
03.01.2017	491	श्री संजीव कुमार	20350-00

12.01.2017	494	श्री रासिद खां	44190-00
25.01.2017	493	स्टार ब्रिक्स फील्ड	98474-00
10.02.2017	495	कुमार ट्रेडर्स	4500-00
02.03.2017	497	श्री निजामुद्दीन	3500-00
03.03.2017	496	श्री रामध्यान	9500-00
27.03.2017	498	श्री संजीव कुमार	3000-00
		कुल योग–	641384-00

कुल आहरण का विवरण–

(क)– 2015–16 में आहरण– रू0 641384.00

(ख)– वर्ष 2016–17 में आहरण रू0 430115.00
योग– रू0 1071499.00

उक्त रू0 1071499.00 के आहरण के व्यय की पुष्टि में कोषवही (रूप पत्र–06), बजट पंजिका, अनुमोदित कार्य योजना, स्वीकृत प्राक्कलन, कुटेशन/टेण्डर पत्रावली सामग्री, क्रय आदेश, सामग्री आपूर्ति चालानों की प्रतियां सम्बंधित फर्मों के बिल बाउचर, सामग्री स्टाक पंजिका, प्रशासनिक व तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति पंजिका, कार्य निर्माण पंजिका, मस्टर रोल, मापांकन पुस्तिका, कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र, इत्यादि अभिलेखों को मूल रूप में लेखा परीक्षा में पुष्टि हेतु उपलब्ध नहीं कराया गया। लेखा परीक्षा बैंक स्टेटमेंट के आधार पर की गयी है, जो गम्भीर आपत्तीजनक स्थिति है। जबकि वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के पैरा 8(क) के अनुसार दर्षित व्यय/आहरण के सापेक्ष कोई भी व्यय प्रमाणक/संगत अभिलेख उपलब्ध न होने पर आहरित/व्यय दर्शायी गयी धनराशि के गबन/अपहरण मानते हुए रू0 1071499.00 की ब्याज सहित वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती बन्ता वती, व श्री पवन पटेल, ग्रा0पंचा0अधि0 से दिनांक– 21.12. 2015 से 31.03.2016 तक रू0 430115.00 एवं श्रीमती बन्ता वती, ग्राम प्रधान व श्री पूरन सिंह राना, ग्रा0वि0अधि0 से दिनांक 01.04.2016 से 31.03.2017 तक रू0 641384.00 की ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान व ग्राम पंचा0 सचिवों से अभिलेख के अभाव में किये जाने का प्रावधान है, साथ ही साथ उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली–1947 के नियम सं0– 199 के अनुसार ग्राम पंचायत की कोषवही का प्रत्येक तीन माह में सहायक विकास अधिकार (पं0) द्वारा निरीक्षण किये जाने का प्रावधान है। लेखा परीक्षा में कोषवही व निरीक्षण पंजिका उपलब्ध नहीं रही। सहायक विकास अधिकारी (पं0) का नियम सं0– 199 के प्रति उदासीता और मौन ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी (पं0) द्वारा किये गये गबन में संलिप्तता एवं सहयोग को सिद्ध करता है। उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली 256(1) के प्रावधान अनुसार अपर लिखित ग्राम प्रधान व ग्रा0पंचा0 सचिवो से अधिभार संबंधी कार्यवाही करते हुए रू0 1071499.00 की ब्याज सहित वसूली कराया जाना अपेक्षित है तथा तत्कालीन सहायक वि0अधि0 (पं0) के विरुद्ध उचित कार्यवाही हेतु विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।**(सा0आ0सं0–02 ग्रा0निधि, ग्रा0पं0– बन्दर बोझ, पूरनपुर, पीलीभीत)**

39. वर्ष 2015–16 में लेखा परीक्षा में उपलब्ध कराये गये कैशबुक में निम्नलिखित दिनांकों में आहरित धनराशि रू0 24400.00 की प्रविष्टि नहीं की गयी है न ही आहरित/व्यय धनराशि के सापेक्ष व्यय/क्रय प्रमाणक, मस्टर रोल इत्यादि पुष्टि हेतु अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराए गए। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय–8 से पैरा 8(क) के अनुसार दर्षित आहरण/व्यय के सापेक्ष कोई प्रमाणक न होने पर दर्शायी गयी धनराशि को अपहरण मानते हुए इस धनराशि की ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान व सचिव से किए जाने का प्रावधान है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज नियमावली 1947 के नियम सं0– 199 के अनुसार ग्राम पंचायत की कोषवही का प्रत्येक तीन माह में सहायक विकास अधिकार (पं0) द्वारा निरीक्षण किये जाने का प्रावधान है। लेखा परीक्षा में कोषवही व निरीक्षण पंजिका उपलब्ध नहीं रही। सहायक विकास अधिकारी (पं0) का नियम सं0– 199 के प्रति उदासीता और मौन ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी (पं0) द्वारा किये गये गबन में संलिप्तता एवं सहयोग को सिद्ध करता है। उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली 256 के उपनियम 1 एवं 3 के अनुपालन में विभागीय उच्चाधिकारियों का ध्यान नियमानुसार तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती नेमा देवी एवं तत्कालीन सचिव श्री सुधीर कुमार से अंकन रू0 24400.00 की ब्याज सहित वसूली की कार्यवाही किये जाने के लिए विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है। विवरण निम्न प्रकार है–

दिनांक	चैक सं0	विवरण	आहरित धनराशि	कोषवही में दर्षित	अपहरित धनराशि
30.10.2015	411	कासिम खां	20700-00	-	20700-00

09.11.2015	416	कासिम खां	30700-00	30000-00	700-00
11.02.2016	334	महेश	3000-00	-	3000-00
		योग–	54400-00	30000-00	24400-00

(सा0आ0सं0–01, ग्रा0पं0– बरहा, ललौरी खेड़ा, पीलीभीत)

40. वर्ष 2016–17 के लेखा परीक्षा में उपलब्ध कराये गये कोषवही में दिनांक 07.04.2016 को आहरित धनराशि रू0 40000.00 चैक सं0–384 द्वारा श्री जगदीश प्रसाद की प्रविष्टि नहीं की गयी है। आहरित धनराशि के सापेक्ष कोषवही में प्रविष्ट नहीं होना व्यय/क्रय प्रमाणक, कार्य योजना, कोटेशन पत्रावली इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के पैरा 8(क) के अनुसार दर्षित व्यय/आहरित धनराशि के सापेक्ष कोई प्रमाणक न होने पर आहरित धनराशि को अपहरण मानते हुए इस धनराशि की ब्याज सहित वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान एवं सचिव से किए जाने का प्रावधान है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज नियमावली 1947 के नियम सं0– 199 के अनुसार ग्राम पंचायत की कोषवही का प्रत्येक तीन माह में सहायक विकास अधिकार (पं0) द्वारा निरीक्षण किये जाने का प्रावधान है। लेखा परीक्षा में कोषवही व निरीक्षण पंजिका उपलब्ध नहीं रही। सहायक विकास अधिकारी (पं0) का नियम सं0– 199 के प्रति उदासीता और मौन ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी (पं0) द्वारा किये गये गबन में संलिप्तता एवं सहयोग को सिद्ध करता है। उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली–1947 256 (1) के अनुपालन में विभागीय उच्चाधिकारियों का ध्यान नियमानुसार तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती लौंगश्री एवं सचिव श्री सुधीर कुमार से अंकन रू0 40000.00 की ब्याज सहित वसूली/क्षतिपूर्ति की कार्यवाही किये जाने के लिए विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है।

(सा0आ0सं0–02, ग्रा0पं0– बरहा, ललौरी खेड़ा, पीलीभीत)

41. वर्ष 2015–16 से 2016–17 के लेखा में उपलब्ध कराये गये कोषवही में दिनांक– 01.04.2015 से 31.12.2015 तक के प्रविष्टि अंकित नहीं की गयी है। इस दौरान बैंक स्टेटमेंट के अनुसार अंकन रू0 292601.00 का आहरण किया गया है। परन्तु आहरित धनराशि के सापेक्ष क्रय प्रमाणक, कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र, कार्य योजना, मस्टर रोल, टेण्डर/कोटेशन पत्रावली, स्वीकृति स्टीमेट, डी0पी0सी0–09 इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किए गये। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के पैरा 8(क) के अनुसार दर्षित आहरण/व्यय के सापेक्ष कोई प्रमाणक न होने पर दर्शायी गयी धनराशि को अपहरण मानते हुए इस धनराशि की ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान व तत्कालीन सचिव से किए जाने का प्रावधान है। उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली– 1947 के नियम सं0– 199 के अनुसार ग्राम पंचायत की कोषवही का प्रत्येक तीन माह में सहायक विकास अधिकार (पं0) द्वारा निरीक्षण किये जाने का प्रावधान है। लेखा परीक्षा में कोषवही व निरीक्षण पंजिका उपलब्ध नहीं रही। सहायक विकास अधिकारी (पं0) का नियम सं0– 199 के प्रति उदासीता और मौन ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी (पं0) द्वारा किये गये गबन में संलिप्तता एवं सहयोग को सिद्ध करता है। उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली–1947 256 (1) के अनुपालन में विभागीय उच्चाधिकारियों का ध्यान नियमानुसार तत्कालीन ग्राम प्रधान श्री भोला नाथ एवं सचिव श्री रजत कुमार से अंकन रू0 292601.00 की ब्याज सहित वसूली की कार्यवाही किये जाने के लिए विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है। विवरण निम्न प्रकार से है–

दिनांक	चैक सं0	विवरण	आहरित धनराशि
24.04.2015	4288	भोलेनाथ	20000-00
05.05.2015	4289	भोलेनाथ	30000-00
05.05.2015	4291	भोलेनाथ	25000-00
05.05.2015	4290	स्पष्ट नहीं	20000-00
08.05.2015	4293	भोलेनाथ	5000-00
11.05.2015	4292	अमित	25000-00
03.09.2015	4294	भोलेनाथ	35000-00
11.09.2015	4295	अमित	30000-00
16.09.2015	4296	भोलेनाथ	10000-00

16.09.2015	4297	भोलेनाथ	15000-00
05.10.2015	66836	भोलेनाथ	10000-00
05.10.2015	6682	स्पष्ट नहीं	10000-00
07.10.2015	6681	श्री साई ब्रिक फील्ड	30000-00
15.10.2015	6684	अमित	10000-00
05.11.2015	6685	विजेन्द्र	15000-00
09.11.2015	4299	भोलेनाथ	2500-00
09.10.2015	-	–	101-00
		योग–	292601-00

(सा0आ0सं0–01 ग्रा0पं0– रूपपुर कृपा, ललौरी खेड़ा, पीलीभीत)

42. लेखा परीक्षा वर्ष 2016–17 में मनरेगा योजना से सम्बंधित कोई भी अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया, जिस कारण योजना से सम्बंधित विकास कार्यों की जांच सम्भव नहीं हो सकी। जबकि लेखा परीक्षा वर्ष में कराई गयी ऑनलाइन एम0आई0एस0 फीडिंग के अनुसार श्रमांश पर रू0 1425000.00 सामग्री अंश पर रू0 00.00 अन्य (टैक्स आदि) पर रू0 00.00 कुल रू0 1425000.00 की पुष्टि वित्तीय प्रदर्षन वर्ष 2016–17 के अनुसार हो रही है। इस प्रकार कुल व्यय की गई धनराशि के सापेक्ष कार्यवाही पंजिका, स्वीकृत प्राक्कलन, कुटेशन/टेण्डर पत्रावली सामग्री, क्रय आदेश, सामग्री आपूर्ति चालानों की प्रतियां सम्बंधित फर्मों के बिल बाउचर, सामग्री स्टाक पंजिका, प्रशासनिक व तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति पंजिका, कार्य निर्माण पंजिका, मस्टर रोल, मापांकन पुस्तिका, एफ0टी0ओ0 डोंगल प्रमाण–पत्र, परिसंपत्ति पंजिका, सेक्टर प्रभारी का निरीक्षण रिपोर्ट, टैक्स कटौती सम्बंधी पत्रावली आदि अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये गये। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के पैरा 08 (क) के अनुसार व्यय की गयी धनराशि के सापेक्ष मूल अभिलेख/बिल बाउचर उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में व्यय की गई धनराशि को अपहरण/गबन मानते हुये पंचायती राज नियमावली–1947 के नियम सं0–256(I) के अनुसार कार्यवाही करते हुए ग्राम प्रधान श्री सुखचौन सिंह एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री मनोरंजन सिंह, एवं श्री अजय कुमार सक्सेना, रोजगार सेवक श्री श्याम जी, कार्यक्रम अधिकारी श्री सतीश कुमार पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी से ब्याज सहित वसूली कराकर राजकीय कोषागार में जमा कराई जाये।**(सा0आ0सं0–01 मनरेगा, ग्रा0पं0– जमुनिया ज0 जगतपुर, पूरनपुर, पीलीभीत)**

43. वर्ष 2015–16 एवं 2016–17 के लेखा परीक्षा में उपलब्ध कराये गए कोषवही में दिनांक 01.06.2015 को आहरित धनराशि अंकन रू0 52500.00 द्वारा श्री मुन्ना लाल की प्रविष्टि नहीं की गयी है। आहरित धनराशि के सापेक्ष कोषवही में प्रविष्ट नहीं होना व्यय प्रमाणक डी0पी0सी0–09 इत्यादि अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय–8 के पैरा 8(क) के अनुसार दर्षित व्यय/आहरित धनराशि के सापेक्ष कोई प्रमाणक न होने पर आहरित धनराशि को अपहरण मानते हुए इस धनराशि की ब्याज सहित वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान एवं सचिव से किए जाने का प्रावधान है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज नियमावली 1947 के नियम सं0– 199 के अनुसार ग्राम पंचायत की कोषवही का प्रत्येक तीन माह में सहायक विकास अधिकार (पं0) द्वारा निरीक्षण किये जाने का प्रावधान है। लेखा परीक्षा में कोषवही व निरीक्षण पंजिका उपलब्ध नहीं रही। सहायक विकास अधिकारी (पं0) का नियम सं0– 199 के प्रति उदासीता और मौन ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी (पं0) द्वारा किये गये गबन में संलिप्तता एवं सहयोग को सिद्ध करता है। उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली–1947 256 (1) के अनुपालन में विभागीय उच्चाधिकारियों का ध्यान नियमानुसार तत्कालीन ग्राम प्रधान श्री मुन्ना लाल एवं सचिव श्री धर्मेन्द्र कुमार से रू0 52500.00 की ब्याज सहित वसूली की कार्यवाही किये जाने के लिए विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है। विवरण निम्न प्रकार से है–

दिनांक	चैक सं0	विवरण	आहरित धनराशि	कोषवही में दर्षित	अपहरित धनराशि
01.06.2015	61	मुन्ना लाल	5000-00	2500-00	2500-00
01.06.2015	62	मुन्ना लाल	25000-00	-	25000-00
01.06.2015	63	मुन्ना लाल	25000-00	-	25000-00
		योग–	55000-00	2500-00	52500-00

(सा0आ0सं0–01 ग्रा0पं0– मधु डांडी, ललौरी खेड़ा, पीलीभीत)

44. लेखा परीक्षा में पाया गया कि ग्राम निधि–योजना से सम्बंधित खाता सं0–06970100020586 बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा पूरनपुर से वित्तीय वर्ष 2015–16 में रू0 554295.00 एवं वित्तीय वर्ष 2016–17 में रू0 945725.00 कुल रू0 1500020.00 का आहरण किया गया है, जिसके व्यय की पुष्टि में कोई भी अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराया गया। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8 (क) के अनुसार खाते से आहरित धनराशि के व्यय की पुष्टि में अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में आहरित धनराशि को गबन मानते हुए ब्याज सहित वसूली किये जाने का प्रावधान है। अभिलेखों का विवरण निम्न प्रकार से है। कार्यवाही पंजिका, स्वीकृत प्राक्कलन, कुटेशन/टेण्डर पत्रावली सामग्री, क्रय आदेश, सामग्री आपूर्ति चालानों की प्रतियां सम्बंधित फर्मों के बिल बाउचर, सामग्री स्टाक पंजिका, प्रशासनिक व तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति पंजिका, कार्य निर्माण पंजिका, मस्टर रोल, मापांकन पुस्तिका, परिसंपत्ति पंजिका, सक्षम अधिकारी का स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट आदि।उक्त विवरण के आधार पर रू0 170300.00 की ब्याज सहित वसूली पूर्व प्रधान श्रीमती रामकली एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री विकास पाण्डे रू0 383995.00 की ब्याज सहित वसूली वर्तमान प्रधान श्री ऋषिकान्त एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री विकास पाण्डे तथा रू0 945725.00 की ब्याज सहित वसूली वर्तमान ग्राम प्रधान श्री ऋषिकान्त एवं श्री अशोक कटियार से पंचायती राज नियमावली–1947 के नियम सं0–256(I) के अनुसार कार्यवाही कर ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम प्रधान से ब्याज सहित वसूली कर धनराशि राजकीय कोषागार में जमा करायी जाये।

(सा0आ0सं0–05ग, ग्रा0निधि, ग्रा0पं0– हमीरपुर, पूरनपुर, पीलीभीत)

45. ग्राम पंचायत द्वारा कराई गयी एम0आई0एस0 फीडिंग के अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि लेखा परीक्षा वर्ष 2015–16 से ऑनलाइन एम0आई0एस0 फीडिंग शून्य है जबकि वर्ष 2016–17 में क्रमांश पर रू0 550000.00 एवं सामग्री अंश पर शून्य कुल रू0 550000.00 की एम0आई0एस0 फीडिंग कराई गई है, जिसकी पुष्टि में कोई भी अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराय गया। अभिलेख अनुमोदित कार्य योजना, प्रस्ताव पंजिका, कैशबुक, स्टीमेट, प्रशासनिक वित्तीय तकनीकी, स्वीकृति पंजिका, क्रय आदेश सामग्री आपूर्ति प्रमाम–पत्र स्टाक पंजिका, फर्म का बिल, मस्टर रोल, मॉप पुस्तिका परिसम्पत्ति पंजिका, जॉव कार्ड धारी परिवार/सदस्य की पंजिका एफ0टी0ओ0 डोंगल आदि।

इस प्रकार उक्त विवरण से स्पष्ट है कि अभिलेखों के अभाव में मनमाने ढंग से एम0आई0एस0 फीडिंग कराकर धन का अपहरण किया गया है। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8(क) के अनुसार वित्तीय वर्ष में आहरित/व्यय की गई धनराशि के सापेक्ष व्यय प्रमाणक/अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में समस्त धनराशि को अपहरण मानते हुए ब्याज सहित वसूली किये जाने का प्रावधान है।अतः कुल धनराशि रू0 550000.00 की ब्याज सहित वसूली पंचायती राज नियमावली 1947 के नियम सं0– 256(I) के अनुसार कार्यवाही कर ग्राम प्रधान श्री ऋषिकान्त एवं ग्राम पंचायत अधिकारी, श्री अशोक कटियार तथा ग्राम रोजगार सेवक, श्री ओमप्रकाश से कराकर धनराशि राजकीय्र कोषागार में जमा करायी जाये।**(सा0आ0सं0–02 मनरेगा, ग्रा0पं0– हमीरपुर, पूरनपुर, पीलीभीत)**

46. लेखा परीक्षा वर्ष 2015–16 में क्रमांश पर रू शून्य, सामग्री अंश पर रू 335000.00 टैक्स दिया रू0 19000.00 अर्थात् कुल रू0 354000.00 की एम0आई0एस0 फीडिंग मनरेगा योजना अन्तर्गत करायी गई है। जिसकी पुष्टि में कोई भी अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया। अभिलेख– अनुमोदित कार्य योजना, प्रस्ताव पंजिका, कैशबुक, स्टीमेट, प्रशासनिक वित्तीय तकनीकी, स्वीकृति पंजिका, क्रय आदेश सामग्री आपूर्ति प्रमाम–पत्र स्टाक पंजिका, फर्म का बिल, मस्टर रोल, मॉप पुस्तिका, सेक्टर प्रभारी/सक्षम अधिकारी द्वारा किये गये स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट आदि उपलब्ध नहीं कराये गये।

वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8(क) के अनुसार वित्तीय वर्ष में आहरित/व्यय की गई धनराशि के सापेक्ष व्यय प्रमाणक/अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में समस्त धनराशि को अपहरण मानते हुए धनराशि की ब्याज सहित वसूली ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अरविन्द वर्मा एवं श्री राम प्रकाश मौर्या तथा ग्राम प्रधान श्रीमती राजिया खातून एवं श्रीमती शीवा बेगम से की जानी अपेक्षित है, जिसे पंचायती राज नियमावली–1947 के नियम सं0–256(I) के अनुसार कार्यवाही कर ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम प्रधान से ब्याज सहित वसूली कर धनराशि राजकीय कोषागार में जमा करायी जाए।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि लेखा परीक्षा वर्ष 2015–16 में माल सामग्री खरीद भी दर्षित है, इसका बिना श्रमिकों के उपभोग कैसे हो गया स्पष्ट किया जाये? स्पष्ट है कि इस प्रकरण में कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा की भी भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है, क्योंकि मनरेगा योजना के मार्गदर्शी सिद्धान्त में आपरेशनल गाइड लाइन्स 6.2 अर्थात् (60 रू 40) का पालन कराने का उत्तरदायित्व कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को है। उच्च अधिकारियों का ध्यान इस ओर विशिष्ट रूप से आकर्षित किया जाता है। अतः पंचायती राज नियमावली–1947 के नियम सं0– 256(I) के अनुसार कार्यवाही कर श्री अरविन्द वर्मा एवं श्री राम प्रकाश मौर्या तथा ग्राम प्रधान श्रीमती रजिया खातून एवं श्रीमती शीवा बेगम, एवं तत्कालीन कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा से ब्याज सहित वसूली कर धनराशि राजकीय कोषागार में जमा करायी जाए।

(सा0आ0सं0–02 मनरेगा, ग्रा0पं0– मुझा खुर्द, पूरनपुर, पीलीभीत)

47. मनरेगा संबंधी अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहने के कारण लेखा परीक्षा संभव नहीं रहा, परन्तु वित्तीय वर्ष 2016–17 में निम्न विवरणानुसार मनरेगा योजना अन्तर्गत निर्माण कार्यों की आनलाइन एम0आई0एस0 फीडिंग व्यय के सापेक्ष दर्षित है–

वर्ष	कमांश	सामग्री	अन्य	योग
2016-17	8.34 लाख	3.7 लाख	0.2 लाख	12.24 लाख

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि वर्ष 2016–17 में कुल रू0 12.24 लाख की आनलाइन एम0आई0एस0 फीडिंग कराकर धन का व्यय किया गया है, जिसकी पुष्टि में मूल अभिलेख जैसे अनुमोदित कार्य योजना, प्रस्ताव पंजिका, कैशबुक, स्टीमेट, प्रशासनिक वित्तीय तकनीकी, स्वीकृति पंजिका, क्रय आदेश सामग्री आपूर्ति प्रमाम–पत्र स्टाक पंजिका, फर्म का बिल, मस्टर रोल, मॉप पुस्तिका, परिसम्पत्ति पंजिका, जॉव कार्ड धारी परिवार/सदस्य की पंजिका एफ0टी0ओ0 डोंगल, निविदा/कुटेशन प्रपत्र, बिल–वाउचर, निरीक्षण पंजिका इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये अतः कुल रू0 12.24 लाख की करायी गयी एम0आई0एस0 फीडिंग पूर्णतः अपुष्ट रही, जबकि वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के पैरा 8(क) के अनुसार व्यय की गयी धनराशि को अपहरण मानते हुए धन की ब्याज सहित वसूली उत्तरदायी अधिकारी/कर्मचारी से की जानी चाहिये। उत्तरदायी अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण अधोलिखित है–

कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा/खण्ड विकास अधिकारी

(क)– श्री अम्बरीश कुमार बिन्द

(ख)– श्री सी0के0 श्रीवास्तव

ग्राम प्रधान–श्रीमती शहानाबेगम

ग्रा0पंचा0/वि0 अधिकारी– श्री रूपेश सिंह

रोजगार सेवक– श्री ओमप्रकाश **(सा0आ0सं0–01ग, मनरेगा, ग्रा0पंचा0– सितारगंज नवदिया, बीसलपुर, पीलीभीत)**

48. लेखा परीक्षा वर्ष 2015–16 में ग्राम निधि खाता सं0–06970100020525 बैंक ऑफ बडौदा शाखा–पूरनपुर जनपद–पीलीभीत से निम्न विवरणानुसार चैक निर्गत कर ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव द्वारा रूप से रू0 810148.00 का आहरण निम्न प्रकार से किया गाया है–

(क)– श्री शमशाद के नाम चैक निर्गत कर भुगतान किया जाना–

दिनांक	चैक सं0	धनराशि	अभ्युक्ति
01.06.2015	127	50000-00	रू0 282000.00 ग्राम पंचा0 सचिव श्री अखिलेख कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान श्रीमती मीना देवी
01.06.2015	126	50000-00	
01.09.2015	128	86000-00	
01.09.2015	129	96000-00	
02.02.2016	132	20000-00	रू0 70000.00 ग्राम प्रधान श्रीमती राम लली व सचिव श्री अवनीश कुमार दीक्षित।
16.02.2016	134	50000-00	
	योग	352000-00	

(ख)– विभिन्न के नाम भुगतान किया जाना–

दिनांक	चैक सं0	धनराशि	आहरणकर्ता	अभ्युक्ति
22.02.2016	136	25000-00	श्री साजिद हसन	ग्राम प्रधान श्रीमती राम लली व सचिव श्री अवनीश कुमार दीक्षित।
23.02.2016	135	5350-00	श्री जयचन्द	
09.03.2016	139	7500-00	श्रीमती राम लली	
10.03.2016	141	20000-00	श्री गिरवर धारी	
11.03.2016	146	50000-00	श्री अजय पाल	
11.03.2016	142	30478-00	श्री साजिद हसन	ग्राम प्रधान श्रीमती राम लली व सचिव श्री अवनीश कुमार दीक्षित।
11.03.2016	145	820-00	श्री अरशद	
14.03.2016	138	34400-00	श्री गिरवर धारी	

21.03.2016	147	25000-00	श्री हुसैनी	
	योग	198548-00		

दिनांक	चैक सं0	फर्म का नाम	धनराशि
26.02.2016	133	ए0बी0एफ0	60000-00
10.03.2016	140	ए0हिन्द बी0एफ0	106000-00
21.03.2016	148	आज हिन्द बी0एफ0	93600-00
		योग	259600-00

कुल आहरण का विवरण— धनराशि
(क)— शमशाद के नाम आहरण— रू0 352000.00
(ख)— विभिन्न के नाम आहरण— रू0 198548.00
(ग)— ईंट फर्मों के नाम आहरण— रू0 259600.00
योग— रू0 810148.00

उक्त रू0 810148.00 के आहरण की पुष्टि में कार्यवाही पंजिका, अनुमोदित कार्य योजना, प्रस्ताव पंजिका, कैशबुक, स्टीमेट, प्रशासनिक वित्तीय तकनीकी, स्वीकृति पंजिका, क्रय आदेश सामग्री आपूर्ति प्रमाण—पत्र, स्टाक पंजिका, बिल/वाउचर, मस्टर रोल, मॉप पुस्तिका, परिसम्पत्ति पंजिका, उपभोग प्रमाण—पत्र/डी0पी0सी0 09 प्रमाण पत्र, स्थलीय सत्यापन रिपोर्ट आदि अभिलेख मूल रूप में उपलब्ध नहीं कराये गये, जिस कारण रू0 810148.00 का आहरण पूर्णतः अप्रमाणित रहा। जबकि वित्त लेखा मैनुअल अध्याय –8 के पैरा 8(क) के अनुसार आहरित/व्यय दर्शायी गयी धनराशि के सापेक्ष बिल वाउचर एवं संगत अभिलेख उपलब्ध न रहने पर आहरित धनराशि को गबन/अपहरण माने जाने का स्पष्ट प्रावधान है।

अतः पंचायती राज नियमावली—1947 के नियम सं0— 256(I) के अनुसार कार्यवाही करते हुए रू0 810148.00 की ब्याज सहित वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती मीना देवी, श्रीमती रामलली एवं ग्राम पंचायत अधि0 श्री अखिलेश कुमार गुप्ताएवं श्री अवनीश कुमार दीक्षित से कर राजकीय कोषागार में जमा कराया जाना अपेक्षित रहा।**(सा0आ0सं0—05, ग्रा0पंचा0—पत्ताबोझी, पूरनपुर, पीलीभीत)**

49. मनरेगा संबंधी अभिलेख लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहने के कारण लेखा परीक्षा संभव नहीं रहा, परन्तु वित्तीय वर्ष 2016—17 में निम्न विवरणानुसार मनरेगा योजना अन्तर्गत निर्माण कार्यों की आनलाइन एम0आई0एस0 फीडिंग व्यय के सापेक्ष दर्षित है—

वर्ष	श्रमांश	सामग्री	अन्य	योग
2016-17	6.2 लाख	1.8 लाख	0.11 लाख	8.24 लाख

